RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 72
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 31 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बाजीराव मस्तानी, बर्फी सात खून माफ की भूमिकाएं जटिल रहीं
विविध-12

# मैराथन बैठक में बनी आधी बात

## बिजली दरों में बढ़ोतरी व वायु गुणवत्ता प्रबंधन अध्यादेश के मुद्दों पर परस्पर बनी सहमति, 4 जनवरी को फिर होगी बैठक

● कृषि मंत्री तोमर ने कहा-कृषि कानूनों व एमएसपी पर चर्चा जारी, अगले दौर की बैठक में होगी वार्ता

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**केंद्र** और आंदोलनरत किसानों के बीच बुधवार को छठें दौर की बातचीत में गतिरोध नहीं टूट सका। किसान नेता तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैध गारंटी की मांग पर अड़े रहे लेकिन बिजली दरों में बढ़ोतरी तथा वायु गुणवत्ता प्रबंधन अध्यादेश से किसानों को बाहर करने के मुद्दे पर दोनों पक्षों में कुछ सहमति बनी है।

दोनों पक्ष अब 4 जनवरी को फिर बातचीत करेंगे। तीन केंद्रीय मंत्रियों और 41 किसान संगठनों के बीच करीब पांच घंटे तक चली वार्ता के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एजेंडे में शामिल चार में से दो मुद्दों पर परस्पर सहमति होने से 50 फीसदी समस्या का समाधान हो गया है। तोमर ने कहा, 'तीन कृषि कानूनों और एमएसपी पर चर्चा जारी है तथा चार जनवरी को अगले दौर की वार्ता में यह जारी रहेगी।' एमएसपी की वैध गारंटी के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले ही कह दिया कि वह लिखित मे आश्वासन देने को तैयार है। तोमर ने यूनियनों को भरोसा दिलाया कि एमएसपी और मंडी प्रणाली पहले की तरह जारी रहेंगी। कृषि कानूनों को खत्म करने की किसानों की मांग पर मंत्री ने कहा कि इसे भी एक कमेटी के पास भेजा जा सकता है जो संवैधानिक वैधता तथा किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर अध्ययन करेगी। तोमर ने किसान नेताओं से कहा कि वे अपने प्रस्ताव भेजे जिसका सरकार अध्ययन करेंगी और उन पर चर्चा करेगी। आंदोलन के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए तोमर ने किसान संगठनों की सराहना की लेकिन अनुरोध किया कि कड़ाके की ठंड के कारण उन्हें बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को उनके घर भेज देना चाहिए।

तोमर, रेलवे, वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल तथा वाणिज्य राज्य मंत्री सोमप्रकाश ने यहां विज्ञान भवन में 41 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। मंत्री जहां बैठक में भोजन विराम के दौरान किसान नेताओं के साथ लंगर में शामिल हुए, वहीं किसान संगठनों के प्रतिनिधि शाम के चाय विराम के दौरान सरकार द्वारा आयोजित जलपान कार्यक्रम में शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कृषि कानूनों को वापस न लेने पर अड़ी सरकार ने किसानों की मांगों पर गौर करने के लिए एक कमेटी के गठन का प्रस्ताव दिया। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने किसानों को यह भी बताया कि कानूनों को वापस लेने की प्रक्रिया लंबी है। मंत्री ने कहा कि संगठन के नेता तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग पर जोर दे रहे थे लेकिन सरकार के पक्ष ने उन्हें कानूनों के लाभ समझाने की कोशिश की तथा इससे किसानों को पेश आ रही कुछ निश्चित समस्या के बारे में जानना चाहा। पंजाब किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रुल्दू सिंह मनसा ने कहा कि सरकार एमएसपी खरीद पर कानूनी समर्थन देने को तैयार नहीं है और इसकी जगह उसने एमएसपी के उचित क्रियान्वयन पर समिति गठित करने की पेशकश की है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने विद्युत संशोधन विधेयक को वापस लेने और पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधान को हटाने के लिए अध्यादेश में संशोधन करने की पेशकश की है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने भी कहा कि सरकार प्रस्तावित विद्युत संशोधन विधेयक और पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण से संबंधित अध्यादेश को क्रियान्वित न करने पर सहमत हुई है। शुरू में दो घंटे तक चर्चा के बाद केंद्रीय मंत्री प्रदर्शनकारी किसानों के 'लंगर' में शामिल हुए। दोनों पक्षों के दोपहर भोज के लिए विराम लेने से कुछ देर (शेष पेज 9)

### केंद्र और किसानों की वार्ता





नई दिल्ली में बुधवार को विज्ञान भवन में किसान नेताओं का स्वागत करते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

# बीस हुए नए कोरोना के मरीज पाबंदियों में मनेगा नया साल

● संक्रमितों में माता, पिता के साथ ब्रिटेन से लौटी मेरठ की दो साल की बच्ची भी शामिल

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**हाल** ही में ब्रिटेन से माता-पिता के साथ लौटी मेरठ की दो वर्शीय बच्ची भी कोरोना के नए स्ट्रेन से संक्रमित पाई गई है। यूके से लौटकर आए लोगों में 107 कोरोना पॉजिटिव मिले थे। इनमें मंगलवार को नए स्ट्रेन पीड़ित छह आए थे और बुधवार को यह संख्या बढ़कर 14 हो गई।

इस तरह मरीजों की संख्या बीस हो गई है। केंद्र ने राज्यों को नए साल के जश्न के मद्देनजर भीड़ पर अंकुश लगाने के लिए सभी कार्यक्रमों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा है, क्योंकि यहां जश्न मनाने वाले संभावित सुपरस्प्रेडर हो सकते हैं। कोरोना के नए स्ट्रेन से संक्रमित यूके से आए 20 मरीजों में से आठ का पता दिल्ली में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, सात का पता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज में चला जबकि दो संक्रमितों का पता सेल्युलर और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी हैदराबाद में चला है। एक-एक मरीज कोलकाता के पास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स और पुणे की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (शेष पेज 9)

## देश में तीन कोविड टीकों पर नए साल में होगा फैसला



● ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन कोविशील्ड को मिल गई मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में विकसित तीन कोविड वैक्सीन को नए साल के पहले दिन मंजूरी मिल सकती है। कोविशील्ड, फाइजर और भारत बायोटेक के टीके को हरी झंडी देने के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बुधवार को डीसीजीआई के उच्च-स्तरीय पैनल की बैठक हुई। पैनल की बैठक एक जनवरी को फिर होगी।

ब्रिटेन बुधवार को कोरोना की वैक्सीन कोविशील्ड को अनुमति देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। यह वैक्सीन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और ड्रग फर्म एस्ट्राजेनेका ने मिलकर बनाई है। वैक्सीन को स्वीकृति मिलने के बाद भारत की उम्मीद भी बढ़ गई है। क्योंकि देश में कोविशील्ड को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एस्ट्राजेनेका के साथ मिलकर कर विकसित कर रहा है। अनुमति मिलते ही देश में टीकाकरण अभियान शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) में विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने बुधवार को फाइजर, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) और भारत बायोटेक के टीके के आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण (ईयूए) अनुरोध पर विचार करने के लिए चर्चा की। मंत्रालय ने (शेष पेज 9)

# जनजातीय समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का चलेगा अभियान: मुख्यमंत्री



लोकभवन में समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अनुसूचित जनजाति समुदाय द्वारा निर्मित उत्पादों को भेंट करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के जनजातीय समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकारी नौकरियों में जनजाति समुदाय के लिए निर्धारित कोटे का समुचित लाभ उन्हें दिलाया जाए। इसके लिए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने जनजातीय परंपरा, संस्कृति और शिल्प के संरक्षण के लिए नियोजित कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में प्रदेश में जनजातीय समाज के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को समीक्षा कर रहे थे। जनजाति विकास विभाग के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर (शेष पेज 9)

### लखनऊ में स्थापित होगा जनजातीय संग्रहालय

**विभागीय** समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि थारू, बुक्सा, जौनसारी, राजी, भोटिया, गोंड, धुरिया, खरवार, सहरिया, बैगा, चेरो, भुइया सहित सभी जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है। प्रदेश सरकार इसे संरक्षित कर रही है। अन्य लोग भी इस समृद्धि से सुपरिचित हो सकें, इसके लिए शीघ्र ही राजधानी लखनऊ में एक भव्य जनजातीय संग्रहालय बनेगा। संग्रहालय में प्रदेश के जनजातीय समूहों की कला संस्कृति और जीवन उपयोगी शिल्प चित्रों, रहन-सहन व रीति रिवाजों को चित्रों, मूर्तियों और स्थापत्य से दर्शाया जाएगा। साथ ही उनकी बनाई कलाकृतियां, उनके खानपान, रहन-सहन और जीवन शैली को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही सीएम योगी ने जनजाति महोत्सव के (शेष पेज 9)

# सुशांत मौत मामले में हर पहलू की जांच: सीबीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बॉलीवुड** स्टार सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई ने विस्तृत जांच की है। एजेंसी का कहना है कि केस के सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है, क्योंकि अभी किसी भी पहलू से इनकार नहीं किया जा सकता। सीबीआई के पुलिस अधीक्षक नुपुर प्रसाद ने बुधवार को भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी को लिखे पत्र में कहा कि जांच के दौरान एजेंसी की टीमों ने अलीगढ़, फरीदाबाद, हैदराबाद, मुंबई, मानेसर और पटना का दौरा किया और सभी गवाहों की बारीकी से जांच की।

नुपूर प्रसाद ने कहा कि एजेंसी ने जांच के दौरान केस से संबंधित डिजिटल उपकरणों में मौजूद डेटा और मोबाइल टॉवरों की लोकेषन से संबंधित डंप डेटा के विश्लेषण के लिए नवीनतम सॉफ्टवेयर सहित आधुनिक फोरेंसिक उपकरण तैनात किए थे। स्वामी ने बीते 30 जुलाई को इस मामले से संबंधित एक खत प्रधानमंत्री को लिखा था। इसी के जवाब में सीबीआई ने यह प्रतिक्रिया दी है। सीबीआई ने कहा कि पटना पुलिस से मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद सुशांत की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए अनुभवी अधिकारियों की टीम गठित की गई थी। जांच दल और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना से संबंधित परिस्थितियों की जांच के लिए कई बार घटना स्थल का दौरा किया था। सीबीआई की नई दिल्ली स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के विशेषज्ञों को भारत में अपने क्षेत्र के सबसे अच्छे विषेशज्ञों में गिना जाता है। उन्होंने भी घटना स्थल का कई बार दौरा किया। फारेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ घटना स्थल, रात के दौरान कूपर अस्पताल की मोर्चरी भी गए और आटोप्सी सर्जन के साथ बातचीत कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को समझा।

## असम विधानसभा में सरकारी मदरसे समाप्त करने के प्रावधान वाला विधेयक पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

**असम** विधानसभा ने राज्य के सभी सरकारी मदरसों को समाप्त कर उन्हें सामान्य स्कूल में तब्दील करने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। इससे पहले विपक्ष ने विधेयक को स्थाई समिति को भेजने की अपनी मांग को अस्वीकार किए जाने के बाद सदन से बर्हिगमन (वाक आउट) किया। असम के शिक्षामंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कांग्रेस और एआईयूडीएफ सदस्यों के असम निरसन विधेयक-2020 को उचित चर्चा के लिए स्थाई समिति को भेजने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद स्पीकर हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने विधेयक को ध्वनिमत से मतदान के लिए रखा। सदन में शोरगुल के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। भाजपा के सभी सहयोगी दलों-असम गण परिषद एवं बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ)-ने विधेयक का समर्थन किया। इस विधेयक में दो मौजूदा कानूनों-असम (शेष पेज 9)

# ब्रिटेन से विमानों का आना जाना 7 तक स्थगित: पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नागर** विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच विमान सेवाएं सात जनवरी तक स्थगित रहेंगी और इसके बाद कड़े नियमों के तहत इनका संचालन किया जाएगा। नागर विमानन मंत्रालय ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वायरस के ज्यादा संक्रामक नए स्वरूप (स्ट्रेन) के सामने आने की वजह से यूरोपीय देश और भारत के बीच विमानों की आवाजाही 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक स्थगित रहेगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के भारत-ब्रिटेन के बीच विमान सेवाएं सात जनवरी तक स्थगित करने का सुझाव देने के बाद पुरी ने यह घोषणा की। पुरी ने ट्वीट किया, ब्रिटेन से विमानों की आवाजाही को सात जनवरी 2021 तक स्थगित करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, इसके बाद कड़े विनियमित तरीके से इसका संचालन शुरू किया जाएगा, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी। इससे पहले, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने विमानन सचिव प्रदीन सिंह खारोला को एक सरकारी परिपत्र में कहा था कि वह स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) की अध्यक्षता वाले संयुक्त निगरानी समूह (जेमएजी) और आईसीएमआर के डीजी तथा नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय कार्य बल द्वारा मिली जानकारी के आधार पर भारत और ब्रिटेन के बीच विमानों की आवाजाही सात जनवरी तक बंद करने का सुझाव देते हैं।

भूषण ने यह भी सुझाव दिया था कि सात जनवरी 2021 के बाद सीमित संख्या में विनियमित तरीके से विमानों का संचालन बहाल किया जा सकता है और (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 47,746 | ↑ 133 | |
| निफ्टी | 13,981 | ↑ 49 | |
| सोना | 49,484 | ↓ 16 | /10g |
| चांदी | 67,673 | ↑ 205 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उमेश सिन्हा उप चुनाव आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** उमेश सिन्हा को भारतीय निर्वाचन आयोग में उप चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश कैडर के वर्ष 1986 बैच के आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) सिन्हा वर्तमान में आयोग के महासचिव है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर सिन्हा को बतौर उप चुनाव आयुक्त छह महीने का कार्यकाल विस्तार दिए जाने को मंजूरी दी है जो 30 जून 2021 तक जारी रहेगा। सिन्हा चुनाव आयोग द्वारा गठित उस समिति का हिस्सा है जिसे चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों के खर्च के संशोधन संबंधी मुद्दे पर विचार करने के लिए बनाया गया है।

# पाकिस्तान में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान** के उत्तर पश्चिम प्रांत में बुधवार को क्रोधित भीड़ ने एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की। जिला पुलिस अधिकारी इरफान मरवत ने पत्रकारों को बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा में करक जिले के टेंरी गांव की है। मरवत के मुताबिक, मंदिर को विस्तार देने का काम किया जा रहा था जिसका विरोध हो रहा था।

भीड़ ने पुराने ढांचे के समीप बनाए गए नए निर्माण को गिरा दिया। अबतक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है न ही किसी की गिरफ्तारी हुई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने मंदिर पर हमले को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। उन्होंने मामले पर पुलिस से जल्दी रिपोर्ट मांगी है और घटना में शामिल लोगों की फौरन गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। हिंदू समुदाय पेशावर के नेता हारून सरब दियाल ने कहा कि मंदिर में एक हिंदू धार्मिक नेता की समाधि है और देश भर के हिंदू परिवार हर बृहस्पतिवार को समाधि पर आते हैं। उन्होंने कहा कि घटना हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत करती है और इस्लामी विचारधारा परिषद को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

दियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करते हैं लेकिन उनके खुद के मुल्क में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थल महफूज़ नहीं हैं। हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक तबका है। आधिकारिक अनुमान के मुताबिक, पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू रहते हैं। हालांकि समुदाय के मुताबिक, देश में हिंदुओं की आबादी 90 लाख से ज्यादा है।

# आयकर रिटर्न दाखिल करने की तिथि 10 तक बढ़ाई गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने व्यक्तिगत आयकरदाताओं के लिए वित्त वर्ष 2019-20 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि को दस दिन बढ़ाकर 10 जनवरी, 2021 तक कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि कंपनियों के लिए रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा को भी 15 दिन बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को तीसरी बार बढ़ाया गया है।

पहले इसे सामान्य समयसीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर, 2020 किया गया। उसके बाद इसे 31 दिसंबर, 2020 तक बढ़ाया गया। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना विवाद से विश्वास के लिए घोषणा करने की तारीख को भी एक महीने बढ़ाकर 31 जनवरी किया गया है। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए जीएसटी का वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को भी दो महीने बढ़ाकर 28 फरवरी, 2021 किया गया है। बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2019-20 (आकलन वर्ष 2020-21) के लिए आयकर रिटर्न की तारीख को 10 जनवरी तक उन आयकरदाताओं के लिए बढ़ाया गया है, जिनके खातों का ऑडिट करने की जरूरत नहीं और जो सामान्य रूप से आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के जरिए आयकर रिटर्न भरते हैं। जिन आयकरदाताओं के खातों का ऑडिट करने की जरूरत है या जिन्हें अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेनदेन के बारे में रिपोर्ट जमा कराने की जरूरत है, उनके लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को बढ़ाकर 15 फरवरी, 2021 किया गया है।

कंपनियों के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख को 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर किया गया था। उसके बाद इसे बढ़ाकर 31 जनवरी, 2021 किया गया। अब इसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2019-20 (आकलन वर्ष 2020-21) के लिए 29 दिसंबर तक कुल 4.54 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। पिछले साल तुलनात्मक अवधि तक 4.77 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे। बिना विलंब शुल्क के वित्त वर्ष 2018-19 (आकलन वर्ष 2019-20) के लिए अंतिम तिथि तक 5.65 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे। पिछले साल आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख को 31 अगस्त, 2019 तक बढ़ाया गया था। आयकर विभाग ने ट्वीट किया है कि कोविड-19 महामारी की वजह से करदाताओं के समक्ष आ रही चुनौतियों के मद्देनजर विभिन्न समयसीमाओं को बढ़ाया जा रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक, परिवहन का बड़ा केंद्र बनाने को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,883.80 करोड़ रुपए की लागत से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक और परिवहन केंद्र (एमएमटीएच) बनाने को मंजूरी दे दी। इससे क्षेत्र में विकास तेज होगा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इसके साथ ही आंध्र प्रदेश में कृष्णापत्तनम औद्योगिक क्षेत्र और कर्नाटक के तुमकुर में क्रमशः 2,139.44 करोड़ रुपए और 1,701.81 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण के लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रस्तावों को स्वीकृति दी। आधिकारिक बयान के अनुसार मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक केंद्र परियोजना को एक विश्व स्तरीय सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां पर्याप्त भंडारण तथा अलग से बने मालगाड़ियों के गलियारों (डीएफसी) के जरिए सामान की ढुलाई की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही माल ढुलाई कंपनियों और ग्राहकों को एक ही जगह सभी सुविधाओं की पेशकश की जाएगी। इस केन्द्र पर न सिर्फ मानक कंटेनर रखरखाव सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# स्वच्छ, साक्षर और नशा मुक्त समाज के लिए अलख जगाएं मंगल दल: योगी

## मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में युवक एवं महिला मंगल दलों को बांटी खेल सामग्री

### ● सभी राजस्व गांवों में गठित की जाए युवाओं की टोली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवक और महिला मंगल दलों को अपने-अपने क्षेत्रों में साक्षरता, स्वच्छता और नशा मुक्ति के लिए अलख जगाने का आवाहन किया है। कोविड काल में युवक एवं महिला मंगल दलों द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिहाज से किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि युवक एवं महिला मंगल दलों के रूप में युवाओं की असीम ऊर्जा, सामर्थ्य और रचनात्मकता समाज के उन्नति में बड़ी सहायक है। खेल कार्यक्रमों के साथ-साथ इन दलों द्वारा किए जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों को अब और विस्तार देने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 67 हजार से अधिक युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल सामग्री का वितरण कर रहे थे। सीएम के हाथों 11 दलों के सदस्यों को खेल सामग्री मिली जबकि शेष को जिलों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ये सामग्री वितरण किया गया। गोरखपुर, अलीगढ़, फिरोजाबाद, बांदा और गोंडा के अलग-अलग गांवों में गठित युवक मंगल दल के सदस्यों से संवाद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ऊर्जा सभी के पास है, महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है। यदि हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक है तो हम अपने घर, शहर, प्रदेश और देश के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे और अगर हमारी भावना नकारात्मक है तो हम खुद के लिए ही बोझ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा की युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति का प्रतीक है। वह कल का नहीं आज का नागरिक है। अपने सकारात्मक और सार्थक दृष्टिकोण का इस्तेमाल उसे देश और समाज के हित में करना चाहिए, इसी में सबकी उन्नति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2 लाख से अधिक राजस्व ग्राम हैं। युवा कल्याण विभाग सभी गांवों में युवक एवं महिला मंगल दलों के गठन की दिशा में काम करें। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गठित 67 हजार से अधिक युवक एवं महिला मंगल दलों से वर्चुअली मुखातिब सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को ट्यूबरक्लोसिस के दंश से मुक्त करने का संकल्प लिया है। यह दल इस संकल्पपूर्ति में सहायक बनें।

### कुछ लोगों को युवा कहलाना पसंद पर युवाओं के हित की चिंता नहीं

**कार्यक्रम** में सीएम योगी ने बिना किसी का नाम लिए अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो खुद को युवा कहलाना तो पसंद करते हैं लेकिन युवाओं के हित की उन्हें कोई चिंता नहीं रही। यह युवक मंगल दल, दशकों तक उपेक्षित रहे लेकिन आज की सरकार ने न केवल इस महत्वपूर्ण संगठन को पुन: सक्रिय किया बल्कि गांवों में ओपन जिम बनवा रही है। खेल के मैदानों का विकास कर रही है और आवश्यक से संसाधन उपलब्ध करवा रही है। यही नहीं खेल के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया मुहिम शुरू की, जिसके शानदार नतीजे मिल रहे हैं। सीएम ने कहा खेलों से हमारे भीतर एक टीम भावना का विकास होता है। यह टीम भावना घर से लेकर नौकरी सहित जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। मुख्यमंत्री योगी ने सभी युवक एवं मंगल दलों को आश्वस्त किया कि उन्हें विकास के लिए हर जरूरी माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश के युवा कल्याण, खेल व पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उपेंद्र तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं के बहुमुखी विकास के लिए नियोजित प्रयास कर रही है। गांवों में ओपन जिम, ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण हो रहे हैं। युवक एवं महिला मंगल दल के रूप में युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने की कोशिश सफल हो रही है।

## सपा शिक्षक सभा के पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 8 प्रदेशों के समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा कर दी। शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष प्रो.बी पांडे ने बताया कि शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कुलदीप यादव को महासचिव, सीपी गुप्ता व जनार्दन यादव को उपाध्यक्ष, विजय प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार, मुंबई का शिक्षक सभा का प्रदेश अध्यक्ष नामित कर दिया गया है।

## जिला व महानगर अध्यक्ष घोषित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की संस्तुति पर समाजवादी व्यापार सभा के 81 जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। यह जानकारी समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संजय गर्ग ने दी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने नवनियुक्त महानगर व जिलाध्यक्ष से पार्टी को मजबूत बंधन बनाने की अपील की है।

## किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ दिलाना सरकार की मंशा: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ दिलाना राज्य सरकार की मंशा है। इसके दृष्टिगत उन्होंने धान खरीद कार्य को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। धान क्रय केन्द्रों को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों से त्वरित खरीद की जाए। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त काटों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए अधिक से अधिक राजस्व ग्रामों में दुग्ध समितियों के गठन की कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन करते हुए इन्हें डेयरी परियोजनाओं से जोड़ा जाए। पीसीडीएफ की डेयरियां के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को गो-आश्रय स्थलों का नियमित अनुश्रवण करते हुए इनकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में आगामी माघ मेले की सभी तैयारियां गुणवत्तापूर्ण ढंग से की जाएं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं विशेषकर कल्पवासियों तथा साधु-संतों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने माघ मेला परिसर में कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेले के दौरान स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन के विशेष प्रबन्ध किए जाएं।

## सीएम आज भदोही में नवनिर्मित कारपेट बाजार का करेंगे लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● देश एवं विदेश के खरीदारों व स्थानीय कालीन निर्माताओं को एक ही छत के नीचे व्यापार के अवसर सुलभ होंगे: सिद्धार्थ नाथ सिंह

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 31 दिसम्बर को भदोही में नवनिर्मित कारपेट बाजार का लोकार्पण करेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यूपी के एमएसएमई विभाग द्वारा भदोही के कारपेट को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान प्रदान करने के लिए कारपेट बाजार का निर्माण कराया गया है। इसके माध्यम से स्थानीय उद्यमियों तथा कारोबारियों को अपने उत्पादों के विक्रय तथा प्रदर्शन की सुविधा प्राप्त होगी। भदोही स्थित कारपेट बाजार परियोजना का क्षेत्रफ ल लगभग 7.50 एकड़ है। इस परियोजना की लागत 179.47 करोड़ रुपए है। नवनिर्मित कारपेट बाजार में मुख्यत: 2 भवनों-शॉपिंग मार्ट तथा प्रदर्शनी हॉल का निर्माण किया गया है।

7000 वर्ग मीटर प्लिन्थ एरिया में निर्मित शॉपिंग मार्ट 3 मंजिला भवन है जिसमें 94 दुकानों का प्राविधान किया गया है। शॉपिंग मार्ट में 2 पैसेन्जर लिफ्ट तथा 2 मैटेरियल लिफ्ट सहित कुल 4 लिफ्ट का प्राविधान किया गया है। भवन में आधुनिक सेण्ट्रल एचवीएसी सिस्टम तथा दुकानों के लिए सेण्ट्रलाइज्ड एसी की व्यवस्था की गयी है। शॉपिंग मार्ट में विद्युत कन्ट्रोल के लिए पृथक इलेक्ट्रिकल पैनल स्थापित किया गया है। एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि भदोही के कारपेट को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने के लिए भदोही कारपेट बाजार की स्थापना की गई है। इस कारपेट बाजार के माध्यम से स्थानीय उद्यमी, कारोबारी अपने उत्पादों का विक्रय एवं प्रदर्शन कर सकेंगें। साथ ही देश एवं विदेश के खरीदारों एवं स्थानीय कालीन निर्माताओं को एक ही छत के नीचे व्यापार के अवसर सुलभ होंगे और भदोही के कालीन उद्योग को नया आयाम भी मिलेगा।

तीन मंजिला कारपेट बाजार में उद्यमियों के लिए 94 दुकानें उपलब्ध होंगी। इसमें शापिंग मार्ट, म्यूजियम, स्माल शॉप्स, एग्जीविशन हॉल, स्टाफ क्वार्टर तथा गेस्ट हाउस की भी व्यवस्था होगी। शापिंग मार्ट के माध्यम से स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को अपने चुनिन्दा उत्पाद विक्रय करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रदर्शनी हाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियां आयोजित की जायेंगी। इससे भदोही में निर्मित कारपेट को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी एवं स्थानीय कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें।

## राज्यपाल ने दी उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश 2020 को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● अब कृषि योग्य भूमि के गैर कृषि उपयोग में लाने की राह हुई आसान

**सूबे** में कृषि योग्य भूमि को गैर कृषि में उपयोग लाने की राह आसान हो गई है। सरकार की तरफ राजभवन को भेजे गए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश 2020 को राज्यपाल ने अपनी मंजूरी दे दी है। अध्यादेश की मंजूरी के बाद अब चहारदीवारी बनाना जरूरी नहीं होगा। अध्यादेश के तहत नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को स्थानीय प्राधिकरण का दर्जा दे दिया गया है।

अभी तक राजस्व संहिता की धारा 80 (2) के तहत खेती की जमीन के गैर कृषि इस्तेमाल के लिए जमीन के चारों ओर चहारदीवारी बनाना जरूरी था। इस प्राविधान की आड़ लेकर ग्राम प्रधान और राजस्व कार्मिक गैर कृषि इस्तेमाल के लिए खेती की जमीन लेने वालों का शोषण कर रहे थे। ऐसी शिकायतें मिलने पर शासन ने चहारदीवारी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। अध्यादेश के प्रभावी होने पर शासन की पूर्वानुमति के बिना 12.5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि खरीदने पर इसे विनियमित कराने के लिए जमीन के सर्किल रेट का 10 फीसद ही जुर्माना देना होगा। अभी तक ऐसा करने पर सर्किल रेट का 50 प्रतिशत जुर्माना देना पड़ता था। यदि किसी ने राज्य सरकार की मंजूरी के बिना 12.5 एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि खरीद ली है और उस जमीन पर जनहित के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के खोलने को लेकर राज्य सरकार 10 फीसदी जुर्माने में छूट दे सकती है।

## प्रदेश में किसानों का हाल बेहाल:अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसानों का हाल बेहाल है। झूठे दावों से भ्रम फैलाते हुए किसानों का ध्यान भटकाने में भाजपा सरकार व्यस्त है। पेराई सत्र शुरू होने के बावजूद गन्ने की कीमत में वृद्धि नहीं हुई। नए सत्र में मिल मालिक पुरानी दरों पर ही भुगतान कर रहे हैं। पिछला बकाया ही अभी चुकता नहीं हुआ है। गन्ना किसान को जब समय से बकाया ही नहीं मिल रहा है तो उस पर ब्याज की अदायगी कौन करेगा, गन्ना किसान की दुर्दशा पर भाजपा सरकार का कोई ध्यान नहीं है। अखिलेश ने कहा कि वैसे भी भाजपा सरकारों ने पूंजीघरानों के फायदे की खातिर अन्नदाता के हितों की बलि दे दी है। अपनी मांगों को लेकर आंदोलनकारी किसानों के बीच कई किसान अपनी जान गंवा बैठे हैं कुछ ने तो आत्मदाह तक कर लिया। लेकिन भाजपा प्रवक्ता किसान आंदोलन में शहीद किसानों की मौत को नकार रहे हैं, यह बयान और सरकारी रवैया अपमान जनक और घोर निंदनीय है। भाजपा की राज्य सरकार ने तो किसान आंदोलन खत्म करने के लिए नई साजिश रची है। समाजवादी पार्टी किसानों के संघर्ष में उनके साथ है। समाजवादी किसान यात्रा की असीम सफलता के बाद समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम को किसानों के बीच भारी स्वीकारिता बढ़ी है। किसानों के रोष को देखते हुए विश्वास होता है कि अब भाजपा के दिन गिने चुने रह गए हैं। किसान सत्ता में बदलाव चाहते है। सन् 2022 में वे साइकिल के साथ रहेंगे।

## 15 जनवरी से शुरू होंगी प्री बोर्ड की परीक्षाएं



**लखनऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने सभी माध्यमिक स्कूलों को निर्देश जारी कर संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर प्री बोर्ड की परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू कराने के आदेश जारी किए हैं। अपने आदेश में डीआईओएस ने 25 जनवरी तक परीक्षाएं सम्पन्न कराने को कहा है। हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड की प्री बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर इससे पूर्व भी कालेजों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सिंह के मुताबिक कालेजों को समय पर सलेबस समाप्त करने के साथ ही प्री बोर्ड की परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्री बोर्ड की परीक्षा के अंतर्गत दूसरी परीक्षा पहली मार्च से दस मार्च के बीच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के ठिकानों पर ईडी के छापे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के लखनऊ, कानपुर और अमेठी में सात ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। पूर्व खनन मंत्री दुष्कर्म एवं अन्य मामलों के आरोप में जेल में बंद है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में गायत्री का बड़ा पुत्र अनिल भी जेल में बंद है। करीब सात घंटे चले इस कार्रवाई में ईडी ने कई अहम दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है। बुधवार को ईडी की टीम ने अमेठी के आवास विकास स्थित गायत्री प्रजापति के निजी आवास एवं चालक रामराज के घर में छापेमारी की। बताया जा रहा है कि चालक रामराज उर्फ छोटू के पास भी तकरीबन दौ सौ करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी है। इसके अलावा लखनऊ में विभूतिखंड में ओमेक्स में गायत्री के बेटे अनिल प्रजापति के आफिस में भी ईडी ने छापेमारी की है। ईडी को गायत्री प्रजापति व उसके परिवार से जुड़ी 15 कंपनियों के सुराग मिले हैं। इनमें से 11 कंपनियां गायत्री के ही नाम पर हैं। शेष चार कंपनियां पत्नी व बेटे के नाम पर हैं। इसके साथ ही यह भी पता लगा है कि बेटे की कंपनी ने लखनऊ में बड़ी जमीन खरीदी है। लखनऊ में एमजे कॉलोनाइजर्स नामक कंपनी ने मोहनलालगंज में 110 बीघा जमीन खरीदी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व की सपा सरकार में वर्ष 2012 से 2016 के बीच खनन घोटाला हुआ था। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई इस घोटाले की जांच कर रही है। हाई कोर्ट ने दो अलग अलग जनहित याचिकाओं पर 28 जुलाई 2016 को अवैध खनन की जांच के आदेश दिए थे। जांच में सीबीआई को साल 2012-16 के दौरान हमीरपुर जिले में व्यापक पैमाने पर अवैध खनन किए जाने के साक्ष्य मिले।

**अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लल्लू ने लिखा राष्ट्रपति को पत्र:** लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राष्ट्रपति से अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की गुहार लगाई है। पत्र लिखकर उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर राजनीतिक विद्वेष का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र की एक-एक प्रति राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को भी भेजी है।


पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I, No. 15398982 W HAV Alok Kumar Bhaumik, 4 AIR Formation Sig Regt. C/o 56 APO have changed my wife name in my service record from Mauli Samanta to Mouli Bhaumik for all future purpose.

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अदनान अहमद खान से उसके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये समस्त कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अतीक अहमद 'शफीक' नि0 264/81 बिल्लौचपुरा, अखाड़े वाली मस्जिद के पास, बाजार खाला, राजेन्द्र नगर लखनऊ।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 05.05.1957 दर्ज हो गई है जो गलत है जबकि मेरी सही जन्मतिथि 14.09.1960 है जो आधार कार्ड व पैन कार्ड पर भी अंकित है अत: अब से मेरी सही जन्मतिथि 14.09.1960 ही पढ़ी व समझी जाये। मंजू सिंघानिया पत्नी श्री ओम प्रकाश सिंघानियां निवासी- सिंघानियां फूड प्रोडक्ट्स, हरदोई रोड तहसील व जिला- सीतापुर।

**आवश्यकता**

**विशेश्वर दयाल महाविद्यालय**
कोन्सर चौराहा, बिसवां सीतापुर-264204
**आवश्यकता है**
बी0एड0 विभाग
(1) प्राचार्य/विभागाध्यक्ष-01, (2) शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-04, (3) शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा)-08, (4) स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा-04, (5) ललित कलाएं -01, (6) निष्पादन कलाएं-04 (संगीत/नृत्य/रंगमंच) **योग्यता एवं वेतनमान-** NCTE/राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाणपत्र एवं नवीनतम चार फोटोग्राफ महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा अविलम्ब 15 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
**प्रबन्धक -मो0-7897952048**


## नए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्र** सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को लखनऊ में पदयात्रा निकाली। महानगर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस संदेश पदयात्रा की शुरुआत कैंपल रोड स्थित एग्जान कॉलेज से हुई। यासीनगंज मोड़ पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पद यात्रा का समापन किया गया।

इस मौके पर मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि किसान विरोधी तीनों काले कानून को वापस लिए जाने की मांग को लेकर एवं सरकारी गौशालाओं में सरकारी उदासीनता, भ्रष्टाचार के चलते खान पीने की कमी और समुचित रखरखाव न होने से इस भीषण ठण्ड में गौ माताओं के मरने से बचाने के लिए पदयात्रा निकाली गयी। उन्होंने कहाकि प्रशासन अपनी नाकामी छुपाने के लिए चारा पानी न मिलने से कमजोर, वृद्ध जिन्दा गौ माताओं को जेसीबी से हटाकर फिंकवा रहा है जो बहुत ही दु:खद और दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी गौ माता को बचाने और किसानों को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और करती रहेगी।

वहीं दूसरी ओर ओर गाय बचाओ किसान बचाओ पदयात्रा के तहत आज महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा लखनऊ के लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निकाली गयी। पदयात्रा में मुख्य रूप से डॉ. शहजाद आलम पश्चिम विधानसभा के प्रभारी रईस अहमद, शोएब चांद, आनंद कुमार गुप्ता, इस्लाम अली, अजय कुमार वर्मा, विकास सक्सेना आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सहकारिता विभाग ने अब तक 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान किसानों से खरीदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** विभाग द्वारा अभी तक 20,70,535.244 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है जो लक्ष्य का 96.30 प्रतिशत है। सहकारिता विभाग द्वारा धान क्रय केन्द्रों पर किसानों से धान खरीद का कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने देते हुए बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष में देवीपाटन मण्डल में सहभागिता विभाग द्वारा 1,27,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 28 दिसम्बर 2020 तक 1,54,003.584 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है जो लक्ष्य का 121.26 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में किसानों को उनकी धान की उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये जाने हेतु सहकारिता विभाग की तीन क्रय एजेन्सियों पीसीएफ, पीसीयू एवं यूपीएसएस द्वारा धान खरीद का कार्य किया जा रहा है। श्री वर्मा ने यह भी बताया कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि धान खरीद केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पेजयल, सेनेटाइजर तथा कोविड.19 के नियमों का पालन अवश्य किये जाने के निर्देश भी दिये गये है। उन्होंने यह भी बताया है कि किसानों से धान क्रय करने के उपरान्त किसानों का भुगतान भी सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए समयानुसार कराये जाने के निर्देश दिये गये है।


**प्रबंध समिति के चुनाव सम्बन्धी सूचना**

**सकलडीहा डिग्री कॉलेज समिति सकलडीहा जनपद-चंदौली**
**प्रबंध समिति के चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम**

सकलडीहा डिग्री कालेज समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि प्रबंध समिति के चुनाव हेतु निम्नलिखित चरणबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कृपया अवगत होते हुए अपनी सहभागिता एवं योगदान प्रदान करें।
अध्यक्ष-एक पद, उपाध्यक्ष-चार पद, प्रबन्ध-एक पद, सेक्रेटरी (मंत्री)-एक पद, सदस्य कार्यकारिणी-पांच सदस्य। स्थान सकलडीहा पी0जी0 कालेज परिसर।
1. नामांकन दिनांक-24.01.2021, 10 बजे से 12 बजे तक।
2.नामांकन पत्रों की जांच घोषणा व नाम वापसी-12 बजे से 1 बजे तक
3. आवश्यक होने पर चुनाव व मतगणना - 1 बजे से परिणाम घोषित होने तक।

**शारदा यादव नि. प्रबन्धक**
**सकलडीहा पी.जी.कालेज, सकलडीहा चंदौली**

**कार्यालय-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर**

पत्रांक-एन0एच0एम0/निविदा/2020-21/1118 दिनांक-30 दिसम्बर, 2020

**अल्पकालीन ई-निविदा संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में जनपद मीरजापुर में निम्नलिखित विवरण के अनसार कार्य करने हेतु इच्छुक निविदादाता फर्मो से ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, परन्तु क्रम संख्या-01 एवं 02 की ई-निविदा में एक ही बिड प्राप्त होने एवं क्रम संख्या-03 का निविदा, समिति द्वारा निरस्त किये जाने के कारण पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यकम के अंतर्गत स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गो को चश्मों की आपूर्ति | रु. 1295000.00 |
| 2. | राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम में आपरेशन हेतु ड्रग एवं कन्ज्यूमेबल्स की आपूर्ति | रू. 3212000.00 |
| 3. | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में उपकरणों, कन्ज्यूमेबल्स आदि की आपूर्ति | रू. 10000000.00 |

1. क्रम सं0-01 एवं 02 की निविदा फार्म एवं नियम शर्ते वेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनांक 30.12.2020 से 05.01.2021 तक सायं 5.00 बजे तक साइट से अपलोड/डाउनलोड किया जा सकता है। तथा क्रम सं0-03 की निविदा दिनांक-31.12.2020 से 05.01.2021 के सायं 05:00 बजे तक साइट से अपलोड/डाउनलोड किया जा सकता है।
2. निविदा फार्म वेब साइट etender.up.nic.in पर भरकर हार्ड कापी दिनांक- 06.01.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे के मध्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में जमा करना होगा। निविदा की विस्तृत शर्तें साईट पर उपलब्ध हो
3. निविदा दिनांक 06.01.2021 को मुख्य चिकित्सी अधिकारी, मीरजापुर के कार्यालय में अपरान्ह 2.00 बजे निविदादाता एवं निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को पूर्ण एवं आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर में निहित होगा।
4. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की नोटिस अथवा परिवर्तन की सूचना etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी। अतएव वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**मीरजापुर**


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बिल्डरों से छुड़ाई करोड़ों की जमीन

## जिला प्रशासन व एलडीए की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** और जिला प्रशासन द्वारा गोमती नदी किनारे बिल्डर्स के अवैध कब्जा से करोड़ों की बेशकीमती जमीन मुक्त कराई गई। साथ ही एलडीए की संयुक्त सचिव ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर कब्जा में ले लिया है। जिला प्रशासन व एलडीए की संयुक्त टीम ने बुधवार को सरोजनीनगर तहसील की सरसवां व सदर तहसील की मलेसिया मऊ बार्डर पर बड़ी कार्रवाई की गयी। बिल्डर्स द्वारा गोमती नदी किनारे बड़े पैमाने पर बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण भी कर लिए गए थे। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अर्जित की गई इस जमीन के संबंध में प्राधिकरण का तर्क है यह जमीन दो बिल्डर द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई है। जबकि मलेसिया मऊ की यह जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि है जो वर्तमान समय में प्राधिकरण के नाम दर्ज है। इस जमीन पर लंबे समय से कुछ किसानों द्वारा जहां खेती की जा रही थी वहीं बिल्डर द्वारा इस बेश कीमती जमीन पर प्लॉटिंग व अपार्टमेंट बनाने की भी तैयारी की जा रही थी। वहीं मोहान रोड सहित दूसरे अवैध निर्माण को एलडीए की संयुक्त सचिव रितु सुहाश ने ध्वस्त कराया।

सरसवां में जिस जमीन पर एलडीए द्वारा कब्जा लिया गया है उसमें जमीन के एक हिस्से पर उसमें जमीन के एक हिस्से पर प्लॉटिंग चल रही थी। इससे सटे हुए एक बड़े भू भाग पर बैरिकेटिंग की गई थी, जिसे एसडीएम सदर प्रफुल्ल त्रिपाठी, एसडीएम सरोजनीनगर किंशुक श्रीवास्तव, तहसीलदार सरोजनीनगर ज्ञानेन्द्र सिंह, तहसीलदार उमेश सिंह, तहसीलदार एलडीए असलम सहित भारी फोर्स ने जमीन पर कब्जा कर की गई बैरिकेटिंग व प्लॉटिंग को हटाने की कार्रवाई की।

# भाषा विवि की अवधारणा को मूर्तरूप देने को हाई प्रोफाइल कमेटी गठित

**लखनऊ।** ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया। इस उच्च स्तरीय समिति के गठन का उद्देश्य भाषा विवि की अवधारणा को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार करना है।यह उच्च स्तरीय समिति विवि में संचालित विभिन्न भाषाओं के पाठ्यक्रमों को रोजगार परक बनाने एवं विलुप्त हो रही स्वदेशी भाषाओं के पुनर्जागरण के लिए कार्य करेगी। भाषाओं पाठ्यक्रमों को रोजगारपरक बनाने के लिए एवं विलुप्त हो रही देशी भाषाओं के उत्थान के लिए देश भर के प्रतिष्ठिति संस्थानों के प्रतिष्ठिति आचार्यों को समिति में शामिल किया गया है। समिति में अरबी, उर्दू, फ़ारसी, टर्किश, हिंदी, संस्कृत, पाली, अंग्रेजी, जर्मन, कोरियन, रशियन, जापानीज, चाइनीज फ्रेंच एवं वाह्य भाषाओं के विशेषज्ञों को समिति में शामिल किया गया है। उच्च स्तरीय समिति में अरबी के वाह्य विशेषज्ञ जेएनयू के प्रो रिजवानुर रहमान, उर्दू में जेएनयू के प्रो एसएम अनवर आलम, फारसी में जेएनयू के प्रो मजहर आसिफ, टर्किश में जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो मोहसिन अली, हिंदी में एलयू के प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित, राजधानी कालेज, दिल्ली के प्रो राजीव रंजन गिरी, एलयू के पवन अग्रवाल, नालंदा विवि के प्रो आरएन श्रीवास्तव, संस्कृत में जेएनयू के प्रो संतोष शुक्ला, डॉ प्रयाग नारायण मिश्र, पाली में जेएनयू के प्रो सीयू राव, केंद्रीय संस्कृत विवि के प्रो गुरु सरन नेगी, अंग्रेजी में एलयू के ओएन उपाध्याय, जर्मन में जेएनयू के डॉ अभिमन्यू शर्मा, कोरियन में जेनएयू के प्रो रवीकेश, राशियन में एलयू की प्रो साबिरा हबीब, जापानीज में जेएनयू की प्रो दामिनी, चाइनीज में जेनएयू के प्रो बीआर दीपक, फ्रेंच में जेएनयू के प्रो सुशांत मिश्रा, इफ्लू के प्रो जगन्नाथ सोरेन, वाह्य भाषाओ में इफ्लू के रजनीश अरोड़ा, प्रो सुधाकर वेणुकपल्ली एवं दिनेश पाठक शामिल हैं।

# आज सेवानिवृत हो जाएंगे सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी सहित रोडवेज के कई अधिकारी

**लखनऊ।** 31 दिसंबर को सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक समेत रोडवेज के कई अफसर सेवानिवृत हो रहे हैं। इनमें लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके मंडल, परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन एसके दूबे, मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियर के अलावा कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एके झा का नाम शामिल हैं।परिवहन निगम के एमडी धीरज साहू ने बताया कि सीजीएम प्रशासन के खाली हो रहे पद को लेकर शासन को पूर्व में अवगत करा दिया गया है। वहीं सीजीएम संचालन के पद पर वरिष्ठता के आधार पर तैनाती की जाएगी। फिलहाल प्रधान प्रबंधक अनघ मिश्रा को सीजीएम संचालन बनाने की चर्चा तेज है। वहीं क्षेत्रों में खाली हो रहे पदों पर जल्द ही क्षेत्रीय प्रबंधक की तैनात होंगे। नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त सचिव अजीत सिंह ने बताया कि सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी के सेवानिवृत होने पर लखनऊ क्षेत्र के आरएम पल्लव बोस अथवा सेवा प्रबंधक सत्यनारायण में से किसी एक को सिटी ट्रांसपोर्ट की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# बीएसएनएल के रिटायर्ड अधिकारी को लूटने वाले दो गिरफ्तार


**लखनऊ ।** बीती 28 दिसंबर को गाजीपुर थाना क्षेत्र में बीएसएनएल से रिटायर्ड अधिकारी श्रीचंद चौबे को बंधक बनाकर सोने की अंगूठी व चेन लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरों के पास से नकली पिस्टल, पांच अंगूठी, दो पायल, विदेशी करंसी और अन्य सामान बरामद हुआ।

# जाम से मुक्ति के लिए ट्रैफिक इंजीनियरिंग का नया फार्मूला

## फ्री लेफ्ट साइड पोल को एडीसीपी ने किया डिजाइन, 4 चौराहों से होगी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में वैसे तो जाम की समस्या हमेशा ही बनी रहती है लेकिन बीते 15 दिनों से जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। सिर्फ हजरतगंज ही नहीं राजधानी के तमाम व्यस्तम चौराहों पर भी आम जनता भीषण जाम के झाम से कराह रही है। राजधानी लखनऊ में जनता को इस समस्या से निजात दिलाने में यातायात विभाग पूरी तरह फेल साबित हो रहा है। जाम के झाम से आम जनता को राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक विभाग के अफसरों ने नया खाका खींचा है।




एडीसीपी ट्राफिक पुणेन्दू सिंह ने फ्री लेफ्ट साइड पोल को डिजाइन किया है और सेतु निगम की सहायता से बनवाया भी है। इन पोलों के लग जाने की वजह से आम जनता बिना ग्रीन लाइट का इंतजार किए हुए लेफ्ट साइड की तरफ से आराम से निकल सकेगी। अगर ट्रैफिक विभाग का यह जुगाड़ कामयाब हुआ तो निकट भविष्य में लखनऊ के 12 चौराहों पर इस तरह का अनूठा प्रयोग किया जाएगा। राजधानी में 12 चौराहों को इन पोल लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। लेकिन फिलहाल चार चौराहों से इसकी शुरूआत की जा रही है। 1090, रायल होटल, गोल्फ और बलिंगटन चौराहे पर फ्री साइड पोल लगने से होने वाले लाभ की सुविधा लखनऊवासी उठा सकेंगे। एडीसीपी पुणेन्दू सिंह ने बताया कि फ्री लेफ्ट अक्सर ब्लाक रहता था जिसकी वजह से जिनको वैकुंठ धाम या बालू अड्डे की तरफ जाना रहता था। वो भी रुके रहते थे, इसकी वजह से यातायात पर दबाव बढ़ता था साथ ही प्रदूषण भी बढ़ रहा था। इसी को देखते फ्री लेफ्ट करने के लिए प्री कास्टड पोल लगवाए जा रहे हैं। इससे 15 प्रतिशत ट्राफिक का दबाव कम होगा।

# लविवि कुलपति ने शिक्षक–शोधार्थियों को किया सम्मानित




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बुधवार को अनुसंधान संवर्धन योजना के तहत विश्वविद्यालय के विशिष्ट आचार्यों और शोध कर्ताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शिक्षकों की तरफ से कुलपति को बधाई भी दी गई।

विवि परिसर स्थित मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक्लेम योजना के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों में उत्कृष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 15 प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को यह पुरस्कार दिया गया। इस पुरस्कार में सम्मान पत्र, पदक और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार शामिल थे। वही प्रोत्साहन योजना के तहत, नूतन परियोजना विचारों को शुरू करने और इनपर शोधकार्य के लिए बीज अनुदान के रूप में 12 संकाय सदस्यों को 20000 रुपये की वित्तीय सहायता के साथ एक प्रमाण पत्र और ओवर हेड प्रोजेक्ट ग्रांट शामिल था। उद्दीपन योजना के अंतर्गत आचार्यों और शोधार्थियों को प्रत्येक वर्ष के उत्कृष्ट प्रकाशनों के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के लिए दिया गया। 1100 रुपये का नकद पुरस्कार आचार्यों के लिए और 1100 रुपये शोधार्थियों के लिए एक प्रमाण पत्र के साथ शामिल था। यह पुरस्कार पिछले तीन वर्षों के लिए दिए गए। भौतिकी विभाग के प्रो पुनीत कुमार को तीनों योजनाओं में उत्कृष्ट काम कर शामिल होने के लिए रिसर्च सेल की तरफ से खास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि इन योजनाओं को सभी की क्षमताओं की सच्ची पहचान करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मन में भक्ति भाव लेकर अपने कर्म की तरफ बढ़ते रहना ही जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए।

# कोरोना के चलते लटक गया टापर्स सहित शिक्षकों का सम्मान समारोह

**लखनऊ ( पीएनएस )।** हाईस्कूल व इंटर बोर्ड की परीक्षा में टॉप करने वाले टॉपर्स इस बार कोरोना संक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। साथ ही शिक्षक दिवस के मौके पर हर साल सम्मानित होने वाले शिक्षक भी इसका शिकार हो गए हैं। साल बीतने के कगार पर है लेकिन अभी तक इस बाबत अधिकारी कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं।सरकार की तरफ से छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल बोर्ड के टॉपर्स को सम्मानित किया जाता है। इस सम्मान समारोह के मुख्य कार्यक्रम राजधानी में होते हैं, जिसमे सभी बोर्डों के टॉपर्स को सम्मानित किया जाता है। वही जिले स्तर पर भी छात्रों को सम्मानित किया जाता रहा है। टॉपर्स स्टूडेंट्स के अलावा हर साल बेसिक से लेकर माध्यमिक और उच्च शिक्षा में शिक्षकों को सम्मानित किया जाता। लेकिन इस बार कोरोना के चलते यह कार्यक्रम नहीं हो सका है, जबकि साल समाप्त होने में कुछ ही समय बचा है। इस वर्ष मेधावी राह तकते रहे लेकिन मेधावी छात्र सम्मान समारोह नहीं हो पाया, न ही मेधावियों को अभी तक पता चला कि इस वर्ष किन्हें सम्मानित किया जाना है। इसी तरह शिक्षक दिवस पर शिक्षक भी बाट जोहते रहे लेकिन उन्हें भी अभी तक सम्मानित नहीं किया गया है। सरकार हर वर्ष सभी बोर्डों के टॉप 10 मेधावियों को राज्य व जिला स्तर पर सम्मानित करती है। राज्य स्तर पर लगभग 150 और जिला स्तर पर 1600 विद्यार्थियों को हर वर्ष सम्मानित किया जाता रहा है। इस बारे में जब अधिकारियों से सम्पर्क किया गया तो वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं दिखे।

# पुलिस बाइकर्स ने कोरोना को लेकर किया जागरूक

## पुलिस कमिश्नर ने लोगों से की मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बीते** करीब दस माह से देश व प्रदेश में फैली कोरोनावायरस जैसी फैली महामारी से निपटने और उससे बचने के लिए शासन–प्रशासन पूरी तरह जुटा हुआ है।बुधवार को राजधानी लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर व संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोरा की अगुवाई में वूमेन पॉवर लाइन यानी 1090 चौराहे पर बाइक रैली निकालकर महामारी से बचने के लिए सभी लोगों को जागरूक किया। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने खुद ही मोबाइल मोटरसाइकिल चलाकर लोगों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि कोरोना वायरस जैसी बीमारी बहुत ख़तरनाक है, इससे बचने के लिए हर किसी को कोशिश करना ज़रुरी है, ताकि खुद सुरक्षित रहें और परिवार भी सुरक्षित रहें। पुलिस कमिश्नर ने इस ख़तरनाक बीमारी से बचने के लिए हर समय होशियार रहने के लिए लखनऊ की जनता से अपील कर कहा जान है तो जहान है। जागरूकता रैली के दौरान उन्होंने बचाव के लिए मास्क लगा़न, सोशल डिस्टैसिग का पालन करने व सेनेटाइजर दौरान उन्होंने बचाव के लिए मास्क लगा़न, सोशल डिस्टैसिग का पालन करने व सेनेटाइजर का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही कोविड 19 के प्रोटोकॉल के तहत नया साल मनाये जाने की अपील करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# राजधानी में 187, सूबे में मिले कोरोना के 1043 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 187 नए केस सामने आए तो सूबे में 1043 नए मरीज पाए गए। सूबे में 14155 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2806 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8352 मरीजों की और राजधानी में 1111 की मौत हो चुकी है। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,52,193 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,37,93,270 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1043 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 14,155 कोरोना के एक्टिव मामले में से 6,142 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 5,62,459 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4,452 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि यूके से आने वाले लोगों का कोविड.19 टेस्ट कराया जा रहा है। अब तक 2500 से अधिक सैम्पल लेकर टेस्ट किया जा चुका है जिसमें से 10 लोगों की टेस्ट रिपोर्ट पाजिटिव आयी है।


कार्यालय नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर

Website-www.nppghatampur.in
e-mail-nppghatampur.up@gmail.com



देवेन्द्र सिंह भोले
सांसद

‘मेरा शहर साफ हो, इसमे मेरा भी हाथ हो’
(हमारा घाटमपुर, सुन्दर घाटमपुर)



उपेन्द्र नाथ पासवान
विधायक

नगर पालिका परिषद घाटमपुर, जनपद कानपुर नगर
नगरवासियो से अपील करती है कि–

- नगर पालिका परिषद घाटमपुर प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी भारत सरकार द्वारा कराए जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 मे प्रतिभाग कर रही है। नगर पालिका परिषद घाटमपुर क्षेत्र की जनता से अपील करती है कि अपने नगर घाटमपुर को स्वच्छता रैंकिग मे नं0 1 बनाने मे सहयोग प्रदान करे।
- स्वच्छता एप का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें।
- खुले मे शौच व पेशाब न जाएं, घर मे शौचालय बनवाएं। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
- सफाई के पश्चात मार्गो एवं नालियों पर कूड़ा न फेकें एवं वार्डो मे संचालित डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु लगाये गए कर्मचारियो को ही कूड़ा दे। कूड़े को जलाए नही।
- गीला कूड़ा हरे कूड़ेदान मे सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान मे डालें।
- सार्वजनिक मार्गो में जानवर बांध कर आवा–गमन बाधित न करें, और न ही जानवरों को अवारा छोड़े।
- प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकोल से बनी वस्तुओं का प्रयोग न करे, इसके स्थान पर कागज/जूट के बैग का प्रयोग करे।
- समय से समस्त करों (भवनकर, जलमूल्य, दुकान किराया, लाइसेन्स आदि) का समय से भुगतान करे।
- पेयजल उपयोग के बाद नलों को खुला छोडकर जल का दुरूपयोग न करें। भू–गर्भ जल का राष्ट्रहित मे संरक्षण करे।
- मार्गप्रकाश के बिन्दुओ को क्षतिग्रस्त न करे, यह आपकी सुविधा के लिए है।
- पालिका सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करे।
- सभी पथ विक्रेता अपना रजिस्ट्रेशन पालिका मे अवश्य कराएं। एवं भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत आत्मनिर्भर हेतु रूपए 10,000.00 मात्र का लोन प्राप्त करे।
- जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर अवश्य कराएं। पर्यावरण संतुलन हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

वैश्विक महामारी कोविड–19 (कोरोनोवॉयरस) को फैलने से रोकने हेतु नागरिकों से अपील

- वैश्विक महामारी कोविड–19 (कोरोना वॉयरस) से जानकारी ही बचाव है।
- सभी नागरिक अपने मुंह और नाक को अच्छे से ढके। मास्क, अंगौछा, दुपट्टा का प्रयोग करे।
- आपस मे मिलते समय या भीड़ वाले स्थान मे कम से कम 2 गज की दूरी का विशेष ध्यान रखें।
- अपने हाथों को कम से 20 सेकेण्ड तक साबुन से दिन मे कम से कम 5 बार अच्छे से धोएं।
- खांसने या छीकने पर नाक और मुंह को कोहनी या टिश्यू पेपर से ढक लें।
- अगर आप ठीक महसूस नही कर रहे, तो घर पर ही रहे, अगर आपको बुखार खांसी है और सांस लेने मे परेशानी हो रही है तो डाक्टर के पास जाएं।
- जरूरी सावधानियां अपनाकर आप खुद को और अपने आस–पास के लोगो को सुरक्षित रख सकते हैं।
- पालिका हित मे अपने सुझाव अवश्य दे।



(उमेश कुमार मिश्र)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर

आइए
हम सब मिलकर
घाटमपुर को स्वच्छ व
सुन्दर बनाने का संकल्प लें।

समस्त सभासद गण
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर



(संजय सचान)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर

# लविवि के 53 शिक्षकों के प्रमोशन पर कार्यपरिषद ने लगाई मुहर

● नगर निगम डिग्री कॉलेज को मिली स्थाई मान्यता

● परीक्षा समिति से पास सभी प्रस्तावों को कार्य परिषद ने किया मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ।** विश्वविद्यालय प्रशासन की बीते दिनों सभी डिपार्टमेंट में हुए प्रमोशन के लिफाफे बुधवार को कार्य परिषद में रखे गए। जिस पर कार्य परिषद के सभी सदस्यों के सहमति के बाद उसे मंजूरी प्रदान कर दी गयी।

बुधवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीते दिनों हुए सलेक्शन कमेटी के लिफाफे रखें गए। इसके अलावा बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थाई मान्यता व मंगलवार को हुए परीक्षा समिति का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा गया था। एलयू में बीते कई सालों से सलेक्शन कमेटी न होने से विभागों में प्रमोशन के मामले लटके थे, जिसे मौजूदा कुलपति प्रो राय ने सभी विभागों की सलेक्शन कमेटी के माध्यम से पूरा करा कर इसका प्रस्ताव कार्य परिषद को भेजा था। सलेक्शन कमेटी ने तकरीबन 53 फैकल्टी की सिफारिश की थी जिनका प्रमोशन 10 साल से लेकर 15 साल से रुका हुआ था। एलयू प्रशासन का मानना है कि इस कदम से शिक्षक मोटीवेट होंगे तो उनसे शिक्षा का स्तर उठाने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। बैठक में नगर निगम डिग्री द्वारा संचालित अटल बिहारी बाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज को स्थापना के 17 साल बाद बुधवार को स्थायी मान्यता प्रदान की गई। अभी तक कॉलेज में नियमित प्राचार्य नहीं थे इसलिए इसे स्थायी मान्यता नहीं दी गई थी।

प्राचार्य के रूप में डॉ. एससी पांडेय का चयन होने के बाद इसे स्थायी मान्यता कार्य परिषद द्वारा प्रदान की गई। कार्य परिषद की बैठक में नगर निगम डिग्री कॉलेज के साथ ही कई अन्य कालेजों के मामले भी रखे गए। लखनऊ यूनिवर्सिटी का दायरा चार जनपद तक बढ़ाने के फैसले के बाद बुधवार को कार्य परिषद को इसकी सूचना दी गई। इसी क्रम में कॉलेजों को एलयू से सहयुक्त करने की प्रक्रिया को भी पूरा कराया गया।

## साल भर में माफियाओं की 733 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ।** वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए, प्रदेश के कुख्यात माफिया अपराधियों को चिन्हित कर उनके तथा उनके गैंग के अन्य अपराधियों व सहयोगियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस द्वारा माफियाओं एवं गिरोहबन्द गतिविधियों में लिप्त कुख्यात अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी कमर तोड़ी गई। इसी क्रम में 1 जनवरी 2020 से 26 दिसम्बर 2020 तक चिन्हित माफिया अपराधियों तथा उनके सहयोगियों की गैंगेस्टरवादों में धारा 14 के अन्तर्गत 733 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्ति कुर्क की गयी। अवस्थी ने यह भी बताया कि गैंगेस्टरवादों में धारा 14 के अन्तर्गत की जाने वाली कार्रवाई में प्रदेश के टॉप 10 जनपदों में कुर्क की गयी सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य क्रमशः लखनऊ में 88,15,52,248 रुपए, गौतमबुद्धनगर में 66,80,32,248 रुपए, बलरामपुर में 58,80,62,000 रुपए, गाजीपुर में 42,09,72,335 रुपए, गोरखपुर 38,20,80,000 रुपए, औरैया मे 31,22,73,192 रुपए, जौनपुर में 29,40,87,939.56 रुपए, मुजफ्फरनगर में 28,83,75,000 रुपए, प्रयागराज में 26,17,90,722.22 रुपए एवं देवरिया मे 24,39,09,741 रुपए है।

## 31 दिसंबर को लेकर डीजीपी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नए** वर्ष की पूर्व संध्या को लेकर डीजीपी हितेश चन्द्र अवस्थी ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश सभी पुलिस कप्तानों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि महामारी कोविड.19 के मद्देनजर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराएं। डीजीपी ने कहा कि नए वर्ष की पूर्व संध्या यानि की 31 दिसम्बर की रात को जश्न मनाया जाता है। इस अवसर पर नौजवानों द्वारा तेज वाहन चलाया जाता है। शराब पीकर वाहन चलाते और हुड़दंग करते हैं। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं आदि की प्रबल संभावना बनी रहती है। इन सब बातों का ध्यान में रखते हुए चिन्हित स्थानों पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध, यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की चेकिंग ब्रेथ एनेलाइजर के माध्यम से प्रभावी तौर पर सुनिश्चित की जाए तथा जो व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कारवाई की जाए। अपराधिकए अराजकतत्वों पर भी लगातार सतर्क दृष्टि रखी जाए। डीजीपी ने यह भी कहा कि इस अवसर पर होटल, क्लब, मनोरंजन गृह तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था तथा अत्यधिक कड़ी सजगता और सतर्कता के साथ साथ सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध, गश्त की प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## दस जनवरी तक निजी चिकित्सालयों को रजिस्ट्रेशन व रिन्यूवल की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ डीएस नेगी ने 10 जनवरी तक सभी निजी चिकित्सालयों को रजिस्ट्रेशन व रिन्यूवल की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते राज्य सरकार की तरफ से 31 दिसम्बर तक निजी चिकित्सालयों को राहत दी गई थी।

स्वास्थ्य महानिदेशक की तरफसे जारी आदेश में कहा गया है कि 10 जनवरी तक आवश्यक प्रक्रिया का पालन कराया जाय। जबकि हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ शाखा के नर्सिंग होम सेल के चेयरमैन डॉ अनूप अग्रवाल और एग्जक्यूटिव सदस्य डॉ प्रांजल यादव ने स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ डीएस नेगी से मुलाकात कर नर्सिंग होम्स की ऑनलाइन व्यवस्था में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। साथ ही वर्तमान में जारी कोविड महामारी के चलते प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन को मार्च 2021 तक बढ़ाए जाने की मांग की थी।

### सारी व्यवस्था ऑनलाइन

**प्रदेश** में निजी चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाइयों आदि के पंजीकरण और नवीनीकरण की सभी कार्यवाही को आनलाइन किये जाने की व्यवस्था है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट पर स्थित पोर्टल पर क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट के आनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है और इसे निवेश मित्र पोर्टल से जोड़ा गया है।

## पांच दिन से लापता टेलर मास्टर का मिला शव, हत्या की आशंका

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके से पांच दिन पहले लापता टेलर मास्टर की लाश आज ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित गऊ घाट के पास पंपिंग स्टेशन के नीचे पड़ी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर का इंतजार कर रही है। जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के गऊ घाट मोहल्ले में अपनी अपनी पत्नी मैंका, बेटे राजू निषाद, रामू व तीन बेटियों छोटी, पार्वती, गुड़िया के साथ रहने वाले बाबूलाल निषाद का 36 वर्षीय पुत्र राजू निषाद टेलर मास्टर का काम करता था । राजू निषाद शनिवार से लापता हो गया था राजू का शव आज गौ घाट स्थित पंपिंग स्टेशन के नीचे पाया गया । उसके शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। राजू निषाद के परिजनों ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर राजू निषाद की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है । एसीपी चौक इंद्र प्रकाश सिंह ने बताया की परिजनों द्वारा कुछ लोगों के ऊपर आरोप लगाते हुए राजू निषाद की हत्या किए जाने की बात कही है लेकिन राजू निषाद की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कि उसकी मौत कैसे हुई। बताया जा रहा है कि राजू निषाद और मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ उसका विवाद और मारपीट भी हुई थी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पंजाबी गिद्दा नृत्य व कव्वाली ने दिल जीता

**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में चल रहे यूपी महोत्सव 2020 की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गिद्दा नृत्य व कव्वाली ने दिल जीता। यूपी महोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या का आरम्भ स्नेहा, हर्षिता, उन्नति, स्मृति, आयरन, एल्सा जॉन, जानवी श्रीवास्तव ने सम्वेत स्वरों में श्रीराम चन्द्र कृपाल भजमन भजन को सुनाकर श्रोताओं को भगवान श्रीराम की भक्ति के सागर में आकण्ठ डुबोया। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस प्रस्तुति के उपरान्त नृत्यांगना डांस ग्रुप के कलाकारों आकांक्षा मिश्राए वर्षा मिश्रा ओर प्रेरणा वर्मा ने ला ला ला हो गई गीत पर आकर्षक पंजाबी गिद्दा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त पलक ने तारों के शहर में, आविशी भारद्वाज ने देश से है प्यार, अर्पिता यादव ने हर हर महादेव, समीर यादव ने तेरी अदाओं पे, आषी अग्रवाल ने नैनों वाली ने और राहुल ठाकुर ने डिस्को दीवाने गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का दिल जीता।

## एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर रिटायर्ड इंजीनियर के खाते से 30 हजार निकाले

**लखनऊ।** जालसाजों ने एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर सिंचाई विभाग से रिटायर्ड असिस्टेंट इंजीनियर के खाते से 30070.80 रुपये निकाल लिया। पीड़ित ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मड़ियांव के श्रीनगर कालोनी में रहने वाले चन्द्र प्रकाश वर्मा ने बताया कि वह फैजाबाद सिंचाई विभाग से असिस्टेंट इंजीनियर के पद से रिटायर्ड है। चन्द्र प्रकाश के अनुसार इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में उनका बचत खाता है। 25 दिसंबर को वह फैजाबाद काम से गए थे और वहीं उन्होंने एक एटीएम से रुपए निकालने का प्रयास किया था। मंगलवार करीब 12.30 बजे उनके खाते से एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर तीन बार में 30070.80 रुपये जालसाजों ने धोखाधड़ी कर निकाल लिया। एक अजनबी व्यक्ति ने पीड़ित को कॉल करके रुपए निकलने की बात बताई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## पूर्वोत्तर व उत्तर रेलवे में हुआ पेंशन अदालत का आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में बुधवार को अपर मण्डल रेल प्रबन्धक परिचालन शिशिर सोमवंशी की अध्यक्षता में वर्चुअल 41वीं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस पेंशन अदालत में कुल 23 भूतपूर्व कर्मचारियों-आश्रितों के प्रतिवेदन प्राप्त हुए। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि जिसमें चार भूतपूर्व कर्मचारियों-आश्रितों के पक्ष में पेंशन भुगतान आदेश जारी किए गए तथा 3 मामलों में कर्मचारी-आश्रितों के पक्ष में चिकित्सा भत्ता स्वीकृत किया गया। शेष 2 आवेदन पेंशनरी लाभ से संबंधित नही थे, फिर भी उनकी समीक्षा हेतु संबंधित अनुभाग को प्रेषित कर दिये गये। एक दावा मान्य नही पाया गया। शेष मामलों में कार्रवाई की जा रही है, जो 15 दिन में निस्तारित कर दिया जायेगा। एडीआरएम सोमवंशी ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे का लखनऊ मण्डल अपने सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के प्रति सतत जागरुक है। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को समय से समापक भुगतान कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वहीं उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में भी ऑनलाइन पेंशनर्स अदालत का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत 33 परिवादों को पंजीकृत कर 22 प्रकरणों को तत्काल निस्तारित किया गया एवं शेष परिवादों के शीघ्र निस्तारण हेतु आदेश पारित किया गया।

## सरकार के फैसले के खिलाफ बस अड्डों पर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** रोडवेज के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसें चलाने के सरकार के फरमान से रोडवेज कर्मचारी खफा हैं। वे लगातार सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। क्योंकि सरकार के इस फैसले से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को परिवहन निगम मुख्यालय समेत प्रदेश भर के बस अड्डों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मोर्चा ने सात सूत्री मांगों पर विचार करने के लिए एक सप्ताह की महोलत दी। परिवहन निगम कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक गिरीश मिश्र ने बताया कि ने प्रदेश भर के 55 हजार रोडवेज कर्मियों की आवाज निजीकरण के खिलाफ है। सरकार को इस फैसले को वापस लेना होगा। संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता व सेंटर रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ के महामंत्री जसवंत सिंह, संविदा संघर्ष यूनियन के महामंत्री कंहैया लाल पांडेय, संयुक्त परिषद के शाखा अध्यक्ष रजनीश मिश्रा सहित मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे।

## बदमाश गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**लखनऊ।** अमीनाबाद पुलिस ने एक शातिर को अवैध देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चंद्र प्रकाश पुत्र स्वर्गीय गया घर निवासी रायबरेली को रैन बसेरा के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास 315 बोर का अवैध देसी तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्लीपश्चिम में विपरीत दिशा से आ रहे एक एलपीजी लदे ट्रक ने रायबरेली से लखनऊ लौट रहे अधेड़ को जारदार टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम कस्बे के पास मंगलवार देर शाम को विपरीत दिशा से आ रहे गैस सिलेंडर से लदे ट्रक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार गम्भीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय कलीम निवासी कसाईबाड़ा, लाटूश रोड अमीनाबाद के रुप में हुआ है। मृतक के परिवार में पत्नी सायरा बानो, दो बेटे दानिश और हलीम, एक बेटी कहकशां सादाब हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई आशीष कुमार द्विवेदी ने बताया कि अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## कर्मचारियों ने की उपस्थिति दर्ज प्रक्रिया में संशोधन की मांग

**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा पत्रों के माध्यम से स्मार्ट सिटी 311 एप प्रणाली के तहत कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज में संशोधन किये जाने की मांग नगर आयुक्त अजय द्विवेदी से की गयी। मोर्चे के संयोजक चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री द्वारा कहा गया की पांच बिन्दुओं पर प्रशासन से मांग रखी। बुधवार को मीडिया संयोजक दीपक शर्मा ने बताया कि पांच प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की कार्य अवधि का समय सुबह 10 से सायं 5 बजें निर्धारित किया जाना। अवकाश के दिनों पर कार्य के स्थान पर प्रतिकर अवकाश और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्मार्ट सिटी 311 एप की परिधि में न लाया जाना। अन्य विभाग का कार्य नगर निगम लखनऊ के कर्मचारियों से न कराया जाना हैं।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने पुलिस की गश्त की पोल खोलते हुए बंद मकान का ताला तोड़कर घर में रखी नकदी जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। अपने मूल निवास से जब पीड़ित घर वापस आया तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। घर का सारा सामान गायब था। इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने बताया थाने पर अनुराग त्रिपाठी पुत्र राकेश त्रिपाठी निवासी विनीत खंड ने सूचना दी कि वह आजमगढ़ का मूलरुप से रहने वाला है। बीते 22.दिसंबर को वह अपने मूल निवास चला गया था। सुबह जब अपने मकान पर वापस लौटकर आया तो उसके मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने.चांदी के जेवरात नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया था। घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड का सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत होगा पंजीयन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की द्वितीय बैठक बुधवार को खादी भवन में बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता और सदस्य सचिव-महाप्रबंधक डा. नवनीत सहगल की देख रेख में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बोर्ड के निर्णयों की अनुपालन आख्या, गतवर्ष के वार्षिक लेखा विवरण एवं योजनाओं की प्रगति आख्या को अनुमोदित किया गया। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट के योजनावार आवंटन एवं माटीकला बोर्ड का सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत पंजीयन कराने हेतु प्रस्तुत प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बोर्ड द्वारा संचालित माइक्रो माटीकला कॉमन फैसेलिटी सेंटर योजना के तहत समिति का अंशदान 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत किये जाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम गौरा, मोहनलालगंज लखनऊ में टेराकोटा ट्रेनिंग कम प्रोडेक्शन फैसेलिटी सेंटर स्थापित किये जाने हेतु बजट प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में बोर्ड के सभी सदस्य एवं अधिकारी मौजूद थे।

**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तृतीय केस्को, कानपुर "अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यो हेतु आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र यू०पी० एन. आई.सी./केस्को की ई-टेंडरिंग वेबसाईट https:// etender.up. nic.in/www. kesco.co.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा सूचना में व्ययानुमान धनराशि, धरोहर धनराशि, निविदा मूल्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि, निविदा डालने की तिथि, निविदा खोलने की तिथि तथा अन्य नियम व शर्तो का उल्लेख है। **क्र0सं0** 1- **निविदा संख्या** 29/EUDC-III/2020-21 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड हैरिसगंज के अन्तर्गत एयरपोर्ट डायरेक्टर, कानपुर न्यू टर्मिनल बिल्डिंग एयर पोर्ट एथोरिटी ऑफ इण्डिया कानपुर में न्यू एयरपोर्ट बिल्डिंग हेतु 800 केवीए का विद्युत संयोजन के लिये विद्युत लाईन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 3540.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 1,00,000.00 (NEFT के माध्यम से) **कार्य पूर्ण करने अवधि** 02 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 08.01.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 08.01.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त **क्र0सं0** 2- **निविदा संख्या** 30/EUDC-III/2020-21 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - तृतीय एवं उसके अधीनस्थ वितरण खण्ड जाजमऊ, हैरिसगंज, नौबस्ता, दहेली सुजानपुर, हंसपुरम एवं परीक्षण खण्ड - तृतीय, केस्को के कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटर, यू.पी.एस., लैपटाप एवं प्रिन्टर के अनुरक्षण का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 1180.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 8,000.00 (NEFT के माध्यम से) **कार्य पूर्ण करने अवधि** 12 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 08.01.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 08.01.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। इच्छुक अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से अनुरोध है कि नियमित रुप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वि०) मण्डल - तृतीय, केस्को, कानपुर 33 केवी एच-ब्लाक उपकेन्द्र, किदवई नगर, कानपुर** पत्रांक : 1294 दिनांक 30.12.2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## नववर्ष पर जुनूं अवार्ड से विभूतियों का होगा सम्मान

● चार जिलों में एक साथ मनाया जायेगा मानव दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** मानव संघ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी दिन शुक्रवार को मानव-दिवस 2021 को कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए मनाया जायेगा एवं इसी दौरान 23 वें अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड-2020 प्राप्त करने वाले गणमान्य पुरस्कृत समाज सेवियों, कवियों, कलाकारों व साहित्यकारों के नाम की घोषणा के उपरान्त सभी को पुरस्कार, प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री उनके पते पर प्रेषित कर दी जायेगी। उक्त जानकारी विश्व मानव संघ के अध्यक्ष प्रवीण भूषण श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि मानव दिवस इस वर्ष चार जिलों लखनऊ, बहराइच, प्रयागराज व फतेहपुर में एक साथ मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ में उक्त कार्यक्रम होटल विश्वनाथ, चारबाग में 12 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 23 वें अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड-2020 से सम्मानित हस्तियों में पश्चिम गोदावरी, आन्ध्र प्रदेश के पीवी सुब्बाराव, नवासारि, गुजरात के मनाली दर्पण नाइक, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के केशव प्रकाश सक्सेना, फतेहपुर के कुमार शेखर चन्द्रशेखर, बहराइच के गुलाम अली शाह व गुलाब चन्द्र जायसवाल एवं विदेशी विभूतियों में स्विट्जरलैंड के जीन क्रिस्टोफर जेरिलाई, युगाण्डा के डॉ. मारिया बावुब्या, जमैका के ई. जॉन स्टोन का सम्मान किया जायेगा। श्री भूषण ने बताया कि इस वर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को स्टेट जुनूं अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड से प्रत्येक वर्ष समर्पित और कठिन परिश्रम से आगे आने वाले समाज सेवियों, साहित्यकारों, कलाकारों, साहसी कार्य करने वाले चिकित्सकों, दार्शनिकों व पर्यटकों को विश्व मानव संघ सम्मानित करता है।

## सीएमएस छात्र को मिला स्टूडेन्ट साइन्टिस्ट अवार्ड



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-4 के प्रतिभाशाली छात्र आरूष मिश्रा को अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रतिभा प्रदर्शन हेतु भारत सरकार के विज्ञान प्रसार नेटवर्क ऑफ साइन्स क्लब के तत्वावधान में 'स्टूडेन्ट साइन्टिस्ट' के खिताब से नवाजा गया है। आरूष ने नेशनल काउन्सिल ऑफ स्टूडेन्ट्स साइन्टिस्ट इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में अपने ज्ञान-विज्ञान व सृजनात्मक प्रतिभा का परचम लहराकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर की यह प्रतियोगिता मेधावी छात्रों को अन्तरिक्ष वैज्ञानिक बनने हेतु प्रेरित करने के लिए आयोजित हुई, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया।

## समस्या झेल रहे किसानों को तहसील प्रशासन दिलाएगा न्याय

संवाददाता। मोहनलालगंज

धान खरीद का मामला

**धान** खरीद कराने के लिए भटक रहे किसानों की समस्या दूर कराने के लिए तहसील प्रशासन ने पहल की है। बुधवार को पायनियर में प्रमुखता से खबर छपने के बाद कई किसानों ने एसडीएम को फोन कर धान खरीद नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर एसडीएम ने केन्द्र प्रभारियों को फटकार लगाकर धान खरीदने की हिदायत दी है। वहीं भुगतान के लिए भटक रहे किसानों को समस्या समाधान के लिए एसडीएम ने कार्यालय बुलाया है।

मोहनलालगंज में पंजीकरण कराने के बावजूद खरीद केन्द्रों पर किसानों को धान तौलाने के लिए भटकाने की शिकायतें आम है। सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी किसान न्याय पाने के लिए भटक रहे हैं। वहीं जिन किसानों की धान खरीद भी हो गई उन्हें भुगतान के लिए दौड़ना पड़ रहा है। बुधवार को पायनियर में प्रमुखता से खबर छपने के बाद एसडीएम विकास कुमार सिंह ने परेशानहाल किसानों की समस्या का समाधान कराने की पहल की है।

एसडीएम ने बताया बुधवार को खबर पढ़कर जिन भी किसानों ने उन्हें फोन किया उनकी समस्या का समाधान कराया जा रहा है। वहीं भुगतान की शिकायत वाले किसानों की समस्या का भी यथाशीघ्र समाधान कराने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा जिन किसानो को धान खरीद और भुगतान से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या हो वो फौरन तहसील में उनके कार्यालय आकर और मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर शिकायत का समाधान करा सकते हैं।

# हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

सुजीत पाण्डेय हत्याकांड

संवाददाता। मोहनलालगंज



**व्यापार** मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड का राजफाश होने के बाद बुधवार की शाम हाथों में सुजीत पाण्डेय अमर रहे और हत्यारों को फांसी दो लिखी तख्तियां लेकर व्यापारियों और आमजन ने मोहनलालगंज कस्बे में कैण्डल मार्च निकाला। कालेबीर मंदिर में कैण्डल मार्च का समापन करते हुए लोगों ने पाण्डेय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय की 20 दिसम्बर को गौरा में उनके ईंट भट्ठे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार की रात आशियाना थानाक्षेत्र में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश करने का दावा किया है। जिसके बाद बुधवार की शाम व्यापारियों और आम लोगों ने मोहनलालगंज कस्बे में शान्तिपूर्वक कैण्डल मार्च निकालकर हाथों में तख्तियां लेकर कातिलों के लिए फांसी की सजा देने की मांग की। शान्ति मार्च जिधर से भी निकला दिवंगत सुजीत पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों की भीड़ उसमें शामिल होती गई। वहीं सुजीत पाण्डेय हत्याकांड को लेकर पुलिस का खुलासा लोगों के जेहन में कौंध रहे अनगिनत सवालों की जिज्ञासा शान्त नहीं कर सका है। मोहनलालगंज कस्बे ही नहीं समूचे क्षेत्र के लोग खुलासे के बारे में पुलिस से कुछ सवालों के जवाब चाहते हैं क्योंकि खुलासे की गोलमोल स्टोरी लोगों को संतुष्टि नहीं दे पा रही है।

### कुछ सालों में ही करोड़पति बन गए साजिशकर्ता

**सुजीत** पाण्डेय हत्याकांड के राजफाश को लेकर पुलिस की थ्योरी में जिन लोगों को साजिशकर्ता बताया गया। कुछ सालों में ही अकूत दौलत के मालिक बन गए उन लोगों की आसमान छूती तरक्की वाकई में लोगों को हैरत में डालने वाली है। रियल एस्टेट कारोबार के जरिए साजिशकर्ता लोगों की दिन दूनी रात चौगुनी बेतहाशा दौलत जुटाकर करोड़ पति बन जाना क्षेत्रीय लोगों में पहले से ही तमाम आशंकाओं को जन्म देता रहा है। अब खुलासे में उनका नाम सामने आने के बाद लोगों में तमाम तरह की चर्चाएं शुरु हो गई हैं।

# अपर मुख्य सचिव टी वेंकटेश ने जिले के विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अयोध्या

**विकास कार्यो** एवं धान क्रय केन्द्रो, गौवंश आश्रय स्थलो आदि कार्यो के सत्यापन हेतु नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव सिचाई, जल संसाधन एवं परती भूमि विकास टी वेंकटेश द्वारा आज जनपद का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के नेतृत्व में सर्किट हाउस में अपर मुख्य सचिव, नोडल अधिकारी का स्वागत किया तथा विकास कार्यो की संक्षिप्त जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी श्री टी वेंकटेश द्वारा प्रथम चरण में नवीन मण्डी अयोध्या में स्थापित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित किसानो से वार्ता भी किया गया जिसमें किसानो ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया नोडल अधिकारी ने मण्डी के अधिकारियो को टोकन के आधार पर किसानो के धान क्रय करने तथा किसानो का समय से भुगतान करने के निर्देश दिये। इसमें कोविड्ष्19 प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेसिंग के पालन के भी निर्देश दिये गये। अगले चरण में नोडल अधिकारी द्वारा के एम शुगर मिल मोती नगर मसौधा के मेन गेट के गन्ना कॉटे तथा गन्ना क्रय केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। वहॉ पर भी किसानो से बात की गई तथा किसानो के गन्ना को समय से क्रय करने एवं भुगतान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अगले चरण में नोडल अधिकारी द्वारा चिकित्सा विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई इसमें चिकित्सालयो में डाक्टर एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ.साथ कोविड वैक्सीन के लिए बन रहे प्रतिरक्षण अधिकारी के कार्यालय के पास जनपद स्तरीय शीतगृह श्रृंखला वैक्सीनेशन सेन्टर का निरीक्षण किया गया तथा इस सेन्टरध्कक्ष पर शासन के मानक के अनुसार उचित संख्या में वैक्सीन की स्टोरेज करने हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिये। अगले चरण में नोडल अधिकारी ने तहसील सोहावल के ग्राम कोटसराय में स्थित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए ग्राम चौपाल लगाई गई जिसमें राजस्व विभाग द्वारा चलाई जा रही वरासत के मामलो में उत्तराधिकारी के नाम दर्ज करने की समीक्षा की तथा ग्राम सभा के वरासत के मामलो को संबंधित लेखपाल द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि जनपद में यह अभियान चलाया जा रहा है इसको प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2021 तक पूरा कर देना है। इसमें संबंधित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक व तहसीलदार की जिम्मेदारी है तथा ग्रामीणो के मृत्यु होने के बाद उनके परिवार के सूचना के आधार पर वरासत की कार्यवाही किया जाये अनावश्यक रूप से ऐसे मामलो में टाल.मटोल न किया जाये। नोडल अधिकारी के साथ भ्रमण पर जिलाधिकारी के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकरी प्रथमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 घनश्याम सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी पी0डी गुप्ता, परियोजना निदेशक सहित अन्य विभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 334 लाभार्थियों को मिला मुख्यमंत्री आवास

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2020- 21 में 334 लक्ष्य के सापेक्ष 334 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास स्वीकृत किया गया है 29 दिसंबर 2020 को मुख्यमंत्री द्वारा 318 लाभार्थियों को ऑनलाइन लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि रुपया 40000 हजार आवास की दर से कुल 127-20लाख अंतरित की गई हैं।साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर गत वित्तीय वर्ष 2020-21 मे 13871 लक्ष्य के सापेक्ष12511लाभार्थियों को आवास सवीकृत करते हुए 7945लाभर्थियों को प्रथम किस्त धनराशि रुपया 40000 हजार प्रति आवास की दर से कुल रुपया इसमें 7945 लाभार्थियों को पहली किशत में 40 हजार प्रति लाभार्थी की दर से कुल 31 करोड़ 78 लाख रुपए तथा 4085 लाभार्थियों को दूसरी किस्त देने में 70 हजार रुपए प्रति आवास की दर से 28 करोड़ 59 लाख 50 हजार रुपए तथा 187 लाभार्थियों को तीसरी किस्त में 10 हजार रुपए प्रति आवास की दर से कुल 18 लाख 70 हजार रुपये लाभार्थियों के खातों में अंतरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में आवासों का निर्माण नियत समय में पूर्ण कराया जायेगा।

## अयोध्या में बनेगा श्री गणेश जी का पहला मंदिर

● 31 मार्च गणेश चतुर्थी से मंदिर निर्माण होगा प्रारंभ 2024 विजय दशमी तक कर लिया जाएगा पूरा: कल्किराम

**अयोध्या।** धर्म नगरी श्री अयोध्या जी के इतिहास मे दैवीय प्रेरणा से बनेगा देवों के देव श्री गणेश जी का पहला मंदिर पत्नी ऋद्धि सिद्धि और दोनों पुत्र क्षेमा और लाभ के साथ विराजमान होंगे हरिद्रा गणेश। पंडित कल्कि राम जी महाराज ने बताया कि कालान्तर मे मणिपर्वत के समीप ही श्रीगणेश जी का कुण्ड था जो अब विलुप्त हो गया और अयोध्याजी में सनातन धर्म के सभी देवी देवताओं के मन्दिर प्रतिष्ठित है किन्तु गणेश जी कोई मन्दिर नही है यद्यपि शिवालयों मे श्रीगणेश जी विराजमान है। जहां शिवजी पूजन के समय उनकी आंशिक (संक्षिप्त) पूजा अर्चना की जाती है लेकिन श्री गणेश जी का कोई प्रधान मन्दिर नही है।राष्ट्र मन्दिर निर्माण की बाधाओं का शमन कर भारत को विश्व गुरू बनाने एव? विश्व भूमण्डल मे रह रहे सनातन समाज की सुख.समृद्धि.ऐश्वर्य सहित एकजुटता का संकल्प लेकर मकर संक्रान्ति को श्री अयोध्याजी का दुग्धाभिषेक करते हुए अयोध्याजी की परिक्रमा कर मन्दिर निर्माण स्थल पर मध्याह्न बेला के अभिजित मुहुर्त में श्रीअवधधाम का भूमि पूजन किया जायेगा। उन्होंने ने बताया श्रीगणेश जी का भव्य और दिव्य मन्दिर बाईपास मार्ग से श्रीअयोध्याजी में प्रवेश द्वार के समीप ही होगा। हरिद्रा गणेश की महिमा भगवती पीताम्बरा बगलामुखी माताजी की तरह अत्यन्त प्रभावशाली है धर्म ग्रन्थों के मतानुसार हरिद्रा गणेश की पूजा अर्चना करने वाले जातकों का विरोध करने वाले का बल बुद्धि श्रीगणेश जी की कृपा से नष्ट हो जाता है।श्रीगणेश जी के दिव्य भव्यतम मन्दिर निर्माण का कार्य 31मार्च दिन बुधवार गणेश चतुर्थी से शुरू किया जायेगा जो वर्ष 2024 विजयादशमी तक पूर्ण करने की योजना है।

## पांच दिवसीय श्रवण क्षेत्र मेले का हुआ शुभारम्भ



**अम्बेडकरनगर।** अगहन की पूर्णिमा के दिन से शुरू होने वाला सिद्धपीठ श्रवण क्षेत्र का पंच दिवसीय अन्तरजनपदीय मेले का आधी अधूरी तैयारी के बीच शुरू हो गया। वैसे तो दुकानदारों को सोशल डिस्टेंस की सावधानी बरतने का आदेश उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है, फिर भी मेलार्थी व श्रद्धालुओं को इसकी जरा भी परवाह नहीं दिखायी दी। समूची सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक महिला दरोगा के साथ चार पुरुष दरोगा , दो हेड कांस्टेबल पुरुष व दस महिला एवं 23 कांस्टेबिल को लगाया गया। प्रथम दिन लोगों का हुजूम कम देखा गया, फिर भी सोशल डिस्टेंस व मास्क की जगह जगह धज्जियाँ उड़ती दिखायी देती रही। दूर दराज से आये श्रद्धालुओं द्वारा सुबह के चार बजे से ही संगम पर स्नान कर पूजा अर्चना विधि विधान से किया गया।

## साजिशन हत्या करने का आरोप



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**पूर्व निर्धारित** कार्यक्रम के तहत भीम आर्मी के अयोध्या मंडल अध्यक्ष निखिल राव ने कैप्टन सूरज,रजत आर्या, अविनाश भारती के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर आलापुर थाना अंतर्गत सराय हैवत पुरवा निवासी राहुल कनौजिया की साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय दिलाने की मांग की।

भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी द्वारा चार सूत्रीय मांग पत्र उप जिला अधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव को सौंपा गया जिसमें घटना में संलिप्त दोषियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने, पीड़ित परिजनों को 50 लाख की सहायता राशि प्रदान करने, घटनाक्रम की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा मामले का मुकदमा फास्ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने की मांग की गई है। कार्यक्रम के मद्देनजर तहसील मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे और परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

## चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा निर्देशन मे अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक विजय शेर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें की इनायत नगर थाना क्षेत्र से बीते 16 दिसंबर को एक हीरो बाइक पैशन प्रो रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 42 एबी 9976 के चोरी किए जाने का मुकदमा इनायत नगर पुलिस द्वारा धारा 379 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया जिसकी तलाश में क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दी गई थी 30 दिसंबर बुधवार को मुखबिर द्वारा पुलिस टीम को सूचना मिली कि उक्त चोरी गयी मोटर सायकिल को स्थान सिद्धनाथ मन्दिर के पास महुलारा रोड से प्रकाश में आये अभियुक्त अमरेश कुमार शुक्ला पुत्र आनिका प्रसाद शुक्ला निवासी लालमन का पुरवा थाना खण्डासा जिला अयोध्या के पास से बरामद किया जा सकता है जिसके आधार पर पुलिस की सिद्धनाथन मंदिर के पास पहुंची और अमरेश कुमार शुक्ला पुत्र अनिका प्रसाद शुक्ला निवासी लालमन का पुरवा थाना खण्डासा जिला अयोध्या उम्र करीब 22 वर्ष को चोरी की बाइक के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया और थाने ले आई। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने थाने में पहले से दर्ज चोरी के मुकदमे में धारा 411 आईपीसी की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार किए गए युवक को जेल भेज दिया है।

## लोक निर्माण विभाग के एई कोरोना संक्रमित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**लोक निर्माण** विभाग के प्रान्तीय खण्ड में सहायक अभियन्ता अजीत यादव कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। सहायक अभियन्ता के कोरोना संक्रमित पाये जाने की जानकारी मिलने के बाद कार्यालय में हड़कम्प मच गया। वहीं इसके बावजूद मण्डल स्तरीय आडिट टीम कार्यालय में आडिट करने में जुटी रही। मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस जानकारी से अनभिज्ञता जताई है। उल्लेखनीय है कि तबीयत बिगड़ने पर अजीत यादव ने डॉ0 लाल पैथ लैब में अपनी जांच करवाई जहां बुधवार को आई उनके रिपोर्ट में वह कोरोना संक्रमित पाये गये। कर्मचारियों ने कार्यालय को सेनिटाइज कराने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को दो लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

## अयोध्या पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी रिफाइंड लदी ट्रक को किया बरामद

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली के दर्शन नगर चौकी अंतर्गत 1280 टीन रिफाइंड लदी हुई ट्रक यूपी 58 की 3156 26 दिसंबर को देवकाली ओवरब्रिज से गायब हो गई । जिस के संबंध में अनिल कुमार गुप्ता पुत्र ध्रुव शंकर गुप्ता ने 29 दिसंबर को सूचना दी जिनके सूचना पर धारा 379, 406, 120बी दर्ज कर अभियुक्त की तलाश कर रही थी जो बीती रात रघुकुल रेस्टोरेंट के पास से बरामद कर ली गई। मौके वारदात पर अभियुक्त के पास से 740 टीन रिफाइंड, 40000 रुपए और 10 ग्राम स्मैक के साथ मोहम्मद हसन पुत्र अनवर, दयानंद गुप्ता पुत्र अच्छे लाल गुप्ता और अनिल यादव पुत्र फूलचंद यादव थाना जहांगीरगंज अंबेडकरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।सीओ अयोध्या ने बताया की 23 दिसंबर को ट्रक




रक्सौल जनपद मोतिहारी बिहार से रिफाइंड लादकर चली थी 26 दिसंबर को देवकाली बाईपास अयोध्या से गायब हुई जिसकी सूचना पुलिस को 29 दिसंबर को मिली। अयोध्या पुलिस ने अयोध्या कोतवाली प्रभारी आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर के 24 घंटे के अंदर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गया। इसमें उप निरीक्षक कौन रहता और आरक्षी सुजीत कुमार यादव आरक्षी दीपक कुमार आरक्षी नरेंद्र भारद्वाज आरक्षी आलोक कुमार सिंह का अभियुक्तों के गिरफ्तारी में विशेष योगदान था।

## वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने चयनित मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री बांटी

● प्रोत्साहन सामग्री से मंगल दलों का मनोबल बढ़ेगा: संजू देवी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



प्रोत्साहन सामग्री प्रदान करती विधायक संजू देवी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल उत्तरप्रदेश के संयोजन में आयोजित पूरे प्रदेश के युवक व महिला मंगल दल के चयनित पांच मंगल दल को प्रोत्साहन सामग्री सौंपकर जनपद में प्रोत्साहन सामग्री उपलब्ध कराने का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जनपद के एनआईसी सेंटर से जनपद के चयनित युवकध्महिला मंगल दल को प्रोत्साहन सामग्री टाण्डा विधायक संजू देवी, आलापुर विधायक अनीता कमल, जिलाधिकारी राकेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 चौरसिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप, जिला यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता की उपस्थिति में उपलब्ध कराया गया।इस अवसर पर विधायक संजू देवी ने कहा कि युवा ही समाज के भविष्य हैं, प्रोत्साहन सामग्री इनके मनोबल को बढ़ाने में मददगार होगा। आलापुर विधायक अनीता कमल ने प्रोत्साहन वितरण कार्यक्रम की सराहना किया। जिलाधिकारी राकेश मिश्र ने युवाओं का हौसला बढ़ाया और कहा की युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में खर्च करें। मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद के सभी तहसील से चयनित एक-एक मंगल दल के प्रतिनिधि जिससे जुड़े श्वेता, सुमेधा, सोनम, सिन्धुजा, प्रशांत, प्रवीण, विशाल, रिंकू, दिलीप, गोपाल कृष्ण को आज प्रोत्साहन सामग्री उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से , पन्तलाल, सूर्यनाथ, अमरजीत, रामदास, राम तीरथ आदि उपस्थित रहे।

## बीट प्रभारी के संरक्षण में जंगल से काटे जा रहे सागौन और शीशम के बेशकीमती पेड़

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** जंगल बचे तो पर्यावरण भी बचा रहेगा, लेकिन मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज वन रेंज में लकड़ कट जंगल में पेड़ों का कटान धड़ल्ले से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो जिन पर जंगल को बचाने की जिम्मेदारी हैए उनकी मिलीभगत से ही पेड़ काटे जा रहे हैं। वहीं वन विभाग के आला अफसर हमेशा की तरह जांच और कार्रवाई की बात कह रहे हैं। कुमारगंज वन रेंज के कोटिया बकचुना जंगल में लकड़ कट और वन विभाग के वीट प्रभारी अजय वर्मा की मिलीभगत से आए दिन पेड़ काटे जा रहे है। तथा जंगल की बेशकीमती लकड़ियों को आरा मशीन पर पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि लकड़कट प्रतिबंधित बेशकीमती लकड़ियों को शाम होते ही जंगल से बाहर निकाल कर ठिकाने लगा देते हैं ।इतना ही नही जंगल से सटे गांव के कुछ लोगों का कहना है कि जंगल से कीमती लकड़ी की तस्करी का ये खेल कई दिनों से चल रहा हैए जब जंगल से पेड़ काट लिए जाते है तो उसके बाद वन विभाग के कर्मचारी खुथो को भी खुदवा देते हैं । आए दिन प्रतिबंधित प्रजाति की बेशकीमती लकड़ी जंगल में काटती रहती है। ऐसा नहीं है कि वन विभाग के अधिकारी लकड़ी तस्करी से अंजान हैं। वन कर्मचारियों की मिलीभगत से ही जंगल में पेड़ों का कटान हो रहा है।क्षेत्रीय लोग इसके खिलाफ आवाज भी उठाते रहते हैंए लेकिन वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही करता रहता है। जिससे जंगल में पेड़ों का कटान लगातार जारी है। कोटिया बकचुना जंगल में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों के हो रहे अवैध कटान के संबंध में जब प्रभागीय वन अधिकारी अयोध्या मनोज कुमार खरे से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि मुझको इसके बारे में जानकारी नहीं है।

## ठेले पर बैठे अधेड़ को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**अम्बेडकरनगर।** नाती के साथ ठेले पर बैठकर जा रहे अधेड़ को ट्रैक्टर ट्राली ने रौद दिया और भाग गया । इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में इलाज हेतु नगपुर अस्पताल ले जाया गया जहां पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटना बुधवार दोपहर की है । मालीपुर थाना क्षेत्र के सहादतपुर गांव निवासी फिरतू राजभर पुत्र शीतलू राजभर 80 वर्ष अपने नाती के साथ ठेले पर बैठकर सुरहूरपुर बाजार में इलाज हेतु जा रहा था, तभी पीछे से तीव्र गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने बाभनपट्टी गांव के पास टक्कर मार दिया। टक्कर के पश्चात ठेला खाई में गिर गया और टैक्टर अधेड़ को रौदते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को खदेड़ का पकड़ लिया और थाने ले आयी। पुलिस द्वारा घायल को इलाज हेतु नगपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## दो बच्चों की मां बच्चों संग हुई फरार पुलिस नहीं दर्ज कर रही प्राथमिकी

● पति थाने के काट रहा चक्कर

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के पुरवा गांव से दो बच्चों की मां के बच्चों सहित फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पीड़ित पति खंडासा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगा रहा है किंतु खंडासा पुलिस है कि मामले में कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा थाना क्षेत्र के पुरवा निवासी इरफान अली पुत्र रियासत अली का आरोप है कि बीते 12 दिसंबर को घर पर नहीं था घर पर केवल उसकी वृद्ध मां थी जहां उसकी पत्नी रिजवाना ने अपनी सास से कहा कि वह बच्चों को लेकर अपने मायके कुरावन खंडासा जा रही है। देर शाम जब उसका पति इरफान घर लौटा तो उसकी मां ने बताया कि रिजवाना बच्चों को लेकर तुम्हारी ससुराल कुरावन चली गई है। जिस पर इरफान ने अपनी ससुराल में सास के पास फोन किया और जानकारी ली तो पता चला कि उसकी पत्नी कुरावन में मौजूद है। फिर कुछ देर बाद उसकी सास का फोन आया कि भैया रिजवाना अपने बच्चों को लेकर कहीं गायब हो गई हैं। इसके बाद इरफान ने अपने घर में रखे बॉक्स को तलाशा तो देखा कि बॉक्स खुला पड़ा है जिसमें रखे जेवरात तथा 3 लाख नगदी भी गायब है। घटना के बाद हड़बड़ाया एवं परेशान पति इरफान सीधे खंडासा थाने पहुंचा और मामले में कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर दी। किंतु खंडासा पुलिस ने घटना के संबंध में मुकदमा कायम करने की तो बात दूर गांव तक पहुंचने की जहमत नहीं मोल ली है। अब पीड़ित एवं परेशान पति थाने से लेकर तहसील के अधिकारियों की चौखट पर एड़ियां घिस रहा है।

## विपरीत परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने में दक्ष हैं भाजपा कार्यकर्ता: कपिल देव

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



● वर्ष की समाप्ति पर संगठन द्वारा किये गये कार्यों पर हुई चर्चा

**स्थितियां** जैसी भी हो अपने अनुकूल बनाना भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को बखूबी आता है। ऐसे अपने कर्मठी और मेहनती कार्यकर्ता के बल बूते भारतीय जनता पार्टी आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद की अधिकांश सीटों पर अपने समर्थित प्रत्याशियों को पंचायत के विभिन्न पदों पर आसीन करवाने के लिए जीत का परचम लहराने का कार्य हमारे कार्यकर्ता करेंगे। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में अंग्रेजी वर्ष की समाप्ति पर संगठन द्वारा जनहित में किए गए कार्यों के सम्बंध में भाजपा के जिला पदाधिकारियों,मोर्चा जिलाध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष गण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने व्यक्त किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे वर्ष संगठन के निर्देशन में जिस प्रकार वैश्विक महामारी कोरोना के कारण असहायों और गरीबों की सेवा, संगठन के निर्देशन का अक्षर सह पालन करते हुए विभिन्न विषयों को लेकर जनता को जागरूक करना, सरकार भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया उसके लिए भाजपा कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संगठन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है।भाजपा कार्यकर्ता अभी से संगठन की रीतियों और नीतियों को आत्मसात करते हुए स्वच्छ छवि रखने वाले भाजपा के समर्थित प्रत्याशियों को जनता की सेवा के लिए पंचायतों की सदन में पहुंचाने का कार्य करें।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह ने किया।बैठक को भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्य कर्ताओं ने जिस विषम परिस्थितियों में जनता के बीच में जाकर उनके सेवा में समर्पित भाव से लग कर कार्य किया वह अपने आप में सराहनीय है।बैठक को जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त,दशरथ यादव,डाक्टर राना रणधीर सिंह,सुमन पाण्डेय,रफ्त एजाज,विमलेन्द्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेम शीला यादव, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मीसम रजा ने सम्बोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री दीपक तिवारी,चंद्रिका प्रसाद, दिलीप पटेल देव,विकास तिवारी, शिव पूजन राजभर, इंद्रेश निषाद, सह जिला कार्यालय प्रभारी अरविन्द सिंह डिंपू, मण्डल अध्यक्ष जलालपुर संजीव मिश्र,रणंजय सिंह, गौरव श्रीवास्तव, दिलीप तिवारी, भगवान पांडेय, अमर जीत मौर्य,महेंद्र प्रताप वर्मा, रवि सिंह चौहान,आनन्द श्रीवास्तव, दिनेश चौधरी, सुग्री म कन्नौजिया, राजेंद्र निषाद, कुलदीप सिंह,सुभाष वर्मा, सदा राम वर्मा,मनोज मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता रूद्र प्रसाद उपाध्याय,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अम्बिका जायसवाल, टांडा मण्डल सोशल मीडिया प्रभारी भंवर सिंह चौहान,वैभव सिंह,डाक्टर आनन्द बहल आदि उपस्थित रहे।

## नेकी की दीवार से हो रही लोगों की मदद

**अम्बेडकरनगर।** नेकी की दीवार, जिसके पास अधिक हो वो यहाँ छोड़ जाये और जिसको जरूरत हो यहां से ले जाये । इस टैगलाइन के साथ सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा छज्जापुर अकरम जनरल स्टोर के बगल में नेकी की दीवार का शुभारंभ 18 दिसम्बर को किया गया था जिसकी सेवा निरन्तर जारी है। इस नेकी की दिवार से जरूरतमंद लोग अपनी जरूरत के हिसाब से सामान ले जाते हैं जिसमें ठंड से बचाने के लिए ऊनी कपड़े जैकेट टी शर्ट,जीन्स शर्ट ऊलन टोपी है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने कपड़े, जो उनके इस्तेमाल का।नहीं है वह उसे यहां नेकी की दीवार पर डोनेट कर, रहे हैं, जिससे हम निरंतर लोगों की, मदद, कर, रहे, हैं।हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद अकमल ने बताया कि उनका नेकी की दीवार का श्रेय उनकी टीम के सदस्यों को जाता है। सदस्य, सैय्यद ऑन, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद फरमान, सऊद अहमद, आबिद इलाही और सबसे बड़ा सहयोग मोहम्मद अकरम का है जिनकी देख रेख में ये नेकी की दीवार चल रही है।

# आईटीआई में आयोजित हुआ वृहद रोजगार मेला

**अम्बेडकरनगर।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय आईटीआई में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अंतर्गत बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मौके पर उपस्थित होकर



रोजगार मेले में भ्रमण करते जिलाधिकारी

उपस्थित छात्रों से रूबरू हुए। अपने संबोधन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार निरंतर बेरोजगारों के लिए तरह-तरह की योजनाओं के तहत बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने का कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले में छात्र एवं छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित होकर बाहर से आए हुए कंपनियों को अपना इंटरव्यू दिए। जिलाधिकारी ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मेले का आयोजन पुन: जनवरी माह में किया जाएगा । इस दौरान शासन द्वारा रोजगार के लिए मुहैया लोन की भी सुविधा प्रदान की जाएगी जिससे कि जनपद के बेरोजगार युवा शासन द्वारा दिए जा रहे हैं लोन का लाभ लेकर अपने स्वरोजगार को भी संचालित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को निराश नहीं रहना चाहिए और हौसलों के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। प्रत्येक को रोजगार मिलेगा रोजगार के अवसर सरकार निरंतर लोगों के बीच उपलब्ध कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है । इस दौरान मेले में बाहर से तरह-तरह की कंपनियां उपस्थित होकर छात्रों का इंटरव्यू किए।इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा सहित सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मेलबोर्न में विजय

## भारत के लिए सबक

**मेलबोर्न** में भारत की विजय प्रतिबद्धता की शक्ति का सबक है। इसी प्रतिबद्धता से भारत को विजय मिली है। हालांकि, क्रिकेट की सर्वोच्च विजयों में मैलबोर्न का स्थान संभवत: नहीं होगा। वास्तव में ऐसा कुछ बहुत उल्लेखनीय नहीं था जिसमें 2001 का ईडेन गार्डन शिखर पर है। लेकिन मेलबोर्न महान विजय के कारण भले ही शिखर पर न हो, पर एक अन्य कारण से महत्वपूर्ण है। एक सप्ताह पहले एडीलैड में बहुत निराशाजनक प्रदर्शन हुआ था जब भारत की पूरी बल्लेबाजी केवल 36 पर ध्वस्त हो गई थी। भारत के पास उस समय चोट लगने के कारण दो शानदार बालर मुहम्मद शमी और इशांत शर्मा नहीं थे और विराट कोहली ने पत्नी के पास रहने के लिए पितृत्व अवकाश ले लिया था जिनके पहला बच्चा होने वाला था। इन सारी घटनाओं के कारण भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को बहुत खराब की आशंका थी, लेकिन वहां पूरी तरह सफाया हो गया। इसके बावजूद न केवल 1.3 अरब प्रशंसकों, बल्कि स्वयं अपनी नजरों में भी स्वयं को सही ठहराने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम ने मैलबोर्न में एक सचमुच शानदार व समग्र विजय प्राप्त की है जिसने ईडेन गार्डन की तरह इस खेल में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भयानक बीमारी से लाखों लोगों के जीवन से असमय हाथ धो लेने के कारण हालिया स्मृति में सबसे बुरा वर्ष होने के बाद नव वर्ष में प्रवेश के समय यह विजय हम में से प्रत्येक को उम्मीद से भर देगी। मूलत: खेल शायद जीवन से अलग है, लेकिन खेलों में विजय बहुत शक्तिशाली भूमिका अदा करती है। इसमें अप्रत्याशित विजय सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ऐसी विजयें हमें उम्मीद से भर देती हैं। हालांकि, कुछ लोग इसे गलत उम्मीद भी कह सकते हैं क्योंकि सीरीज़ में बाकी दो टेस्ट के परिणाम हम नहीं जानते हैं। भारत उसी प्रकार सीरीज़ हार सकता है, जैसे कई वैक्सीनों का प्रयोग शुरू होने के बाद मानवता कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में विजय प्राप्त करने में अभी कुछ समय लेगी, लेकिन उम्मीद महत्वपूर्ण है।



आजिंक्य रहाणे के नेतृत्व से उम्मीद बंधी है कि वे भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। मुहम्मद सिराज और शुभमान गिल ने भी टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। रविचंद्रन आश्विन व जसप्रीत बूमरा ने फिर सिद्ध किया है कि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल हैं। भारत टेस्ट क्रिकेट में महत्वपूर्ण पक्ष बन कर उभरा है जिसके प्रति आकर्षण सदियों पुराना है और जल्दी समाप्त नहीं होगा। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय खिलाड़ियों ने भावनात्मक वंचना से निपटना सीख लिया है जो एक 'बुलबुले' की तरह सामने आती है। भारतीय टीम इसके प्रबंधन में सफल हुई है, जबकि अनेक अन्य टेस्ट टीमें जैसे पाकिस्तान, वेस्ट इंडीज़ व इंग्लैंड ऐसा करने में विफल हुई हैं। महामारी किसी के लिए भी सहज नहीं रही और हम समझ सकते हैं कि हमारे एथलीटों के लिए इससे निपटना कितना कठिन रहा है। इस मोर्चे पर लेविस हैमिल्टन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जिन्होंने सातवें एफ-1 टाइटिल में अपना रिकार्ड ठीक रखा है। हालांकि, भारतीय टीम के सामने बड़े सवाल हैं और ओपनिंग स्लाट बहस का विषय है। चोटों के कारण भारत के बल्लेबाज अत्यधिक प्रभावित हुए हैं जिसका नवीनतम शिकार उमेश यादव हैं। इनका स्थान जल्दी से भरना आसान नहीं है। ऐसे में अगले दो टेस्ट चुनौती होंगे। आस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर में कोरोनावायरस प्रकोप बढ़ने के कारण सिडनी टेस्ट स्थगित हो गया है। शायद भारत को परिचित स्थितियों का भविष्य में लाभ मिल सकता है, पर आस्ट्रेलियन खिलाड़ी फिर विजय प्राप्त करना चाहेंगे। चर्चा है कि आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर संभवत: टेस्ट टीम में वापस आ सकते हैं जिनको दो साल पहले गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों के कारण पीछे हटना पड़ा था। हालांकि, अभी यह निश्चित नहीं है, पर हमें वर्तमान विजय का आनन्द उठाते हुए यह उम्मीद करनी चाहिए कि भारत और दुनिया 2021 में भी इस शानदार वापसी से सबक लेगी। यह भारत के लिए अब तक की सबसे अच्छी नव वर्ष भेंट है।

# नेपाल में राजनीतिक संकट

**प्रधानमंत्री के.पी.ओली व उनके प्रतिद्वंद्वी प्रचंड सत्ता संघर्ष में उलझे हैं जिससे राजनीतिक संकट पैदा हुआ है। चीन ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी में एकता बनाए रखने के प्रयास किए हैं।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी में विभाजन अपरिहार्य था। आखिरकार यह मार्क्सवादी-लेनिनवादी विचारधारा के दो विविध रूपों में कृत्रिम गठबंधन था। प्रचंड ने गृह युद्ध में माओवादियों को विजय दिलाई थी और नेपाल में परिवर्तन की नीव डाली थी, जबकि एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी के प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने चुनाव में जीत के लिए राष्ट्रवादी सुनामी पैदा की थी जो मुख्यत: भारत-विरोधी भावनाओं पर आधारित थी। दोनों पार्टियों का विलय तथा जीते गए वोटों के आधार पर ओली व प्रचंड के बीच सत्ता में 'ढाई-ढाई साल का साझा' वाला समझौता अव्यावहारिक हो गया था। अनेक संकटों के कारण खाइयां पाटने की कोशिशों का विफल होना अपरिहार्य था।

नेपाल की इस जोड़ो-तोड़ो वाली राजनीति में राष्ट्रपति बी.डी. भंडारी व चीनी राजदूत हुओ यांकी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। चीन सारी ताकत लगा कर एनसीपी में एकता बनाए रखने का प्रयास कर रहा है जिसे बनाने और नेपाल में अपना प्रभुत्व जमाने का उसने शुरुआत से कदम उठाया था। इससे वह पिछले लगभग 200 साल में नेपाल में भारत पर बढ़त प्राप्त कर सका था। अपने समस्या समाधान प्रयास के रूप में उसने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के चार सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल काठमांडू भेजा जिसने ओली-प्रचंड टकराव समाप्त करने के प्रयास किए।

चीन चाहता था कि ओली प्रधानमंत्री बने रहें तथा प्रचंड और पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल पार्टी के सह-अध्यक्ष बनें, संसद पुनर्जीवित न की जाए तथा यथासंभव चुनाव कराए जाएं। लेकिन अभी विभिन्न पक्षों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। ग्लोबल टाइम्स ने खबर दी है कि चीन किसी पक्ष को खासतौर से पसंद नहीं करता है और केवल स्थिर सरकार चाहता है। भारत ने बयान दिया कि 'हमने नेपाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम पर गौर किया है। ये नेपाल के आंतरिक मामले हैं और नेपाल अपनी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से इन पर निर्णय करेगा।' लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि भारत केवल दर्शक है। इस विभाजन ने एनसीपी की सात प्रांतीय सरकारो में से 6 को अस्थिर कर दिया है। दोनों पक्षों ने निर्वाचन आयोग के समक्ष पार्टी का नाम और चुनाव निशान पाने का दावा किया है। सर्वोच्च न्यायालय संसद भंग करने के विधिक पक्ष और उसे पुनर्जीवित करने के बारे में सुनवाई करेगा जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह होगी। अप्रैल-मई, 2021 में मध्यावधि चुनावों की घोषणा की गई है, लेकिन इनकी संभावना नहीं है। ओली ने कैबिनेट का विस्तार कर प्रचंड के कई समर्थकों को उसमें शामिल किया है। लेकिन नेपाल की लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों तथा सिविल सोसाइटी ने ओली की असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक कार्रवाई का विरोध किया है तथा इसे 'ओली-गार्की' कहा है। उनमें ओली के प्रति कोई हमदर्दी नहीं है।

काठमांडू की सड़कों पर लोग कह रहे हैं कि 'भारत ने यह काम किया है' या 'दिल्ली से फोन आया था।' कुछ खबरों ने संकेत किया है कि ओली अथवा विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली जल्द ही दिल्ली जाएंगे। भारत में नेपाली राजदूत नीलंबर आचार्य ने ग्यावली की संभावित यात्रा के संकेत दिए थे। नेपाल में भारत के प्रमुख पक्ष होने की स्थिति में उसके संकटों का आरोप नई दिल्ली के 'माइक्रो-मैनेजमेंट' पर थोपा जाता था। अब यांकी के नवीनतम प्रयासों के बाद चीन पर नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप का आरोप लगा है। पिछले सप्ताह काठमांडू में चीनी दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन एक विरल घटना थी क्योंकि मीडिया व जनता आमतौर से भारत के खिलाफ रही है। नेपाली अक्टूबर में रा प्रमुख सामंत गोयल की काठमांडू यात्रा से 'फोन काल' को जोड़ते हैं जिन्होंने ओली से लंबी बातचीत की थी जो आधी रात के बाद तक चली थी। यदि वास्तव में ओली द्वारा संसद भंग करने के पीछे भारत का मित्रतापूर्ण हाथ है तो यह निश्चित रूप से 'एजेंसियों' की जिजय है जिसके लिए रा प्रमुख खासतौर से नेपाल गए थे। भारत के लिए एनसीपी में विभाजन एनएसए अजीत डोवाल की भी विजय है।

अतीत में 'एजेंसियां' खासतौर से विफल हुईं जब वे अक्टूबर 2017 में वामपंथी पार्टियों का दशहरा गठबंधन या नेपाल में 2015 का संविधान बनना नहीं रोक सकीं। दोनों अवसरों पर भारत पराजित हुआ। चीनी खुफिया संगठन ओली-प्रचंड गठबंधन सरकार को 2017 में बचाने में तो सफल हुआ था, पर यह दूसरी बार विफल हो गया जब प्रचंड अलग हो कर नेपाली कांग्रेस नीत गठबंधन में शामिल हो गए। चीन ने 2017 चुनावों में वामपंथी गठबंधन तथा गठबंधन के एनसीपी में विलय का समर्थन किया था। सीसीपी व एनसीपी के बीच बिरादराना संबंध हैं और चीनी पार्टी के सिद्धान्तकार एनसीपी कार्यकर्ताओं को 'शी जिनपिंग विचारों' की शिक्षा दे रहे हैं। चीन ने नेपाल में भारी राजनीतिक, आर्थिक, सैनिक तथा दोनों देशों की जनता के बीच संबंध स्थापित करने में भारी निवेश किया है। वह नेपाल में हाल ही मिला प्रभुत्व आसानी से नहीं छोड़ेगा।

वर्तमान समय में दो स्थितियों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। पहला, संसद पुनर्जीवित नहीं होगी और जल्द चुनाव नहीं होंगे जिससे ओली अनिश्चित काल तक केयरटेकर प्रधानमंत्री बने रहेंगे। कुछ स्रोतों के अनुसार यह ओली का फिक्स-मैच है जिसका भारत समर्थन कर रहा है। दूसरे परिदृश्य में संसद बहाल होगी तथा प्रचंड-एनसीपी सरकार बनेगी जिसका समर्थन नेपाली कांग्रेस व जनता समाजवादी पार्टी नेपाल करेगी। काफी समय से चर्चा है कि सरकार बनाने में देउबा ओली की मदद कर सकते हैं। एक अन्य परिदृश्य में चीन एनसीपी को पुन: एकीकृत करने तथा प्रचंड व माधव नेपाल को पार्टी के सह-अध्यक्ष बनवाने में सफल हो सकता है। किसी ने अभी चुनावों के समय 2012 जैसी कामचलाऊ सरकार की बात नहीं की है जिसकी अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश खिलराज रेगमी ने की थी।

1994 में प्रधानमंत्री जी.पी. कोईराला ने सदन भंग किया था जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने सही ठहराया था। 1995 में प्रधानमंत्री मनमोहन अधिकारी ने अपनी अल्पसंख्यक सरकार भंग की थी, पर सदन पुनर्जीवित किया गया था। 2002 में राजा ज्ञानेन्द्र ने प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को चुनाव कराने में विफलता के कारण बर्खास्त किया था तथा उनको 'अक्षम' बताया था। इसी साल देउबा गुट नेपाली कांग्रेस-एनसी से जी.पी. कोइराला के नेतृत्व में अलग हुआ था और उसने एनसी लोकतांत्रिक बनाई थी। पार्टी के नाम व चुनाव निशान को कोइराला गुट बनाए रखने में सफल हुआ था। बार-बार सरकारें बदलने तथा पिछले 12 साल में 11 प्रधानमंत्री देखने से सबक लेकर 2015 के गणतांत्रिक संविधान में सदन भंग करने का कोई प्राविधान नहीं रखा गया था।

ओली या प्रचंड स्वयं को पार्टी तोड़ने का आरोपी नहीं बनाना चाहते हैं। वर्तमान समय में प्रचंड पार्टी का नाम और उसका निशान सूरज बनाए रख सकते हैं। उनको केन्द्रीय समिति के 441 में से 300 तथा 176 विधि निर्माताओं में से 100 का समर्थन प्राप्त है। निर्वाचन आयोग पार्टी के नाम और निशान के स्वामित्व पर निर्णय करेगा, वहीं सुप्रीम कोर्ट 31 महीनों के बाद संसद भंग करने की वैधानिकता पर फैसला देगा, जबकि उसका दो साल से अधिक का कार्यकाल बाकी था। डोवाल की राजनीति संभवत: दोनों पक्षों का समर्थन करना है। वे ओली की संसद बनाए रखने तथा चुनाव टालने के साथ ही सदन बहाल होने पर भी प्रचंड द्वारा पार्टी तोड़ना देखना चाहते हैं। चीन भी दोनों पक्षों का समर्थन कर रहा है, पर वह उनको एकजुट रखना चाहता है। इस पर ओली के वित्त मंत्री विष्णु पौडेल ने कहा है, 'चीन को खुश होना चाहिए। उसे दो एनसीपी मिलेंगी, एक सरकार में होगी और दूसरी पुरानी सरकार बहाल करने का प्रयास करेगी।' दोनों स्थितियों में नेपाल के नागरिक वर्ष 2021 का स्वागत करेंगे।

# नगरीय कचरा संकट का निवारण

"स्थानीय, राज्य एवं केंद्र सरकारों को कचरे को संसाधन में रूपांतरित करने के लिए सभी हिस्सेदारों को साथ लाने हेतु कार्यतंत्र विकसित करने हेतु मिलजुलकर काम करना होगा।"



सौरभ मनूजा



जय गौरव

नगरीय भारत में 2019 में 59.56 मिलियन मेट्रिक टन ठोस कचरा पैदा हुआ था। यद्यपि औसत एकत्रण दर 92 प्रतिशत के लगभग बताई गई थी, केवल 37 प्रतिशत एकत्रित कचरे का शोधन किया गया था। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र कार्यतंत्र कन्वेंशन को सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई छमाही पुनरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार 2014 में यह अशोधित ठोस कचरा जब निस्तारित किया गया, तो इसका देश के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान बहुत ज्यादा था जो वैश्विक पैमाने पर जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है।

कचरा प्रबंधन से जुड़े सभी नीति नियंता एवं प्रशासक इस कचरे से संबद्ध संपत्ति सृजन की क्षमता को भली भांति समझते हैं, जिसका लाभ उचित ऊर्जा एवं आर्थिक संयोजनों के द्वारा उठाया जा सकता है, फिर भी ऐसी क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक संहिताएं एकीकृत नहीं हैं। एक बार मिश्रित होने पर, बहुत से संभावित रूप से पुनर्चक्रण योग्य वस्तुएं पुनर्चक्रण का अपना मूल्य खो देती हैं। इसलिए, स्रोत पर पृथक्करण दक्षतापूर्ण ढंग से ठोस कचरे के प्रबंधन की कुंजी है। ठसे कचरा प्रबंधन के नियमों के तहत लोगों को नगरीय स्थानीय निकायों को पृथक्कृज कचरा सौंपना होता है। हालांकि, इस स्वर्णिम नियम का उचित क्रियान्वयन एवं निगरानी जो कचरा प्रबंधन में बहुत सी अनुप्रवाह प्रक्रियाओं अधिक दक्षतापूर्ण एवं प्रभावी बना सकती है, उसका अभाव है। निवासियों को कचरे का पृथक्करण करने एवं उपयुक्त सावयवी एवं अकार्बनिक कचरे के प्रबंधन के द्वारा शहरों की कचरे का बोझ कम करने में मदद करने के लिए कैसे अभिप्रेरित किया जा सकता है, इसकी खोज करने के लिए वाराणसी में जनवरी से नवंबर के मध्य तक एक पायलट परियोजना लागू की गई थी। परियोजना का आगाज़ भारत में राष्ट्रीय उपयुक्त क्षरण कार्रवाई परियोजना के अंतर्गत किया गया था।

पायलट हस्तक्षेप के अंतर्गत, शुरुआत में, सरस्वती नगर, क्रांतिपल्ली और रामबाग एवं काल्हुआ विनायक कालोनियों के समूह को जनवरी से समूह:1 से पायलट किया गया और बाद में इसका विस्तार विजयनगरम एवं विजयनगरम विस्तार, समूह-2 को शामिल करने के लिए सितम्बर में किया गया।



इन कालोनियों में सूचना शिक्षा एवं क्षमता निर्माण अभियानों के साथ शुरुआत करके, पालट हस्तक्षेपों की शुरआत वहां से की गई जहां परिवारों को दैनिक रूप से वाराणसी नगर निगम संग्रहण कर्मचारियों को पृथक्कृत कचरा सौंपने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अगस्त के बाद से, पृथक्कृत कचरा संग्रहणकर्ताओं को देने वाले परिवारों के लिए लकी ड्रा प्रतियोगताएं प्रारम्भ की गईं जिससे कि निवासियों की अभिप्रेरणा व संलिप्तता को बढ़ाया जा सके। शुरुआत में, पाया गया कि कोई भी परिवार कचरे को अलग-अलग नहीं कर रहा था। लेकिन, उत्पादन स्रोत पृथक्करण जागरूकता कार्यक्रम एवं वाराणी नगर निगम कर्मचारियों की संलिप्तता के कारण, लगभग 67.42 प्रतिशत निवासियों ने नवंबर में पायलट परियोजना के अंत में कचेर का पृथक्करण प्रारम्भ कर दिया। पृथक्कृत कचरा देने वाले परिवारों की संख्या लकी ड्रा की घोषणा के बादे से अगस्त में 40 प्रतिशत से काफी तेज गति से बढ़ी।

समूह-1 की कालोनियों में, बड़े कचरा एकत्रण डिब्बों अथवा मौजूद कचरा एकत्रण बिंदुओं के कारण, निवासी या तो कचरा स्वयं नष्ट कर देते हैं अथवा घरेलू नौकरों के द्वारा निस्तारित करा देते हैं। उनके लिए घरेलू नौकरों ने कचरा एकत्रण का बेहतर स्तर मुहैया कराया, नगर निगम कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर कचरा एकत्र करने की तुलना में, क्योंकि कर्मचारी अपार्अमेंट खंड के केवल मुख्य द्वार पर ही कचरा लेते हैं। परिणामस्वरूप, ऊंची मंजिलों पर रहने वाले बहुत से परिवार दरवाजे पर जाकर कचरा एकत्र करने वालों की सेवाएं लेने में रुचि नहीं लेते हैं और मिश्रित कचरा फेंक देते हैं।

समूह-2 कालोनियों में, जहां अधिकतर बंगले तथा पंक्तिबद्ध मकाने होते हैं, किसी कचरा निस्तारण स्थान तथा नगर निगम कर्मचारियों की अनुपलब्धता के कारण, लगभग सभी निवासी नगर निगम संग्रहणकर्ताओं को कचरा सौंप रहे थे। पायलट परियोजना के परिणाम के तौर पर, वाराणसी नगर निगम कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवाओं को आगे और बढ़ाया गया। अत:, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उपयुक्त अवसंरचना, सेवाओं के सहयोग तथा नियमित निगरानी की मदद से, पृथक्कृत कचरा सौंपने वाले परिवारों की संख्या बढ़ाना संभव है।

यद्यपि कुछ लोग जागरूकता अभियान के कारण ठोस कचरे के पृथक्करण हेतु अभिप्रेरित हुए थे, अन्यों ने प्रोत्साहनों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दर्शायी। यद्यपि ऐसे तरीके शुरुआती चरण में परिवारों को अलग किया गया कचरा सौंपने हेतु प्रेरित करने में प्रभावी हो सकते हैं, एक स्रोत पर पृथक्करण परिपाटी बन जाती है, ऐसे में प्रोत्साहनों की आवश्यकता संभवत: न पड़े। इन पायलट परियोजनाओं के अनुभव से पता चला कि जागरूकता के साथ-साथ एकत्रण एवं कचरा निस्तारण हेतु उपयुक्त अवसंरचना निश्चित रूप से लोगों को कचरा उत्पादन के स्रोत पर ही उसे पृथक्कृत करने के लिए अभिप्रेरित कर सकती है। हालांकि, जन संलिप्तता के लिए उपयुक्त शिक्षा एवं क्षमता निर्माण, निगरानी, अभिप्रेरक कार्यतंत्र, सूचना तकनीक आधारित व्यवस्थाओं ये निगरानी एवं अर्थदंड के द्वारा कचरा पृथक्करण की प्रवृत्ति विकसित की जा सकती है। स्थानीय, राज्य एवं केंद्र सरकारों को कचरे को संसाधन में रूपांतरित करने के लिए सभी हिस्सेदारों को साथ लाने हेतु कार्यतंत्र विकसित करने हेतु मिलजुलकर काम करना होगा।

## आप की बात

### सायबर सुरक्षा जरूरी

**भारत** एंड्रॉयड मोबाइल और इंटरनेट के खपत के मामले में दूसरे नंबर पर है। ये अत्यंत आश्चर्य वाली बात है कि जिस महामारी ने लगभग सभी चीज़ों का इतना तेज़ी से तकनीक कारण किया, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर, डॉ के अपॉइंटमेंट तक और राजनीति के वर्चुअल रैली से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैठक तक। कोई विभाग इससे अछूता नहीं रहा है। सबकुछ ऑनलाइन होने के कारण, उनकी सुरक्षा का भी सवाल उतना ही गंभीर है, जितना कि आपका कैरियर! भारत में रोज लगभग 375 साइबर से जुड़े फ्रॉड, धोखा धड़ी और कई मामले सामने आते हैं।ये अपने आप में भारत में ऑनलाइन के उपयोग को लेकर चिंता में डालने वाले सवाल है? क्या हमारे डाटा, बैंक अकाउंट, सुरक्षित है?भारत पूरे विश्व में सबसे सस्ता नेट उपलब्ध कराता है, जिसका हम बड़े मज़े से इस्तेमाल करते हैं। फ्री की चीज और भारत के लोग छोड़ दें, हो ही नहीं सकता। यही से चीज बिगड़ना शुरू हो जाती हैं। कहीं फ्री वाईफाई मिलना, किसी लिंक को टच करके लाख रुपए जितना, और न जाने क्या क्या। भारत और आम जनता को इस मामले में बहुत ही सतर्क और जागरूक होने की जरूरत है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### महंगी होती बिजली

**प्रदेश** में महंगाई की मार जारी है। पेट्रोल डीजल और गैस के बाद अब बिजली भी महंगी हो गई है। बढ़ती महंगाई ने जनता की जेब के लिए ठीक है ना सरकार की सेहत के लिए । आखिरकार जनता और कितनी पीसेगी महंगाई में? इन दिनों भावों की बढ़ोतरी का प्रदेश में आलम बना हुआ है।जिस तरह से आम उपयोग की चीजों के भाव बढ़ रहे हैं वह कोरोना से पस्त हुई दशा में ठीक नहीं है। 100 प्रति लीटर की तरफ बढ़ते पेट्रोल डीजल के भाव लोगों की आर्थिक स्थिति खराब कर रहे हैं। दुपहिया वाहन चलाना लोगों के लिए हवाई जहाज चलाने जैसा होता जा रहा है। गैस के भावों में भी सरकार ने लगे हाथ बढ़ोतरी कर जनता को महंगाई के गड्ढे में धकेला है इससे लोगों के घरों के बजट ही बिगड़ेंगे। लोग अभी इन चीजों में महंगाई की मार का रोना ही रो रहे थे कि अब बिजली पर 15 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी कर रही सही कसर भी पूरी कर दी है। विभिन्न चीजों के लगातार बढ़ते दामों से आम आदमी का जीना दूभर होता जा रहा है। आने वाले समय और जरूरी सेवाओं के बढ़ते दाम बढ़ सकते हैं। एक तरफ जनता रोजगार मंदी, बेगारी जैसी आम समस्याओं से जूझ रही है ऐसे में सरकार की लगातार दाम बढ़ाने की नियत समझ से परे है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


### स्वच्छता आवश्यक

**साफ**-सफाई न होने से भी बीमारिया पनपने के कारण इंसान आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। ज्यादातर सोच को दूर करना होगा की साफसफाई करने में शर्म आती है लोग क्या कहेंगे? किन्तु स्वच्छता न होने से पनपे विभिन्न रोगों से जब पीड़ित होते हैं तब साफ सफाई की बातें अपने आप ही समझ में आ जाती है। प्रयास होना चाहिए कि ऐसी नौबत ही आने पाए। साफ सफाई का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है , क्योंकि साफ नगर स्वच्छ नगर बीमारियों ,प्रदूषण को मुक्त रख कर स्वस्थ्यता का लाभ से हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकता है। स्वच्छ भारत अभियान इस बाबत प्रेरणादायी है। साफ सफाई करने हेतु आपस में सहयोग की भावना को बढ़ावा देकर स्वस्थ गांव -शहर समाज का निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा ताकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य को पूरा करने में हम सभी मिलकर सहयोग कर स्वच्छ नगर बनाने में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से अदा कर सके।

– **संजय वर्मा,** मानवर, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैंने** कैबिनेट छोड़ी, मैंने विधानसभा छोड़ी, जिसका लोगों ने स्वागत किया। अब मैं भाजपा में शामिल हो गया हूं और नंदीग्राम के लोगों ने मेरा समर्थन किया है।

– **सुभेंदु अधिकारी**
भाजपा नेता



**फिलहाल,** हमें निवर्तमान प्रशासन से वे सभी सूचनाएं नहीं प्राप्त हो रही हैं जिनकी हमें जरूरत है। मेरे विचार से यह गैर जिम्मेदाराना कृत्य से कम नहीं है।

– **जो बाइडेन**
निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति



**कांग्रेस** के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए विचाराधीन व्यक्ति पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अनुपस्थित है।

– **शिवराज सिंह चौहान**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

# सिद्धार्थ नाथ ने पांच मंगल दलों के चयनित युवाओं को बांटी खेल सामग्री

● मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित युवक महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का एनआईसी में हुआ सजीव प्रसारण



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित युवक महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में खेल सामाग्रियों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के युवाओं को खेल से जोड़ना लक्ष्य होना चाहिए। युवा अगर खेल से जुड़ता है तो वह गांव के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही वह नशे से भी मुक्त रहता है। हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाया जाए और ओपन जिम भी खोले जाएं। जिससे युवा पीढ़ी स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी बने साथ ही टीम भावना भी विकसित होगी। जिससे उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने पांच मंगल दलों के चयनित दस युवाओं को खेल सामाग्री वितरित की। जिसमें प्रवीण कुमार सिंह विपुल सिंह आशुतोष यादव सचिन यादव जटा शंकर यादव सावन सिंह यादव रीमा पटेल लालती भारतीया छाया मिश्र एवं सविता देवी शामिल रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की कल्पना ही नहीं सपना भी है कि पूरे उत्तर प्रदेश की महिलाएं युवाओं का सशक्तीकरण हो। जब सशक्त युवा होता है तब सशक्त राज्य देश एवं समाज का निर्माण होता है। यह योजना बहुत ही पुरानी थी। पिछले बीस सालों से निर्जीव था। जिससे युवा पीढ़ी को जोड़ा जा रहा है। जो ग्राम पंचायत के युवाओं को खेल के माध्यम से सपनों को गति मिलेगी। जिसमें कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह विधायक विक्रमाजीत मौर्य प्रवीण पटेल राजमणि कोल जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधांशु तिवारी उपायुक्त उद्योग ए के चौरसिया उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता राजेश खरे के यहां पहुंचे सिद्धार्थ नाथ सिंह

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह बुधवार को जागृति विहार अपार्टमेंट में हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं बार के पूर्व कार्यवाहक महासचिव राजेश खरे के पिता की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए। काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने उनके पिता ओंकार नाथ खरे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने उन्हें नमन किया।

# आईएमए में कार्यशाला के द्वारा चिकित्सकों को जानकारी दी

● कोविड-19 की तैयारियां पूरी कर ली गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**इंडियन** मेडिकल एसोशियेसन आइएमएद् द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन पर आइएमए सभागार, लहुराबीर में सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वीबी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने आगामी दिनों में होने वाले कोविडण19 वैक्सीनेशन की तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि इस कोविड-19 वैक्सीनेशन में आइएमए के सभी पदाधिकारी एवं चिकित्सक सहयोग करेंगे। कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ वीएस राय ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन में आइएमए के चिकित्सकों का सहयोग अपेक्षित है, आशा है इस कार्यक्रम में सभी सहयोगी बढ़ण्चढ़ कर हिस्सा लेंगे और कोविदण19 टीकाकरण को सफल बनाएँगे। उन्होने यह भी बताया कि प्रथम चरण के वैक्सीनेशन में जिसमें हेल्थ वर्कर का वैक्सीनेशन किया जाना है उसमें सरकारी चिकित्सालयों के अलावा प्राइवेट एवं पब्लिक सेक्टर के अस्पताल में कार्यरत हेल्थ स्टाफ भी सम्मिलित रहेंगे। जिनकी सूची तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है। सेमिनार में आइएमए अध्यक्ष निर्वाचित डॉ कार्तिकेय सिंह ने सभी आइएमए चिकित्सकों का स्वागत किया और कोविड-19 वैक्सीनेशन में सहयोग के लिए प्रेरित किया। आइएमए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय राय ने आज के विशिष्ठ अतिथि एवं प्रमुख वक्ता डॉ वीएस राय को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन आइएमए सचिव डॉ राजेश्वर नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ संजय राय, डॉ, कार्तिकेय सिंह, डॉ अरविंद सिंह, डॉ एनपी सिंह, डॉ मधू अग्रवाल, डॉ नूतन सिंह, डॉ सुरेश सिंह, डॉ, एके पांडे, डॉ शिवशक्ति द्विवेदी, डॉ राकेश पटेल, एसएमओ डबल्यूएचओ सहित लगभग 50 चिकित्सक मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो किशोर सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। नगर के मोहल्ला तलैया मुन्नू मियां निवासी इलियास का 13 वर्षीय पुत्र इमरान व जमील खान का 12 वर्षीय पुत्र फरमान दोनों बाइक से बाजार जाने के लिए निकले थे। रास्ते में ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक टाटा सफारी से टकरा गई। हादसे में दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं अन्य सड़क हादसों में ग्राम धानी खेड़ा निवासी सत्यम पुत्र महेश दीक्षित व अनुराग दिक्षित पुत्र रमेश दीक्षित एवं ग्राम दसगवा निवासी कमलेश पुत्र मुन्नीलाल गंभीर रूप से घायल हो गये। इन तीनों घायलों को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### सर्वश्रेष्ठ तकनीक प्रस्तुत करने की ओर बढ़े कदम

**प्रयागराज।** युवा जोश और भावना को प्रदर्शित करने की जरूरत है। मौजूदा साल सबसे अलग रहा है लेकिन उत्साहजनक विकास भी बहुत अधिक किए गए हैं।रियलमी ने एआईओटी पोर्टफोलियो में नए उत्पाद शामिल किए हैं। इसने निरंतर लोगों को सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी प्रस्तुत किया है। वॉच एस सीरीज़ के साथ आगे बढ़ प्रीमियम स्मार्टवॉच सेगमेंट में प्रवेश कर लिया। रियलमी की स्मार्टवॉच में स्टाइल और स्पोर्ट्स का बेहतरीन तरीका है। माधव शेठ वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि एआईओटी सेगमेंट में प्रवेश किया है और इस साल के अंत तक अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। लगातार दो तिमाहियों की दूसरी और तीसरी तिमाही में सबसे ज्यादा शिप किया जाने वाला मॉडल था। वॉच एस प्रो की पहली फ्लैश सेल उनतीस दिसंबर को दोपहर बारह बजे से रियलमी डॉट कॉम पर होगी।

### आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कवरेज का शुभारंभ

**प्रयागराज।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत की गयी है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने जम्मू कश्मीर सरकार के सहयोग से इस केंद्र शासित प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए शुरुआत हुई है। नागरिकों को शामिल करने वाली प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सेहत योजना को प्रधानमंत्री द्वारा लांच किया गया था। योजना के तहत जम्मू कश्मीर के हर तबके के नागरिक को स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जाएगा और इस तरह इलाज की तुरंत ज़रूरत पड़ने पर उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सेहत योजना के तहत केंद्र शासित प्रदेश के बीस लाख से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जाएगा। पॉलिसी में बीमा की राशि पांच लाख रुपये होगी तथा फैमिली फ्लोटर के आधार पर परिवार के सभी सदस्यों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी जाएगी। जिसके प्रीमियम का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा। एमडी एवं सीईओ तपन सिंघेल ने कहा यह बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाली योजना है। जिसमें जम्मू कश्मीर के सभी नागरिकों को शामिल किया जाएगा। उच्च गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधाओं को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सकता है।

### कोयला बाजार स्थित ओमकालेश्वर महादेव का अन्नकूट श्रृंगार एवं विशाल भंडारा का हुआ आयोजन

**वाराणसी।** काशी में तीन खंड हैं जो विश्वनाथ खंड, केदारखंड एवं ओंमकालेश्वर क्षेत्र में काशी खंडोक्त मंदिर आते हैं। उसमें से एक कोयला बाजार स्थित ओमकालेश्वर महादेव हैं। जो विवादित होते भी यहॉ देश के कोने-कोने से भक्तगण दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। ओमकालेश्वर महादेव, मराकेश्वर एवं अकारेश्वर महादेव जी का प्रतिवर्ष मार्गशीष शुक्ल चतुर्दशी को प्रतिवर्ष अन्नकूट श्रृंगार महोत्सव आयोजित होता है। मंगलवार को सायं काल ओंमकालेश्वर महादेव का विभिन्न प्रकार के व्यंजनों मिष्ठान फल, मेवा आदि से बाबा का सजाया गया था। भक्तगण द्वारा सायं काल साढ़े छह बजे मंदिर परिसर में सुन्दरकांड पाठ व भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। भक्तगण महेन्द्र यादव, कन्हैया लाल सहित दर्जनों कलाकारों का पं0 अक्षय पाण्डेय ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। रात साढ़े दस बजे मंदिर के महंत पं0 शिवदत्त पाण्डेय ने 101 बत्तियों से महादेव की महाआरती की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्र, रतन कुमार, बचाऊ लाल कुशवाहा, सुनील कुमार कुशवाहा, काजू, रवि साव सहित दो दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु उपस्थित रहे। बुधवार को अपराह्न दो बजे से लेकर देर रात ओमकालेश्वर महादेव के प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

# प्रयागराज के युवा कलाकारों को किया गया सम्मानित

● एनसीजेडसीसी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने की प्रस्तुतियां



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर मध्य** क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में बुधवार को संस्कृति मंत्रालय एवं चऊचक हब के संयुक्त तत्वावधान में गंगा जमुनी संस्कृति के युवा कलाकारों के सम्मान के साथ ऊर्जावान बच्चों के सांस्कृतिक चेतना का इन्द्रधनुषीय रंग प्रयाग धारा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कथा वाचक शान्तनू महाराज राजीव कुमार मिश्र स्वामी चिन्मय निर्वाण तथा डा श्वेता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। केन्द्र के सहायक लेखाधिकारी राकेश सिन्हा ने अतिथियों कलाकारों एवं केन्द्र निदेशक इन्द्रजीत ग्रोवर का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा और महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ऊर्जावान बच्चों द्वारा मां सरस्वती की आराधना एवं स्तुति की गयी। बच्चों द्वारा समूह गायन ईश्वर अल्ला तेरे इस जहान में की प्रस्तुति की। प्रज्ञा कुलदीप रावल द्वारा प्रशिक्षित बारह बच्चों द्वारा ऐ गिरि नन्दीनी नन्दितमेदिनी विश्वविनोदिनी नंदनुते स्तुति पर खुबसूरत नृत्य की प्रस्तुति हुई। प्रयागराज के युवा कलाकारों का मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डा. श्लेष गौतम मधु शुक्ला मनोज गुप्ता मंजू नारायण गणेश श्रीवास्तव मनीषा निरखी हरे राम द्विवेदी डा. अंकिता चतुर्वेदी मालवीय आशुतोष श्रीवास्तव स्वाति निरखी रत्नेश दुबे शाम्भवी शुक्ला अंजली भारद्वाज आनन्द किशोर राशन पाण्डेय शिवम भगवती आसित सांई प्रत्युष रौनक डा. श्रेया श्रीवास्वतव शुभाषि मजूमदार डा अंकिता मुखर्जी सौरभ कृष्ण शास्त्री अंशुला सिंह शिव गुप्ता नीतू तिवारी रंजीत गुप्ता नीरज अग्रवाल ज्योति आनंद शुभांगी सिंह अनमोल खत्री रोमा निषाद एम पी मंगल संक्षेप बरनवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री विवेक रंजन सिंह ने किया। इस मौके पर राजीव कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# 2022 में सरकार बनी तो शिक्षा, स्वास्थ्य व गरीबों को बिजली फ्री देंगे: राजभर

● ओवैसी, बाबू राम कुशवाहा सहित छह पार्टियों के साथ चुनाव लड़ेंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सुहेलदेव भारतीय** समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, बाबूराम कुशवाहा व औबेसी सहित छह अन्य पार्टियों के साथ प्रदेश का चुनाव लड़ेगे और प्रदेश में सरकार बनायेगें। अगर प्रदेश में इस गठबंधन की सरकार बनी तो समान शिक्षा अधिकार के तहत सभी को पीजी तक शिक्षा, नि:शुल्क स्वास्थ्य और गरीबों को पांच वर्षो तक पंखा, लाइट जलाने की फ्री व्यवस्था देगें।

बुधवार को सर्किट हाउस में सभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि क्या मोदी या योगी खेत में फावड़ा चलाये हैं, नहीं यह किसान का बेटा खेत में फावड़ा चलाकर आलू सहित अन्य अनाज पैदा किया है। जब किसान आलू पैदा कर बेचने के बाद अच्छा मूल्य चाहता है तो देश के पीएम व सीएम किसानों की मेहनत का पैदावार उद्योगपति अडानी व अबांनी के हाथों बेचना चाहते हैं। मोदी, अंबानी व उडानी के चौकीदार है इसलिए मोदी कहते रहे कि मैं देश का चौकीदार हूॅ।देश के किसान इस शून्य डिग्री का तापमान में धरना दे रहे हैं और देश के पीएम को किसानो से बातचीत करने का समय नहीं है। वो दिन दूर नहीं रहा जब प्रदेश का किसान भाजपा को 2020 के चुनाव करारी सीख देगा।श्री राजभर ने कहा कि 2022 में मेरी सरकार बनी तो छह माह के अंदर प्राइमरी के स्कूलों का टाट हटाकर बेंच देगें और नि:शुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य देगें।मोदी किसानों के साथ हिटलरशाही अपना रहे हैं।

# सेवापुरी के आंगनबाड़ी केन्द्र पर चार को आयेंगी राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

> राज्यपाल 4 जनवरी को आएंगी। हालांकि कार्यक्रम आया नहीं है लेकिन उम्मीद है। वह पायलट प्रोजेक्ट के तहत सेवापुरी में मानकी कृत कोर्स लांच कर सकती है। इसकी तैयारी की जा रही है।
>
> **कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी**

**नीति आयोग** के मॉडल ब्लाक सेवापुरी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत मानकी कृत कोर्स लांच की तैयारी है। क्लासवार सभी बच्चों के लिए किताबें तैयार हैं। कोर्स को लागू करने से पहले तीन दिन तक यानी 4 से 6 जनवरी तक बीएचयू में सेवापुरी ब्लाक से जुडी 250 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व जिले में तैनात सभी सुपरवाइजर की ट्रेनिंग होगी। इस ट्रेनिंग में राज्यपाल आनंदी बेन आएंगी। राज्यपाल इस कोर्स को लांच करेंगी। पिछले माह राज्यपाल जब वाराणसी आयी थीं तो उन्होंने सेवापुरी ब्लाक के स्कूलों का निरीक्षण किया था। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों को भी देखा था व् बच्चो से मुलाक़ात भी की थीं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई को रोचक बनाने की अपील की थीं। इस संदर्भ में विद्या भारती से जुड़े लोग व् दर्जनों शिक्षाविद के साथ बैठक की थीं। बताया जा रहा है कि इस कोर्स की लांचिंग में राज्यपाल की ओर से दिलचस्पी दिखाई गई है। इस कोर्स में बच्चो के लिए अच्छी कविताएं, खेल के साथ मोरल साइंस समेत अन्य मनोरजन विषयो को समावेश किया गया ताकि बच्चो को पढ़ने के प्रति लगाव हो सके। विद्या भारती का भी इसमे ख़ास सहयोग है। एक तरह से पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसको लागू किया जाएगाए सफल रहा तो जिले में व प्रदेश में प्रभावी होगी।

### पत्नी पर हमला करने वाले पर एफआईआर दर्ज, पत्नी से कहा पांच बार तलाक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पत्नी पर** जानलेवा हमला कर पांच बार तलाक बोलने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जैतपुरा थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जैतपुरा थानांतर्गत काजी सादुल्लापुरा निवासी शबनम बीबी की शादी अब्दुल कुदुस से हुई है। पीडिता का आरोप है कि गत 29 दिसंबर की शाम पति अब्दुल कुद्दूस ने अपनी पत्नी शबनम को लाठी डंडे से मारा पीटा व जान से मारने की नीयत से शबनम गला दबाने लगे। चोट लगने के कारण शरीर मे की जगह ज़ख्म के निशान भी मौजूद हैं। इस दौरान घर के कुछ लोगों ने आकर बीच.बचाव किया। इसके चलते शबनम बीबी की जान बची। इसके बाद शबनम बीबी के पति अब्दुल कुद्दुस ने उसी वक्त तलाक.तलाक.तलाक पांच बार बोला और कहा उसे जो करना है कर ले। पुलिसए थानाए कचहरी मेरी मुठ्टी मे है। मेरा कोई कुछ नही कर सकता है। सूचना पाकर पहुंचे युवती के भाई से भी दुव्यवहार किया। घटना के बाद पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर हत्या का प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम-2019 की धारा.3 व 4 के तहत मुकदमा कायम करते हुए पीड़िता का मेडिकल कराया गया। अभियुक्त अब्दुल कुद्दुस की गिरफ्तारी अभी नही हो सकी है।

# कोर में फिट इंडिया अभियान के तहत साइक्लोथान आयोजित



रैली को रवाना करते जीएम यशपाल सिंह।

**प्रयागराज।** युवा मामलों और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए फिट इण्डिया अभियान के तहत दिसम्बर माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए फिट इण्डिया अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इसके तहत फिटनेस संबंधी कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। बुधवार को अभियान के तहत केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने मुख्यालय में आज सुबह फिटनेस का डोज़ आधा घंटा रोज कार्यक्रम के तहत पांच किलोमीटर साइक्लोथान को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जो मुख्यालय से प्रारम्भ होकर फायर ब्रिगेड चौराहा चन्द्रशेखर आजाद पार्क एवं सुभाष चौराहा होते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के मैत्री क्लब में सम्पन्न हुआ। कोर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कोर के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अरुण कुमार प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार प्रमुख वित्त सलाहकार डी के गुप्ता प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रमिला सिंह अनूप मिश्रा महाप्रबन्धक के सचिव एस के मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# कोविड-19 टीकाकरण की भ्रांतियों से सतर्क रहें: डीएम



**नवाबगंज उन्नाव।** सरस्वती मेडिकल कालेज कोविड एल 2 अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने संस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधीक्षक से कोविड अस्पताल के रोगियों के स्वास्थ्य एवं खानपान संबधीं जानकारी ली। यहां उन्होंनें मेडिकल कालेज में शैक्षिक सत्र 2020-21 में नव प्रवेशित प्रदेश से बाहर के मेडिकल छात्रों के आवागमन के दौरान कोविड प्रोटोकाल के अनुसरण का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये।

प्रदेश में होने वाले कोविड के टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस समय टीकाकरण को लेकर जो समाज में भ्रांतियां फैल रही है। उनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं भ्रम फैलाने वाले से सावधान रहने की आवश्यकता है।

उन्होनें संस्थान के सभी चिकित्सकों, अन्यचिकित्सा कर्मियों एवं छात्र छात्राओं से टीकाकरण कार्यक्रम में सहर्ष भागीदारी लेने की अपेक्षा की है। जिलाधिकारी के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डा0 सौरभ कंवर, महानिदेशक मनोज शिशौदिया एवं मुख्यचिकित्साधीक्षक प्रो. डा. एलडी मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकगण उपस्थित रहें।

# केंद्र सरकार आखिर किसानों पर क्यों थोपना चाहती है कृषि विधेयक: सुभाष सिंह



**बांगरमऊ उन्नाव।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 136 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती वाजपेयी व जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस संदेश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान इस देश के महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन भी किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस जनों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

नगर के लखनऊ मार्ग स्थित एक अतिथि गृह से कांग्रेस पार्टी की पदयात्रा प्रारंभ हुई। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता लखनऊ मार्ग से पदयात्रा करते हुए हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित सुभाष इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां कांग्रेस नेताओं ने सुभाष चंद्र बोस और पंडित विशंभर दयाल त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात कांग्रेस के चयनिका कार्यालय में राजकृष्ण मिश्रा, मुंशीलाल कुशवाहा, सरदार खान, आफताब खान, शैलेंद्र शुक्ला आदि सहित करीब एक दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसजनों को अंग वस्त्र भेंट कर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी रहमतुल्लाह के आवास पर पहुंच उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहा कि देश का किसान कृषि विधेयक का विरोध कर रहा है। लेकिन केंद्र सरकार जबरन किसानों पर अपना बिल थोपना चाह रही है। कांग्रेस नेत्री आरती वाजपेयी ने कहा कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ उद्योगपतियों की सरकार है। उसका गरीब किसानों और मजदूरों से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश शुक्ला ने कहा कि हम देशवासी अडानी और अंबानी के बिना तो जिंदा रह सकते हैं। लेकिन किसानों के बिना जिंदा रह पाना असंभव है। इस अवसर पर युसूफ फारुकी, विश्वास निगम, सुरेंद्र कुशवाहा, ताजुद्दीन अंसारी, सलीम, गुलजार अख्तर, कमलेश गौतम, सुंदर लाल निषाद, सलमान व अनुभव शुक्ला आदि मौजूद रहे। सन्देश यात्रा के दौरान देश में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन मे कार्यकर्ताओं ने किसानों के सम्मान में, कांग्रेस मैदान में लगातार नारे लगाते रहे। पदयात्रा चयनिका कार्यालय से उन्नाव मार्ग स्थित शहीद जसासिंह स्मारक पहुँची। यहाँ से नगर के विभिन्न मोहल्लों के भ्रमण के बाद चयनिका कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस पद यात्रा का समापन हुआ।

# मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम की डीएम ने की प्रशंसा



**उन्नाव।** सोहरामऊ स्थिति इंग्लिश मिडियम प्राईमरी स्कूल में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुये जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति, कम्बल वितरण तथा पौध रोपण जैसे मिश्रित कार्यक्रम एक स्थान पर कराकर समाज में आयोजक ने कई सन्देश दिये है। जो बधाई के पात्र है, इस तरह के कार्यक्रम जनपद के विभिन्न विद्यालयों में भी कोविड़-19 के नियमों का पालन करते हुये कराना चाहिये। विद्यालयों एवं इनर व्हील क्लब ऑफ उन्नाव के पदाधिकारियों आदि को आवाहन करते हुये कहा कि इस तरह के मिशन को रोकना नही है, इसे आगे बढाना है।

● दूसरों को भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन की प्रेरणा लेनी चाहिये: डीएम

जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम को दीप प्रजलित कर स्मार्ट क्लॉस रूम, उपस्थित 50 महिलाओं को कम्बल वितरण, बच्चों को स्टेशनरी बिस्किट, छात्राओं को पैड़ व मिशन शक्ति सहभागिता प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय सोहरामऊ की प्रधानाचार्या स्नेहिल पाण्डेय, इनर व्हील क्लब ऑफ उन्नाव आदि के सहयोग से उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति, निदा अकादमी की निदेशक डा0 श्रेया, इनर व्हील क्लब ऑफ उन्नाव की अध्यक्ष गीता सेठ, सचिव मंजू श्रीवास्तव, कमल भारतीय, रेनू तुली, गुरबीर कौर सहित विद्यालय का स्टाफ आदि उपस्थित रहा।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**उन्नाव।** सहायक श्रमायुक्त डा0 हरिश्चन्द्र सिंह ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत क्लासिक लॉन में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके राय, अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने शासन की नीतियों पर प्रकाश डालते हुये महिलाओं को उनके सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुये विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा महिलाओं को उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं एवं महिला श्रमिकों से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत पात्र निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। बताया सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत निर्माण क्षेत्र के 22 श्रमिकों की पुत्रियों हेतु साइकिल वितरण, 600 चिकित्सा सहायता, 05 कन्या विवाह सहायता योजना, 15 मातृत्व एवं बालिका मदद योजना, 06 निर्माण कामगार मृत्यु विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना, 06 निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना के तहत श्रमिको को लाभान्वित कराया गया है। कार्यक्रम का संचालन डा0 हरिश्चन्द्र सिंह सहायक श्रमायुक्त, उन्नाव द्वारा किया गया तथा बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं एवं पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्धारित पात्रता के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुये जनपद के निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों से अपील करते हुए कहाकि शतप्रतिशत निर्माण श्रमिक नजदीकी सी0एस0सी0 सेण्टर पर जाकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्व से पंजीकृत श्रमिक अपना नवीनीकरण कराकर बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीकान्त कटियार विधायक बांगरमऊ, बम्बालाल दिवाकर विधायक सफीपुर, राज किशोर रावत जिला अध्यक्ष भाजपा एवं समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जनपद उन्नाव उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से धनखड़ को हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रपति का किया रुख

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा का कहना है कि राज्यपाल संवैधानिक मापदंडों के तहत ही काम कर रहे हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस भयभीत है।**

**तृणमूल** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का रुख किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि धनखड़ सार्वजनिक रूप से राज्य के प्रशासन और सरकार के खिलाफ टिप्पणी कर संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। भाजपा का कहना है कि राज्यपाल संवैधानिक मापदंडों के तहत ही काम कर रहे हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस भयभीत है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रॉय ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी सांसदों की टीम ने मंगलवार को राष्ट्रपति को पत्र भेजा जिसमें धनखड़ द्वारा हाल में ऐसे कथित उल्लंघनों की सूची दी गई है और संविधान के अनुच्छेद-156 (1) के तहत कार्वाई करने की मांग की गई है। रॉय ने कहा, संविधान के अनुच्छेद-156की धारा। के तहत राष्ट्रपति की इच्छा तक राज्यपाल पद पर आसीन होता है। हम राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि इस इच्छा को वापस ले जिसका अभिप्राय है कि वह इन राज्यपाल को हटाएं। हमने देखा है कि पिछले साल जुलाई में जब से वह राज्य में आए हैं वह नियमित रूप से ट्वीट कर रहे हैं, संवाददाता सम्मेलन कर रहे हैं और टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में शामिल हो रहे हैं जहां पर वह नियमित रूप से राज्य सरकार के कामकाज, हमारे अधिकारियों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री पर टिप्पणी कर रहे हैं। यहां तक एक बार उन्होंने विधानसभा के स्पीकर के आचरण पर टिप्पणी की। उनका ऐसा प्रत्येक कदम उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को असहज करने के लिए धनखड़ भाजपा नीत केंद्र सरकार की ओर से इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसा पश्चिम बंगाल के 75 साल के इतिहास में नहीं हुआ। अगर उन्हें कुछ कहना है तो वह संविधान में दिए गए तरीके से ऐसा कर सकते हैं न कि ट्वीट या प्रेस वार्ता करके। रॉय ने धनखड़ के उन बयानों को रेखांकित किया जिसमें उन्होंने बंगाल व्यापार सम्मेलन पर हुए खर्च का हिसाब मांगा था और 25 आईपीएस अधिकारियों को कथित धमकी देने के लिए मुख्यमंत्री से माफी की मांग की थी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल अपने अधिकारों और सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं।

रॉय ने कहा, उन्होंने (धनखड़) कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना उनकी जिम्मेदारी है। वह कौन हैं? यह चुनाव आयोग का क्षेत्र है। इसी तरह कैग वह प्राधिकार है जो बंगाल व्यापार सम्मेलन जैसे राज्य द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर खर्चों की जानकारी मांगे। इस पत्र पर संसद के दोनों सदनों में पार्टी के पांच वरिष्ठ सांसदों ने हस्ताक्षर किए है जिनमें सुदीप बंदोपाध्याय, काकोली घोष दस्तीदार, डेरेक ओ ब्रायन और रॉय स्वयं शामिल हैं। एक सवाल के जवाब में रॉय ने कहा कि यह राज्यपाल को लेकर पार्टी द्वारा उठाया गया शुरुआती कदम है।



मुंबई में एक स्कूल के बाहर वर्ष 2020 की प्रमुख गतिविधियों पर लगी पेंटिंग्स प्रदर्शनी को देखती महिला

## भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके एमवीए सरकार को नहीं गिरा सकती: शिवसेना

**मुंबई।** शिवसेना ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे किसी वहम में नहीं रहना चाहिए कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल करके महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिरा सकती है। पार्टी के मुखपत्र सामना के संपादकीय में, शिवसेना ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी सरकारी एजेंसियों का तेजी से पतन हो रहा है।

ईडी ने शिवसेना नेता संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को 4,300 करोड़ रुपए के पीएमसी बैंक धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। हालाँकि, वह मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुईं। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल के उस बयान पर तंज कसते हुए कि ईडी एक गैर-राजनीतिक संस्थान है और संविधान के अनुसार काम करता है, शिवसेना ने कहा पाटिल ने पूछा है कि क्या संजय राउत संविधान में विश्वास नहीं करते हैं, लकिन हम पूछना चाहते हैं कि पाटिल भला कब से संविधान को लेकर इतना चिंतित होने लगे।

पार्टी ने कहा, संविधान को लेकर राज्यपाल से सवाल पूछें। राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद की बारह सीटें जून में खाली हुई हैं और कैबिनेट की सिफारिशों के बावजूद सीटें नहीं भरी जा रही हैं। सामना में कहा गया, 2020 में, उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने की सभी कोशिशें नाकाम रहीं। राज्यपाल की इच्छा वाली सरकारे अगले 25 साल भी नहीं बनने वाली। भाजपा को इस गलतफहमी से बाहर आना चाहिए कि वह ईडी का इस्तेमाल करके महाराष्ट्र सरकार को गिरा सकती है। भाजपा को छोड़ने के बाद एकनाथ खडसे को ईडी का नोटिस मिलता है। टीडीपी सांसदों पर ईडी के छापे के बाद, वे भाजपा में शामिल हो गए। हाल ही में राकांपा में शामिल होने वाले खड़से को ईडी ने पुणे के भोसरी इलाके में एक भूमि सौदे से जुड़े धन-शोधन के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है।

## सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने के जुर्म में व्यक्ति को दस साल का कठोर कारावास

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक स्थानीय अदालत ने तलसारी के 43 वर्षीय व्यक्ति को अपनी सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने के जुर्म में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। हाल में जारी आदेश में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एस गुलहाने ने व्यक्ति पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। आरोपी तलसारी के एक गांव का निवासी है। अभियोजन ने अदालत को बताया कि पीड़िता ने अगस्त 2017 में एक शिकायत दर्ज कराई थी कि व्यक्ति ने दो बार उसका यौन उत्पीड़न किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की चिकित्सकीय जांच से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। अदालत ने व्यक्ति को भादंसं की धारा 376 (दो) (बार बार दुष्कर्म करना) के तहत दोषी ठहराया। चूंकि पीड़िता घटना के समय बालिग थी, इसलिए मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पॉक्सो) लागू नहीं होगा।

## महाराष्ट्र सरकार को गिराने के प्रयासों को कामयाबी नहीं मिलेगी : शरद पवार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार को गिराने के प्रयासों में भाजपा को कोई सफलता नहीं मिलेगी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार स्थिर है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ ईडी की कार्वाई की आलोचना करते हुए इसे सत्ता का दुरुपयोग बताया। पवार ने कहा, (ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार को सत्ता में आए हुए) एक साल हो चुके हैं...उन्हें (भाजपा) दो महीने में सरकार गिरानी थी, फिर उन्हें छह महीने में ऐसा करना था, फिर आठ महीने में। लेकिन कुछ नहीं होगा। यह सरकार स्थिर है और कार्यकाल पूरा करेगी।

शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की एमवीए सरकार ने पिछले महीने एक साल पूरा कर लिया। गठबंधन के भागीदारों के बीच वैचारिक दूरियों के कारण इस अवधि में भाजपा के कई नेता ऐसा कहते रहे कि यह सरकार नहीं चल पाएगी। भाजपा और शिवसेना 2019 के विधानसभा चुनाव में साथ थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर मतभेद के बाद दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए। इसके बाद जैसा कि कहा जाता है पवार ने ही शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस को साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। महाराष्ट्र के चार बार मुख्यमंत्री रहे और केंद्र में मंत्री रह चुके कद्दावर नेता पवार राज्य में ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के कामकाज के लिए मार्गदर्शक के तौर पर देखे जाते हैं।

शिवसेना के नेता और सामना के संपादक संजय राउत की पत्नी वर्षा को ईडी के नोटिस के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, यह सत्ता का दुरुपयोग है। ईडी ने पीएमसी बैंक से जुड़े 4300 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए वर्षा को तलब किया है। पवार ने कहा, उन्होंने एक बार मुझे भी नोटिस देने की कोशिश की थी, लेकिन उसे वापस ले लिया गया। मैं बैंक के बोर्ड का सदस्य भी नहीं था और ना ही बैंक में मेरा कोई खाता है। पिछले साल ईडी ने महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (एमएससीबी) में कथित घोटाला के संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया था और पवार, उनके भतीजे अजित पवार तथा अन्य की भूमिका एजेंसी की जांच के घेरे में आई थी।

ईडी ने पवार को समन नहीं किया लेकिन राकांपा अध्यक्ष ने उस समय जोर दिया था कि वह जांच एजेंसी के कार्यालय जाएंगे। कानून और व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर राज्य पुलिस ने पवार को मनाया, जिसके बाद उन्होंने कार्यालय जाने का विचार छोड़ दिया। शिवसेना लगातार आरोप लगा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां अनुचित तरीके से उसके नेताओं को निशाना बना रही है। हाल में राकांपा में शामिल हुए भाजपा के पूर्व नेता एकनाथ खडसे को भी पुणे में भूमि के सौदे में धनशोधन की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया था।

## क्विक न्यूज

### आईईडी धमाके में सीएएफ का एक जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को हुए आईईडी धमाके में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान घायल हो गया। धमाका उस समय हुआ जब सुरक्षा बल नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को निष्क्रिय कर रहे थे। घटना सुबह करीब आठ बजकर 20 मिनट पर गंगालूर थाना इलाके के तहत पुसनार गांव में जंगल में हुई जब सुरक्षा बलों के अलग-अलग संयुक्त दल सड़क और क्षेत्र सुरक्षा अभियान पर निकले थे। सीएएफ के जिला रिजर्व गार्ड और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से संबद्ध कर्मी इस अभियान में शामिल थे। अधिकारी ने कहा, जब एक गश्ती दल बुरजी और पुसनार के बीच जंगलों की घेराबंदी कर रहा था तब उसे जमीन के नीचे लगा आईईडी दिखाई दिया। जब वह विस्फोटक को निष्क्रिय कर रहे थे तभी उसमें धमाका हो गया। सीएएफ की 19वीं बटालियन से संबद्ध कांस्टेबल रितेश पटेल धमाके में घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्हें आगे के इलाज के लिए हवाई मार्ग से रायपुर ले जाया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान इलाके से दो और आईईटी बरामद हुए हैं।

### तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता की हत्या में तीन गिरफ्तार

**कोलकाता।** हावड़ा जिले के शिबपुर इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या में शामिल होने के आरोप में पश्चिम बंगाल में अलग-अलग जगहों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दो व्यक्तियों को बर्द्धमान जिले से पकड़ा गया जबकि एक हावड़ा जिले में छिपा था। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमें सूचना मिली थी दो आरोपी राज्य से भागने की फिराक में थे। उन्हें हमने बुधवार सुबह बर्द्धमान से पकड़ लिया जबकि तीसरा व्यक्ति हावड़ा से पकड़ा गया। अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह (44) को मंगलवार शाम काम से घर लौटते समय हावड़ा जिले में शालीमार रेलवे स्टेशन के बाहर गोली मार दी थी। पुलिस ने बताया कि सिंह मुख्य रूप से निर्माण कारोबार से जुड़े थे। संभवत: व्यासायिक रंजिश के चलते उनकी हत्या की गई। इस बीच स्थानीय लोगों ने सिंह की हत्या के विरोध में अंदुल मार्ग को जाम किया और दो बसों में तोड़फोड़ की तथा तीन मोटरसाइकिलों में आग लगा दी।

### मप्र में बाघ के हमले में बालक की मौत

**सिवनी।** मप्र में सिवनी जिले के केवलारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत खैरी गांव के जंगल में एक बालक की बाघ के हमले में मौत हो गई है। सिवनी वन विकास निगम के उपमंडल प्रबंधक अरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि खैरी गांव का 12 वर्षीय बालक आदित्य भगत मंगलवार सुबह लगभग दस बजकर 30 मिनट पर भैंसों को चराने जंगल गया था। दोपहर तक बालक के नहीं लौटने पर ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की और उसका शव शाम को परिक्षेत्र के उगली बीट में क्षत-विक्षत हालत में पाया गया। उन्होंने कहा कि मौके पर बाघ की मौजूदगी के निशान पाए गए हैं। गोस्वामी ने बताया कि बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद भगत का अंतिम संस्कार उसके परिजनों ने खैरी गांव में कर दिया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा दस हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध करा दी गई हैं। साथ ही चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

### राजदीप गोआला ने असम विधानसभा से दिया इस्तीफा

**गुवाहाटी।** कांग्रेस से निष्कासित विधायक राजदीप गोआला ने असम विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने दी। वह मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए थे। गोस्वामी ने कहा कि गोआला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और इसे तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया। असम की 126 सदस्ईय विधानसभा में कांग्रेस के अब 20 विधायक हैं। कछार जिले में लखीमपुर क्षेत्र से विधायक गोआला को कांग्रेस ने इस वर्ष अक्टूबर में छह वर्षों के लिए पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया था। गोआला मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री अजंता नियोग और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के पूर्व विधायक बनेंद्र मुशहरी के साथ सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए।


भोपाल में अपने परिवार के मृत सदस्यों के लिए एक ईसाई कब्रिस्तान में प्रार्थना करते हुए लोग

## जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही हेमंत सरकार: भाजपा

**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई ने राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर बुधवार को यहां आरोप लगाया कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रही है और इस सरकार के कार्यकाल में उग्रवाद, भ्रष्टाचार तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध का बोलबाला रहा। भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर इसे देश की सबसे विफल सरकारों में से एक बताया और आरोप लगाया कि इस एक वर्ष में उग्रवाद, महिलाओं के खिलाफ अपराध तथा भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा।

मरांडी ने आरोप लगाया, अपराध का शिकार सबसे ज्यादा महिलाएं हुईं। झारखंड में बीते एक वर्ष में डेढ़ हजार से ज्यादा महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं राज्य की हेमंत सरकार की कलंक कथा को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म का शिकार सबसे ज्यादा छोटी बच्चियां हुई हैं।

मरांडी ने कहा कि राज्य में बेटियों की सुरक्षा नगण्य रही, विकास कार्य ठप पड़ा है, भ्रष्टाचार चरम पर है और उग्रवादियों एवं अपराधियों ने तांडव मचा रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में राज्य से भागे उग्रवादियों ने पुन: पैर पसार लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उग्रवादियों को सत्ता में बैठे विधायकों और सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को जनता के सपनों पर कुठाराघात करने वाला साल बताते हुए कहा कि राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को सरकार ने छलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद ने राज्य में परिवारवाद को बढ़ाने का कार्य किया है। प्रकाश ने कहा कि इस एक वर्ष में विकास शून्य रहा है और लूट-खसोट एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। यह सरकार होर्डिंग और विज्ञापन पर चलने वाली सरकार है।

## द्रमुक को सामाजिक न्याय की बात नहीं करनी चाहिए: भाजपा

**चेन्नई।** तमिलनाडु की भाजपा इकाई के अध्यक्ष एल. मुरुगन ने बुधवार को आरोप लगाया कि यहां मुरासोली जमीन के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर द्रमुक उन्हें और उनकी पार्टी को डराने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद द्रमुक ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। मुरुगन ने कहा कि द्रमुक को सामाजिक न्याय के बारे में बात करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके दो सांसदों ने अनुसूचित जाति के लोगों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

मुरासोली कार्यालय की जमीन के बारे में टिप्पणी को लेकर द्रमुक द्वारा उन्हें कानूनी नोटिस भेजे जाने के बारे में उन्होंने कहा कि द्रविड़ों की पार्टी उन्हें और भाजपा को इस मुद्दे पर डराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बहरहाल उन्हें और भगवा दल को इस तरह के हथकंडों से नहीं डराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह इस तरह के कितने भी नोटिस का सामना कर सकते हैं। द्रमुक के राज्यसभा सदस्य और मुरासोली न्यास के न्यासी आर एस भारती ने मंगलवार को मुरुगन को नोटिस भेजा। द्रमुक के संगठन सचिव भारती ने मुरुगन से अपना बयान वापस लेने के लिए कहा और ऐसा न करने पर एक करोड़ रुपए के दीवानी मुकदमे का सामना करने की चेतावनी दी।

भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह के कदमों पर विचार करने के बजाए द्रमुक को मामले की सच्चाई सामने लानी चाहिए। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी के पास अगर संपत्ति के मूल दस्तावेज हैं तो वह इसका खुलासा करने में क्यों हिचक रही है। पिछले वर्ष पीएमके और फिर भाजपा ने आरोप लगाए थे कि द्रमुक के मुखपत्र मुरासोली का कार्यालय जिस स्थान पर है वहां पहले अनुसूचित जाति के छात्रों के लिएए सरकारी छात्रावास था। आरोप है कि यह पंचमी श्रेणी की जमीन है जिसे अंग्रेजों के समय में अनुसूचित जातियों के लिए आवंटित किया गया था।

## भाजपा सांसद वसावा ने इस्तीफा वापस लिया

**अहमदाबाद।** पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ही भाजपा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री मनसुख वसावा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत के बाद बुधवार को इस्तीफा वापस लेने की घोषणा की। गुजरात के जनजाति बहुल भरूच से छह बार सांसद रहे वसावा (63) ने मंगलवार को कहा था कि सरकार या पार्टी के साथ उनका कोई मुद्दा नहीं है और वह स्वास्थ्य कारणों से पार्टी छोड़ रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी से मुलाकात के बाद वसावा ने बुधवार सुबह गांधीनगर में पत्रकारों से कहा, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुझे बताया कि सांसद पद पर बने रहने पर ही मैं, अपनी कमर और गले के दर्द का मुफ्त इलाज करा सकता हूं। सांसद के तौर पर इस्तीफा देने पर यह संभव नहीं होगा। पार्टी नेताओं ने मुझे आराम करने की सलाह दी है और साथ ही यह आश्वासन भी दिया है कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता मेरी ओर से काम करेंगे।

वसावा ने कहा, मैंने स्वास्थ्य परेशानियों के चलते ही पार्टी से और बतौर सांसद इस्तीफा देने का निर्णय किया। मैंने आज मुख्यमंत्री से भी इस पर चर्चा की। अब, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से आश्वासन मिलने के बाद, मैंने इस्तीफा वापस लेने का निर्णय लिया है। मैं बतौर सांसद अपनी सेवाएं जारी रखूंगा। आदिवासी नेता ने दावा किया कि यह गलत धारणा है कि वह नर्मदा जिले के आदिवासियों से संबंधित कुछ मुद्दों, विशेष रूप से इको सेंसिटिव जोन में 121 गांवों को शामिल करने को लेकर, सरकार या सत्तारूढ़ भाजपा से नाराज हैं।

राज्य तथा केन्द्र सरकार इको सेंसिटिव जोन से जुड़े मुद्दे को सुलझाने की हर संभव कोशिश कर रही है। मुझे पार्टी या सरकार से कोई परेशानी नहीं है। बल्कि, मैं इस पर बात दृढ़ता से विश्वास करता हूं कि पिछली सरकार की तुलना में भाजपा शासन में आदिवासियों का अधिक विकास हुआ है। वसावा ने मंगलवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि वह संसद के बजट सत्र में लोकसभा के सदस्य के तौर पर भी इस्तीफा दे देंगे। वसावा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आर. सी. पाटिल को लिखे पत्र में कहा था कि वह संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद भरूच से सांसद के तौर पर इस्तीफा दे देंगे।

वसावा ने पत्र में कहा था कि उन्होंने पार्टी का वफादार बने रहने और पार्टी के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने की पूरी कोशिश की लेकिन वह इंसान हैं और गलतियां उनसे हो सकती हैं। उन्होंने पत्र में कहा था, मैं अंतत: एक मनुष्य हूं और मनुष्य गलतियां कर देता है। पार्टी को मेरी गलतियों के कारण नुकसान नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मैं पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं और पार्टी से माफी मांगता हूं। पाटिल ने कहा था कि वसावा उनके निर्वाचन क्षेत्र में पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र की घोषणा से नाखुश हैं। वसावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले सप्ताह पत्र लिखकर मांग की थी कि नर्मदा जिले के 121 गांवों को पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने संबंधी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना वापस ली जाए।


नगांव में कोरोना वायरस महामारी के कारण सात महीने के बाद फिर से खोले गए स्कूल में उपस्थित छात्र

# कोरोना का खतरा कम नहीं हुआ है: एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस का खतरा अभी कम नहीं हुआ है और महामारी को लेकर जरा सी भी लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने लोगों से दिशा-निर्देशों का पालन करने और सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने ब्रिटेन से लौटने वाले ऐसे लोगों से जरूरी स्वास्थ्य जांच कराने का अनुरोध किया जिनकी अभी तक जांच नहीं हुई है ताकि इंग्लैंड में मिले कोरोना वायरस के नए प्रकार को देश में फैलने से रोका जा सके। एदियुरप्पा ने कहा, प्रिय जनता, कोरोना वायरस का खतरा अभी भी कम नहीं हुआ है। ऐसे में जबकि हम नए साल में प्रवेश करने वाले हैं महामारी के प्रति थोड़ी सी भी लापरवाही नहीं की जा सकती है। उन्होंने ट्वीट किया, सरकार के दिशा-निर्देशों और नियमों का पालन करें और सभी आवश्यक एहतियाती उपाय करके सुरक्षित रहें और सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने नववर्ष के मद्देनजर यह अपील की है। सरकार ने नए साल की पार्टियों, विशेष रूप से डीजे डांस कार्यक्रमों और क्लबों, पबों, रेस्तरां तथा अन्य स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है ताकि इस वायरस को फैलने से रोका जा सके। सार्वजनिक स्थानों और समारोहों के लिए सड़कों पर लोगों का इकट्ठा होना प्रतिबंधित है, लेकिन इन स्थानों पर आम गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय ब्रिटेन में सामने आए कोरोना वायरस के नए प्रकार पर भारत में नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सचेत रहना होगा और बाहर से आने वालों की जांच करनी होगी और आवश्यक कदम उठाने होंगे।

उन्होंने कहा कि बाहर से लौटने वाले वे सभी लोग जिनका सरकार पता नहीं लगा सकी है कृपया स्वयं अपनी जांच कराएं और संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद करें। उन्होंने कहा, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में मैं उन सभी से अपील करता हूं, जो पिछले दो महीनों में यहां आए हैं, वे आगे आकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराएं और सहयोग करें। यह ख्याल रखें कि आप दूसरों के लिए परेशानी पैदा न करें। अब तक राज्य में लौटे सात लोग कोरोना वायरस के नए प्रकार (स्ट्रेन) से संक्रमित पाए गए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एयर इंडिया और ब्रिटिश एयरवेज की उड़ानों से 25 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक ब्रिटेन से कुल 2,500 लोग राज्य में लौटे हैं।


उनमें से 1,903 यात्रियों की अभी तक जांच की गई है। इनमें से 29 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जबकि 1,599 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। 275 लोगों की रिपोर्ट अभी आनी है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने विदेशों से आए लोगों का पता लगाने के लिए गृह विभाग और पुलिस से संपर्क किया है। एक सवाल के जवाब में एदियुरप्पा ने कहा कि फिलहाल दिशा-निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, अगर दिल्ली से (केन्द्र सरकार) कोई निर्देश आता है तो देखा जाएगा।



नई दिल्ली में बुधवार को त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस के साथ वार्ता करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# शांता कुमार को कोविड-19 उपचार के लिए मोहाली ले जाया गया

**भाषा।** धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)



**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार को कोविड-19 का उपचार कराने के लिए मोहाली के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया है। यह जानकारी बुधवार को अधिकारियों ने दी। एक दिन पहले उनकी पत्नी का निधन कोरोना वायरस से हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि 86 वर्षीय नेता और कोविड-19 से संक्रमित पाए गए उनके पुत्र विक्रम शर्मा को एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पालमपुर में एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम भी उनके साथ गई है। कांगड़ा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गुरदर्शन शर्मा ने कहा कि कुमार का मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में आगे का इलाज चलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य की हालत नियंत्रण में है और सुबह में हल्का बुखार आने के बाद वह अपनी इच्छा से पंजाब के अस्पताल में गए हैं। कांगड़ा के टांडा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सरकारी चिकित्सा कॉलेज (आरपीजीएमसी) के चिकित्सा अधीक्षक सुरिंदर भारद्वाज ने कहा कि कुमार और उनके बेटे में लक्षण नहीं थे और मंगलवार को उन्हें आरपीजीएमसी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और गृह पृथक-वास में रहने की सलाह दी गई।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कुमार की पुत्रवधू और दो पोतियां पालमपुर में गृह पृथक-वास में हैं। कुमार की पत्नी संतोष शैलजा की मंगलवार सुबह कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हो गई। शैलजा का उपचार कांगड़ा के टांडा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सरकारी चिकित्सा कॉलेज में चल रहा था। कुछ दिनों पहले कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# बिहार में राजग घटकों के बीच संबंधों में आए तनाव का फायदा उठाना चाहता है राजद

**भाषा।** पटना

**अरुणाचल** प्रदेश में जदयू विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद बिहार में राजग घटकों के संबंधों में आई खटास का राजद लाभ उठाने का प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बावजूद राजद को विपक्ष में बैठना पड़ रहा है।

विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राजद में शामिल हुए जदयू के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने बुधवार को राजग में तनाव का फायदा उठाने का प्रयास करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के 15 विधायक उनका साथ छोड़ कर राजद में आने को तैयार हैं। पिछले विधानसभा में जदयू के उपनेता रजक ने कहा, मौजूदा गठबंधन में सभी को घुटन महसूस हो रही है जहां मुख्यमंत्री प्रभावशाली भाजपा के समक्ष बेबस नजर आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जदयू विधायकों के पार्टी छोड़कर उनके पाले में आने की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी गई है क्योंकि राजद को आशा है कि अन्य विधायक भी उनके नक्शे कदम पर चलना चाहेंगे और संख्या पार्टी के विभाजन के लिए पर्याप्त हो जाएगी, जोकि दल-बदल कानून के तहत गलत नहीं होगा। जदयू के पास फिलहाल 43 विधायक हैं।

अरुणाचल प्रदेश में जदयू के सात में छह विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद राजद नेताओं के ताजा बयानों में रजक ने यह दावा किया है। उधर, जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को हुई बैठक में पार्टी ने पूर्वोत्तर राज्य में गठबंधन की राजनीति की आत्मा का हनन करने को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुखर प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने हालांकि कहा कि अरुणाचल प्रदेश में जो हुआ उसका असर बिहार पर नहीं होगा लेकिन जदयू इससे आहत जरूर हुआ है। वहीं भाजपा नेता बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि अरुणाचल प्रदेश में पार्टी ने जदयू नेताओं को खरीदा नहीं है। हालांकि, राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश में दल-बदल और बिहार में चिराग पासवान के लोजपा के विद्रोह में संबंध है। पहले जदयू का हिस्सा रहे तिवारी ने कहा, भाजपा के साथ रणनीतिक समझौते के बगैर विधानसभा चुनाव में लोजपा वह कभी नहीं कर पाती जो उसने किया। जदयू को तकलीफ झेलनी पड़ी और उसकी संख्या भाजपा से भी कम हो गई। अनुभवी समाजवादी नेता का विचार है कि भाजपा 2013 में राजग का साथ छोड़ने और प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का विरोध करने के लिए नीतीश कुमार से हिसाब चुकता कर रही है। उनका कहना है कि नरेंद्र मोदी ऐसे व्यक्ति हैं जो कभी नहीं भूलता और कभी माफ नहीं करता।

तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर राजग से बाहर निकलने की सोचते हैं तो राजद और जदयू के बीच फिर से गठबंधन हो सकता है लेकिन इस वक्त गेंद उनके पाले में हैं और उन्हें तय करना है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है आत्मसम्मान या सत्ता। पिछले कुछ साल से राजद से जुड़े लेकिन नीतीश कुमार के पुराने विश्वासपात्र रहे उदय नारायण चौधरी का कहना है, नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना चाहिए और राजद से बाहर हो जाना चाहिए। उन्हें तेजस्वी यादव को नई सरकार बनाने में मदद करना चाहिए। 2024 में राजद उनके एहसान का बदला चुकाते हुए प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनका साथ देगा।

राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा पार्टी का आधिकारिक प्रवक्ता होने के नाते मैं कह सकता हूं कि यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसका समर्थन किया जाए इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। हालांकि वह चौधरी की इस बात से सहमत हैं कि कुमार को तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने में मदद करनी चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा, राजग अस्थिर है और हमारे नेता निकट भविष्य में सरकार बनाएंगे। नीतीश कुमार के लिए यह उचित होगा कि इतिहास में सही पक्ष में रहें। इस बीच, बिहार में राजग ने राजद खेमे में आए उत्साह पर आश्चर्य जताया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल सत्ता का भूखा है।

# लद्दाख मोर्चों के नाम वाले पिल्ले आईटीबीपी के श्वान दल में शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

● आईटीबीपी चीन से लगने वाली 3,488 किमी. लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सरहद की हिफाजत के लिए तैनात


**गलवान,** श्योक और रेजांग समेत 14 बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल के पिल्लों को चीन से लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के युद्धक श्वान दल में बुधवार को शामिल किया गया।

चंडीगढ़ के निकट भानु में बल के प्रशिक्षण केंद्र में नामकरण परेड आयोजित की गई जिसमें उसकी पशु शाखा के प्रमुख डीआईजी सुधाकर नटराजन ने प्रत्येक पिल्ले को उसके नाम वाला विशेष पट्टा पहनाया और बल में शामिल किए जाने के प्रतीक के तौर पर उनके दाहिने कंधे को चांदी की तलवार से छुआ। उनकी देखभाल करने वाले कर्मियों ने इस वादे के साथ डीआईजी को एक जोरदार सलाम किया कि वे उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और लड़ाई के लिए फिट रखेंगे। इन पिल्लों को लद्दाख सेक्टर के विभिन्न रणनीतिक भौगोलिक स्थानों का नाम दिया गया है जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्य रूप से आईटीबीपी पर है। आईटीबीपी चीन से लगने वाली 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सरहद की हिफाजत के लिए तैनात है।

पीटीआई-भाषा ने इस महीने यह खबर पहले ही दी थी कि भानु में बल के राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र (एनटीसीडी) में इन पिल्लों का नाम अनेला, गलवान, सासोमा, श्योक, चांग चेनमो, चिप-चाप, दौलत, रेजांग, रंगो, चार्डिंग, इमिस, यूला, श्रीजाप, सुल्तान चुक्सू, मुखपरी, चुंग-थुंग और खारदुंगी के नाम पर रखा जाएगा। इन पिल्लों का जन्म सितंबर-अक्टूबर में हुआ था।

# भारत में 2,300 से अधिक कुत्ते और 1,415 घोड़े दे रहे पुलिस को सेवा

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारत** में 2,300 से अधिक कुत्ते और 1,415 घोड़े पुलिस को सेवा दे रहे हैं। इस मामले में गुजरात सबसे पहले पायदान पर है और फिर इसके बाद उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र का नंबर है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा जारी किए गए एक जनवरी 2020 तक के आंकड़ों के अनुसार गुजरात पुलिस की सेवा में सर्वाधिक घोड़े और ऊंट हैं तथा महाराष्ट्र पुलिस की सेवा में सर्वाधिक स्निफर डॉग्स तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवा में सर्वाधिक ट्रैकर डॉग्स हैं। ब्यूरो ने नवीनतम ब्योरे में कहा है कि भारत में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ट्रैकर्स डॉग्स, स्निफर डॉग्स, घोड़े और ऊंटों सहित 3,867 जानवर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की इकाई पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल मिलाकर 2,365 कुत्ते (1,516 स्निफर और 849 ट्रैकर्स), 1,415 घोड़े, 28 ऊंट और 59 अन्य जानवर हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में गुजरात पुलिस की सेवा में सर्वाधिक 574 जानवर हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवा में 428, महाराष्ट्र पुलिस की सेवा में 298 और मध्य प्रदेश पुलिस की सेवा में 244 जानवर हैं। गुजरात पुलिस के पास 422 घोड़े, 69 स्निफर, 49 ट्रैकर्स कुत्ते हैं। इसके अलावा इसके पास 28 ऊंट और छह अन्य श्रेणी के जानवर हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के पास 215 घोड़े, 96 स्निफर और 117 ट्रैकर्स कुत्ते हैं। हालांकि, इस राज्य की पुलिस से संबंधित ब्योरे में ऊंटों और अन्य जानवरों से संबंधित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। महाराष्ट्र पुलिस की सेवा में 194 स्निफर और 104 ट्रैकर्स कुत्ते हैं, लेकिन कोई घोड़ा या ऊंट नहीं है। वहीं, मध्य प्रदेश पुलिस के पास 132 घोड़े, 68 स्निफर और 44 ट्रैकर्स कुत्ते हैं। तेलंगाना पुलिस की सेवा में 235, तमिलनाडु में 226, कर्नाटक में 208, पश्चिम बंगाल में 197, राजस्थान में 187, आंध्र प्रदेश में 181, केरल में 157, बिहार में 147 और पंजाब पुलिस की सेवा में 127 जानवर शामिल हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस की सेवा में 86 जानवर शामिल हैं जिनमें 15 ट्रैकर्स और 59 स्निफर कुत्ते तथा 12 घोड़े शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव नहीं होते हैं: जगदीप धनखड़

**भाषा।** कोलकाता




**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं होते हैं और यह सुनिश्चित करना उनका दायित्व है कि लोगों को बिना भय के अपने मताधिकार के इस्तेमाल का अवसर मिले। शहर के पश्चिमी हिस्से में एक मंदिर के दौरे के दौरान धनखड़ ने संवाददाताओं को बताया, बिना डर के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव (राज्य में) नहीं होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं कि लोग किसे मतदान करते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना उनका दायित्व है कि उन्हें बिना किसी भय के अपने मताधिकार के इस्तेमाल का अवसर मिले। उन्होंने सरकारी मशीनरी से भी अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान तटस्थ रहने का अनुरोध किया। धनखड़ के पिछले साल जुलाई में राज्यपाल बनने के बाद से ही उनके साथ टकराव की राह पर रही तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उन्हें हटाने का अनुरोध करते हुए दावा किया था कि वह असंवैधानिक तरीके से काम कर रहे हैं।

टीएमसी प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा, पद संभालने के बाद से ही राज्यपाल बिल्कुल असंवैधानिक तरीके से राज्य प्रशासन और पुलिस के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।

# तमिलनाडु चुनाव में रजनीकांत का समर्थन ले सकती है भाजपा

**भाषा।** चेन्नई



**भाजपा** ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए वह सुपरस्टार रजनीकांत से समर्थन मांग सकती है। रजनीकांत ने एक दिन पहले ही कहा था कि वह राजनीति में आने की योजना छोड़ रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने जोर दिया कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन मजबूत है। उन्होंने हालांकि कहा कि राजग का नेतृत्व राज्य में भी उनकी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। उन्होंने जाहिरा तौर पर यह संकेत दिया कि उनकी पार्टी सत्तारूढ़ दल के अनुसार नहीं चलेगी।

भाजपा के राज्य प्रभारी रवि ने यहां संवाददाताओं से कहा कि तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सबसे बड़ी भागीदार है और स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री उसी पार्टी से होंगे। वह दोनों पार्टियों के बीच के संबंधों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई में संभावित विधानसभा चुनावों की अधिसूचना चुनाव आयोग द्वारा जारी किए जाने के बाद राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में औपचारिक फैसला किया जाएगा। अन्नाद्रमुक ने पहले ही चुनाव में मुख्यमंत्री के रूप में के पलानीस्वामी को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे पहले, भारतीय टीम के पूर्व लेग स्पिनर और क्रिकेट कमेंटेटर, लक्ष्मण शिवारामकृष्णन और स्थानीय निकायों के स्तर पर कई निर्वाचित प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो गए। राजनीतिक पार्टी नहीं बनाने की रजनीकांत की घोषणा पर रवि ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय और तमिलनाडु के हितों की रक्षा की है। उन्होंने कहा, 'वह एक महान नेता हैं।

जब उनसे सवाल किया गया कि क्या उनकी पार्टी अभिनेता से समर्थन मांगेगी, उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है, हम उनसे मांगेंगे। इसी तरह के अन्य सवाल पर रवि ने कहा कि सभी जानते हैं कि मोदी जी और रजनीकांत कितने करीब हैं। अन्नाद्रमुक ने कहा है कि अपना संगठन नहीं बनाने की स्थिति में रजनीकांत उसके नेतृत्व में बने गठबंधन का समर्थन करेंगे। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख एल मुरुगन भी संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे।

# पेज 1 का शेष

## मैराथन बैठक...

पहले 'लंगर भोजन' एक वैन में बैठक स्थल, विज्ञान भवन पहुंचा। आयोजन स्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि वार्ता में शामिल तीनों केंद्रीय मंत्री विराम के दौरान किसानों के साथ 'लंगर' में शामिल हुए। पिछली कुछ बैठकों में किसान नेता अपना खुद का दोपहर भोज, चाय और जलपान कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं और सरकार की जलपान तथा भोज की पेशकश को खारिज करते रहे हैं। इस तरह की एक बैठक में किसान नेताओं ने सिंघू बॉर्डर पर प्रदर्शन स्थल पर लंगर में मंत्रियों को भी आमंत्रित किया था। दोनों पक्षों ने शाम के समय एक और चाय विराम लिया। इस दौरान किसान संगठनों के नेताओं ने सरकार द्वारा आयोजित चाय स्वीकार की। चाय विराम के बाद वार्ता शुरू होने से पहले किसान नेताओं ने आयोजन स्थल पर 'अरदास' भी की। बैठक से पहले वाणिज्य राज्य मंत्री सोमप्रकाश, जो खुद पंजाब से सांसद हैं, ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह निर्णायक बैठक होगी और सरकार चाहती है कि प्रदर्शनकारी किसान नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने घरों को लौट जाएं। पूर्व में, तोमर ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि 2020 के समाप्त होने से पहले गतिरोध का समाधान निकल आएगा। बैठक के लिए आयोजन स्थल पर प्रवेश से पहले टिकैत ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं, किसान दिल्ली नहीं छोड़ेंगे और राजधानी की सीमाओं पर ही नए साल का जश्न मनाया जाएगा। बैठक से पहले पंजाब के किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा, 'हमारा कोई नया एजेंडा नहीं है। सरकार यह कहकर हमारी छवि खराब कर रही है कि किसान बातचीत के लिए नहीं आ रहे हैं। इसलिए हमने वार्ता के वास्ते तारीख दी।' केंद्रीय मंत्रियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक आज अपराह्न लगभग ढाई बजे शुरू हुई। केंद्र ने सितंबर में लागू तीनों नए कृषि कानूनों पर गतिरोध दूर करने के लिए 'खुले मन' से 'तार्किक समाधान' तक पहुंचने के लिए किसान यूनियनों को 30 दिसंबर को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था।'संयुक्त किसान मोर्चा' ने मंगलवार को अपने पत्र में कहा था कि एजेंडे में तीनों विवादित कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने के विषय को शामिल किया जाना चाहिए। छठे दौर की वार्ता नौ दिसंबर को ही होने वाली थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और किसान यूनियनों के कुछ नेताओं के बीच इससे पहले हुई अनौपचारिक बातचीत में कोई नतीजा नहीं निकलने पर बैठक रद्द कर दी गई थी। शाह से मुलाकात के बाद सरकार ने किसान संगठनों को एक प्रस्ताव भेजा था जिसमें नए कानून में सात-आठ संशोधन करने और एमएसपी पर लिखित आश्वासन देने की बात कही गई थी। सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने से इनकार कर दिया था। कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से हजारों किसान राष्ट्रीय राजधानी की अलग-अलग सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में ज्यादातर किसान पंजाब और हरियाणा के हैं।

## बीस हुए...

में मिला। कुल 107 मामलों में से आठ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हैं। नए स्ट्रेन को मूल कोरोना वायरस की तुलना में अधिक घातक और कई गुना तेजी से फैलने वाला माना जा रहा है। यूरोप और अमेरिका में कोरोना वायरस के मामलों में नए सिरे से हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा कि अभी भी देशभर में व्यापक एहतियात और सख्त निगरानी बनाए रखने की जरूरत है। भूषण ने कहा कि यह अच्छी बात होगी यदि नए साल और उससे जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सर्दियों के मौसम के मद्देनजर, सभी संभावित सुपर स्प्रेडर घटनाओं और स्थानों पर भीड़ इकट्ठा होने से रोकनी होगी और एक सख्त निगरानी रखनी होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यूके से मेरठ लौटे नए स्ट्रेन से संक्रमित माता-पिता और उनकी दो साल की बच्ची को शहर के सुभारती मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में निगरानी में रखा गया है। सभी रोगियों को सभी जरूरी सुविधाओं से लैस अलग-अलग कमरे में रखा गया है। बीते 25 नवंबर से 23 दिसंबर की मध्य रात्रि तक ब्रिटेन से भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर लगभग 33,000 यात्री पहुंचे। इन सभी यात्रियों को ढूंढ-ढूंढ कर उनका आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जा रहा है। अभी ब्रिटेन और भारत के अलावा, डेनमार्क, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन, फ्रांस, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, कनाडा, जापान, लेबनान और सिंगापुर में कोरोना का नया स्ट्रेन पाया गया है।

## देश में...

कहा कि फाइजर की ओर से अभी कुछ और समय मांगा गया है, जबकि एसईसी ने सीआईआई और भारत बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त डेटा का विश्लेषण किया। चूंकि विश्लेषण अभी चल रहा है, इसलिए एसईसी की एक जनवरी को फिर बैठक होगी। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि यूके द्वारा हरी झंडी दिए जाने से कई देशों में वैक्सीन को अनुमति मिलने का रास्ता साफ होने की संभावना है। भारत ने कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के दो दिवसीय अभ्यास को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

## जनजातीय समाज...

प्रदेश जनजाति की संपदा से समृद्ध है। यहां अनुसूचित जनजातियों की कुल आबादी करीब 11 लाख 34 हजार है जो अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और अंडमान निकोबार की जनजातीय आबादी से अधिक है। अकेले सोनभद्र जिले में अनुसूचित जनजाति समाज के करीब 4 लाख लोग हैं। इस तबके के लोगों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित शासन की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में दिलाया जाए। सीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग और जनजाति विकास विभाग मिलकर इस समाज के बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया जाना सुनिश्चित करें। युवाओं को उनकी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप कॅरियर के चुनाव में मदद की जाए। रोजगार तथा स्वत: रोजगार के लिए युवाओं को कौशल उन्नयन कार्यक्रमों का लाभ दिलाकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सकता है। इस दिशा में अब तक के प्रयास अच्छे नतीजों वाले रहे हैं। इसे तेज किये जाने की जरूरत है।

## लखनऊ में...

आयोजन के भी निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के मंत्री रमापति शास्त्री ने वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जनजाति समाज के उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े तीन सालों में सरकार से प्रोत्साहन प्राप्त कर जनजातीय समाज के कई बच्चों ने अपनी मेधा और प्रतिभा से अलग पहचान बनाई है। रमापति शास्त्री ने मुख्यमंत्री को लखीमपुर खीरी की रहने वाली थारू समुदाय की महिला आरती राणा द्वारा बनाई गई कॉटन की दरी भेंट की। साथ ही गोंड समुदाय के लोगों द्वारा तैयार और ऑनलाईन मार्केट में उपलब्ध ऑर्गेनिक मूंगफली, तिल, लाल मिर्च, हल्दी, मक्का का पैकेट उपहार स्वरूप भेंट किया। सीएम ने दरी की कीमत और खासियत भी जानी और आरती के हुनर को सलाम किया तो ऑर्गेनिक उत्पादों की सराहना भी की।

## असम विधानसभा...

मदरसा शिक्षा (प्रादेशिक) अधिनियम-1995 और असम मदरसा शिक्षा (प्रादेशिक कर्मचारियों की सेवाओं एवं मदरसा शिक्षा संस्थान पुनर्गठन) अधिनियम- 2018- को रद्द करने का प्रस्ताव है। विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों का जवाब देते हुए सरमा ने कहा, मैं महसूस करता हूं कि यह अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उपहार साबित होगा। मदरसों में जो बच्चे पढ़ रहे हैं वे 10 साल बाद इस फैसले का स्वागत करेंगे। विधेयक के मुताबिक, सभी मदरसों को अगले साल एक अप्रैल से उच्च प्राथमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में तब्दील किया जाएगा लेकिन इनमें कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के दर्जे, वेतन, भत्तों एवं सेवा शर्तों में बदलाव नहीं होगा।

## ब्रिटेन से...

ऐसे तंत्र की बारीकियों पर स्वास्थ्य मंत्रालय के परामर्श से नागरिक विमानन मंत्रालय काम कर सकता है। ब्रिटेन में सामने आए कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के मामले अब तक डेनमार्क, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन, फ्रांस, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, कनाडा, जापान, लेबनान और सिंगापुर में सामने आ चुके हैं।

# कोविड-19: घरेलू क्रिकेट में लार लगाकर गेंद चमकाने की मनाही

## बोर्ड ने 30 पन्नों का स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रोटोकॉल जारी किया

### दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर खिलाड़ियों और टीम के सहायक स्टाफ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी

भाषा। इंदौर

**क्रिकेट** मैचों में गेंदबाज स्विंग हासिल कर विपक्षी बल्लेबाज को मुश्किल में डालने के लिए लार लगाकर गेंद को चमकाते रहे हैं, लेकिन भारत में अगले महीने से शुरू होने जा रहे 2020-21 घरेलू सत्र के दौरान वे ऐसा नहीं कर सकेंगे। कोविड-19 के खतरे के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने विस्तृत स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल जारी किया है जिसमें इस सत्र में गेंद पर लार लगाने की मनाही भी शामिल है।

मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि 30 पन्नों का यह प्रोटोकॉल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 चैंपियनशिप के 10 जनवरी से शुरू होने वाले आयोजन से पहले राज्य क्रिकेट संगठनों को भेजा गया है। गौरतलब है कि इस टी20 टूर्नामेंट के साथ ही भारत के 2020-21 घरेलू सत्र का आगाज होने जा रहा है। यह सत्र कोविड-19 के प्रकोप के कारण काफी बाद में आयोजित किया जा रहा है।

इस सत्र को लेकर बीसीसीआई के जारी प्रोटोकॉल में मोटे अक्षरों में छापा गया क्रिकेट की गेंदों पर लार नहीं लगाया जा सकेगी। प्रोटोकॉल में यह ताकीद भी की गई है कि घरेलू सत्र के प्रशिक्षण सत्र या मैच के दौरान अगर क्रिकेट गेंद किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा संभाली जाती है जो जैव सुरक्षित वातावरण का हिस्सा नहीं है, तो गेंद खिलाड़ियों को दिए जाने से पहले अम्पायर या टीम स्टाफ को इसे सैनिटाइज करना होगा। प्रोटोकॉल में मैच स्थल, होटल, प्रशिक्षण स्थल और परिवहन के दौरान जैव सुरक्षित वातावरण बनाने को कहा गया है। वातावरण खिलाड़ियों के साथ ही टीम के सहायक स्टाफ, मैच अधिकारियों, मैच व आयोजन स्थल के प्रबंधन समूहों, ब्रॉडकास्ट कमेंटेटरों और अन्य कर्मियों के लिए तैयार किए जाएंगे। प्रोटोकॉल के मुताबिक मैचों के सभी प्रतिभागियों को संबंधित शहर में आने के बाद तय होटलों में छह दिन के लिए अलग रखा जाएगा और उन्हें आगमन के पहले, तीसरे और छठे दिन आरटी-पीसीआर पद्धति से कोविड-19 की जांच करानी होगी।

जांच में संक्रमण से मुक्त पाए जाने पर ही उन्हें जैव सुरक्षित वातावरण में प्रवेश दिया जाएगा। प्रोटोकॉल में कहा गया है कि खिलाड़ी और टीम का सहायक स्टाफ 'अपरिहार्य हालात में ही जैव सुरक्षित वातावरण से बाहर जा सकेंगे। उन्हें इस वातावरण से बाहर जाने से पहले अपनी टीम के डॉक्टर की अनुमति लेनी होगी।

प्रोटोकॉल में यह भी कहा गया है कि कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर खिलाड़ियों और टीम के सहायक स्टाफ के खिलाफ बीसीसीआई अनुशासनात्मक कदम उठाएगा।

## अगले दो टेस्ट में रन बनाएंगे स्मिथ और लाबुशेन: कमिंस

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के खराब फॉर्म से कतई चिंतित नहीं है और बड़े स्कोर बनाने वाले दोनों बल्लेबाज भारत के खिलाफ अगले दो टेस्ट में फॉर्म में वापसी करेंगे। इस सप्ताह आईसीसी दशक के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुने गए स्मिथ पहले दो मैचों में दस ही रन बना सके हैं जबकि लाबुशेन ने 47, 6, 48 और 28 रन बनाए। कमिंस ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम सभी ने इतने उंचे मानदंड कायम किए हैं कि हर किसी को लगता है कि हर मैच में ए बड़ा स्कोर बनाएंगे लेकिन असल में तो अभी दो ही टेस्ट हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्मिथ और लाबुशेन दोनों बड़ी पारियां खेलते हैं।

स्मिथ दस बारह साल से चैम्पियन बल्लेबाज है तो कोई दबाव नहीं है। हर खिलाड़ी उतार चढाव से गुजरता है और वापसी करता है। हम किसी दबाव में नहीं है। आस्ट्रेलिया अभी तक इस श्रृंखला में बड़ा स्कोर नहीं बना सका है। एडीलेड टेस्ट में 191 रन बनाने के बाद आठ विकेट से जीत दर्ज की। वहीं मेलबर्न टेस्ट में 195 और 200 रन बनाए।

# सिडनी टेस्ट: विहारी या मयंक होंगे बाहर

### मयंक अग्रवाल अच्छा खिलाड़ी है लेकिन अभी आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहा है: प्रसाद

भाषा। नई दिल्ली

**मेलबर्न** टेस्ट में पांच गेंदबाजों को लेकर उतरने की भारत की रणनीति कारगर रही लेकिन सिडनी में अगले टेस्ट में अजिंक्य रहाणे की टीम के सामने चयन की दुविधा होगी खासकर रोहित शर्मा की वापसी के बाद पारी की शुरूआत को लेकर कठिन फैसला लेना होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल घरेलू श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित काफी कामयाब रहे थे लेकिन अभ्यास के अभाव और मौजूदा हालात में उनका शीर्षक्रम में खेलना संदिग्ध लग रहा है।

मुख्य कोच रवि शास्त्री ने मेलबर्न में आठ विकेट से मिली जीत के बाद कहा था, हम उससे बात करेंगे और देखेंगे कि शारीरिक तौर पर क्या स्थिति है क्योंकि वह दो हफ्ते से पृथकवास पर है। यह भी देखना होगा कि वह कैसा महसूस कर रहा है। शुभमन गिल ने अपने पहले टेस्ट में प्रभावित किया लिहाजा रोहित की वापसी पर मयंक अग्रवाल या हनुमा विहारी में से एक को बाहर होना पड़ेगा। मयंक इस श्रृंखला में लगातार खराब फॉर्म में हैं और एक ही बार दोहरे अंक तक पहुंच सके हैं। वह उतने मजबूत बल्लेबाज नजर नहीं आए जैसे 2018 के दौरे पर थे। वैसे उन्हें बाहर करने का फैसला काफी कठिन होगा।

इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट बतौर सलामी बल्लेबाज रोहित की असल परीक्षा होती लेकिन वह चोटिल हो गए थे। वह इस बार भी चोट से उबरकर लौट रहे हैं और आखिरी मैच उन्होंने 10 नवंबर को आईपीएल फाइनल खेला था। आस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी की चुनौती काफी कठिन होगी चूंकि वह पारी का आगाज करते हैं। चयन समिति के पूर्व प्रमुख एमएसके प्रसाद का मानना है कि रोहित की वापसी पर मयंक या विहारी को हटाना ही विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि मयंक या विहारी में से एक को बाहर जाना होगा। मयंक को बाहर करना कठिन है क्योंकि उसने पिछले 18 महीने में शतक और दोहरे शतक बनाए हैं। रोहित लंबे ब्रेक के बाद पारी का आगाज करेंगे या नहीं, यह भी देखना होगा। हो सकता है कि वह मध्यक्रम में उतरना चाहें।

भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि विहारी और मयंक दोनों को बाहर करके रोहित और केएल राहुल को उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शुभमन ने काफी प्रभावित किया है। उसके पास कौशल और स्थिरता दोनों है। मयंक की जगह मैं राहुल को और विहारी की जगह रोहित को लेना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं रोहित को चौथे या पांचवें नंबर पर देखना चाहूंगा। राहुल लय में है और काफी समय से आस्ट्रेलिया में है। मयंक अच्छा खिलाड़ी है लेकिन अभी आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहा है। रहाणे भी लय में है और भारतीय टीम मजबूत लग रही है।

## मेलबर्न में भारतीय टीम से जुड़े रोहित शर्मा

**मेलबर्न।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा सिडनी में दो सप्ताह तक पृथकवास पर रहने के बाद बुधवार को यहां भारतीय टीम से जुड़ गए जिससे दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करके आत्मविश्वास से ओतप्रोत टीम को मजबूती मिली है। एडीलेड में पहले टेस्ट मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर आउट होने के बाद भारतीय टीम ने मेलबर्न में शानदार वापसी करके चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अब रोहित की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें मुख्य कोच रवि शास्त्री इस सलामी बल्लेबाज से पूछ रहे हैं, पृथकवास के दिन कैसे गुजरे दोस्त। इस पर रोहित ने कहा कि वह अधिक युवा महसूस कर रहे हैं। रोहित को चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, ऋद्धिमान साहा, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से मिलते हुए दिखाया गया है। शास्त्री ने दूसरे मैच के समाप्त होने के बाद कहा था कि रोहित को सिडनी में सात जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल करने से पहले उनकी फिटनेस पर गौर किया जाएगा। बीसीसीआई ने 11 दिसंबर को घोषणा की थी कि इस सलामी बल्लेबाज ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है जिससे उनका चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने का रास्ता साफ हुआ था।

## आस्ट्रेलियाई टीम में कुछ खिलाड़ी जगह बनाने के लिए खेल रहे हैं: तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपने समय की आस्ट्रेलिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेले हैं लेकिन जब वह मौजूदा बल्लेबाजी क्रम को देखते हैं तो उन्हें यह कम स्थिर नजर आता है जिसमें कुछ खिलाड़ी टीम में जगह बनाने के लिए खेल रहे हैं। एडीलेड में शर्मनाक हार के बाद मेलबर्न में दूसरे टेस्ट में भारत की जोरदार जीत के बाद तेंदुलकर ने आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी, अजिंक्य रहाणे की कप्तानी और मेलबर्न में पदार्पण करने वाले मोहम्मद सिराज और शुभमन गिल के प्रदर्शन पर बात की। तेंदुलकर ने कहा कि जब मैं आस्ट्रेलिया के मौजूदा बल्लेबाजी क्रम और अतीत के कुछ बल्लेबाजी क्रम को देखता हूं तो मुझे लगता है कि अतीत के बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता थी। वे खिलाड़ी अलग तरह के जज्बे के साथ बल्लेबाजी करते थे लेकिन इस टीम में काफी स्थिरता नजर नहीं आती। पहले दो टेस्ट में आस्ट्रेलिया की तीन पूर्ण पारियों में भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान टीम को क्रमश: 191, 195 और 200 रन पर ढेर कर दिया। एलेन बॉर्डर, मार्क टेलर और वॉ बंधुओं के समय ऐसा देखने को नहीं मिलता था। यहां तक कि रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, डेमियन मार्टिन, एडम गिलक्रिस्ट और माइकल क्लार्क के समय आस्ट्रेलियाई टीम के साथ ऐसा नहीं था। तेंदुलकर ने कहा कि इस मौजूदा आस्ट्रेलियाई टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो अच्छी फॉर्म में नहीं है और टीम में अपने स्थान को लेकर सुनिश्चित नहीं हैं। पहले की टीमों में वे बल्लेबाज अपने स्थानों पर खेलते थे क्योंकि बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी स्थिरता थी। श्रृंखला का आकर्षण रविचंद्रन अश्विन और स्टीव स्मिथ के बीच की जंग भी रही है और तेंदुलकर ने बताया कि आखिर क्यों यह सीनियर आफ स्पिनर इस बल्लेबाज पर दबदबा बनाने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में स्मिथ आर्म बॉल पर आउट हुए या आप इसे सीधी गेंद कह सकते हैं जिसे अश्विन अलग तरह से फेंकते हैं। तेंदुलकर ने रहाणे की कप्तानी और मुश्किल हालात में उनके शतक की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारी टीम का शानदार प्रदर्शन था, जिस तरह हमारी टीम खेलने सक्षम रही और जिस तरह अजिंक्य ने टीम की अगुआई की। साथ ही अगर आप सीनियर क्रिकेट और उनके योगदान को देखो तो यह काफी अच्छा रहा। तेंदुलकर ने कहा कि रहाणे की 112 रन की पारी में सतर्कता और आक्रामकता का शानदार मिश्रण रहा। तेंदुलकर ने जीत में तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह के योगदान पर कहा, तेज गेंदबाजी विभाग में, बुमराह ने आक्रमण के अगुआ के रूप में अधिक जिम्मेदारी ली और जब भी खिलाड़ी निराश थे तो उन्होंने और कड़ा प्रयास किया। यह चैंपियन गेंदबाज का संकेत है।

## जो बर्न्स बाहर, वॉर्नर और पुकोवस्की की वापसी

**मेलबर्न।** भारत के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए डेविड वॉर्नर और विल पुकोवस्की की आस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है लबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स को बाहर कर दिया गया है। बर्न्स चार पारियों में महज एक अर्धशतक बना सके हैं। एडीलेड में उन्होंने आठ और नाबाद 51 रन बनाए थे जबकि मेलबर्न में वह 0 और 4 पर आउट हो गए थे।

एडीलेड टेस्ट गंवाने के बाद भारत ने मेलबर्न टेस्ट जीता। ग्रोइन की चोट के कारण पहले दो टेस्ट से बाहर रहे वॉर्नर अब फिट हैं। वहीं दूसरे अभ्यास मैच में सिर में चोट लगने के बाद पुकोवस्की भी अब सिडनी टेस्ट खेलने के लिए फिट हैं। आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा कि जो बर्न्स को टीम से बाहर किया गया है जो ब्रिसबेन हीट्स के लिए खेलेंगे। वह अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। डेविड वॉर्नर, विल पुकोवस्की और सीन एबोट कल मेलबर्न में टीम से जुड़ेंगे। तीसरा टेस्ट सात जनवरी से शुरू होगा।

**टीम:** टिम पेन (कप्तान), सीन एबोट, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मोइजेस हेनरिक्स, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नासिर, जेम्स पेटिंसन, विल पुकोवस्की, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर।

## अभी सन्यास का कोई इरादा नहीं हैं रोनाल्डो

**तूरिन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो फरवरी में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन उनका संन्यास लेने या मैचों की संख्या कम करने का कोई इरादा नहीं है। युवेंटस और पुर्तगाल के इस स्टार ने कहा कि मैं अब भी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं फुर्तीला हूं और अपनी जिंदगी के अच्छे दौर में हूं। उन्होंने कहा कि मुझे अधिक से अधिक वर्षों तक खेलने की उम्मीद है लेकिन भविष्य के गर्त में क्या छिपा है कोई नहीं जानता। इस स्टार स्ट्राइकर को अभी युवेंटस के साथ एक और सत्र बिताना है। उनका अनुबंध 2022 में समाप्त होगा और वह तब भी संन्यास पर विचार नहीं करेंगे। रोनाल्डो ने कहा कि अगर आप खेलने के लिए प्रेरित महसूस करते हैं तो यह मायने नहीं रखता। क्रिस्टियानो अब अच्छा है। उन्होंने कहा कि जब मैं युवाओं से बात करता हूं तो उन्हें यही सलाह देता हूं कि अभी इस पल का पूरा आनंद लो क्योंकि हम नहीं जानते कि कल क्या होगा।

## मेलबर्न में जीत के साथ भारतीय क्रिकेट ने साल को दी विदाई


**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी , खाली मैदानों, बायो बबल से जूझते और महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को भरने की कोशिश में जुटे भारतीय क्रिकेट ने मेलबर्न में ऐतिहासिक टेस्ट जीत के साथ वर्ष 2020 को विदाई दी। कोरोना महामारी से मैदा हुए हालात में चुनौतियां नई और विचित्र हैं जिसमें खेलों के मैदानों से दर्शक दूर हैं और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धाओं का इंतजार कर रहे हैं। क्रिकेट ने हालांकि प्रशंसकों के चेहरों पर मुस्कुराहटें लौटाई जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त अरब अमीरात में इंडियन प्रीमियर लीग का सफल आयोजन किया। जैव सुरक्षित माहौल में रहना हालांकि क्रिकेटरों के लिए आसान नहीं था। आपाधापी से भरी जीवन शैली के बीच इस महामारी ने क्रिकेटरों को आत्ममंथन और जीवन की प्राथमिकताएं नए सिरे से तय करने का मौका दिया। कैबिसो रबाडा जैसे खिलाड़ियों ने बायो बबल को पांच सितारा जेल कहा तो डेविड वॉर्नर ने नई बहस छेड़ दी कि नए नॉर्मल के स्थाई होने पर क्या पैसों का मोह छोड़कर खिलाड़ी तय कर सकते हैं कि उन्हें कितनी क्रिकेट खेलनी है। दर्शकों के शोर के बीच खेलने के आदी क्रिकेटरों के लिए खाली मैदानों में उतरना और हमेशा की तरह खेल पाना मुश्किल था। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी स्वीकार किया कि मैदान पर दर्शकों का नहीं होना अखरता है जिनकी तालियां खिलाड़ियों के लिए टॉनिक का काम करती हैं। कोहली इस साल फिर आईपीएल जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके और किसी प्रारूप में शतक नहीं बना पाए। उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल तीनों टेस्ट गंवाए और एडीलेड में टीम न्यूनतम टेस्ट स्कोर 36 रन पर आउट हो गई।

## मुश्ताक अली के लिए श्रीसंत केरल टीम में

भाषा। कोच्चि

**भारत** के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को अगले महीने शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए केरल की टीम में शामिल किया गया है। मैच फिक्सिंग के आरोपों में सात साल का प्रतिबंध झेल चुके श्रीसंत का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग में कथित भागीदारी के कारण श्रीसंत पर प्रतिबंध लगाया था। प्रदेश क्रिकेट बोर्ड ने 10 जनवरी से मुंबई में शुरू हो रहे मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए उन्हें टीम में रखा है। श्रीसंत पर लगा प्रतिबंध इस साल सितंबर में खत्म हो गया था। इससे पहले इस महीने की शुरूआत में उन्हें अलपुझा में टी-20 टूर्नामेंट खेलना था जो कोरोना महामारी के कारण रद्द कर दिया गया। संजू सैमसन केरल की टीम के कप्तान होंगे, जबकि सचिन बेबी उपकप्तान रहेंगे।

## थाईलैंड में दो टूर्नामेंटों में सिंधू को आसान और साइना को कड़ा ड्रा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधू को थाईलैंड में होने वाले टूर्नामेंटों में आसान ड्रा मिला है, लेकिन उन्हीं की तरह कोविड-19 महामारी के कारण लगभग 10 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वापसी करने वाली साइना नेहवाल को कड़ा ड्रा मिला है। मार्च में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के बाद विश्व बैडमिंटन महासंघ को अपने कई टूर्नामेंट स्थगित या रद्द करने पड़े थे। उसने इसके बाद केवल दो टूर्नामेंट डेनमार्क ओपन और सारलोरलक्स ओपन का आयोजन किया था जिनमें सिंधू और साइना में से कोई नहीं खेला था। अब सभी खिलाड़ियों की निगाहें दो सुपर 1000 प्रतियोगिताओं योनेक्स थाईलैंड ओपन (12 से 17 जनवरी) और टोयोटा थाईलैंड ओपन (19 से 24 जनवरी) पर टिकी रहेंगी जिनमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलेंगे। विश्व चैंपियन और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू शुरुआती टूर्नामेंट के पहले दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफील्ड से भिड़ेंगी जबकि हाल में कोविड-19 से उबरने वाली साइना को शुरू में ही जापान की नोजोमी ओकुहारा का सामना करना होगा। टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी सिंधू अगले टूर्नामेंट के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान से मुकाबला करेंगी जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को थाईलैंड की एक और स्टार और चौथी वरीयता प्राप्त रतचानोक इंतानोन की चुनौती से पार पाना होगा। बीडब्ल्यूएफ ने जो ड्रा जारी किए हैं, उनके अनुसार 25 वर्षीय सिंधू को दोनों टूर्नामेंटों में छठी वरीयता दी गई है। सिंधू पिछले दो महीने से लंदन में अभ्यास कर रही हैं। पुरुष एकल में कुल सात खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत, ओलंपिक में जगह बना चुके बी साई प्रणीत और युवा लक्ष्य सेन भी शामिल हैं। अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हमवतन सौरभ वर्मा से जबकि लक्ष्य डेनमार्क के रासमस गेमके से भिड़ेंगे। प्रणीत का सामना स्थानीय खिलाड़ी कांताफोन वांगचारोन से होगा। एचएस प्रणय का सामना मलेशिया के आठवें वरीय ली जी जिया, पारुपल्ली कश्यप का जापान के केंटा निशिमोतो और समीर वर्मा का इंडोनेशिया के शेसार हीरेन रूस्तावितो से होगा। श्रीकांत दूसरे टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी सिट्टीकोम थम्मासिम से और प्रणीत मलेशिया के डेरेन लियु से भिड़ेंगे लेकिन लक्ष्य को चीनी ताइपे के दूसरे वरीय चो टिएन चेन की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। अन्य खिलाड़ियों में कश्यप का सामना गेमके से, प्रणय का छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोनाथन क्रिस्टी से जबकि वर्मा बंधुओं समीर और सौरभ का क्रमश: आठवें वरीय जी जिया और इंडोनेशिया के पांचवें वरीय एंथनी सिनिसुका से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले टूर्नामेंट में कोरिया के किम गी जुंग और ली योंग दे खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि दूसरी प्रतियोगिता में उनका सामना हमवतन मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी से होगा।

# न्यूजीलैंड की पहले टेस्ट में पाक पर रोमांचक जीत

### पाकिस्तान को 101 रन से हराकर विश्व टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टीम बनी न्यूजीलैंड

एपी। माउंट मोनगानुई



**न्यूजीलैंड** ने पहले क्रिकेट टेस्ट में पाकिस्तान को 101 रन से हराकर इस सत्र में घरेलू टेस्ट मैचों में जीत की हैट्रिक लगाई और दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त भी बना ली। इसके साथ ही पहली बार न्यूजीलैंड टीम विश्व टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर वन टीम बन गई। पाकिस्तान ने हालांकि उसे कड़ी चुनौती दी और इस सत्र में पहली बार न्यूजीलैंड का कोई टेस्ट पांचवें दिन तक खिंचा। पाकिस्तानी टीम को जीत के लिए 373 रन का लक्ष्य मिला था और 71 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद पूरी टीम दूसरी पारी में 271 रन पर आउट हुई। इससे पहले पाकिस्तान को पहली पारी में 239 रन पर आउट करके मेजबान ने 192 रन की बढ़त ली थी। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 11वें नंबर के बल्लेबाज नसीम शाह को पवेलियन भेजा। इससे पहले नसीम और शाहीन अफरीदी ने कीवी गेंदबाजों को आठ ओवर तक छकाया। आखिरी दिन सुबह ट्रेंट बोल्ट ने अजहर अली (38) को दिन की तीसरी ही गेंद पर आउट कर दिया। इसके बाद हालांकि फवाद आलम और मोहम्मद रिजवान ने न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीदों पर लगभग पानी ही फेर दिया था। दोनों ने शतकीय साझेदारी करके कीवी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर दोनों ने आखिरी दिन सुबह दो सत्र निकाले और ड्रा की उम्मीदें जगा दी थी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 165 रन जोड़े और पांच घंटे तक क्रीज पर डटे रहे। फवाद ने 236 गेंद में 14 चौकों की मदद से 102 रन बनाए। वहीं पहली पारी में 71 रन बनाकर पाकिस्तान को फॉलोआन से बचाने वाले रिजवान ने 156 गेंद में 60 रन की पारी खेली।

काइल जैमीसन ने रिजवान को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। फवाद को नील वेगनेर ने विकेटकीपर बी जे वाटलिंग के हाथों लपकवाया। इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों से चमत्कार की उम्मीद करना बेमानी था।

## अर्जेंटीना दौरे के साथ होगी भारतीय महिला हॉकी की बहाली

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम अगले सप्ताह शुरू हो रहे अर्जेंटीना दौरे के साथ कोरोना महामारी के बीच करीब एक साल बाद मैदान पर लौटेगी और ओलंपिक की तैयारियां बहाल करेगी। भारतीय टीम के 25 खिलाड़ियों और सात सहयोगी स्टाफ का कोर समूह तीन जनवरी को दिल्ली से रवाना होगा। भारतीय टीम 17 जनवरी से मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ आठ मैच खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि टोक्यो ओलंपिक के लिए जुलाई 2021 में खेल गांव पहुंचने में अब 200 दिन के करीब समय रह गया है। अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर तैयारी करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम इस मौके से काफी रोमांचित हैं। इससे हमें पता चलेगा कि बेंगलुरू में पांच महीने के राष्ट्रीय शिविर के बाद हम किस स्थिति में हैं। भारतीय महिला टीम ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल जनवरी में न्यूजीलैंड में खेला था। भारत ने न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन मैच जीते थे। भारत के कोच शोर्ड मारिन ने कहा कि मैं खुश हूं कि एक साल बाद हम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने जा रहे हैं।इससे हमें पता चल जाएगा कि तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों के लिए अगला कदम क्या होगा। हॉकी इंडिया और मेजबान हॉकी संघ ने दोनों टीमों के लिए बायो बबल तैयार किया है। भारतीय महिला टीम ऐसे होटल में रहेगी जहां हर बार भोजन, टीम बैठकों और सत्रों के लिए अलग अलग कमरे या हॉल रहेंगे। एक कमरे में दो लोग रहेंगे और पूरे दौरे पर वे ही दोनों लोग कमरा साझा करेंगे।

## 29 दिसंबर तक 4.54 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त** वर्ष 2019-20 (आकलन वर्ष 2020-21) के लिए 29 दिसंबर तक 4.54 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। आयकर विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष में तुलनात्मक अवधि तक 4.77 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे। बिना विलंब शुल्क के वित्त वर्ष 2018-19 (आकलन वर्ष 2019-20) के लिए अंतिम तिथि तक 5.65 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे। पिछले साल आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख को 31 अगस्त, 2019 तक बढ़ाया गया था। आयकर विभाग ने ट्वीट किया, आकलन वर्ष 2020-21 के लिए 29 दिसंबर तक 4.54 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में से 2.52 करोड़ करदाताओं ने आईटीआर-1 दाखिल किया है। पिछले साल 29 अगस्त, 2019 तक यह आंकड़ा 2.77 करोड़ का रहा था। 29 दिसंबर तक एक करोड़ आईटीआर-4 दाखिल किए गए। वहीं 29 अगस्त, 2019 तक 99.50 लाख आईटीआर-4 दाखिल किए गए। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2019-20 के लिए व्यक्तिगत आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या घटी है जबकि कंपनियों और न्यासों द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न की संख्या में इजाफा हुआ है। आईटीआर-1 सहज फॉर्म को कोई भी सामान्य निवासी जिसकी सालाना आय 50 लाख रुपए से अधिक नहीं है, अपनी व्यक्तिगत आय के बारे में जानकारी देते हुए भर सकता है। वहीं आईटीआर- 4 सुगम फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) द्वारा भरा जा सकता है जिनकी व्यवसाय और किसी पेशे से अनुमानित आय 50 लाख रुपए तक है।

## भेल को परमाणु बिजली निगम से ठेका मिला

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल ने बुधवार को कहा कि उसे भारतीय परमाणु बिजली निगम लिमिटेड से एक ठेका मिला है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे एनपीसीआईएल से 32 रिएक्टर हैडर असेंबली की आपूर्ति के लिए ठेका मिला है। भेल ने कहा कि ठेका देश के चार अलग-अलग स्थानों पर 700 मेगावाट के दबाव वाले भारी जल रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) की स्थापना के लिए एनपीसीआईएल के फ्लीट मोड खरीद के तहत उसे मिला है। बयान में कहा गया कि इन परमाणु रिएक्टरों की स्थापना से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति मिलेगी।

सरकार ने 2017 में 10 परमाणु रिएक्टरों के फ्लीट मोड क्रियान्वयान को मंजूरी दी थी।

## सेंसेक्स और निफ्टी रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचा

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी दोनों नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुए। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच वित्तीय कंपनियों, वाहन और आईटी कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में शेयर बाजारों में तेजी आई है। एस्ट्राजेनका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित कोविड-19 टीके को ब्रिटेन में मंजूरी से यूरोपीय शेयर बाजरों में शुरूआती करोबार में तेजी रही। ब्रिटेन पहला देश है, जिसने इन कंपनियों के टीके को मंजूरी दी है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने मंजूरी को उत्साहजनक बताया और कहा कि कंपनी अब भारत में टीके को अंतिम मंजूरी मिलने का इंतजार करेगी। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 133.14 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 47,746.22 अंक की रिकार्ड उंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय अब तक के सर्वोच्च स्तर 47,807.85 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 49.35 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकार्ड 13,981.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 13,997 के उच्चतम स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में 4.11 प्रतिशत से अधिक की मजबूती आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस में 2.63 प्रतिशत और मारुति में 2.11 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, एचयूएल, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, भारतीय स्टेट बैंक आदि हैं।

## एथनॉल डिस्टिलरीज के लिए 4,573 करोड़ की ब्याज सहायता को मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने एथनॉल का उत्पादन करने वाली नई डिस्टिलरीज के लिए 4,573 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता को मंजूरी दी है। इस एथनॉल का इस्तेमाल पेट्रोल में मिलाने के लिए किया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रधान ने कहा कि कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत को 2030 तक 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल की जरूरत होगी। अभी देश की एथनॉल उत्पादन क्षमता 684 करोड़ लीटर की है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एथनॉल आसवन क्षमता के विस्तार के लिए एक संशोधित योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत जौ, मक्का जैसे मोटे अनाज, गन्ने और चुकंदर से पहली पीढ़ी के एथनॉल का उत्पादन किया जाएगा।

# अमेरिका में नए प्रकार का कोरोना वायरस संक्रमण

**एपी।** डेनवर (अमेरिका)

**अमेरिका के** कोलोराडो में कोरोना वायरस के नए स्वरूप के संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। हालांकि संक्रमित व्यक्ति का कहीं की भी यात्रा का इतिहास नहीं है।

मामला सामने आने के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि नया वायरस राज्य में कैसे आया। कोलोराडो के अधिकारियों के इस संबंध में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देने की संभावना है।एल्बर्ट काउंटी के लोक स्वास्थ्य निदेशक ड्वेन स्मिथ के अनुसार कोलोराडो राज्य में नए वायरस का दूसरा संदिग्ध मामला भी सामने आया है। दोनों सिमला के एल्बर्ट काउंटी कम्युनिटी में काम करते हैं। दोनों में से कोई भी अल्बर्ट काउंटी का रहने वाला नहीं है। इससे यह आशंका है कि वायरस का नया रूप पूरे राज्य में फैल सकता है।राज्य के गवर्नर जैरेड पोलिस ने इसकी पुष्टि की है।कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बारे में सबसे पहले ब्रिटेन में पता चला था।कोलोराडो के डेनवर में 20 वर्षीय एक युवक में वायरस का नया प्रकार मिला है। उसे पृथक-वास में रखा गया है। युवक ने हाल-फिलहाल कहीं यात्रा नहीं की थी। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोलोराडो राज्य की प्रयोगशाला ने वायरस का नया स्वरूप मिलने की पुष्टि की है और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र को इस बारे में सूचित किया है। ब्रिटेन में वैज्ञानिकों का मानना है कि वायरस का नया स्वरूप, पुराने स्वरूप से अधिक संक्रामक है। कोलोराडो के स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टीकाकरण अभियान जारी है और उम्मीद है कि नए स्वरूप पर भी यह असरदार होगा।

## अमेरिका में अस्पतालों और बीमा कंपनियों को बताना होगा खर्च का ब्योरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने अस्पतालों और बीमा कंपनियों को सामान्य जांच और प्रक्रियाओं में होने वाले वास्तविक खर्च की जानकारी मुहैया कराने का आदेश देने संबंधी संघीय प्रशासन की योजना के पक्ष में फैसला सुनाया है।व्हाइट हाउस ने इस फैसले का स्वागत किया है। अमेरिकन हॉस्पिटल एसोसिएशन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की इस योजना को अदालत में चुनौती दी थी।फैसले में कहा गया है कि अस्पताल के साथ स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को खर्च का ब्योरा बताना होगा। यह एक जनवरी 2021 से प्रभावी होगा।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैली मेकनैनी ने एक बयान में कहा, अस्पतालों के खर्च में पारदर्शिता लाने का यह परिवर्तनकारी फैसला होगा। इसके लिए हर मोर्चे पर लड़ा गया। उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले से अमेरिकी लोगों को यह भरोसा होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप मरीजों को अंधेरे में रखने वालों के निहित स्वार्थ के आगे नहीं झुकेंगे। अमेरिकन हॉस्पिटल एसोसिएशन (एएचए) की वकील मेलिंडा हैटन ने कहा कि वह खर्च के ब्योरे में पारदर्शिता लाने और मरीजों को इसकी जानकारी दिए जाने का समर्थन करती हैं लेकिन वह फैसले से खुश नहीं हैं।उन्होंने कहा कि एएचए का मानना है कि इससे मरीजों को कोई मदद नहीं मिलेगी, बल्कि इससे भ्रम पैदा होगा। बीमा कंपनियों ने भी इस फैसले का विरोध किया है।



बेलारूस के राष्ट्रपति मिंस्क में नववर्ष के आगमन को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डांस करते हुए

# प्रचंड के साथ समझौते कर थक गया हूं : प्रधानमंत्री ओली

**भाषा।** काठमांडू



**प्रधानमंत्री** के पी शर्मा ओली ने बुधवार को कहा कि वह विरोधी धड़े के नेता पुष्क कमल दहल प्रचंड के साथ समझौते कर थक चुके हैं। साथ ही ओली ने उन पर सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को एकजुट रखने के लिए पूर्व में किए गए कई समझौतों के उल्लंघन का आरोप भी लगाया। ओली की टिप्पणी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री गुओ एझो के नेतृत्व वाले चार सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल के वापस लौटने के कुछ घंटों बाद आई है। यह चीनी प्रतिनिधिमंडल दोनों नेताओं के बीच टकराव खत्म कर सुलह कराने आया था।

नेपाल में उस वक्त आर्थिक संकट गहरा गया जब बीजिंग की तरफ अपने झुकाव के लिए चर्चित ओली ने 20 दिसंबर को अचानक 275 सदस्यों वाले सदन को भंग करने की अनुशंसा कर दी। उन्होंने प्रचंड के साथ चल रही खींचतान के बीच यह अप्रत्याशित कदम उठाया। प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर कार्वाई करते हुए राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उसी दिन सदन को भंग कर दिया और 30 अप्रैल व 10 मई को नए चुनावों का ऐलान कर दिया। इसके विरोध में नेपाल में एनसीपी के प्रचंड धड़े के समर्थकों ने व्यापक प्रदर्शन किया। प्रचंड सत्ताधारी एनसीपी में सहअध्यक्ष भी हैं। माई रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक, काठमांडू में अपने धड़े के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओली ने विरोधी धड़े के नेताओं पर सत्ता में आने के बाद बीते दो वर्षों से पार्टी और सरकार के संचालन में असहयोग का आरोप लगाया। इसमें कहा गया है कि एनसीपी के एक धड़े के अध्यक्ष ओली ने प्रचंड पर पूर्व में पार्टी को एकजुट रखने के लिए किए गए कई समझौतों के उल्लंघन का आरोप लगाया।

# अमेरिका ने भारत में स्थित कॉल सेटरों से चल रही धोखाधड़ी योजना पर लगाया प्रतिबंध

**भाषा।** न्यूयॉर्क

● न्याय विभाग ने इस मामले में सहयोग के लिए भारत के केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो का आभार व्यक्त किया

**अमेरिका की** अदालत ने अमेरिकी नागरिक द्वारा चलाई जा रही तकनीकी समर्थन योजना को स्थाई रूप से बंद करने का आदेश दिया है, जिसका संचालन भारतीय कॉल सेंटरों के मार्फत किया जा रहा था और जिसके जरिए सैकड़ों अमेरिकी बुजुर्गों और संवेदनशील वर्ग के लोगों के साथ कथित रूप से धोखाधड़ी की गई थी।

अमेरिका के कानून मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि एक जिला अदालत ने कैलिफोर्निया के ग्लेनडेल के निवासी माइकल ब्रायन कोटर (59) और चार कंपनियों द्वारा टेली मार्केटिंग या वेबसाइटों के जरिए तकनीकी सहयोग या सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रदान करने पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। नागरिक संभाग के कार्यवाहक सहायक अटॉर्नी जनरल जेफरी बोसर्ट क्लार्क ने कहा, विभाग संवेदनशील अमेरिकियों विशेषकर बुजुर्गों की मेहनत की कमाई की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। न्याय विभाग ने इस मामले में सहयोग के लिए भारत के केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो का आभार व्यक्त किया।

**करीमा बलोच की हत्या का मामला**

# अमेरिका में कनाडाई दूतावास के बाहर प्रदर्शन

**भाषा।** वाशिंगटन,

**बलोच समुदाय** की जानी मानी नेता करीमा बलोच की टोरंटो में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में समुदाय के लोगों ने अमेरिका में कनाडाई दूतावास के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को दिए ज्ञापन में बलोच समुदाय के सदस्यों ने कहा, बलूचिस्तान में बड़े पैमाने पर लोग प्रदर्शन कर अपनी नेता करीमा मेहराब के लिए न्याय मांग रहे हैं। समुदाय के लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए हम मामले में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच चाहते हैं। बलोच समुदाय और करीमा के परिवार को कनाडा सरकार से न्याय मिलने की उम्मीद है। वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को कनाडाई दूतावास के बाहर बलोच समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया।बलूचिस्तान प्रांतीय असेंबली के पूर्व अध्यक्ष वहीद बलोच ने पीटीआई से कहा कि टोरंटो में करीमा बलोच की हत्या राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ने उनकी हत्या की है। वहीद बलोच ने कहा, करीमा बलूचिस्तान में कमजोर वर्ग की आवाज थीं। वह पाकिस्तानी सेना और उसकी नीतियों तथा कार्वाइयों की मुखर आलोचक थीं। सामाजिक कार्यकर्ता नबी बख्श बलोच ने कहा कि करीमा को पाकिस्तान में जान का खतरा था और उन्होंने 2015 में कनाडा में राजनीतिक शरण मांगी थी। कनाडा में रहकर वह बलूचिस्तान के लोगों के लिए लड़ रही थीं।नबी बख्श बलोच ने कहा, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई कनाडा में उन्हें लगातार धमकी भरे संदेश भेज रही थी। वे उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देते थे। पाकिस्तान में उनके परिवार को निशाना बनाया गया। उनके रिश्तेदार को गिरफ्तार किया गया, उन्हें हिरासत में प्रताड़ित किया गया और गैरकानूनी रूप से फांसी दे दी गई। उन्होंने आरोप लगाया, पाकिस्तानी सेना बलोच नेताओं की हत्या में शामिल हैं। उनकी अचानक मौत हो देखते हुए हम हत्या की आशंका से इनकार नहीं कर सकते हैं।

# यमन के अदन हवाई अड्डे पर विस्फोट, 16 लोगों की मौत

● 60 घायल

**एपी।** सना (यमन)

**यमन के** दक्षिणी शहर अदन के हवाई अड्डे पर बुधवार को भीषण धमाका हुआ। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका नव गठित कैबिनेट के सदस्यों को लेकर आए विमान के उतरने के कुछ देर बाद हुआ। विस्फोट के कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 60 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धमाके की वजह की तत्काल जानकारी नहीं मिली और न ही किसी संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी ली है। घटनास्थल के फुटेज में दिख रहा है कि सरकारी प्रतिनिधिमंडल के विमान से बाहर आते ही धमाका हुआ। सरकारी विमान में सवार कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ और कई मत्रियों को वापस विमान में सवार होते हुए देखा गया।

सरकारी विमान में सवार यमन के संचार मंत्री नजीब अल अवग ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि उन्होंने दो धमाकों की आवाज सुनी और ऐसा लगा कि यह ड्रोन हमला है। यमन के प्रधानमंत्री मईन अब्दुल मलिक सईद और अन्य को धमाके के बाद तुरंत हवाई अड्डे से शहर स्थित मशिक पैलेस ले जाया गया। उन्होंने बताया, अगर विमान पर बमबारी होती तो यह विनाशक होता। अदन स्वास्थ्य कार्यालय के उप प्रमुख मोहम्मद अल रोउबिद ने एपी को बताया कि धमाके में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई है जबकि 60 अन्य घायल हुए हैं। घटनास्थल से सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में हवाई अड्डे के भवन के आसपास मलबा एवं टूटे हुए शीशे पड़े दिखे और कम से कम दो शव वहां पड़े हुए थे जिनमें एक शव जला हुआ था।

## ब्रिटिश सांसदों ने यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्जिट करार को दी मंजूरी

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की संसद ने बुधवार को ब्रेक्जिट करार को 73 के मुकाबले 521 मतों से मंजूरी दे दी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूरोपीय संघ (ईयू) से अलग होने के तहत हुए मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को संसदीय मंजूरी दिलाने के लिए क्रिसमस की छुट्टियों के बाद बुधवार को संसद का सत्र बुलाया था ताकि अगले साल एक जनवरी को ईयू से भविष्य में होने वाले संबंधों के लिए प्रभावी हो रहा कानून संसदीय मंजूरी के साथ सभी बाधाएं पार कर जाए।

ब्रेक्जिट के लिए 31 दिसंबर तक की समय सीमा से महज कुछ समय पहले बनी सहमति के बाद 80 पन्नों का विधेयक संसद में पेश किया गया। इस पर पहले हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों ने चर्चा की और उसके बाद विधेयक पर हाउस ऑफ लार्ड में चर्चा हुई।

# अर्जेंटीना की सीनेट ने गर्भपात को वैध करार देने संबंधी विधेयक को दी मंजूरी

**एपी।** ब्यूनस आयर्स

**अर्जेंटीना** की सीनेट ने गर्भपात को वैध करार देने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया है। महिलाएं इस अधिकार के लिए दशकों से आंदोलन कर रही थीं। सीनेट में बुधवार को बहुमत से इस विधेयक को पारित कर दिया गया। विधेयक में 14 सप्ताह तक की गर्भवती महिला के गर्भपात को वैधानिक कर दिया गया है। यही नहीं, बलात्कार या गर्भवती महिला की जान को खतरा होने की स्थिति में 14 सप्ताह के बाद भी गर्भपात को वैध करार दिया गया है।

सदन में मंगलवार को करीब 12 घंटे चली चर्चा के बाद हुए मतविभाजन में विधेयक के पक्ष में 38 जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े, जबकि एक सदस्य गैरहाजिर था। संसद का निचला सदन चैंबर ऑफ डेप्युटीज इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुका है और राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने इसका समर्थन किया है। महिला अधिकार कार्यकर्ता लंबे समय से इसके लिए लड़ाई लड़ रही थीं।



विधेयक की मंजूरी के बाद खुशी मनातीं महिला अधिकार कार्यकर्ता

## क्विक न्यूज

### अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सार्वजनिक रूप से कोविड-19 का टीका लगवाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने लोगों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए सार्वजनिक रूप से मॉडर्ना कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली और अमेरिकी नागरिकों से भी टीका लगवाने का अनुरोध किया।हैरिस और उनके पति डग एमहॉफ ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में यूनाइटेड मेडिकल सेंटर में टीका लगवाया। इससे पहले, बीते सप्ताह निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इसी तरह टीका लगवाया था।हैरिस ने टीका प्रक्रिया को अपेक्षाकृत दर्द रहित बताते हुए सभी अमेरिकियों से टीका लगवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, मुझे वैज्ञानिकों पर विश्वास है। वैज्ञानिकों ने ही इस टीके को बनाया और मंजूर किया है। लिहाजा मैं सभी से टीका लगवाने का अनुरोध करती हूं।

### ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में विस्कॉन्सिन चुनाव परिणाम को दी चुनौती

**मेडिसन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के सुप्रीम कोर्ट से विस्कॉन्सिन राज्य के चुनावी नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध किया है।राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में ट्रंप को इस राज्य में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन के हाथों 21 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने राज्य के सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर डेन और मिलवॉकी काउंटी के 2,21,000 से अधिक मतों को रद्द करने की अपील की थी। इन दोनों काउंटी में डेमोक्रेटिक पार्टी को भारी समर्थन मिला था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि इन दोनों काउंटी की मतगणना में हेरफेर किया गया है। हालांकि राज्य के सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

### सीरिया में आतंकवादियों के हमले में रूस के तीन सैनिक घायल: रूसी सेना

मॉस्को। उत्तर-पश्चिमी सीरिया में आतंकवादियों के हमले में रूस के तीन सैनिक घायल हो गए है। रूस की सेना ने यह जानकारी दी। सीरिया में रूस के सैन्य सुलह केन्द्र के प्रमुख रियर एडमिरल व्याशेस्लाव सितनिक ने कहा कि इदलिब प्रांत में आतंकवादियों ने रूस की बख्तरबंद गाड़ी पर टैंक-रोधी मिसाइल से हमला किया, जिसमें तीन सैन्य अधिकारी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हमला उस समय किया गया, जब रूसी सैनिक इदलिब में टूंबा के निकट गश्त कर रहे थे और तुर्की के सैनिक वहां से वापस जा रहे थे।

### पुतिन के आलोचक नवलनी के खिलाफ धोखाधड़ी से संबंधित मामले की जांच फिर से शुरू की गई

**मॉस्को।** रूसी अधिकारियों ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक अलेक्सी नवलनी के खिलाफ धोखधड़ी के आरोपों से जुड़े एक मामले की जांच फिर से शुरू कर दी है। रूस की मुख्य जांच एंजेसी द इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने मंगलवार को कहा कि उसने नवलनी के खिलाफ उनके भ्रष्टाचार रोधी न्यास और अन्य संगठनों में लगभग 50 लाख अमेरिकी डॉलर के निजी चंदे में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोपों से संबंधित मामले की जांच शुरू कर दी है।अगस्त में नर्व एजेंट जहर दिए जाने के बाद से नवलनी जर्मनी में हैं। नवलनी ने रूस सरकार के नए आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की खीज का दर्शाता है। नवलनी ने ट्वीट किया, लगता है कि पुतिन आपा खो बैठे हैं।

### पाकिस्तान में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 10 हजार के पार पहुंची

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गत 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमित 55 और लोगों की मौत होने से इस महामारी में मरने वालों की संख्या बुधवार को 10 हजार के पार चली गई। पाकिस्तान में कोविड-19 के 2,155 नए मामले आने से देश में अब तक संक्रमित होने वाले कुल मरीजों की संख्या 4,77,240 हो गई है। पाकिस्तान में इस समय 37,080 उपचाराधीन मरीज हैं।

### न्यूयॉर्क में कोविड-19 महामारी के बीच हत्या के मामले बढ़े

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के लिए यह साल बेहद उथल-पुथल भरा रहा। आम तौर पर शांत एवं सुरक्षित माने जाने वाले न्यूयॉर्क में लोगों ने इस साल जहां कोविड-19 वैश्विक महामारी की मार झेली तो वही हत्या की वारदाते भी पिछले एक दशक में सबसे अधिक हुईं।शहर में मंगलवार तक 447 लोगों की हत्याएं हुईं, जो पिछले साल की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है और 2011 के बाद से सबसे अधिक है। वही गोली लगने से मौत के मामले पिछले साल की तुलना में दोगुना और पिछले 14 साल में सबसे अधिक रहे।न्यूयॉर्क में लगातार तीसरे साल हत्याओं के मामले में वृद्धि देखी गई, जबकि 2017 में हत्या के सबसे कम 292 मामले सामने आए थे। पुलिस प्रमुख ने अधिकारियों के अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने का हवाला देते हुए कहा कि कोविड-19 ने शहर को काफी प्रभावित किया।

# सिंगापुर में स्वास्थ्यसेवा कर्मियों को कोविड-19 का टीका देना किया गया आरंभ

**भाषा।** सिंगापुर

**सिंगापुर एशिया** का पहला ऐसा देश बन गया है, जहां फाइजर-बायोएनटेक का कोविड-19 का टीका लगाना शुरू कर दिया गया है। सिंगापुर में सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जा रहा है।

समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स ने अपनी एक खबर में बताया कि आगामी सप्ताह में और अधिक स्वास्थ्यसेवा संस्थानों के कर्मियों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद फरवरी से 70 साल या इससे अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया जाएगा।खबर में बताया गया है कि इसके बाद सिंगापुर के अन्य नागरिकों तथा लंबे समय से देश में रह रहे लोगों को टीका दिया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की थी कि स्वास्थ्य कर्मियों और कोरोना वायरस से निपटने के प्रयासों में अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे लोगों समेत उन लोगों को पहले टीका लगाया जाए, जिनके संक्रमित होने का खतरा अधिक है। टीकाकरण संबंधी रणनीति में समिति की इस सिफारिश पर अमल किया गया है।सिंगापुर में फाइजर- बायोएनटेक टीके की पहली खेप 21 दिसंबर को पहुंची थी। सिंगापुर कोविड-19 का टीका प्राप्त करने वाला एशिया का पहला देश है। इससे पहले ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में टीका लगाया जाना आरंभ हो गया है। सिंगापुर में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 29 लोगों की मौत हुई है। वहीं 58,400 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

## नेपाल ने कोविड-19 का टीका हासिल करने के लिए भारत से मांगी मदद

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल ने अपनी 20 प्रतिशत आबादी के लिए कोविड-19 का टीका हासिल करने में भारत से मदद मांगी है। मीडिया में बुधवार को आई खबर में यह जानकारी देते हुए बताया गया कि हिमालई राष्ट्र में इस महामारी से अब तक 1800 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है जबकि 2.6 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक नेपाल सरकार ने अपनी करीब 20 प्रतिशत आबादी को टीका देने के लिए कोविड-19 का टीका खरीदने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है। अखबार ने कहा कि भारत से प्राप्त टीकों के लिए नेपाल भुगतान करेगा। भारत में ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका और स्वदेश में विकसित भारत बायोटेक के टीके तीसरे चरण के परीक्षण के अंतिम दौर में हैं। अखबार ने स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से कहा, जल्द से जल्द टीके हासिल करने के लिए सरकार ने भारत की सरकार से 20 प्रतिशत नेपालियों के लिए टीके खरीदने का अनुरोध किया है। नेपाल अन्य देशों में बने टीके हासिल करने का भी प्रयास कर रहा है। नेपाल की कोविड-19 टीका परामर्श समिति के समन्वयक डॉ. श्याम राज उप्रेती ने कहा, विभिन्न देशों और कंपनियों के करीब 15 टीके परीक्षण के तीसरे चरण में हैं। सरकार ने मदद के लिए अधिकतर देशों और खरीद के लिए कंपनियों को पत्र लिखा है। खबर में कहा गया कि नेपाल को जल्द टीके की उपलब्धता के लिए सरकार ने पिछले महीने भारत,चीन, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका को राजनयिक नोट भेजे थे। कोरोना वायरस के खिलाफ इन देशों में टीके या तो पूरी तरह तैयार हो गए हैं या तीसरे चरण में पूर्ण होने के करीब है। भारत ने पिछले महीने नेपाल के लोगों को आश्वस्त किया था कि एक बार कोविड-19 के खिलाफ टीका बनने के बाद उसकी जरूरतें पूरी करना नई दिल्ली की प्राथमिकताओं में शामिल है। वहीं नेपाल में बुधवार को कोविड-19 के 511 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या 2,60,059 हो गई। स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के कारण सात लोगों की मौत हो गई।

## जर्मनी में पहली बार एक दिन में कोविड-19 से 1,000 से अधिक मौतें हुईं

**बर्लिन।** कोरोना वायरस महामारी शुरू होने के बाद पहली बार जर्मनी में एक दिन में संक्रमण से ।,000 से अधिक मौतें हुई हैं। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट ने बुधवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में ।,129 मौतें हुई हैं। जो कि एक सप्ताह पहले एक दिन में 962 मौत के पिछले आँकड़े से अधिक है। इन नई मौतों के साथ जर्मनी में कोविड-19 से मरने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 32,107 तक पहुंच गई।जर्मनी में महामारी के पहले चरण में अपेक्षाकृत कम मृत्यु दर थी, लेकिन हाल के हफ्तों में प्रति दिन सैकड़ों मौतें हुई हैं। प्रमुख यूरोपीय देशों में, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन में अभी भी मरने वालों की संख्या अधिक है।जर्मनी में 16 दिसंबर को स्कूलों और अधिकतर दुकानों को बंद किए जाने के साथ ही व्यापक स्तर पर प्रतिबंध लगाए गए, जो 10 जनवरी तक लागू रहेंगे। इन प्रतिबंधों को और आगे बढ़ाया जा सकता है।चांसलर एंजेला मर्केल और राज्यों के राज्यपाल अगले सप्ताह स्थिति की समीक्षा करेंगे। रोग नियंत्रण केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 22,459 नए मामले सामने आए। जर्मनी में अब तक कुल मिलाकर लगभग 16.9 लाख मामले सामने आ चुके हैं।

## चीन की दवा कंपनी ने अपने टीके के 79.3 प्रतिशत प्रभावी होने का दावा किया

**बीजिंग।** चीन की एक दवा कंपनी ने बुधवार को कहा कि उसका कोरोना वायरस टीका जांच के अंतिम चरण के प्रारंभिक नतीजों के अनुसार संक्रमण से बचाव में 79.3 प्रतिशत प्रभावी पाया गया है।सरकार द्वारा संचालित दवा कंपनी सिनोफार्म उन चार चीनी कंपनियों में शुमार है, जो टीका बनाने की वैश्विक दौड़ में शामिल हैं। सिनोफार्म अथवा चाइना नेशनल फार्मास्यूटिकल ग्रुप ने अपने टीके के तीसरे और अंतिम चरण के परीक्षण के बाद इसे मंजूरी देने के लिए आवेदन किया है। कंपनी की इकाई बीजिंग बायोलॉजिकल प्रोडक्ट्स इंस्टिट्यूट लिमिटेड ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी।




# कोरोना महामारी की भेंट चढ़ा 2020

महामारी ने मनोरंजन उद्योग सहित हर क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। इसके कारण इरफान खान, ऋषि कपूर, सुशांत सिंह राजपूत जैसे लोगों को भी हमें खोना पड़ा है। देश को उनकी मृत्यु से गहरा सदमा लगा। कई विवादों ने भी जन्म लिया और इनमें इस इंडस्ट्री का भी नाम आया लेकिन सच सामने नहीं आ सका। केवल इतना ही नहीं बल्कि लॉकडाउन के कारण देश को हजारों करोड़ की क्षति हुई सो अलग। इसके कारण लघुकालीन अभिनेता तथा शूटिंग टीमों को भी अपनी जॉब गंवानी पड़ी थी। इसके कारण थियेटरों में ताले पड़ गए और फिल्मों की कमाई पर दुष्प्रभाव पड़ा तथा राधे-राधे, सूर्यवंशम तथा 83 जैसी फिल्मों की रिलीज़ को भी टालना पड़ा। लेकिन इस बीच आशा की किरण के रूप में ओटीटी मंच हमारो सामने देवदूत बनकर आया और फिल्म इंडस्ट्री को थोड़ी ही सही, लेकिन राहत मिली।

**कहना ही** होगा कि वर्ष 2020 हमारे समकालीन इतिहास में एक ऐसे साल के रूप में स्मरण किया जाएगा जिसने हमारी आधुनिक जीवन शैली को सदा के लिए बदल कर रख दिया। लेकिन ये भी सही है कि यहां हम इस साल की केवल बुरे पक्ष को ही रेखांकित कर रहे हैं। लेकिन इससे अलग इस साल के कारण ही हम अपने भीतर कुछ आवश्यक परिवर्तन करने के लिए विवष हुए।

इससे पहले कभी किसी एक व्यक्ति का दुख किसी दूसरे के लिए मनोरंजन का साधन नहीं हुआ जैसा कि इस साल देखने में आया। क्या आपको नहीं पता कि ये किस दिषा में अग्रसर हो रहा है?

महामारी ने हमारे द्वार पर मार्च में दस्तक दी थी और इसके कुछ ही दिन बाद लॉकडाउन लग गया था। इनका हमारे देश पर अत्यंत विध्वंसक साबित हुआ। लेकिन चूंकि मुझे इसमें केवल फिल्मों तक ही स्वयं को सीमित रखना है तो मैं यहां प्रवासी मजदूरों, अर्थव्यवस्था, मृत्युदर तथा तबलीगी जमात या किसी दूसरे अप्रासंगिक विषय पर नहीं लिखूंगा।

मनोरंजन उद्योग का कार्य लोगों का मनोरंजन करना होता है और इसने यही किया भी लेकिन इसकी लागत हमारे लिए काफी अधिक रही।

जून के प्रारंभ में हमारे एक प्रिय अभिनेता सुषांत सिंह राजपूत को उनके मुंबई के उपनगरीय आवास में मृत पाया गया था। ये बहुत ही दुख का विषय था और इसी के बाद कई संबंधित घटनाक्रम का प्रारंभ हुआ।

एक जानी-मानी अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों से घृणा करने वाले एक उद्योग में बाहरी होने का भार सहन न कर पाने के कारण ही उसने अपनी जान ली। ये अप्रमाणित दावा था लेकिन नाटकीयता की इसमें जरा भी कमी नहीं थी। कई ऐसे फिल्म निर्माताओं का इसमें नाम घसीटा गया जिनपर आरोप लगाया गया कि वे ही इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं। मीडिया तथा सोशल मीडिया पर भी फिल्म निर्माताओं को खलनायक मान उनके बारे में जो मन आया लिखा गया। प्रायः सभी लोग इनसे चिढ़ने लगे थे और एक कलंक उन लगा दिया गया।

इसके अलावा दूसरे भी अप्रमाणित दावे सामने आए कि मृत अभिनेता की महिला मित्र ने ही उसे मारा होगा क्योंकि उसका उसके गुरू से भी संबंध था। पहले जो फिल्म निर्माताओं के बारे में कहा जा रहा था बाद में ये सब इन नए संदिग्धों के बारे में भी कहा गया। हर घर में मीडिया में चलने वाले इस वाद के बारे में रुचि ली जाने लगी। लोग लॉकडाउन में घर में बंद इन्हीं घटनाओं में गहन रुचि लेने लगे। इस अभिनेता की प्रबंधक जिसने इससे पहले आत्महत्या कर ली थी, को भी इस षडयंत्र की कहानी में मरणोपरांत घसीट लिया गया। इन दो मौतों के बीच संबंध तलाषे जाने लगे थे और फेसबुक पर भी डाले गए पोस्ट को भी जांच के दायरे में लिया जाने लगा था। लेकिन यहां बताना उचित होगा कि ये भी अप्रमाणित तथ्य ही थे। मीडिया ने लगभग हर बात में साजिष का अंदेषा जताया था और कई प्रकार की कहानी सामने लाई जा रही थी। कहा जाने लगा कि ये केवल एक हत्या नहीं बल्कि डबल मर्डर था। क्या ड्रग्स या फिर जहर के दोनों की मौत हुई थी? क्या वो बहुत लालची थी?

कहानी का कहीं अंत नहीं दिखाई देता था। एक के बाद एक दावे सामने आ रहे थे। जांच, तथा टेलीविज़न पर चलने वाले वाद-विवादों का कहीं अंत नहीं था। लेकिन जब मैंने इन सब बातों से खुद को अलग कर मोनेको सर्किट में फार्मूला वन पर एकाग्रचित्त कर लिया तभी मुझे इनसे छुटकारा मिला।


महामारी आज भी देष में पसरी हुई है। जब ये देष में आई भर थी तब हमने इसे गंभीरता से लिया लेकिन आज जब ये चारों ओर फैली है तो कोई इसे गंभीरता से नहीं लेता। मेरे इस लेख के लिखे जाने तक किसी भी जांच एजेंसी ने इन अप्रमाणित दावों के बारे में कुछ भी साबित नहीं किया है। लेकिन जितने लोगों ने वायरस के कारण जान गंवाई उनसे भी अधिक यदि किसी को क्षति हुई है तो वो सच को हुई।

यदि प्रकाषनों की साल के अंत में थीम मृत्यु को बनाया जाए तो इस पूरे साल उतनी क्षति किसी को नहीं हुई जितनी सच को। सच को अब सच की अवधारणा ने बदल दिया है और इससे भी अधिक गंभीर बात ये है कि किसी का जीवन इस अवधारणा के कारण नष्ट भी हो जाए तो चलता है। इस साल की घटनाओं ने मनोरंजन उद्योग को ही प्राइम टाइम टेलिविज़न पर एक कभी न समाप्त होने वाला ड्रामा बनाकर रख दिया। हमनें शाम के टीवी समाचारों में एक दूसरे पर आरोप लगाए, एक दूसरे को दोष दिया और अपनों को ही सजा भी दे डाली। क्या अब इन फिल्म निर्माताओं से कोई क्षमायाचना करेगा जिनके विरुद्ध कुछ भी साबित नहीं हो सका? क्या उस महिला मित्र से भी कोई माफी मांगेगा? फिल्म निर्माताओं और मृत प्रबंधक के परिवार से क्षमा नहीं मांगी जाएगी? मुझे पता है कि कोई ऐसा नहीं करने वाला। यदि आपकी सच के प्रति ही किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं है तो उन जीवनों के लिए आप स्वयं को क्यों जिम्मेदार मानेंगे जिन्हें आपने षडयंत्रों में फंसाकर नष्ट कर दिया?

अतः वर्ष 2020 को एक ऐसे साल के रूप में जाना जाएगा जिसमें सच की आवष्यकता को ही खत्म कर दिया गया और इसका स्थान सच की अवधारणा से मिला मनोरंजन को दे दिया गया। वायरस के टीके तो हम ढूंढ ही लेंगे और महामारी से भी निबट ही लेंगे लेकिन हम अपने दिलों के भीतर उस वायरस का क्या करेंगे जिसने हमें सच को अपने हिसाब से तोड़ना-मरोड़ना सिखाया है?

यदि हम वायरस को पराजित भी कर दें, तो भी वायरस सच के क्षत-विक्षत शरीर को निहारके ठहाका अवश्य लगाएगा।

## बिछड़े सितारे



**इरफान खानः** विगत 29 अप्रैल को आंतों में संक्रमण के कारण 53 वर्ष की आयु में देहांत



**ऋषि कपूरः** ल्यूकेमिया के चलते विगत 30 अप्रैल को देहावसान


**वाजिद खानः** पिछली 1 जून को कोरोना वायरस संक्रमण के चलते देहांत हो गया


**सुशांत सिंह राजपूतः** विगत 14 जून को आत्महत्या। उनकी मौत को लेकर विवाद अभी तक जारी।


**सरोज खानः** 3 जुलाई को दिल का दौरा पड़ने के कारण प्रसिद्ध नृत्य निर्देशिका की मृत्यु


**समीर शर्माः** मुंबई में अपने निवास में विगत 5 अगस्त को कमरे में लटकता पाया गया उनका शव


**आसिफ बसराः** विगत 12 नवंबर को आवास में लटकता पाया गया उनका शव

# बाजीराव मस्तानी, बर्फी, सात खून माफ की भूमिकाएं सबसे जटिल रहीः प्रियंका

भाषा। लंदन





**बॉलीवुड अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपने 17 वर्ष के करियर में फिल्म बाजीराव मस्तानी , बर्फी और सात खून माफ को सबसे अहम करार देते हुए कहा कि इनके जरिए उन्हें सबसे बेहतर एवं जटिल भूमिकाएं पर्दे पर निभाने का अवसर मिला। पूर्व मिस वर्ल्ड ने वर्ष 2003 में द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई के साथ हिंदी फिल्म जगत में कदम रखा था। इस फिल्म में सनी देओल और प्रिटी जिंटा भी थे। चोपड़ा ने मंगलवार रात को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें तीनों ही फिल्मों में निभाई गई उनकी भूमिकाओं को दर्शाया गया था। उन्होंने इन तीनों फिल्मों के निर्देशकों को अपने आप में एक संस्थान करार दिया। अभिनेत्री ने लिखा, ... तीन ऐसे अद्भुत, जटिल चरित्र जो मैंने गहराई, संघर्ष और लचीलेपन के साथ अलग-अलग समय पर निभाए, और तीन शानदार निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। चोपड़ा लंदन में अपनी आने वाली फिल्म टैक्सट फोर यू की शूटिंग कर रही हैं।


# ज़ी टीवी ने रिलीज़ किया इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग का पावर-पैक्ड एंथम

**चैंपियनशिप लीग की ज़ोनल टीमों के एंबेसडर्स श्रद्धा कपूर, गोविंदा एवं इन दोनों के परिवार, राजकुमार राव, रितेश देशमुख जेनेलिया, बॉबी देओल और सुरेश रैना, बॉलीवुड के 12 प्लेबैक सिंगर्स के द्वारा गाए इस गाने पर झूमते नजर आएंगे। ये सिंगर्स इस शो में टीम कैप्टंस भी होंगे**

**यह एंथम साजिद-वाजिद द्वारा मिलकर बनाए गए अंतिम गानों में से एक है**











**पिछले** तीन दशकों से ज़ी टीवी टेलीविजन पर नए और अनोखे कार्यक्रम प्रस्तुत करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और अब एक बार फिर यह चैनल अपने नए नॉन फिक्शन शो इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के साथ म्यूज़िक रियलिटी शोज़ का चेहरा बदलने जा रहा है। धारा से हटकर एक अनोखा फॉर्मेट प्रस्तुत करते हुए ज़ी टीवी 2021 की शुरुआत में दुनिया का पहला म्यूज़िक लीग प्रस्तुत करने जा रहा है। जहां खेल की दुनिया में हमने कई लीग प्रतियोगिताएं देखी हैं, वहीं इस अनोखी म्यूज़िक लीग में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की 6 टीमें एक म्यूज़िकल चैंपियनशिप में मुकाबला करती नजर आएंगी। इनमें से हर टीम को बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी.मानी सेलिब्रिटीज़ सपोर्ट करेंगी। इसमें कप्तानों के रूप में टॉप प्लेबैक सिंगर्स होंगे। इनके अलावा हर टीम में एक रियलिटी शो स्टार और एक नई आवाज भी शामिल की जाएगी। इन 6 ज़ोनल टीमों की कप्तानी करने के लिए मीका सिंह, कैलाश खेर, साजिद खान, शान, अंकित तिवारी, जावेद अली, असीस कौर, भूमि त्रिवेदी , आकृति कक्कर, पायल देव, नेहा भसीन और शिल्पा राव को चुना गया है। इस विशाल म्यूज़िक रियलिटी शो के लिए ज़ी टीवी ने ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स में एक शानदार एंथम लॉन्च किया, जिसमें पहली बार 12 टीम कप्तान सामने आए। साजिद-वाजिद द्वारा कंपोज़ किया गया यह म्यूज़िकल मास्टरपीस वाजिद खान के दुखद निधन से पहले दोनों ने मिलकर तैयार किया था। इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग एंथम के कंपोज़र साजिद खान ने कहा, अपने पूरे करियर में मुझे इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग एंथम को कंपोज़ और रिकॉर्ड करने में सबसे ज्यादा समय लगा। जब हमें यह काम मिला तो वाजिद और मैं इसे लेकर बेहद उत्साहित थे और हमने इस पर दिन-रात मेहनत की। यह उन अंतिम गानों में से एक है, जो हमने साथ मिलकर तैयार किए थे, इसलिए मैं इसे लेकर बहुत भावुक हूं और यह मेरे दिल के करीब है। लेकिन इसकी सबसे खास बात यह है कि पहली बार किसी एंथम के लिए 18 टॉप सिंगर्स ने गाया है। यह एंथम हमारी सामान्य कंपोजीशन्स से बिल्कुल अलग है। इसमें जोश, लगन और क्षेत्रीय फ्लेवर भी है। अब मुझे इस एंथम पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार है। जहां यह एंथम वाजिद का अंतिम गीत है, वहीं इस एंथम का विशाल स्वरूप देखकर आप दंग रह जाएंगे। इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग में 6 ज़ोनल टीमों . मुंबई वॉरियर्स, दिल्ली धुरंधर्स, यूपी दबंग्स, पंजाब लायन्स, बंगाल टाइगर्स और गुजरात रॉकर्स के अलग-अलग क्षेत्रीय फ्लेवर्स होंगे। इस एंथम को पांच गीतकारों ने लिखा है जिनमें दानिश साबरी (इकबाल साबरी के बेटे), परेश हिंगु, प्रशांत हिंगोले, पेरी जी और साजिद खान शामिल हैं। 3 प्रोग्रामर्स . आदित्य देवए आमिर और आशीष सहगल के द्वारा प्रोग्राम किया गए इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग एंथम में सबसे बड़ी ऑर्केस्ट्रा में से एक को शामिल किया गया। 80 से ज्यादा लोगों की इस ऑर्केस्ट्रा में 40 वायलिन और 6 सेलो समेत बहुत से अलग.अलग इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल किया गया। इन 12 कप्तानों के अलावा रियलिटी स्टार्स ने भी इसमें अपनी आवाज का जादू बिखेरा है, जिनमें पूर्वा मंत्री, रूपाली जग्गा, हेमंत बृजवासी, सलमान अली, ऋ्रुराज मोहंती और अंकुश भारद्वाज शामिल है, जो 6 अलग-अलग टीमों का हिस्सा भी हैं।

अखिलेश के अरमानों को योगी लगाएंगे पंख

# सीतापुर के नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर को जारी हुए तीन करोड़ 42 लाख

- सीतापुर के जमैयतपुर में 4 वर्ष से तैयार है ट्रॉमा सेंटर रोजाना 15-20 एक्सीडेंटल मरीज होते हैं रेफर, समय पर इलाज के अभाव में चली जाती जान

संवाददाता। सीतापुर




**सदी का** सबसे खराब साल 2020 गुजरने से पहले सीतापुर को जहां आदर्श तहसील महोली भवन के शुभारंभ का तोहफा दे गया, वहीं चार साल से चालू होने की राह देख रहे सीतापुर के ट्रॉमा सेंटर का रास्ता खोल गया। अब गंभीर रोगियों को इलाज के लिए लखनऊ तक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। ये सुविधा उन्हें अपने सीतापुर शहर के ट्रॉमा सेंटर पर मिलेगी। यहां के नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर को चालू कराने के लिए योगी सरकार ने तीन करोड़ से ज्यादा बजट जारी कर दिया है। इस बजट से ट्रॉमा सेंटर के लि, अत्याधुनिक उपकरण खरीद होगी। सीतापुर में गंभीर रोगियों को फौरीतौर पर घ्इलाज की कोई सुविधा नहीं है। इसके अभाव में रोजाना 15 से 20 गंभीर मरीज लखनऊ रेफर होते है। कई बार मरीजों की जान भी चली जाती है। सीतापुर से होकर प्रदेश से देश की राजधानी को जोड़ने वाला सौ किमी से भी ज्यादा दूरी का एनएच-24 भी गुजरा है, जिस पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं और हेडइंजरी होने पर उन्हें करीब 90 किमी दूर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता है। इसे देखते हुए तत्कालीन अखिलेश सरकार में 19 सितंबर 2016 को शहर के सटे खैराबाद इलाके के जमैय्यतपुर में 2 करोड़ 32 लाख की लागत से ट्रॉमा सेंटर के लोकार्पण की रस्में भी निभा दी गई थी। करीब चार बरस से यह भवन बनकर तैयार खड़ा है। तब से यहां की जनता इसे चालू होने की राह तक रही है। मगर वो चालू नहीं हो पाया, हालांकि इसे चालू कराने को सदर से भाजपा विधायक राकेश राठौर और सपा के पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल ने भी काफी प्रयास किए, लेकिन सरकार ने उन्हें तबज्जो नहीं दी। ट्रॉमा सेंटर के अभाव में हर रोज सड़क हादसे में जख्मी दर्जनों लोग लखनऊ रेफर किए जाते हैं, कभी कभार तो लखनऊ पहुंचने से पहले गंभीर रोगियों की सांसें टूट जाती हैं। ट्रॉमा सेंटर के मुददे को आई इंडिया द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब योगी सरकार ने ट्रॉमा सेंटर के लिए तकरीबन तीन करोड़ एक लाख 88 हजार 58 रुपये का बजट रिलीज कर दिया है। अवमुक्त बजट से ट्रॉमा सेंटर में अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद तो होगी, साथ ही वहां की साज सज्जा भी होगी। ऐसे में एक बार फिर से ट्रॉमा सेंटर के चालू होने की कवायद शुरू हो गई। उम्मीद है कि जल्द ही यहां के ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकीय व मेडिकल स्टॉफ की तैनाती कर उसे चालू कराया जाएगा।

पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्व. राम लाल राही की 84वीं जयन्ती पर विशेष

# अमरत्व पाकर भी जनमानस में युगों-युगों तक जीवित रहेंगे 'बाबूजी'

संवाददाता। सीतापुर




**राजनीति के** हिमालय समझे जाने वाले पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अमरप्राण राम लाल राही जी अपने जीवन के 83 बसंत देखकर भले ही दुनिया को अलविदा कह चुके हों, पर उनके द्वारा देश और समाज में किये गये कार्य आदर्श उन्हें मानस पटल पर युगों-युगों तक जीवन्त रखेंगे। जनता में उनकी लोकप्रियता इसी बात से आंकी जा सकती है कि लोग पूरा नाम न बताने पर भी सिर्फ ''बाबूजी'' कहने भर से ही उन्हें जान लेते थे। राजनीति व समाजनीति पर गहरी पकड़ रखने वाले ''बाबूजी'' वास्तव में जीवन भर ''बाबूजी'' ही रहे। वैसे तो मुवक्किल अपने अधिवक्ता को ही बाबूजी कहकर पुकारते हैं, पर राजनीति में ''बाबूजी'' होने का गौरव देश प्रदेश में केवल भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जगजीवन राम, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसीदास के नाम के साथ जैसे आजीवन बाबूजी शब्द उनके नाम और विराट व्यक्तित्व के साथ चस्पा रहा, वैसे ही सीतापुर जनपद के गौरव रहे राम लाल राही के नाम के साथ ''बाबूजी'' शब्द आदरसूचक के रूप में जुड़ा रहा है। बाबूजी ने अपने जीवन का सफर कचेहरी के मुंशीगीरी से शुरू कर पहले जिला परिषद सदस्य बने फिर सन् 1969 व 1974 में दो बार विधायक बनकर विधान सभा में हरगांव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। सन् 1977, 1980, 1989 व 1991 में देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। अतिशयोक्ति नही होगी। वह हम सबके पथ प्रदर्शक थे और अमरता प्राप्ति के बाद भी विचारों के माध्यम से पथ प्रदर्शक का कार्य करते रहेंगे। उनके निजी सचिव रहे सुरेश कुमार वर्मा ''बाबूजी''की 84वीं जयन्ती पर उनसे जुड़े संस्मरणों को याद करते हुए चिरआत्मा को कोटिशः नमन करते हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग अल्प संख्यक विकास परिषद

## 30 को गरीबों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास तक निकलेगी पदयात्रा

- नगर विधायक राकेश राठौर को सौपा ज्ञापन

**सीतापुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग अल्प संख्यक विकास परिषद की एक समीक्षा बैठक रजनी राज के आवास पर हुई जिसका संचालय विसुना राठौर ने किया समीक्षा करते हुए राजेश कुमार सिद्धार्थ ने कहा सभी लोग भारतीय संविधान का पालन करते हुए 30 तारीख को विकास भवन के सामने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के आवास तक पदयात्रा किया जायेगा। सभी कार्यकर्ता ने कहा कि पूर्व मे दिये गये मांग पत्रो पर जब तक कार्यवाही नही हो जाती तब तक पदयात्रा जारी रहेगी जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर तमाम कार्यकर्ताओ ने एक स्वर में कहा कि यह लडाई आर पार की लडी जायेगी जबतक गरीबो को न्याय नही मिल जाता तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

## पुलिस लाइन्स सभागार में अपराधों की समीक्षा के लिए एसपी ने बुलाई बैठक


बैठक करते एसपी आरपी सिंह

**सीतापुर।** सीतापुर में अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर एसपी आरपी सिंह ने बुधवार को समीक्षा बैठक बुलाई। पुलिस लाइन्स सभागार में हुई बैठक में पुलिस मुखिया ने कानून व्यवस्था, विवेचना निस्तारण अवैध शराब, अवैध शस्त्र के अतिरिक्त रासुका, गैगेंस्टर के अन्तर्गत की गई कार्रवाइयों को लेकर मातहतों से सख्त रूख में जरूरी सवाल-जवाब किए। इसके अलावा एसपी श्री सिंह ने नववर्श के कार्यक्रमों के दौरान पुलिस प्रबंधन, कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन पर भी चर्चा की। इसके अलावा सार्वजनिक रूप से षराब के सेवन के सम्बध में भी सख्त कार्रवाई के निर्देष दिए है। इस दौरान बैठक में एएसपी नार्थ डा. राजीव दीक्षित, एएसपी साउथ एनपी सिंह समेत सभी क्षेत्राधिकारी, सभी थानेदार मौजूद रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुआ महमूदाबाद का अनमोल 'रत्न', हर आंख हुई नम

- भूपेन्द्र जैन के अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ा पूरा शहर, व्यक्तित्व को किया नमन

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



**भाजपा अल्पसंख्यक** मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जैन बाबा की करंट से हुए निधन के बाद दूसरे दिन भी कस्बे में गमगीन सन्नाटा पसरा रहा। देर रात पोस्टमार्टम हाउस के बाद शव को घर लाया गया। इससे पूर्व घर पर तमाम जनप्रतिनिधियों और समाज से जुड़े लोगो का जमावड़ा लगा रहा। सुबह उनके शव को अत्येष्टि के लिये उठाया गया तो भारी भीड़ पीछे शामिल रही। नम आंखों के बीच सभी ने बाबा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार की दोपहर बिसवां मार्ग स्थित ऋषभदेव तीर्थ क्षेत्र पर झंडा लगाने के दौरान ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलध्यक्ष भूपेन्द्र जैन बाबा और उनके चालक रूकमेन्द्र निवासी गोधौरी की मौके पर मौत हो गई थी। मंगलवार को ही पूरे कस्बे में गम का माहौल रहा। सुबह अंतिम दर्शन के लिये सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार गुप्त, प्रदेश मंत्री मोहन प्रसाद बारी, नेत्री आशा मौर्य, चन्द्रभूषण शुक्ल, संकटा देवी मंदिर अध्यक्ष आर.के. वाजपेई, पूर्व विधायक डा. रामनरायन वर्मा, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य अम्ब्रीश गुप्त, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य सुनील सिंह, कमल वर्मा, सागर जैन, भीमसेन जैन, अखिलेश गुप्त, कोतवाल अनिल पाण्डेय, भाजपा नेता संतोष सिंह, जैन समाज पूर्व महामंत्री पारस जैन, पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन जैन, रत्नेश जैन, शैलेश जैन, प्रणय जैन, वरिष्ठ सभासद चक्रसुदर्शन पाण्डेय सहित हजारों की तादाद में लोग पहुँच गये। दर्दनाक हादसे की चर्चा हर गली, नुक्कड़, दुकानों लेकर गांवों तक होती रही।

## क्विक न्यूज

### कोरोना से हुई दौ और मौत, 24 घंटे में मिले 76 मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर कोरोना महामारी की मारक क्षमता बढ़ने लगी है। कोरोना से दो दिन में दो मरीजों की मौत हो गई है। इसी के साथ महामारी से जान गवाने वालों की संख्या 76 हो गई है। सीतापुर कोरोना की मारक क्षमता बढ़ी है लेकिन प्रसार नियंत्रित है। पिछले 24 घंटे में जिले में 7 नए मरीजों की पहचान की गई है। मछरेहटा और महोली देहात इलाके में 2-2 मरीज मिले हैं। षहर में निकट रम्पा सिनेमा, मिश्रिख और नेरी में 1-1 नए मरीज की पहचान की गई है। अब सीतापुर में कुल पॉजिटिव केस 4,742 हो गए हैं।

### एसपी ने किए तबादले

**सीतापुर।** नव वर्ष की बेला के चंद घंटे पहले पुलिस मुखिया ने तबादला की गाड़ी चला दी है। अबकी एसपी आरपी सिंह ने 6 एसएसआई-एसआई समेत 15 को इधर से उधर किया है। एसएसआई रामकोट अनिल कुमार सिंह को महमूदाबाद, एसआई सिधौली भरत लाल को तालगांव और तलगांव एसआई मनोज कुमार सिंह को सिधौली में तैनात किया गया है। चौकी इंचार्ज सिविल लाइंस दिनेश तिवारी को शहर कोतवाली और जेल चौकी प्रभारी ऋषभ यादव को सिविल लाइंस चौकी में तैनाती मिली है। पुलिस लाइंस में तैनात एसआई मुकेश कुमार को जेल चौकी की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा लम्बे समय से जमे 10 मुख्य आरक्षियों के भी थाना क्षेत्रों में बदलाव किया गया है।

### डीएम ने दी प्रोत्साहन राशि

**सीतापुर।** सीतापुर के युवक मंगल दलों को जिलाधिकारी विषाल भारद्वाज ने एनआईसी में प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री दी। इस दौरान वीडीयो कान्फ्रेंसिंग के जरिए लोकभवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण भी किया जा रहा था। सीएम ने युवक मंगल दल के सदस्यों को सम्बोधित भी किया। इस मौके पर खेल सामग्री मंगल दल के अध्यक्ष ध्रुव कुमार, संदीप कुमार, सिंधराज, सोनम व आकांक्षा सिंह मौजूद रहीं।

### अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, ओवर लोडेड ट्रक की चपेट में आकर गर्भवती की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर में एक गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत की लाइव तस्वीर कैमरे में कैद होकर रह गई। आपकी स्क्रीन पर हम आपको लाइव दिखा रहे हैं कि किस तरह एक बाइक पर बैठे 3 लोग पड़ोस से गुजर रहे गन्ने से लदे ओवर लोडेड ट्रक की चपेट में कैसे आ गये। आप देख सकते है कि पहले बाइक अनियंत्रित होती है और पलट जाती है, फिर पांच माह की गर्भवती महिला ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ जाती है, इस बीच गन्ने से लदे ओवर लोडेड ट्रक की स्पीड रत्ती मात्र भी कम नहीं होती है। बाइक पर सवार पति सोनू व एक अन्य जबतक कुछ समझ पाते तब तक गर्भवती महिला सुरीता की मौत हो जाती है। ऐसा इस स्थान पर कोई पहला हादसा नहीं है, दरअसल आसपास अतिक्रमण होने के चलते हादसे होते रहते है। यह हादसा जिस वक्त हुआ उस समय बाइक सवार डीजल लेने के लिए पेट्रोप पम्प के लिए मुड़ा था, लेकिन रोड पर ही गन्ने से लदी एक मैजिक खड़ी होने के चलते उसने जैसे ही बाइक जैसे ही मोडी कि पीछे से गन्ने से लदा ओवर लोडेड ट्रक आ गया और गर्भवती महिला समेत उसके पेट में पल रहे भ्रूण की जिन्दंगी ट्रक के टायर के नीचे समाप्त हो गई। यह हादसा थाना लहरपुर इलाके के एसआर पेट्रोल पम्प के पास हुआ, मृतका थाना सकरन के सलेमपुर की रहने वाली थी, अपने मायके रावल अदेसर जा रही थी। हृदय विदारक हादसे की यह लाइव तस्वीरे पड़ोस के एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हादसा का कारण बाइक पर ट्रिपिलिंग और गन्ने से लदा ओवर लोड ट्रक बना। दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रिपलिंग से हुआ यह हादसा।

'पायनियर' से बोले प्रसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

# छोटे दलों से गठबंधन कर ही चुनाव लड़ेगी प्रसपा: शिवपाल

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-मीडिया से मुखातिब होते शिवपाल सिंह यादव

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में छोटे दलों से गठबंधन कर चुनाव लड़ सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर समाजवादी पार्टी पहल करती है तो उनसे से भी गठबंधन कर सकते हैं। प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसान मुददे पर भाजपा को भी आड़े हाथों लिया। श्री यादव लखीमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेकर वापस लौटते समय सीतापुर के खैराबाद टोल प्लाजा के पास आई इंडिया से खासबातचीत में यह बात कही। इससे पूर्व प्रसपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव पाल सिंह यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रसपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, अनिल यादव, रामजी, रोहित सिंह, कल्लू, राधा, रेशमा, अरबाज, राशिद, बबलू, विशाल आदि शामिल रहे।

# बिजली चेकिंग करने गई टीम को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

- जेई रमेश सिंह व स्थानीय पुलिस की मदद से हालातों पर पाया काबू


सीतापुर-ग्रामीणों को समझाते जे.ई. रमेश सिंह

**सीतापुर।** सीतापुर के ब्लाक खैराबाद के गांव लड्डूपुर में बुधवार को चेकिंग के लिए गई बिजली विभाग की टीम को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। जेई रमेश सिंह ने बताया कि टीम द्वारा मीटर चेकिंग व विद्युत चोरी के सम्बंध में जांच करने पर ग्रामीण टीम से ही उलझ पड़े। विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने टीम को बंधक बना लिया। बड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय पुलिस की मद्द से टीम को छुड़ाया जा सका।

# शाबाश सीतापुर पुलिस ! अदृश्य दुश्मन से लड़ उपलब्धियां की अपने नाम

संवाददाता। सीतापुर

गुजरता साल रहा खाकी की उपलब्धियों से भरा

**जब कोरोना** के खौफ में लोग घरों में कैद होकर रह गए, सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, तब खाकी वर्दी पहनकर इलाके का गुनाह मिटाने के लिए वचनबद्ध रहने वाली पुलिस अ.श्य दुश्मन से लड़ने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना मोर्चे पर मुस्तैद होकर अपनी सेवा में सदैव तत्पर उत्तर प्रदेश पुलिस का मुजहिरा पेश किया। जिले के पुलिस मुखिया आरपी सिंह के नेतृत्व में सीतापुर पुलिस कोरोना योद्धा बनकर अपराधियों और अपराध से मोर्चा लेने में अग्रिम पंक्ति में खड़ी नजर आई। यही कारण है कि वर्ष 2020 सीतापुर पुलिस के लिए उपलब्धियों से भरा साल रहा। 94 इनामी बदमाश गिरतार किए गए। लूट, नकबजनी, शराब तस्कर, गोवध, एनडीपीएस एवं पशु चोरी के 22 नए गैंग और छह माफिया पंजी.त हुए। अपराध जगत में कदम रखने वाले137 नए अपराधियों की भी हिस्ट्री शीट खोली गई। जिले के दस टॉपटेन अपराधियों में से अब तक 18 अपराधी दबोचे गए। यहां के 17 अपराधियों पर रासुका एवं गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत 888 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जबकि 213 अपराधी जिला बदर किए गए। गैंगेस्टर के 19 प्रकरणों में छह करोड़ 87 लाख 94 हजार 560 रुपये की संपत्ति जब्त की। जब्त संपत्तियां भू-माफिया की अपराध से अर्जित की गई थीं। पीआरवी ने रास्ता भटकी दस वर्षीय बच्ची को पिसावां में बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। इसके अलावा शहर कोतवाली इलाके के शाह महोली के पास मिले कीमती लगेज बैग को बरामद कर मालिक के सुपुर्द कर मित्र पुलिस की मिसाल दी।

अब नजर डाल लेते हैं कि पुलिस महकमे के सराहनीय कार्यों की उपलब्धियों पर। वर्ष 2020 के गुजरते साल में अभियान चलाकर पुलिस ने ताबड़-तोड़ कार्रवाईयां की। पुलिस द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक गुजरते साल में समूचे जिले में 74 गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे दर्ज किए गए। इन मुकदमों में 354 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 888 अपराधियों पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई की गई। अभियान में 21 अवैध शस्त्र फैक्ट्रियां पकड़ीं गई । पुलिस ने 623 तमंचा व 772 कारतूस के संग 555 आरोपियों को गिरतार किया। अभियान में 239 अवैध शराब भट्ठियों का भंडाफोड़ किया। 33 हजार 132 लीटर शराब के संग 3004 लोग दबोचे गए। 17 अपराधियों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 21 अवैध शस्त्र फैक्ट्रियां भी पकड़ी गई। यही नहीं अभियान में 1256 आरोपियों पर कार्रवाई की। इनमें हत्याभियुक्त के 124, डकैती के 20, लूट के 51, दुराचार के 81, गैंगेस्टर के 289, दहेज हत्या के 91, गैर इरादतन हत्या के 46 व अन्य प्रकरणों में 554 शामिल हैं। साथ ही 94 इनामी बदमाशों को गिरतार किया। कोरोना महामारी के दौर में भी पुलिस ने कोविड-19 के प्रोटोकाल को तोड़ने पर 50873 व्यक्तियों का चालान किया। इसके एवज में 62 लाख 95 हजार 880 रुपये का जुर्माना वसूला। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने के मामले में 12411 लोगों का चालान कर 13 लाख 20 हजार 350 जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की है। ऑपरेशन मुस्कान के अभियान में भी 160 व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी की, इनमें नाबलिग बालिका 28 व बालक 25 शामिल हैं। एंटी रोमियों-शक्ति मोबाइल टीमों ने भी अभियान चलाकर 200 शोहदों के खिलाफकेस दर्ज कराए। छेड़खानी के मामले में 129 के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 255 अपराधियों पर 110 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई। हरदोई जिले के शेखापुरवा की दस वर्षीय बच्ची रास्ता भटक कर पचास किमी दूर पिसावां थाना इलाके के बरगावां चौराहे पर आ गई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी ने उसे जानकारी ली। बाद में परिवारीजनों को बुलाकर उसे सकुशल सुपुर्द किया। सराहनीय कार्य के लिए पीआरवी टीम को पीआरवी द डे से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शहर कोतवाली इलाके के शाहमहोली के पास पीआरवी टीम को कीमती लावारिश बैग मिला था। चेक करने पर बैग में कीमती जेवर, पैसे एवं कागजात थे। तलाशी में बैग से मिले एक मोबाइल नंबर पर पीआरवी ने संपर्क किया तो पता चला कि यह नंबर लखनऊ की डॉ. नीलिमा जैन का था, उनके ससुर एके जैन उत्तराखंड से लखनऊ लौट रहे थे। उनके आने पर पीआरवी ने उक्त बैग को उनके सुपुर्द कर दिया। इस पर उन्होंने पीआरवी का आभार भी जताया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, सीओ मिश्रिख एमपी सिंह, सीओ बिसवां सुशील कुमार सिंह, सीओ लहरपुर यादवेंद्र यादव, सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद, सीओ सिधौली दिनेश यादव, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय व जिले के 26 थानों के कोतवाल और थानाध्यक्षों ने कोरोना काल में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए अपराधियों पर जहां नकेल कसा ही, वही समय-समय पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों पर पूरी तरह नियंत्रण रखा।

### रामपुरकलां इलाके के सरवाजलालपुर मजरा लौकीपुर का मामला, भाई ने भाई की गोली मारकर की हत्या



- मुख्य आरोपी हिरासत में, आला कत्ल बरामद

**रामपुरकलां सीतापुर।** थाना रामपुर कला इलाके के गांव सरवा जलालपुर के मजरा लौकीपुर में परिवारिक रंजिश के चलते रमाकांत यादव ने चचेरे भाई कुलदीप यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। कुलदीप यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी साउथ एनपी सिंह ने बताया कि पारिवारिक रंजिस के चलते रमाकान्त ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से वारदात को अंजाम दिया है। परिजनों ने रमाकान्त व उसके भाई उमाकान्त को नामजद किया है। जिसमें रमाकान्त को हिरासत में ले लिया गया और आलाकत्ल लाइसेंसी बंदूक भी बरामद कर ली गई है। इससे पहले इलाके में हुई हत्या से हड़कंप मच गया था। सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। उनके साथ थाना प्रभारी रामपुरकंला संजीव कुमार, थाना प्रभारी कमलापुर रामनरेश यादव व कोतवाल सिधौली रामप्रकाश दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

# दुधमुंही बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंदा



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**मैलानी थाना** क्षेत्र के खुटार से फुलहईया जाने वाले मार्ग पर विजय कुमार राठौर पुत्र बुद्धा निवासी धनसिंहपुर थाना खुटार जिला शाहजहांपुर अपनी रिश्तेदारी उदयपुर गए थे। वहां से अपनी पत्नी व 22 दिन की मासूम बच्ची को लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी खुटार रोड पर स्थित गाड़ीघाट से रामपुर फुलहईया की तरफ हैरा लेकर एक ट्रैक्टर जा रहा था। जिन्द बाबा स्थान के मोड़ पर ट्रैक्टर व बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक पर सवार विजय की पत्नी की गोद में मौजूद 22 दिन की मासूम बच्ची जमीन पर गिर गई और ट्रैक्टर उसे रौंदता हुआ निकल गया।

हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। सूचना पाकर पीआरवी 2866 व मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक विधा शंकर शुक्ला, उप निरिक्षक भूपेन्द्र सिंह व विपिन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। ट्रैक्टर को पुलिस ने सुपुर्दगी में ले लिया है।

## भीख मांग रहा बालक समिति के सुपुर्द




**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस महानिदेशक लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुक्रम में बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी के निर्देश में पुलिस व चाइल्ड केयर हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर शहर लखीमपुर क्षेत्र स्थित बस स्टैंड, संकटा देवी मंदिर चौराहा, मुख्य बाजार, माल आदि स्थानों व थाना खीरी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर व दबिश दी गई। यहां से एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया। बाल कल्याण समिति जनपद खीरी के समक्ष फार्म नंबर 17 भरकर प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## किसान जन जागरण पदयात्रा निकली

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस की किसान जन जागरण पदयात्रा का आयोजन ग्राम नकहा से कटकुसुमा तक की गई जन जागरण के दौरान काले कृषि कानून के बारे में बताते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डा. रवि शंकर त्रिवेदी ने कहा कि किसानों को पूरी तरह से बर्बाद करने मोदी सरकार या कानून लाई है। अपने बड़े उद्योग पतियों दोस्तों को फायदा पहुंचाने की नियत से अन्नदाता को मजबूर किया जा रहा है। किसान देश का अन्नदाता है। जब अन्नदाता ही परेशान होगा तो देश कैसे खुशहाल हो सकता है।

# विभागीय लापरवाही से चरमराई सरकारी अस्पताल की बिजली आपूर्ति

संवाददाता । ढखेरवा-खीरी



**ढखेरवा विद्युत** उपकेंद्र के अंतर्गत ढखेरवा नानकार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब 1 साल से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा था। इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी द्वारा लगातार जिम्मेदार विद्युत अधिशासी अभियंता को कई बार की। लेकिन विभाग के आला अधिकारी कान में उंगली डालकर बैठे रहे। कभी भी जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाना जरूरी नहीं समझा। अस्पताल की तरफ से एक शिकायती पत्र मिलने के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार ने जेई विकास सिंह को फोन किया तो जेई ने उल्टा ही सवाल खड़ा कर दिया। आईडी नंबर तो दे दो तो दिखवाते हैं। खबर प्रकाशन के अगले दिन 29 दिसम्बर को ट्रांसफार्मर बदलवा दिया गया लेकिन अस्पताल में विद्युत आपूर्ति अब भी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अस्पताल के कर्मचारी एवं मरीजों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है। जेई विकास सिंह के अनुसार नया कनेक्शन अप्लाई कराने के बाद ही बिजली की सप्लाई हो पाएगी जबकि इससे पहले पूरे अस्पताल कैंपस में बिजली की आपूर्ति हो रही थी। अगर पहले कनेक्शन था तो अब कनेक्शन कराने की क्या जरूरत पड़ रही है और अगर पहले कनेक्शन नहीं था तो बिजली आपूर्ति कैसे हो रही थी?

## फांसी लगाकार महिला ने दी जान



**बेहजम-खीरी।** कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के बिलरिया गांव में दहेज के उत्पीड़न से तंग आकर भानमती पत्नी रूप राम उम्र 22 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भानमती पुत्री प्रकाश निवासी भगवानपुर थाना इमलिया सुल्तान जिला सीतापुर अभी दो वर्ष पूर्व में रूपराम निवासी बिलरिया थाना नीमगांव से शादी हुई थी। बीती रात मृतका भानवती से पति रूपराम से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात से मृतका ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जानकारी पाकर नीमगांव इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह अपने साथ हल्का दरोगा अनेक पाल को लेकर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बारे में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष वालों की तहरीर ले ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सुसंगत धारा में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से मौके से फरार बताये जाते हैं।

# कार्यक्रम से जुड़ गए पुरुष और महिला मंगल दल

● सांसद रेखा ने दलों को वितरित की खेल किट

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**बुधवार को** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित युवक व महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल किट वितरण समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिले के पांच युवक एवं महिला मंगल दल जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के माध्यम से वर्चुअल शामिल हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में जुड़े सभी पुरुष एवं महिला मंगल दलों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिलों में गठित गठित पुरुष एवं महिला मंगल दल बिना किसी भेदभाव के उत्साहपूर्वक समाज में रचनात्मक कार्य को अंजाम दे। यह मंगल दल समाज में नशे के उन्मूलन सहित समाज के कल्याण हेतु योगदान दे। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र शक्ति का प्रतीक है। सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर अपनी ऊर्जा व प्रतिभा के माध्यम से उज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। जो समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि मंगल दल सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए समाज में रचनात्मक कार्य करें। कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा व जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल अधिकारी प्रमोध कुमार की उपस्थिति में जिले के तीन पुरुष मंगल दल एवं दो महिला मंगल दल को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री प्रदान की। इसके अतिरिक्त शेष सभी पुरुष एवं महिला मंगल दलों को प्रथक से खेल किटों का वितरण किया जाएगा। एनआईसी में आयोजित कार्यक्रम में पुरुष व महिला मंगल दलों को खेल किट वितरित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज में रचनात्मक कार्यों को करने हेतु प्रेरित किया। मंगल दलों कि समाज में महती आवश्यकता है। मंगल दल अपने रचनात्मक कार्यों से समाज में एक रोल माडल बन सकते हैं। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित युवक एवं महिला मंगल दलों के पदाधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवक व युवतियों को खेलकूद के प्रति उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रेरित किया।बताते चलें कि जिले में कुल 581 मंगल दल गठित एवं क्रियाशील है। जिसमें 288 युवक मंगल दल एवं 293 महिला मंगल दल हैं। आज 03 पुरुष एवं 02 महिला मंगल दलों को कुल 20 खेल सामग्री वितरित की गई। जिसमें चार फुटबाल, चार वालीबाल, दो वालीबाल नेट, दो इंफ्लेटर हवा भरने वाला पंप, दो डिप्स स्टैंड व एक स्किंपिग रोप शामिल है।

## 280 लीटर कच्ची शराब व उपकरण के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**पुलिस अधीक्षक** के अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय के निर्देशन में पुलिस चौकी इंचार्ज अलीगंज योगेश कुमार शंखधर ने अपने हमराहियों के साथ बुधवार को उल्लनदी के किनारे कच्ची शराब की तीन भठ्ठियों पर शराब बनाते हुए पकडा। मौके से 280बनाते हुए पकडा। मौके से 280 बनाते हुए पकडा। मौके से 280 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद कुमार, सुशील व फेरु निवासी ग्राम बक्खारी है।

# प्रधान की हत्या के लिए चुराई गई राइफल-बंदूक बरामद, एक गिरफ्तार



**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भगौनापुर में एक सप्ताह पूर्व हुयी चोरी का खुलासा करते हुये चांदपुर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करते हुये चोरी गयी बन्दूक, रायफल भारी मात्रा में कारतूस, खोखा एवं सब्बल बरामद किया है। वही पुलिस अधीक्षक सत्यपाल अंतिल ने खुलासा करने वाली टीम को दस हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारो से रूबरू होते हुये पुलिस अधीक्षक सत्यपाल अंतिल ने घटना का खुलासा करते हुये बताया कि थाने के भगौनापुर गांव निवासी मैथली शरण पुत्र स्व0 शान्तिस्वरूप जो सपरिवार कानपुर नगर में रहते है। जिन्होने हाजा थाने में तहरीर देते हुये कहा कि 22 दिसम्बर को घर वापस आये तो उनके घर का दरवाजा टूटा मिला। अन्दर जा कर देखा तो घर में रखी डीबीबीएल 12 बोर, 25 कारतूस मै पट्टा के एवं 22 बोर रायफल एवं 12 कारतूस गांयब थे उधर घटना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार एवं जाफरगंज क्षेत्राधिकारी तीन टीमे गठित की गयी। जिस पर एक सप्ताह के अन्दर तीस दिसम्बर को मुखबिर की सूचना पर चांदपुर थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मनधीर सिंह, कास्टेबल पंकज कुमार, हरेन्द्र सिंह के साथ घटना का खुलासा करने के लिये अपने मुखबिरो का जाल बिछाये थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर आज सुबह साढे छः बजे थाने के कौंह नहर चौराहा पर नितीश कुमार गुप्ता पुत्र सतीश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल करते हुये बताया कि वर्तमान प्रधान श्रषि वर्मा द्वारा कालोनी मागने पर उसके साथ अभ्रदता किया था। जिससे वह अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा था। इसी लिये उसने पूर्व प्रधान मैथलीशरण के यहा घटना को अन्जाम दिया था और उसकी हत्या करने की फिराक में था। आरोपी के निशान देही पर पुलिस ने चोरी गयी डीबीबीएल बन्दूक फैक्ट्रीमेड 19 कारतूस, दो 12 बोर का खोखा, 22 बोर की रायफल फैक्ट्रीमेड एवं 7 जिन्दा कारतूस तभा साथ में सब्बल को उसकी निशान देही पर सूखे कूयें से बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने घटना की खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रूपये इनाम दिया है।

# अली अध्यक्ष व देवीशरण मंत्री निर्वाचित

संवाददाता। संडीला (हरदोई)



**अधिवक्ता समिति** के वार्षिक चुनाव में मुसाहेब अली अध्यक्ष, देवीशरण मंत्री तथा शकील अहमद कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिए 190 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर मुसाहेब अली ने अपने निकटतम प्रतिद्वंधी को चौदह मतों से परारजित किया जबकि मंत्री पद पर देवीशरण सिंह पैंतीस मतों से तथा कोषाध्यक्ष पद पर शकील अहमद 19 मतों से विजयी हुए। जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष दस वर्ष से अधिक के दो पदों पर मुईद अहमत तथा अतीक अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रावेन्द्र कुमार मौर्य, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पांच से दस वर्ष के एक पद पर जितेन्द्र कुमार सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर संजय कुमार वर्मा, प्रशासनिक मंत्री के रुप में शैलेष कुमार दीक्षित, प्रचार मंत्री के पद पर वागीश कुमार द्विवेदी, सदस्य कार्यकारिणी पन्द्रह वर्ष से अधिक में अजहर अली व बलराम मौर्य, सदस्य कार्यकारिणी एक से पन्द्रह वर्ष पद पर उदय प्रताप चौरसिया तथा नागेन्द्र कुमार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। संयुक्त मंत्री के पद पर किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन ही नहीं दाखिल किया था।

## भाजपा सरकार केवल पूंजीपति हितैशीः महताब

**संडीला (हरदोई)।** कांग्रेस पार्टी के युवा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि इस सरकार में केवल पूंजी पतियों के हितों की रक्षा हो रही है। यही कारण है कि एक मास से अधिक समय से धरने पर बैठे किसानों की कोई बात नहीं सुनी जा रही है। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए युवा नेता महताब अहमद ने कहा कि चाहे केन्द्र की सरकार हो अथवा प्रदेश की दोनों ही सरकारो ने नफरत का एजेंडा सामने रखकर लोगों को बांटने तथा पूंजी पतियों के हितों की रक्षा करने का ही कार्य ही अपने कार्यकाल में किया है। इसका जवाब 2022 के चुनाव में प्रदेश में किसान तथा मजदूर भाजपा को देगें। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नसीम वारसी ने कहा कि यह सरकार तानाशाही के रास्ते पर चल रही है तथा संविधान तथा लोकतंत्र की धज्जियां उडा रही है। इसके अलावा कन्हैया कश्यप, मो इकराम, मुशीर अहमद, मो सलीम, मो इस्लाम आदि ने भी अपने विचार रखे। इस बैठक के बाद कांग्रेसी नेताओं ने एक पदयात्रा का भी आयोजन किया।

## क्विक न्यूज

### छात्र ने लगायी फांसी

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर में बीती रात एक लगभग 20 बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार रानीपुर गांव निवासी शिवचरण सिंह भदौरिया का पुत्र चुक्कू सिंह भदौरिया जो बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। बताते है कि बीती रात अज्ञात कारणो द्वारा उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनो की नीद खुली तो फांसी पर लटके चुक्कू का शव देख घर में हडकम्प मच गया। तभी सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बिच्छेदन गृह भेज दिया। उधर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर की मौत


**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारन का डेरा मजरे रामपुर भसरौल के समीप मगलवार की शाम ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से एक लगभग 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कुम्हारन का डेरा मजरे रामपुर भसरौल गांव निवासी राम किशुन का पुत्र अयोध्या प्रसाद मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे साइकिल द्वारा खेत से घर आ रहा था। तभी गांव का ही रहने वाला ज्वाला प्रसाद पुत्र शिवनारायण निषाद तेज रफ्तार टैअ्रटर ले कर आया और साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत

**फतेहपुर।** जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 63 वर्षीय कैदी की तबियत खराब हो जाने पर जे प्रशासन ने उपचार के लिये जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताते चले की बकेवर थाना क्षेत्र के दुबेपुर में लगभग 36 साल पूर्व 1984 में गांव निवासी बाबू सिंह की हत्या हुयी जिसमें गांव के ही स्व0 रघुराज सिंह का पुत्र लाल सिह, बलवन्त सिंह व धर्मपाल को नामजद किया गया था। जिस पर पुलिस ने लाल सिंह सहित तीनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 1987 में अदालत ने लाल सिंह को आरोपी मानते हुये आजीवन कारावास की सजा सुना दी थी। तब से लाल सिह जिला कारागार में सजा काट रहा था बताते है कि बीती रात को अचानक तबियत बिगड जाने पर जेल प्रशासन ने अपने बन्दी रक्षको के साथ सजा याफ्ता कैदी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहा कैदी ने दम तोड दिया। उधर पुलिस ने शव के अपने कब्जे मे लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वही जेल प्रशासन ने बताया कि मृतक लाल सिह की दो तीन दिन से तबियत ठीक नही थी जिसका जिला जेल अस्पताल में इलाज किया जा रहा था बीती रात तबियत बिगड जाने पर जिला अस्पताल भेजा गया था।

### गोरक्षा के नाम पर दलितों पर जुल्म-डा संदीप पाण्डेय

**संडीला (हरदोई)।** रमने मैगसेसे पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध समाजसेवी डा संदीप पांडेय ने कहा कि गोरक्षा के नाम पर मात्र ढोंग किया जा रहा है तथा इसकी आड़ में दलितों पर अत्याचार हो रहा है। डा संदीप पांडेय ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार गोशालाओं में विफल है और भाजपा कार्यकर्ता गाय के नाम पर दलितों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विगत 27 दिसम्बर 2020 को ग्राम लालामऊ मवई के दलित किसानों ने अपने खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आवारा मवेशियों को पकड़ा और इसकी सूचना पशु चिकित्साधिकारी को दी। पशु चिकित्साधिकारी ने इन पशुओं को ग्राम पवायां भगवन्तापुर एवं ढिकुन्नी की गोशालाओं में ले जाने के लिए कहा ग्रामीण इन गोशालाओं में इन गोवंशीय पशुओं को लेकर गये लेकिन पवायां भगवन्तपुर के ग्रामीणों ने इन पशुओं को अपने गांव की गौशाला में नहीं घुसने दिया। इन पशुओं को वापस लेकर जब ग्रामीण वापस लौटे तो रात हो गयी। रास्ते में ग्राम लौहगांपुर के पास स्वयं को भाजपा मंडल अध्यक्ष बताने ज्ञानेन्द्र सिंह ने इन पशुओं के विषय में पूछताछ की और इसके बाद कई लोगों को बुलाकर इन सभी की बुरी तरह पिटाई करवायी। डा पाण्डेय ने बताया कि इसकी सूचना ग्रामीणों ने रात में ही पुलिस को दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं आयी। दूसरे दिन इस घटना की शिकायत थाने पर की लेकिन पुलिस ने मात्र सूचना दर्ज कर आगे की कोई कार्रवाई नहीं की। डा पांडेय ने बताया किइस घटना की सूचना उन्होंने तमाम उच्चाधिकारियों को भी दी लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह चेतावनी दी किइस प्रकरण में दोषियो के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो फिर वे धरना प्रदर्शन इत्यादि सभी कुछ करेगें।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संदीप पाण्डेय

# खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**फतेहपुर।** युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से लोक भवन लखनऊ से किया गया। इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में विधायक बिन्दकी करन सिंह पटेल, जिलाधिकारी संजीव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा ग्राम पंचायत समराहा, विकास खंड हथगाम के



युवक मंगल दल अध्यक्ष विजय कुमार, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार, ग्राम सभा रामनगर कौहन, विकास खंड असोथर के युवक मंगल दल अध्यक्ष प्रभात सिंह तथा मंत्री सुधाकर सिंह एवं ग्राम पंचायत नहरखोर विकास खंड विकास खंड बहुआ की महिला मंगल दल अध्यक्ष कुमारी लवली सिंह, उपाध्यक्ष प्रतीक्षा सिंह को खेल किट वितरित की। किट में 04 वालीवाल, 04 फुटबॉल, 02 वालीबॉल नेट, 01 स्किपिंग रोप, 01 जोड़ा डिप्स स्टैण्ड एवं दो इन्फ्लेटर है। जिलाधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में कुल 169 युवक तथा 190 महिला मंगल दलों को दिए जाने हेतु किट निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराई गई है, का वितरण विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए।

# अमौली में धूमधाम के साथ हुआ 149 वर्ष पुराने मेले का शुभारंभ

**अमौली, फतेहपुर।** 149 वर्षों के प्राचीन मेले का आगाज बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। जनपद के व्यापारिक नगरी कस्बा अमौली में प्रत्येक वर्ष लगने वाले मेले पर इस बार कोरोना काल के चलते समय ग्रहण लगता उस वक्त नजर आ रहा था जब 7 दिन पूर्व मेले आयोजक कमेटी के माथे पर चिंता की लकीर थी, कि इस वर्ष मेला कोरोनावायरस काल के चलते नहीं हो पाएगा जिसे जीवंत रखने के लिए मेल आयोजक कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी से मिलकर मेले की अनुमति प्रदान करने व मेला की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी बात कही जिस पर कारागार राज्य मंत्री द्वारा मेला आयोजकों को अस्वस्त कराते हुए कहा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले मेला इस वर्ष भी लगाया जाएगा। आज बड़े ही धूमधाम के साथ मेले का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री जैकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह, उप जिला अधिकारी बिंदकी प्रियंका सिंह सहित कई विभाग के विभाग अध्यक्षों के बीच दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ कराया। इस दौरान सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए जिस पर भारी संख्या में आए हुए लोगों ने अपना अपना पंजीकरण करा कर सरकार की योजनाओं का लाभ पाने हेतु आवेदन जमा किया। जैसे ही कारागार राज्यमंत्री मेला परिसर पर पहुंचे तो आयोजकों ने उनका फूल माला गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया अपने संबोधन पर उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह जैकी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का बखान करते हुए उन्होंने कहा सरकार का प्रथम लक्ष्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभार्थी को लाभ पहुंचाना वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ कागजों पर ही काम होता था। वर्तमान सरकार ने चाहे किसानों चाहे नौजवानों चाहे बेरोजगार हो योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा सरकारी योजनाएं में मिलने वाले लाभ पर बिचौलिए का भय नहीं होते अब सीधे सीधे लाभार्थी के खाते में पैसा जाता है जिसके चलते आज बिचौलियों का काम खत्म हो गया है। इस मौके पर कारागार राज्य मंत्री प्रतिनिधि कैलाश नारायण शर्मा, पूर्व चेयरमैन हाफिज अनवारुल हक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संयोजक अबरार खान प्रमोद शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आरिफ उर्फ गुड्डू सेठ, प्रधान शानदार नकवी खंड विकास अधिकारी कमल किशोर कमल, रोटरी क्लब विनायक के पदाधिकारी राजेश गुप्ता, अनुपमा ओमर, मनीषा बाजपेई, सचिन दीक्षित, सहित मुकेश ओमर, संतोष गुप्ता, राम भक्त वर्मा, संजय मिश्रा, रविंद्र अवस्थी, अवधेश तिवारी, मेला कमेटी आयोजक जगत नारायण त्रिवेदी, सुरेश कुमार, हरिनारायण नंदन बाबू, प्रतीक्षा शुक्ला,अशोक प्रधान, सुरेश वर्मा, पूर्व प्रधान सुरेश उत्तम,ग्राम प्रधान राजेंद्र उत्तम, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह ग्राम प्रधान बंटू सोनकर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थें।

## केवट प्रसंग संवाद सुन श्रोता मंत्रमुग्ध

**बकेवर फतेहपुर।** देवमई विकास खण्ड के मयारामखेड़ा मे चल रही श्रीराम कथा व रासलीला मे केवट प्रसंग सुन श्रोता भावविभोर हो गये।कथा व्यास पंडित यदुनाथ अवस्थी ने राम वनवास की कथा को संगीत के साथ सुनाया।कहा कि भगवान राम को वन जाना था तो उनके प्रिय भ्राता लक्ष्मण जी भी तैयार हो गए। साथ में सीता भी जब घर से निकलीं तो संपूर्ण अयोध्या रो पड़ी। उन्होंने श्रीराम-केवट संवाद ऐसा सुनाया कि कुछ देर के लिए लोग अपने आप को गंगा नदी की तट पर होने का अहसास किया। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम और केवट के बीच मनोरम संवाद होता है।

# जेसीबी चालक से हाथापाई, झड़प

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीसरे दिन जगह-जगह विवाद



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**अतिक्रमण** अभियान के तीसरे दिन भी पुलिस और जिला प्रशासन के अफसर जगह-जगह विवाद को निपटाते रहे। लेकिन उसके बाद भी जेसीबी चालक से मारपीट का प्रयास किया। पुलिस नें एक युवक को हिरासत में ले लिया।

बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान मऊदरवाजा के कृष्णा देवी डिग्री कालेज से शुरू हुआ। इस दौरान सपा के पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के गेस्ट हाउस के बाहर नाले के ऊपर पड़ी पटिया तोड़कर जाल उखाड़ा गया। ईश्वरी विश्ववि ालय के सर्चलाइट भवन के सामने का अतिक्रमण भी हटाया गया। दुकानदार श्याम मनोहर दुबे की दुकान के बाहर की पटिया तोड़ने के दौरान जमकर विवाद हो गया। श्याम मनोहर का पुत्र और किरायेदार अंकित वर्मा भी जेसीबी पर चढ़ गये।

उन्होंने जेसीबी चालक से खीचतान कर हाथापाई कर दी। जिसके बाद पुलिस नें सौरभ मिश्रा को दबोच कर थानें भेज दिया। उसी दौरान महिलाओं नें हंगामा कर दिया। जिस पर पुलिस नें उन्हें घर के भेज कर दरवाजा बंद कर दिया। अतिक्रमण अभियान के चलते हड़कंप मचा रहा।

### प्रशासन के आगे व्यापारी नेता की हेकड़ी फेल

**थाना** मऊदरवाजा क्षेत्र के बीबीगंज में व्यापारी नेता बॉबी गुप्ता के आवास की सीडी टूटने का नम्बर आया तो व्यापारी नेता फुरखान खां, सभासद असलम शेर खां भी आ गये। उन सभी नें बॉबी की पटिया तोड़ने का विरोध किया । लेकिन नगर मजिस्ट्रेट नें थानाध्यक्ष जेपी शर्मा से बॉबी गुप्ता को थानें ले जाने के निर्देश दिये। जिसके बाद व्यापारी नेता शांत हुए और बॉबी की पटिया टूट गयी।

### प्रेमी संग फरार हो गयी युवती, पिता ने दी तहरीर

**नवाबगंज;फर्रुखाबाद।** युवती प्रेमी के साथ फरार पिता ने नामजद प्रेमी के खिलाफ थाने में दी तहरीर। थाना क्षेत्र के ग्राम अटसेनी निवासी सुभाष चंद्र पाल 19 वर्षीय पुत्री प्रियंका थाने के पास से एक इंटर कॉलेज में अपनी टीसी लेने कल गई हुई थी। शाम तक घर ना वापस आने पर पिता ने काफी खोजबीन की तो उसे पुत्री का पता चला उसकी पुत्री को थाना मोहम्मदाबाद कोतवाली निवासी राहुल कुमार बहला.फुसलाकर भगा ले गया है। राहुल का उसके घर पहले से ही आना जाना था। पुलिस को पिता ने तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# एसपी ने थाना प्रभारियों को दिए टिप्स



संवाददाता। कनपुर देहात

**पुलिस** लाइन साभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल संरक्षण अधिनियमए जेजेबोर्ड के नोडल अधिकारी गणों के साथ गुमशुदा बच्चो व पाक्सों अधिनयम के पीडितों एवं बाल अपचारी के प्रति पुलिस का व्यवहारध्दायित्वों के बारे में जानकारी समस्त अधिकारीगण प्र0नि0थानाध्यक्षों को कार्यशाला मे दी गयी। जिसमें बाल संरक्षण अधिनियम जेजे बोर्ड का जनपद में कड़ाई से पालन करने व गुमशुदा बच्चो की सूचना पर तुरंत अभियोग दर्ज करने एवं गुमशुदा की तत्काल तलाश करना सुनिश्चित करेंगेए पीड़ित बच्चों की बात को गंभीरता से सुनकर उनके साथ मानवीय व्यवहार करने तथा बच्चो के साथ घटित होने वाले अपराधों के बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित कर जागरूक करने तथा वाल अपचारी के प्रति पूर्णत: मानवीय दृष्टिकोण अपनाने हेतु एवं जे0जे0 एक्ट मे निहित प्राविधानो के अनुसार थानो मे नियुक्त वाल अधिकारी द्वारा पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने की चर्चा की गयी तथा एएचटीयू टीम को भी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिय गये।

# सीएम ने वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए बांटी मंगल दलों को खेल सामग्री

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्यमंत्री** द्वारा वर्चुअल माध्यम से युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरुप खेल सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम कुल 10 लाभार्थी कलेक्ट्रेट एनआईसी में उपस्थित रहे जिनमे युवक मंगल दल के अध्यक्ष अतुल कुमारए आदर्श कुमारए मो साहिल एवं महिला मंगल दल की अध्यक्ष रश्मिए प्रमिला देवी इत्यादि उपस्थित रहे जिन्हें विधायक भोगनीपुर विनोद कटियारए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्रए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरुप खेल सामग्री वितरित की गयी एवं प्रोत्साहित करते हुए यह अवगत कराया गया कि मनुष्य के जीवन में खेल कूद से क्या.क्या लाभ मिल सकते है साथ ही

**● कार्यक्रम के दौरान कुल 10 लाभार्थी कलेक्ट्रेट एनआईसी में उपस्थित रहे**

साथ ही युवक एवं महिला मंगल दलों के अध्यक्षए सदस्यए उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि वे नशा इत्यादि से दूर रहे है एवं नवयुवकों को भी इस विषय में प्रेरित करते हुए जनपद कानपुर देहात को नशा मुक्त बनाने में पूर्ण सहयोग करें। इसी क्रम में डीएम व सीडीओ द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों के युवकों एवं महिलाओं से वार्ता की गयी एवं जानने का प्रयास किया गया कि उनके द्वारा किन.किन क्षेत्रों में कार्य किये जा रहे है जिसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी को प्रेरित करते हुए अवगत कराया गया कि वें स्वयं नशे इत्यादि से दूर रहे एवं सभी को प्रेरित करें वें भी नशे इत्यादि से दूर रहे साथ ही महोदया द्वारा खेलो इंडिया खेलो की तर्ज पर प्रेरित करते हुए खेल.कूद में रुचि लेने के सम्बन्ध में बधाई भी दी गयी। सीडीओ द्वारा महिलाओं को प्रेरित करते हुए अवगत कराया गया कि वें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से अन्य कार्यों जैसे स्वेटर बुननाए सिलाई एवं कढाई में भी रुचि ले एवं यह भी अवगत कराया गया कि विकास भवन में एक कैंटीन का निर्माण भी अतिशीघ्र कराया जाना है जो कि प्रेरणा कैंटीन के नाम से संचालित की जायेगी जिसमे महिलाएं स्वयं कार्य कर सकती है जिससे उनके रोजगार भी मिल सकेगा। इस मौके पर अधिकारीगणए लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

# सिर्फ नाम ही नहीं दिल से भी कोमल, नहीं छोड़ा बेटियों को

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**जो** जुड़वां नवजात बेटियां किसी के लिए भार थीं, वे डॉ. कोमल यादव के जीवन का मकसद बन गईं। इन बेटियों के लिए डॉ. कोमल ने पति से भी एक ही वर्ष में दूरी बना ली। अब बेटियों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देना ही उनके जीवन का उद्देश्य है।

डॉ. कोमल के इस संकल्प में उनकी मां भी सहयोग दे रही हैं। इन दिनों चंडीगढ़ में नौकरी कर रहीं डॉ. कोमल की बेटियों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो खासी वाहवाही लूट रही है। डॉ. कोमल मूलरूप से बुलंदशहर की रहने वाली हैं।

वर्ष 2014 में एमएस (सर्जन) की पढ़ाई महाराष्ट्र से पूरी करने के बाद उन्होंने फर्रुखाबाद में मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज में नौकरी कर ली। साथ ही वह आवास विकास कालोनी स्थित नर्सिंगहोम में भी सेवाएं देने लगी थीं। डॉ. कोमल ने 18 अक्तूबर 2015 को नर्सिंगहोम में भर्ती महिला का प्रसव कराया।

महिला ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। प्रसूता के पति की छह माह पूर्व मौत हो चुकी थी और उसके दो बेटियां पहले से थीं। आर्थिक तंगी के चलते महिला अपनी नवजात बेटियों को नर्सिंगहोम में छोड़कर चुपचाप चली गई। उन दोनों नवजात बेटियों को डॉ. कोमल यादव ने गोद ले लिया।

कुछ दिन बाद ही वह बेटियों को लेकर हिमाचल प्रदेश चली गईं और वहीं नौकरी करने लगीं। इसी बीच ईंट भट्ठा मालिक पिता सीताराम यादव ने उनकी शादी चंडीगढ़ में एक व्यापारी से तय कर दी। शादी से पहले ही डॉ. कोमल ने पति व ससुरालीजनों को यह बता दिया था कि वह खुद अपने बच्चे को जन्म नहीं देंगी।

वर्ष 2016 में उनकी शादी हुई तो वह अपनी जुड़वां बेटियों को भी ससुराल साथ लेकर गईं। वहां बेटियों को प्यार-दुलार मिला, लेकिन कुछ ही दिनों में डॉ. कोमल पर बच्चे को जन्म देने का दबाव बना, जो वह बर्दाश्त नहीं कर सकीं। एक साल बाद ही उन्होंने पति से रास्ते अलग कर लिए।

### चंडीगढ़ में ही कर रहीं नौकरी और क्लीनिक

डॉ. कोमल तीन वर्ष से चंडीगढ़ में ही अपना क्लीनिक चलाने के साथ दो निजी अस्पतालों में नौकरी भी कर रहीं हैं। दोनों बेटियां रीत और रिदम अब पांच वर्ष की हो चुकी हैं। वह चंडीगढ़ के मानव मंगल स्कूल में केजी में पढ़ रही हैं। डॉ. कोमल ने बताया कि बेटियों ने उन्हें जीना सिखाया।इससे बेटियों की बेहतर परवरिश, शिक्षा, संस्कार के साथ भविष्य बनाना उनके जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि बेटियों की परवरिश में नर्सिंगहोम स्टाफऔर उनकी मां की भी मुख्य भूमिका है। इसी माह उन्होंने चंडीगढ़ में एक घर भी खरीद लिया है। उनके कोई भाई नहीं है। छोटी बहन भी डाक्टर बनकर दिल्ली में नौकरी कर रही है। मां उनके साथ रहती हैं। इन दिनों बेटियों के साथ उनकी मां बुलंदशहर गई हैं। 24 जनवरी को वह उन्हें लेने जाएंगी।

# कांग्रेसियों ने संदेश पदयात्रा निकाली

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कांग्रेस** संदेश पदयात्रा अमृतपुर विधानसभा में राजेपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत अलीगढ़, कड़क्का, विचपुरिया, राजेपुर, तुसौर, कुइयां, गांधी, दहलिया में निकाली गई। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने संदेश पदयात्रा नगर में निकाली।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कटियार ने कहा कि आज किसान दर-दर की ठोकर खा रहा है। किसान की आवाज को केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश की सरकार नहीं सुन रही हैष किसान जो दिन रात खेती करता है और अपना सर्वस्व खेती पर न्योछावर करता है आज उसकी खेती पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार डांका डाल रही है। जब तक किसान विरोधी बिल वापस नहीं होगा कांग्रेस किसानों का समर्थन करती रहेगी। पदयात्रा के तीसरे दिन गंगापार क्षेत्र में किसानों को जागरुक कर कृषि बिल का विरोध किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, अरविंद अग्निहोत्री, कृष्ण गोपाल मिश्राए, अभय यादव, अनीस सिंह, जितेंद्र सिंह, सुखपाल कुशवाह, संजू अग्निहोत्री, मोनू कठेरिया, लइकुर रहमान, सुमित यादव, अभिषेक कटियार, विपुल सिंह, प्रभु अग्निहोत्री, रघुवीर यादव, राजू सोमवंशी, विनोद सिंह, जगवीर यादव, आजाद खान, सुरेश सिंह, सुरेश तिवारी, वंश पाल, मनोज अग्निहोत्री, दिवाकर अग्निहोत्री, अरुण दुबे, बृजेश कुमार, विनय दीक्षितए, जीतू बाथम, सुनील कठेरिया, हिमांशु दुबे आदि लोग मौजूद रहे। वहीं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक कमालगंज के ग्राम जहांगीरपुर में कांग्रेस संदेश पदयात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आफ्ताब अहमद, कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष इसरार अली, कमरुद्दीन, लतीफअली, डॉक्टर मनु, शानू खान, शकील खान, मोहम्मद शाहिद, तुलाराम कठेरिया, गणेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

बुधवार को शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश कटियार के नेतृत्व में आवास विकास लोहिया नगर व नेकपुर चौरासी कांग्रेस संदेश यात्रा निकाली। वार्ड नंबर 13 विवेकानंद नगर, वार्ड नंबर 1 अम्बेडकर नगर तक पदयात्रा पहुंची। इस मौके पर प्रभात कटियार, क्रांति दीक्षित, संतोष गुप्ता, मोहित गुप्ता, मनोज कुमार, अजय निराला, संजीव कटियार, श्याम, नीरज कटियार, बहादुर, प्रेमलाल, राजीव, विनोद कुमार भदौरिया, सौरभ कुमार, नन्हीं देवी, सुनीता, सावित्री देवी, शकुंतला देवी, कुसमा देवी, आरती, मुन्नी देवी, नीलम, उर्मिला, नेहा, पूजा देवी, जगरानी, सुनीता, बबिता, मीनू, जमुना देवी, वीना, संजू, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता पर दुष्कर्म का आरोप

**फर्रुखाबाद।** सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर नौकरानी के साथ भाजपा नेता ने कई बार दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। शादी की बात कहने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसकी शिकायत करने की बात कहने पर सोमवार को आरोपी व उसके तीन साथियों ने भोलेपुर में अपहरण का प्रयास कर मारपीट कर दी। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने मंगलवार को एसपी अशोक कुमार मीणा को प्रार्थना पत्र देकर एक भाजपा नेता पर दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसमें बताया कि भाजपा नेता के दो मकान हैं। एक में वह नौकरानी की तरह घरेलू काम करती थी।आरोपी ने सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला काफी समय तक चलता रहा है। उसने शादी करने का दबाव बनाया, तो उसको पता चला कि भाजपा नेता पहले से ही शादीशुदा है।

# पश्चिमी केबिन के बीच में फंस गई मालगाड़ी घंटों लगा रहा भीषण जाम



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**मंगलवार** को डेडीकेटेड फ्रेड कारीडोर के शुभारम्भ के बाद वुधवार को ही डीएफसी में मालगाडी फॅस गयी। पश्चिमी केबिन के बीच मालगाडी खडी होने से फाटक बन्द रहा जिसके चलते करीब 3 घण्टे लोगों को जाम की समस्या से जूझना पडा। मालगाडी के रवाना होने के बाद ही जाम की समस्या से निजात मिल सकी। वुधवार को विशेष मालगाडी परियोजना के ओएचई लाइन की जॉच पडताल हेतु ब्लाक लिया गया था। ब्लाक के चलते ओएचई लाइन में विद्युत आपूर्ति बन्द कर दी गयी थी। विद्युत आपूर्ति बन्द करते समय ही भाऊपुर से खुर्जा की ओर मालगाडी रूरा से गुजर रही थी। विद्युत आपूर्ति बन्द होने पर धीमी होती गयी मालगाडी पश्चिमी केबिन को क्रास कर खडी हो गयी। पश्चिमी केबिन पर मालगाडी खडी होने के चलते आटोमेटिक रेलवे फाटक बन्द रहा। करीब 3 घण्टे तक अफरातफरी व जाम की भयावह स्थिति से लोगों को जूझना पडा। दोपहिया वाहन सवार रेलवे पटरियों के ऊपर से अपने वाहनों को पैदल ही ले जाते नजर आये। वाहन सवार लोगों के सहयोग से अपने वाहन को बडी मुश्किल से रेलवे ट्रैक को पार करने में सफल रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में नववर्ष 2021 का आगाज, कार्यक्रम हुए



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**सीपी** इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को नव वर्ष 2021 के स्वागत में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सी0पी0 विद्यालय की उपनिदेशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य डॉ0 के0के0 श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। आस्था ने सरस्वती वंदना व प्रतीक ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद अनाया, तेजस्वी, पल्लवी, अवेक्षा आदि नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिंगल बेल नृत्यात्मक गीत के माध्यम से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आराध्या मिश्रा ने संस्कृत मंत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समापन से पूर्व विद्यालय के संस्थापक चंद्र प्रकाश अग्रवाल व प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने अपने संदेश में छात्रों की मेहनत व उनके उत्साह की प्रशंसा की। सी0पी0 विद्यालय समूह की निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा बच्चों ने अच्छी प्रस्तुति दी है। ऐसे कार्यक्रम देखकर बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम का संचालन फहमीदा रजा ने किया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

### पूर्व सैनिक पर हमले में रेस्टोरेंट मालिक गया जेल

**फर्रुखाबाद।** पूर्व सैनिक पर जानलेवा हमले के आरोपी रेस्टोरेंट मालिक को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है।फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला जय नारायण वर्मा रोड निवासी रिटायर्ड सैनिक रवि प्रताप उर्फपंकज दो दिसंबर की रात कार से विवाह समारोह में शामिल होने के बाद घर आ रहे थे।आंबेडकर मूर्ति तिराहे पर रास्ते से कार हटाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने उनसे मारपीट कर फायरिंग कर दी थी। इसमें रवि प्रताप के सिर में गोली लगी थी। पुलिस ने दो दिन बाद पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया था। दो दिन पहले गांव धंसुआ निवासी रेस्टोरेंट मालिक भीमसेन राजपूत को पुलिस घर से पकड़ लाई।भीमसेन के पकड़े जाने पर एक जनप्रतिनिधि ने पुलिस पर उसे छोड़ने का दबाव बनाया। उधर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े एक नेता ने भी भीमसेन की गिरफ्तारी को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर दबाव बनाया कि हर हाल में भीमसेन का चालान किया जाए। इसकी जानकारी एसपी अशोक कुमार मीणा को हुई, तो उन्होंने कोतवाल जय प्रकाश पाल की फटकार लगाई। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी भीमसेन राजपूत को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। कोतवाल जय प्रकाश पाल ने बताया कि आरोपी भीमसेन का जानलेवा हमले के मामले में चालान किया गया है।

# डीएम ने एल-2 अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**देश** में फैली वैश्विक महामारी को जनपद में नियंत्रण करने में लगे जिलाधिकारी ने एल 2 अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भर्ती मरीज से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। वहीं सीसीटीवी कैमरे की मदद से साफ-सफाई का जायजा लिया।

कोविड महामारी से जनपद में आमजनमानस को बचाने में जुटे जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह एल2 अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होनें अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वार्डों में साफ-सफाई का जायजा लिया। इसी मौके पर जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीज कुल्दीप से बात कर स्वास्थ्य,उपचार एंव भोजन की गुणवत्ता का जाएजा लिया। भर्ती मरीज ने बताया कि अस्पताल में बेहतर रुप से साफ-सफाई की जा रही है। वहीं दोनों वक्त गर्म रोटियों के साथ ताजी तरकारी का सेवन कराया जा रहा है। वहीं सीएमओ डा0 वंदना सिंह ने बताया कि अस्पताल में 2 मरीज भर्ती हैं।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर बने 649 गोल्डेन कार्ड

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगतिलाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में 649 गोल्डेनकाडे बनाये गये हैस उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदारए खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्यविभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारीध्प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है किप्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण कराएं। साथ ही अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों का सहयोग भी प्राप्त करें। ताकि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर एक पात्र व्यक्ति को मिल सकें।

# विकास के लिए खुला है सरकारी खजाना: केशव

● किसान आंदोलन की आड़ में विपक्ष का पीएम मोदी का हमला देश का अपमान



भूमि पूजन करते डिप्टी सीएम केशव मौर्या।

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के एक दिवसीय दौरे पर आये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बुद्धवार को सीआईसी ग्राउंड में आयोजित समारोह में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उपमुख्यमंत्री मौर्या ने किसान आंदोलन के मुद्दे पर विपक्ष दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने किसानों,मजदूरों और बेरोजगारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐतिहासिक कार्य किये है। डबल इंजन की सरकार देश के गरीबों के साथ है। पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान मुद्दा विहीन हो चुका विपक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ साजिश रच रहा है। किसान आंदोलन की आड में प्रधानमंत्री का अपमान करने वाले विपक्षी दल देश की 130 करोड जनता का अपमान कर रहे है।

बुद्धवार को चित्रकूट के दौरे पर आये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने 1107.68 लाख रूपये की लागत से बनाये जाने वाले तरौंहा-गोबरिया-दिव्यांग विश्वविद्यालय मार्ग पर मंदाकिनी नदी पर दीर्घ सेतु, 892.33 लाख रुपये की लागत से सगवारा भटरी मार्ग पर वाल्मीकि नदी पर दीर्घ सेतु तथा 1154.14 लाख की लागत से बनने वाले महादेवन - नागरपुरवा मार्ग पर वाणगंगा नदी पर दीर्घसेतु,पहुँचमार्ग तथा सुरक्षात्मक कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी परिसर में करीब 133 करोड की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद किसान सम्मेलन को सम्बोधित किया। चित्रकूट यह पावन भूमि है,जहां प्रभु श्री राम नित्य निवास करते है। इस पावन भूमि के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति के सारे विसाद दूर हो जाते है। किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों की उपेक्षा करने के कारण ही यूपी से सपा की सरकार का सफाया हुआ था। जब से केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है तब से धरातल पर विकास दिखने लगा है। सपा-बसपा सरकार में पुलों का शिलान्यास तो होता था, लेकिन पुल का निर्माण कभी पूरा नही होता है। आज भाजपा सरकार में पूरे देश और प्रदेश में सडकों और पुलों का जाल बिछ रहा है। उन्होने कहा कि चित्रकूट को कौशाम्बी जिले से जोडने के लिए 40 करोड की लागत से पुल का निर्माण शुरू हुआ था,लेकिन समय से काम न कराने के कारण उस पुल की लागत से आज 120 करोड हो गई है। आज योगी सरकार उस पुल को बनवाने जा रही है।आज सरकार तीन दिन में एक पुल बनाकर जनता को समर्पित कर रहीं है। आज नियत समय पर सडकों और पुलों का निर्माण हो रहा है। उन्होने कहा कि विकास की दृष्टि से रामलला की अयोध्या से कम महत्व चित्रकूट का नहीं है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार चित्रकूट के चहुमुंखी विकास के प्रति संकल्पित है। मौर्य ने कहा कि चित्रकूट से चार लेन का राम वनगमन मार्ग का भी शीघ्र निर्माण पूर्ण कराया जायेगा। भाजपा सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड में विकास के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराये जा रहे हैं तथा चित्रकूटधाम का उतना ही महत्व है जितना प्रयागराज व अयोध्या धाम का है।

उपमुख्यमंत्री मौर्या ने कहा कि जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि आदि कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की आधारशिला रखीं है।कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसम्बर को पीएम मोदी ने एक बटन दबाकर 18 हजार करोड रूपया देश के किसानों के खाते में भेजा। उन्होने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब राजीव गांधी की सरकार थी तब वो कहा करते थे कि सरकार जब एक रूपया भेजती है तो जनता के पास 15 पैसा पहुंचता है। बाकीं पैसा भ्रष्टाचार और दलाली की भेंट चढ जाता था। वहीं आज मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की तस्वीर बदल चुकी है। आज सरकार द्वारा जनता को भेजा जाने वाला सौ का सौ रूपया जनता के पास पहुंच रहा है। विपक्षी दल सरकार की इसी पारदर्शिता से परेशान है। कांग्रेस,सपा और बसपा समेत सभी विपक्षी दलों की लूट और दलाली बंद हो गई। देश के किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों के उत्थान एवं देश की समृद्धि के लिए दिन-रात काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी के पूंजीपतियों के साथ होने का आरोप लगाकर विपक्षी दल देश की 130 करोड जनता का अपमान कर रहे हैं। बुंदेलखंड के विकास के लिए कोरोना संकट होने के बावजूद केंद्र और प्रदेश सरकार का खजाना खुला हुआ है। मौर्य ने कहा कि चित्रकूटधाम मण्डल में 600 करोड़ रूपये के पुलों के निर्माण की योजनाएं संचालित हैं तथा प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन 11 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मौर्य ने कहा कि मऊ में महिलाघाट पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है तथा इस पुल का कार्य शीघ्र पूर्ण हो सकेगा। इससे अयोध्याधाम तक जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नही होगी। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 18 हजार करोड़ रूपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है। वर्तमान सरकार द्वारा 40 करोड़ गरीब व्यक्तियों के जनधन खाते खोलने का कार्य किया गया है। इसी प्रकार आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ लोगों के इलाज की व्यवस्था की गई है तथा कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज के अभाव में नहीं मरेगा। राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर विधायक आंनद शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह,वरिष्ठ नेता रंजना उपाध्याय,अशोक जाटव,भोले सिंह आदि सैकडों भाजपाई मौजूद रहे।

# दोहरे हत्याकांड में शव रख हाईवे किया जाम, पहाड़ी थाना एसएचओ निलम्बित

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते कांग्रेस पूर्व जिलाउपाध्यक्ष व भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपी युवक के घर में आग लगा दी। आज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुराने अस्पताल के पास शव को रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे डीएम-एसपी ने सूबे के डिप्टी सीएम केशव मौर्या के आने के चलते परिजनों की सभी मांगें मान ली हैं।

ये दोहरा हत्याकांड पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव में मंगलवार देर रात हुआ। कमलेश रैकवार अपने घर में बैठा शराब पी रहा था। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अशोक पटेल व उनका भतीजा शुभम वहां से निकले तो कमलेश की उनसे कहा-सुनी हो गई। इस बीच कमलेश ने लाइसेंसी राइफल से दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपी के घर में आग लगा दी। अग्निकांड से आसपास



हाईवे पर जाम लगाये परिजन व गुस्साये लोग।

के घर भी जलने लगे। आनन-फानन में ग्रामीणों ने दमकल टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया।

जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम को शव ले जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पुराने जिला अस्पताल के पास शव को रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे डीएम-एसपी ने परिजनों की थाना प्रभारी को निलम्बित करने, आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने, मृतक परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, आरोपियों के असलहे निरस्त कर परिवार के आकाश सिंह को सुरक्षा देने की मांग मान ली। इसके बाद परिजनों ने जाम हटाया, तब जाकर शव का पोस्टमार्टम हुआ।

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सीएम ने खेल सामग्री वितरण का किया शुभारंभ



लाभार्थी को खेल सामग्री देते युवा कल्याण अधिकारी।

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण समारोह का शुभारम्भ किया। बुधवार को एनआईसी में डीएम तथा सीडीओ ने युवक एवं महिला मंगल दल के लाभार्थियों को खेल सामग्री बांटी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी हरीश कुमार को निर्देश दिये कि गांव में खेल के मैदान को उपजिलाधिकारियों से सम्पर्क कर चिन्हित करायें। खेल के मैदान का सौन्दर्यीकरण कराकर खेलने के सामग्री की व्यवस्था करायें, ताकि बच्चों को खेलने का मौका मिल सके। गांव में बच्चों में खेल के प्रति खासे हुनर होते हैं। शासन ने विभाग के माध्यम से युवक व महिला मंगल दल के लोगों को प्रोत्साहन स्वरुप खेल सामग्री दे रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करायें। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी हरीश कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सैकडों समर्थकों के साथ क्रेशर यूनियन अध्यक्ष रामेंद्र गौतम भाजपा में शामिल

**चित्रकूट।** उप्र के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के चित्रकूट दौरे के दौरान कांग्रेस को छोडकर भरतकूप क्रेशर यूनियन के अध्यक्ष रामेंद्र गौतम के नेतृत्व में सैकडों कारोबारियों ने भाजपा की सदस्ता ग्रहण की। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी की नीतियों से प्रभावित होकर बुद्धवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के चित्रकूट दौरे के दौरान चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान कांग्रेस को छोडकर भरतकूप क्रेशर यूनियन के अध्यक्ष रामेंद्र गौतम ने वरिष्ठ कारोबारी मिथलेश कुमार गर्ग, सुग्रीव सिंह, अजय मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, पवन कुमार द्विवेदी, राजेंद्र सिसौदिया एवं चुन्ना वर्मा समेत सैकडों समथकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की अलग पहचान बनाने में जुटे है।

## क्विक न्यूज

### 32 पात्रों को सौंपे गए आवासों के प्रमाणपत्र

**कोटरा (जालौन)।** बुधवार को कस्बा कोटरा में विधायक गौरी शंकर वर्मा, एसडीएम सदर सत्येंद्र सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आशाराम अग्रवाल अधिशासी अधिकारी प्रदुम्न कुमार द्वारा पात्र विकलांग एवं गरीबों को 32 आसरा कॉलौनी आवंटित कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे। उल्लेखनीय हो कि लंबे समय से आसरा कालौनी में आवास मिलने की आस लगाये बैठे लोगों को उस दौरान स्थायी आवास मिलना सुनिश्चित हो गया जब विधायक, एसडीएम ने पात्र 32 लोगों को आसरा कालौनी के आवासों के प्रमाण पत्र उन्हें सौंपे। स्थायी आवास मिलने से लोगों की आंखें सुखी से नम हो गयी। जिन पात्रों को आवास आवंटित किये गये उनमें विकलांगों के साथ ही ऐसे लोग शामिल रहे जिनके पास में वास्तव में रहने के लिये कोई आवास नहीं थे और वह लंबे समय से असरा कॉलौनी मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। बुधवार को नगर पंचायत द्वारा आयोजित समारोह में जब उन्हें रहने के लिए खुद का घर प्राप्त हुआ और काफी प्रसन्नता पूर्वक विधायक द्वारा एवं अन्य अधिकारी के माध्यम से अपनी कॉलौनी प्राप्त की।

### घर में जाने के विवाद पर युवक ने ली बुजुर्ग की जान

**माधौगढ़ (जालौन)।** रेढ़र थाना के अतरौली गांव में युवक का गलत तरीके से दूसरे के घर में घुसने पर विवाद हो गया। जिसमें युवक ने विरोध कर रहे बुजुर्ग को लाठी मार दी। जिसके बाद गंभीर हालत में बुजुर्ग को नदीगांव अस्पताल ले जाया गया लेकिन स्थिति नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जहां बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला पंजीकृत कर लिया है। ग्राम अतरौली में रात को विकास सेंगर पुत्र बादशाह सिंह संदेहास्पद तरीके से रामजी पुत्र धनीराम के घर में घुस रहा था। जिसका विरोध रामजी (75) ने किया तो तैस में आकर विकास ने लाठी मारकर घायल कर दिया और मौके से भाग गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। जिसके बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसओ योगेंद्र पटेल ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दबंगों ने महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते गांव के लोगों द्वारा महिला के साथ गाली, गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी शशि देवी पत्नी साहब सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही चंद्रपाल व प्रशांत उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर उनके परिवार के साथ गाली, गलौज करते हैं।परिवार के सभी लोग परेशान हैं। मंगलवार की शाम उक्त दोनों उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। काफी देर तक जब उन्होंने गाली देना बंद नहीं किया तो बाहर आकर उसने उन्हें गाली देने से मना किया। इस बात से नाराज होकर दोनों ने मिलकर उसके साथ लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे काफी चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर पड़ोसियों को आता देख दोनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की।

### युवक को अगवा कर गायब करने का आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम दरियापुर निवासी एक व्यक्तिने वही के चार युवकों पर अपने भाई को अगवा कर गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस उसकी खोज करने की गुहार लगाई है, दरियापुर निवासी दशरथ कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 दिसंबर की प्रातः 6.00 बजे उसके भाई राजू कुशवाहा 30 वर्ष को गांव के निवासी अनुराग सिंह, सोनू सिंह, पल्ले सिंह तथा जगदेव धोबी घर से अगवा कर ले गए थे तब से उसका कोई अता-पता नहीं है, उक्त लोगों से पूछताछ की गई तो कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं, थानाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है चारों लोगों को बुलाकर पूछताछ की गई है मामला आपसी लेनदेन का बताया जा रहा है,पुलिस युवक की खोजबीन में जुट गई है,

### अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** अलग अलग घटनाओं में एक युवती सहित तीन लोग घायल हो गये एक को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। मौदहा निवासी यसरथ व समध गुप्ता अपनी अपनी बाइक से बडे चौराहा से घर आ रहे थे तभी अचानक बाइक का सन्तुलन बिगड़ जाने से सड़क पर गिर घायल हो गए जिससे लोगों की मदद से दोनो को मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया वहीं यसरथ गुप्ता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डाक्टरों ने सदर अस्पताल रिफर कर दिया है।करहिया निवासी प्रियंका पुत्री दिग्बिजय बीती शाम अपनी छत पर टहल रही थी तभी अचानक संतुलन बिगड़ जाने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गई जिससे परिजन आनन-फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### डंडा मारकर सिर फोड़ दिया

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा निवासी ने दो महिलाओ के खिलाफडंडा मारकर घायल कर देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गयी है। कस्बा निवासी बौआ पुत्र सती चरण ने पुलिस को बताया कि 28 दिसम्बर को शाम मेला देखने मंडी के पास गया था। वहां पर कांशीराम कालोनी कुरारा निवासी उषा व उसकी मौसी जय देवी मेरे भाई छुट्टन से सौ रुपये मांगे तो उसने देने से मना किया तो वह झगड़ा करने लगी । तथा डंडा सिर में मार दिया। जिससे सर में चोट आई है। तथा मुकदमे में फँसाने की धमकी देकर चली गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफमारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ठंड से अधेड़ की मृत्यु

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया में बीती रात ठंड लगने से एक किसान की मौत हो गयी। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील क्षेत्र मौदहा के ग्राम कम्हरिया निवासी मो. अहमद उर्फमुन्ना (50) मंगलवार की रात खाना भी खा पीकर सोया था। अचानक ठंड लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ती देख उसके परिजन आनन फानन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक किसान के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### बीडीओ ने सुढ़ार सालाबाद पहुंच जानवरों को लगवाए टैग

**जालौन (उरई)।** सुढ़ार सालाबाद स्थित गोशाला का निरीक्षण कर बीडीओ ने आवारा जानवरों को टैग लगवाए। ताकि पालतू पशुओं की पहचान कर उन्हें अन्ना छोड़ने वाले पशु पालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। पशुओं की अधिक संख्या को देखते हुए गोशाला में अतिरिक्त टट्टर लगवाने के भी निर्देश दिए। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने सुढ़ार सालाबाद स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला के नियमित सफाई कराने के साथ ही चारा, पानी की भी व्यवस्था करने के निर्देश सचिव सतीश वर्मा को दिए। इसके अलावा सर्दी के मौसम में पशुओं को गर्म रखने के लिए रात में अलाव जलवाने एवं पशुओं की संख्या को देखते हुए गोशाला में अतिरिक्त टट्टर लगवाने के भी निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की थी कि गांव के कुछ पशुपालक अपने जानवरों को अन्ना छोड़ देते हैं जिससे वह खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

# दीये से घर में लगी आग बुजुर्ग की जलकर मौत

**बांदा।** नरैनी के पुंगरी गांव में सोमवार रात दीये से घर पर लगी आग की चपेट में आकर चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत हो गई। गृहस्थी का सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नरैनी थानाक्षेत्र के पोंगरी गांव में सोमवार रात 58 वर्षीय बउरा घर में सो रहे थे। उसी कमरे में बोरियों में भरा करीब 10 क्विंटल धान भी रखा था। रात नौ बजे धान के बोरों के पास रखा दीया किसी तरह गिरने से आग लग गई। कुछ देर में ही आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। पड़ोसी रामचरन ने आवाज देकर आसपास के लोगों को बुलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझी। दमकल पहुंचने से पहले ही आग बुझ चुकी थी। सीओ सियाराम एसडीएम नरैनी वंदिता श्रीवास्तव इंस्पेक्टर इंद्रदेव व तहसीलदार सुशील कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव निकलवाया। दिवंगत के भाई राजू ने बताया कि वह अविवाहित और छह भाइयों में दूसरे नंबर के थे। पांच बीघा खेत में गुजर.बसर करते थे। घर पर बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण दीया जलाते थे।

मां की मौत के 13 दिन बाद बच्ची ने भी तोड़ा दम रू मां की मौत के 13 दिन बाद अबोध बच्ची ने भी ननिहाल में दम तोड़ दिया। ननिहाल पक्ष ने बताया कि बच्ची हृदय रोग से पीड़ित थी। उसका उपचार चल रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्का थाना क्षेत्र के ग्राम इंगुवा निवासी पूजा की शादी लछिया मऊ दिबियापुर जिला औरैया में हुई थी। उसके चाचा योगेंद्र ने बताया कि ससुराल में भतीजी पूजा व उसकी 10 माह की बच्ची सृष्टि उर्फ पूजा रानी काफी बीमार थी। ससुरालीजन उनका ठीक से उपचार नहीं कराते थे। जिसके चलते वह दोनों को 28 नवंबर को मायके इंगुवा गांव ले आए थे। भतीजी पूजा की टीबी की बीमारी से 16 दिसंबर को मौत हो गई थी। उसकी बड़ी बहन की शादी लछिया मऊ में हुई है। बच्ची सृष्टि का भी उपचार चल रहा था। हार्ट में दिक्कत होने से कानपुर व अन्य जगह उपचार कराया गया था। बीमारी के चलते बच्ची की घर में मौत हो गई है। मौत की वजह स्पष्ट न होने से शव का बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# शासन ने निष्क्रिय पड़े युवक व महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित कर किया सक्रिय

**हमीरपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के अंतर्गत युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनआईसी में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद की दो महिला मंगल दलों गिमुंहा की मनीषा, बिलौटा की प्रियंका को तथा तीन पुरुष मंगल दलों कीरतपुर के आशीष कुमार, नारायणपुर के जितेंद्र यादव, पंधरी के अतुल को इस प्रकार कुल पांच मंगल दलों दल के अध्यक्ष को सदर विधायक राठ विधायिका एवं जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरित किया गया। प्रत्येक मंगल दल को 04 वॉलीबॉल, 02 वॉलीबॉल नेट, 04 फुटबॉल, 02 इंफ्लेटर , 02 जोड़ा डिप्स स्टैंड, 01 स्कीपिंग रोप आदि खेल सामग्री प्रोत्साहन स्वरूप उपलब्ध उपलब्ध करायी गयी। जनपद में कुल 123 युवक एवं महिला मंगल दल पंजीकृत हैं। जिसमें से 61 युवक मंगल दल तथा 62 महिला मंगल दल हैं । इन मंगल दलों से पांच मंगल दलों को आज खेल सामग्री का वितरण किया गया ,शेष 118 युवक एवं महिला मंगल दलों को भी शीघ्र खेल सामग्री का वितरण किया जाएगा। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में मंगल दल सक्रिय रूप से अपनी भूमिका का निर्वहन कर अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ा जाए। युवक एवं महिला मंगल दलों द्वारा युवाओं को नशाखोरी से दूर रखने हेतु इसके दुष्प्रभाव के बारे में प्रचार प्रसार किया जाए। साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# एडीएम व एसडीएम ने किया धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण

**बांदा।** एडीएम व एसडीएम ने सयुंक्त रूप से राजकीय कृषि उत्पादन मंडी परिसर पहुंच छह धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। किसानों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मंडी समिति के सचिव सहित क्षेत्रीय विपणन अधिकारी को समय.समय पर केंद्रों की निगरानी के निर्देश दिए।

धान की बिक्री में बिचौलियों व दलालों की सक्रियता समाप्त करने व किसानों को शासन के निर्धारित मानकों के हिसाब से खरीद के लिए मंगलवार को सुबह एडीएम संतोष बहादुर सिंह व एसडीएम जेपी यादव ने बदौसा रोड स्थित राजकीय कृषि उत्पादन मंडी परिसर में खुले छह धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। एडीएम ने एसएमआइ समीर शुक्ला से केंद्रों में हुई खरीद सहित टोकन की जानकारी ली। एक नवंबर से 28 दिसंबर तक हुई धान खरीद के अभिलेखों को देखा। विपणन शाखा में 190 किसानों से 8990 क्विंटल भारतीय खाद्य निगम में 193 किसानों से 7809.20 क्विंटल क्षेत्रीय सहकारी समिति में 165 किसानों से 7043.20 क्विंटल कृषक सेवा केंद्र में 139 किसानों से 5910.80 क्विंटल यूपी स्टेट एग्रो में 135 किसानों से 7415.20 क्विंटल और खेत किसान फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में 124 किसानों से 5653.7 क्विंटल धान खरीदा गया है। अब तक सभी छह केंद्रों में यहां 946 किसानों से 42822 क्विंटल धान खरीदा। बताया कि किसानों की समस्या को देखते सात दिसंबर से 491 टोकन जारी किए गए हैं। सोमवार तक 295 टोकन में खरीद हो गई है। एडीएम व एसडीएम ने खरीद की प्रगति में संतोष जाहिर करते हुए एसएमआइ से केंद्रों पर नियमित निगरानी रखने को कहा। एसडीएम जेपी यादव ने बताया कि केंद्रों में नियमित निगरानी की जा रही है। बिचौलिए व दलालों को पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शासन से निर्धारित होने के बाद गावों में लागू होगा आरक्षण: डीपीआरओ

● दस दिन के अन्दर आ जायेगा आदेश

**हमीरपुर।** जिले में ग्राम पंचायतों का परिसीमन होने के बाद भावी प्रत्याशियों की नजरे अब आरक्षण पर लगी है इसके लिये डीपीआरओ व चुनाव दफ्तर के रोजाना लोग चक्कर काट रहे है। इस मामले में डीपीआरओ ने साफ कहा है कि आगामी दस जनवरी तक आरक्षण के मामले में शासन से जो पालिसी निर्धारित होगी उसी के आधार पर ग्राम पंचायतों का आरक्षण निर्धारित होगा।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायतो के चुनाव के लिये जिस प्रकार शासन व प्रशासन पूरी मुस्तैदी से तैयारी मे जुटा है उसी प्रकार ग्रामों में प्रत्याशी दफ्तर से मतदाता सूची ले जाकर तैयारी करना शुरु कर दी है हालाकि तमाम लोगों के अभी भी मतदाता सूची में बोट नही है। जिससे भावी प्रत्याशी परेशान नजर आ रहे है। हालाकि आरक्षण का फैसला पिछली पंचवर्षीय में डीपीआरओ दफ्तर से ही फाइनल हुआ था, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश का कहना है कि अब शासन से आरक्षण की पालिसी फाइनल होगी तभी कुछ आगे काम किया जायेगा। शासन की पालिसी में पिछली पंचवर्षीय में सीट का आरक्षण संबंधित ग्राम पंचायत में जातिवार विभाजन, पिछली तीन या चार साल के अंतराल में ग्राम पंचायत में आरक्षण की स्थिति आदि सब मिलाकर पालिसी तय की जाती है। डीपीआरओ का कहना है कि शासन से पालिसी जब तय हो जायेगी तो यही से आरक्षण बना लिया जायेगा और शासन को सूचित कर दिया जायेगा। इधर प्रत्याशियों में आरक्षण को लेकर खासी बेचैनी देखी जा रही है। जिले में 350 ग्राम पंचायते है जिनमे चुनाव होना है हालाकि अभी गावों के वार्डो को लेकर परिसीमन जारी है उसका परिसीमन हो जान के बाद शास को अवगत कराया जायेगा।

# डीएम ने युवा व महिला मंगल दल को दिए स्पोर्ट्स किट

**कन्नौज।** टीम वर्क ही समाज की सफलता का मूल है। सकारात्मक दृष्टि ही स्वयं के, परिवार के, समाज के, प्रदेश व देश के उज्ज्वल भविष्य हेतु सहायक। फिट यूथ तो फिट भारत। उक्त उद्गार बुधवार को एनआईसी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के समेत जनपदों में महिला मंगल दलों के प्रोत्साहन हेतु खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मंगल दलों के सदस्यों को व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवक एवं महिला मंगल दलों के गठन से प्रदेश के युवाओं को रचनात्मक दिशा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग क्षेत्र 76000 से अधिक युवा एवं महिला मंगल दल है जिन्हें स्पोर्ट्स किट मुहैया कराकर युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समूहों को विभिन्न कार्यक्रमों में भी जोड़ कर साप्ताहिक स्वच्छता के कार्यक्रम विद्यालयों में एवं ग्रामों में रहने वाले बच्चों एवं उनके माता पिता को साक्षरता एवं पढ़ाई लिखाई सहित प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के हितों के संबंध में भी जागरूक किए जाने का कार्य कर सकते हैं। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा जनपद के कुल पंजीकृत 790 मंगल दल, जिनमें से 413 युवक मंगल दाल एवं 377 महिला मंगल दल में से सक्रीय 142, जिनमें 64 युवक एवं 78 महिला मंगल दलों को प्रोत्साहित करने हेतु विकासखंड गुगरापुर की सीनू, विकासखंड कन्नौज के दीपक गौतम, कौशल राजपूत एवं विकास खंड छिबरामऊ के गौरव शाक्य, रमेश चंद्र कुल 05 दलों को चार वॉलीबॉल, दो वॉलीबॉल नेट, चार फुटबॉल, दो इन्फ्लेटर, एक जोड़ा डिप्स स्टैंड, 1 स्किपिंग रोप प्रोत्साहन हेतु उपलब्ध कराई गयी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त सभी मंगल दलों को शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उनके क्रियान्वयन के सहयोग, स्वच्छता कार्यक्रम, सामुदायिक वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद व योग का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, रक्तदान, आपदा प्रबंधन, श्रमदान, स्वास्थ्य जागरूकता आदि महत्वपूर्ण कार्यों में प्रतिभागिता हेतु लिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कन्नौज श्री सुनील कुमार सिंह राठौर, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री प्रवीण टंडन सहित महिला एवं युवक दल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाएं हर क्षेत्र में खुद को करें सशक्त: अर्चना

● ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों को चाभी व प्रमाण पत्र वितरित किए

**कन्नौज।** सरकार हर प्रकार से महिलाओं को सशक्त व स्वाबलंबी बनाने हेतु तत्पर है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर अपने को सशक्त करें। गांव को स्वच्छ रखने एवं आजीविका प्रदान करने में सहायक बनेंगे स्वयं सहायता समूह। विशिष्ट अतिथि विधायक छिबरामऊ, अर्चना पांडेय एवं विधायक कैलाश राजपूत ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित पंचायती राज विभाग एवं उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूहों को सामुदायिक शौचालय की चाभी व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में उपाठित समूहों की महिलाओं को व्यक्त किये। जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत नें बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त किए जाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। डीएम द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद में कुल 504 ग्राम पंचायतों में कॉल अभी तक 305 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है शेष 199 ग्राम पंचायतों में सामु.



सामुदायिक निवेश निधि वितरित करते अतिथिगण।

शौचालय का कार्य संचालित है जिसके सापेक्ष आज जनपद में निर्मित 118 सामु. शौचालय के नियमित प्रयोग हेतु उसकी साफ सफाई एवं रखरखाव की अच्छी व्यवस्था बनाए जाने हेतु 118 स्वयं सहायता समूहों को सामु. शौचालयों की चाबी व प्रमाण पत्र वितरित किए जाने हैं। निर्मित सामु. शौचालय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सफाई कर्मी एवं केयरटेकर के रूप में रु 6000 प्रतिमाह दिया जाएगा एवं रुपए 3000 सामग्री मरम्मत साफ सफाई सामग्री विद्युत बिल आदि हेतु दिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि गणों द्वारा स्वयं सहायता समूह की कुल 12 महिलाओं को औपचारिक रूप से सामुदायिक शौचालय के रखरखाव हेतु चाभी व अनुबंध पत्र वितरित किए। विद्युत बिल वितरण प्रणाली हेतु स्वयं सहायता समूह की कुल 10 महिलाओं को पहचान पत्र व प्रशस्ति पत्र दिए गए। सामु. निवेश निधि के अंतर्गत जनपद में संचालित 276 समूह में सुनिधि हेतु प्रत्येक समूह को एक लाख 10 हजार की धनराशि समूह के खातों में दी गई जो कि कुल 3 करोड़ 3 लाख 60 हजार रु. समूहों को दिए गए एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित दर विक्रेता हेतु राधा रानी, वैभव लक्ष्मी, मां शारदे, स्वयं सहायता समूहों को भी अनुबंध पत्र व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीडीओ आरएन सिंह, बीडीओ नरेश सविता, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धर्मेंद्र सिंह सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। सुलतानपुर

**नए** साल के मद्देनजर जिलाधिकारी ने बुधवार को कटकाखानपुर स्थित अंग्रेजी, वीयर एवं देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच–पडताल में वीयर एवं देशी शराब की दुकानें नियम–विरूद्ध तरीके से संचालित होती मिलीं इस पर डीएम ने आबकारी अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वहीं दुकानदारों को किसी भी हालात में मिलावटखोरी न किए जाने की नसीहत दी है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में पाया कि दुकानदार का लाइसेंस 31.03.2021 तक वैध है। दुकान पर रेट लिस्ट लगायी गयी थी। स्टाक रजिस्टर से विभिन्न ब्राण्डो का सत्यापन किया गया, जो सही पाया गया। लेकिन बीयर एंव देशी शराब की ब्रिकी एक ही दुकान में हाफ पार्टिशन करके चलायी जा रही थी, जो आपत्तिजनक है। इस पर डीएम ने आबकारी अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। बीयर दुकानदार द्वारा स्टाक रजिस्टर नहीं प्रस्तुत किया जा सका। देशी मदिरा की दुकान पर भी गडबडी मिली।डीएम ने दोनों दुकानों पर पायी गयी अनियमितता पर जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित दुकानदारों को नोटिस निर्गत करते हुये उनका स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। आवश्यक कार्यवाही की जाय।

## किसान मेले में दी गई जानकारी

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कृषि योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए ही कृषक गोष्ठी व किसान मेला का आयोजन किया गया। इनमें एक ही स्थान पर किसानों को विभिन्न जानकारी कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गयी। विकास खंड बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित कृषि गोष्ठी व मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्दीराय मुकेश अग्रहरि ने किया। दर्जनों किसानों को नमी सूचक यंत्र व कीट नाशक दवाएं बांटी गयी द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि अधिकारी रवि मौर्य ने कहा कि सरकार के निर्देश पर समय–समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# परिसीमन में जिला पंचायत के 17 वार्डों की बदली तस्वीर

संवाददाता। सुल्तानपुर

**2021** में पंचायत चुनाव के मद्देनजर कराए गए परिसीमन में जिला पंचायत के 17 वार्डों की तस्वीर बदल गई। लंभुआ के नगर पंचायत बनने से जिला पंचायत का एक वार्ड घटने से 17 वार्डों में असर पड़ा है।

नए परिसीमन में जिला पंचायत के 29 से 45 वार्ड तक प्रभावित हुए हैं। इन वार्डों में कुछ नए क्षेत्र पंचायत वार्ड जोड़े गए तो कुछ हटा दिए गए। डीएम की स्वीकृति के बाद पंचायतराज विभाग ने अनंतिम सूची जारी कर दी है। अंतिम सूची पूरी तरह सार्वजनिक होती इसके पहले ही आपत्ति की तिथि समाप्त हो गई। आई कुछ आपत्तियों की सुनवाई के बाद उसका निस्तारण दो जनवरी 2021 तक होना है। शासन के निर्देश पर लंभुआ के नगर पंचायत बनने के बाद पंचायतों के कराए गए परिसीमन में जिला पंचायत का एक, क्षेत्र पंचायत का नौ वार्ड व सात ग्राम पंचायत समाप्त हो गई है। जिला पंचायत का 41 नंबर वार्ड समाप्त होने के बाद उसका असर 17 वार्डों पर पड़ने का दावा पंचायतराज विभाग की ओर से किया गया है। असर की वजह बताते हुए पंचायतराज विभाग ने परिसीमन में जिला पंचायत के वार्ड संख्या 29 से लेकर 45 तक के क्षेत्र में फेरबदल कर दिया है। फेरबदल के बाद 21 दिसंबर को ही अनंतिम सूची जारी करने का दावा किया था। सूची पर 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया गया था। अब सूची सार्वजनिक होते ही आपत्ति की तिथि शनिवार को ही समाप्त हो चुकी है। अब परिसीमन पर आई कुछ आपत्तियों पर सुनवाई व उसका निस्तारण होना बाकी है। जिला पंचायतराज अधिकारी राधाकृष्ण ने बताया कि तीन से छह जनवरी के बीच परिसीमन की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। जिला पंचायत के हुए परिसीमन में वार्ड संख्या 29 में कुड़वार क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या नौ से 27 व 33,99 और 102 को शामिल किया गया है। वार्ड संख्या 30 में कुड़वार क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या 36 से 50 व 53,62 और 96 को लिया गया है। जिला पंचायत के वार्ड संख्या 31 में कुड़वार क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या 28 से 32, 34,35,51,52, 63 से 77, 93 तथा 95 को शामिल किया गया है। वार्ड संख्या 32 में कुड़वार क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या 78 से 92, 94,97 और 98 इसके साथ दूबेपुर क्षेत्र पंचायत के वार्ड 17 से 19 21,23,27,29 को मिलाकर बनाया गया है। वार्ड 33 में दूबेपुर क्षेत्र पंचायत के वार्ड एक से 16, 24 से 26, 30, 31 व 34 से 37 तक शामिल किया गया है। वार्ड संख्या 34 में दूबेपुर क्षेत्र पंचायत के वार्ड 32, 33, 36 से 44, 56 से 58 व 60, 61,64, 77 से 87 और 90 को मिलाकर बनाया गया है। वार्ड संख्या 35 में दूबेपुर क्षेत्र पंचायत का वार्ड 45 से 55, 59, 62 व 65 से 76 तक शामिल किया गया है। जिला पंचायत वार्ड संख्या 36 में दूबेपुर क्षेत्र पंचायत का वार्ड 88, 89, 91 से 110 व 113 से 116 तक लिया गया है। वार्ड संख्या 37 को दूबेपुर व भदैंया क्षेत्र पंचायत को मिलाकर बनाया गया है। इसमें दूबेपुर क्षेत्र पंचायत का वार्ड 20, 111,112, 117 से 122 व भदैंया क्षेत्र पंचायत का चार, पांच व सात से 21 तक का वार्ड शामिल किया गया है। जिला पंचायत के वार्ड संख्या 38 को भदैंया क्षेत्र पंचायत के वार्ड 22 से 34, 38, 43 से 50, 52, 53, 70,71,74 को मिलाकर बनाया गया है। वार्ड संख्या 39 को भदैंया क्षेत्र पंचायत के वार्ड संख्या एक से तीन, छह, 51,54,56,57, 66,67, 35 से 37, 39 से 42 68,69, 72, 73 व 75 से 78 को लिया गया है। वार्ड संख्या 40 को भदैंया व लंभुआ को मिलाकर बनाया गया है। इसमें भदैंया क्षेत्र पंचायत के वार्ड 55, 58 से 65 लंभुआ क्षेत्र पंचायत के 39, 23,24, 31 से 37 40 से 44, 46, 47 को लिया गया है। वार्ड संख्या 41 में लंभुआ क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 11 से 14 16 से 22 व 38, 45, 48,49, 52 से 54 व 69 से 76 तक लिया गया है। जिला पंचायत वार्ड संख्या 42 में लंभुआ क्षेत्र पंचायत के 5, 6, 10, 15, 28 से 30, 50, 51, 55 से 68, 77 से 79 वार्ड को मिलाकर बनाया गया है।

## राजनैतिक शुचिता से संवरेगा राष्ट्रः दिनेश

**ऊंचाहार,रायबरेली।** राजनैतिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को रोक रखा था , जिसके कारण आज हम उस बुलंदी को नहीं स्पर्श कर पाए है , जहां हमें पहुंचना चाहिए था । अब देश की बागडोर ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ है , जिसने देश को ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का मंत्र दिया है । यह विचार भाजपा नेता व विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह ने रोंहनिया विकास खंड में विभिन्न सड़कों के लोकार्पण के मौके पर व्यक्त किए । बुधवार को उन्होंने बाबा का पुरवा में टीन शेड , कदलाबद से इटौरा बुजुर्ग सीसी रोड , ब्राह्मणों का नंदौरा में सीसी रोड , खिली का पुरवा गांव में सीसी रोड , बछैया पुर गांव में सीसी रोड , चर पुरवा गांव में सीसी रोड , और मातरम पुर में सीसी रोड का लोकार्पण किया । इस मौके पर उन्होंने करीब आधा दर्जन सभाओं को भी संबोधित किया । कहा कि आप लोग जनप्रतिनिधि का चुनाव करने में सावधानी बरतें।

# प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गौशालाएं हुईं खस्ताहाल

संवाददाता। श्रावस्ती, गिलौला



**प्रदेश** भर में चल रही गोशालाएं जो आवरा गौ वंशके लिए आश्रय शाला बनकर उनकी जिंदगी में खुशियां बनकर आयी थी जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम सचिव व ग्राम प्रधानों को सौपी गयी थी लेकिन पंचायती राज के अंतर्गत प्रधानों का कार्यकाल खत्म होते ही ब्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही। इसकी एक बानगी विकासखंड गिलौला अंतर्गत ग्राम सभा गोडारी स्थित अस्थाई रूप से चलाई जा रही गौशाला में देखने को मिली। इस गौ शाला में कुछ दिन पूर्ब तक दर्जनो गौवंशो को रखा गया था लेकिन अब जब प्रधान का कार्यकाल खत्म हो चुका है और उसका चार्ज एडीओ पंचायत को सौपा जा चुका है तब ऐसे समय मे उपरोक्त गौशाला की ब्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। जानवरों को चारा पानी देने के लिए कोई व्यक्ति मौजूद नही मिला वहाँ मौजूद गोडारी गांव के एक युवक घनश्याम ने बताया की ग्राम सभा का कार्यकाल समाप्त होते ही इस गौशाला में कोई कार्य सेवक यहां मौजूद नहीं है न क्योंकि मेरा खेत इसी के बगल में भी है आज कई दिन हो गए हैं इन जानवरों की कोई चारा देने वाला नही आया है कुछ जानवर मौके पर मौजूद मिले लेकिन चारे का कोई प्रबन्ध नही दिखा। वही इस सम्बंध में जब विकासखंड गिलौला के खंड विकास अधिकारी से फोन कर बात किया गया तो उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में आपके द्वारा जानकारी मिली है जानकारी कर आपको अवगत करा दिया जायेगा।

## विधायक व जिलाधिकारी ने मंगल दलों को खेल सामग्री प्रदान की



**श्रावस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से कलेक्ट्रेट स्थिति एनआईसी में मंगल दल सदस्यों से वर्चुअल संवाद किया तथा सभी को बधाई दी। उनके द्वारा राजधानी में प्रदेश के चुने हुए 11 युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेलकूद किट का वितरण किया तथा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों के चुने हुए 10.10 युवाओ को सम्बोधित किया मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेलकूद किट का वितरण करने के दौरान श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा जोश व युवा सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि युवा सश्क्त होगा तो समाज भी सश्क्त होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कहा कि टीमवर्क सफ्लता का आधार हैं खेल से टीमवर्क व प्रतिस्पर्धा जागृत होती है। युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढे तथा रचनात्मक कार्यों में लगे व सहयोग करें। उन्होने कहा कि नशा एक विकृति है इससे दूर रहना आवश्यक है। इस अवसंर पर उपायुक्त श्रम रोजगार जिला युवा कल्याण अधिकारी तथाा क्षे0 युवा कल्याण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अभिनय का मंच आपको सभी सपने पूरे करने की आजादी देता हैः गौरव कुमार

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**दुनियां** नतीजों को सलाम करती है कोशिशों की नहीं एक महान लेखक की कुछ शब्द है जो पढ़ने मे कुछ भी विशेष नहीं लगते पर समझने पर इसका वजन एक पहाड़ से भी ज्यादा हो जाता है ऐसी ही शिद्दत से कोशिश करने वाले रायबरेली जिले से मायानगरी मे जोरदार दस्तक देने वाले गौरव कुमार अपनी अभिनय क्षमता व प्रभावशाली कद काठी अपना एक अलग स्थान रखती है मायानगरी मुंबई और बॉलीवुड तक पहुंचने के सपने सभी युवा धड़कनों मे पाना एक आम बात है पर उस मुकाम तक पहुंच कर कुछ हासिल करना एक उपलब्धि से कम नहीं है बेहद साधारण परिवार में 25 दिसंबर 1993 को जन्मे गौरव कुमार की कल्पना की उड़ान शुरू से ही कुछ अलग करने को बेताब थी जो अभिनय के क्षेत्र में कदम रखते ही आगे बढ़ गयी एक फिल्म के छोटे से रोल से मायानगरी की कड़ी से जुड़ने वाले गौरव कुमार इस संवाद के प्रभावशाली अदायगी ने जीवन बदल कर रख दिया छ्ठाकुर जी इस पर भरोशा ना करिए ये कभी भी पलट सकता हैष् इस संवाद के प्रभावशाली अदायगी से मायानगरी में दस्तक देकर रायबरेली का नाम रोशन करने वाले होनहार गौरव कुमार आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है रायबरेली के सत्यनगर निवासी गौरव की शुरुआती शिक्षा रायबरेली मे पूरी हुई. अभिनय शिक्षण की शुरुआत हिमाचल प्रदेश के एक थिएटर मे हुई जहां से अभिनय प्रशिक्षण शुरू करने का मौका मिला वहां से डिप्लोमा कोर्स हासिल करने के बाद भारतेंदु नाट्य अकादमी से 2 वर्षों के लिए उन्होंने डिप्लोमा कोर्स के लिए कोशिश जारी की उनकी किस्मत इतनी अच्छी थी कि उन्हें स्कॉलरशिप पर चयनित कर लिया गया भर्ती भारतेंदु नाट्य अकादमी जाने का कारण यह था कि उनके दोस्तों द्वारा उन्हें अभिनय के क्षेत्र में कुछ करने की चुनौती स्वीकार करनी पड़ी थी फिलहाल आज वो एक मायानगरी मुंबई मे एक मजबूत स्थान प्राप्त करने की सबसे मजबूत कड़ी के रूप में रायबरेली जिले का नाम रोशन कर रहे हैं.

### प्रमुख चरित्र फिल्मों ने दिलायी पहचान

**इटावा** सफारी, झूमकी, यारी मेरी रब से, प्रणाम,पेटा, धुआं, रसूख, लीपापोती, सीतापुर सिटी ऑफ द गैंगस्टर, लव जिन्दगी और नशा, नशेबाज, श्रीनगर व टीवी सीरियल तफ्तीश व सावधान इंडिया मे भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं।

# बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रोत्साहन के लिए चल रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार की तरफ से मु0 कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं के लिए 01 अप्रैल, 2019 से संचालित है, जिसका शुभारम्भ कार्यक्रम दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को किया गया है। योजना का ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ है जो की डोल.नच.हवअ.पद पर लागिन कर आवेदक आवेदन कर सकते है। इस योजना का मुख्य उद्धेश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना और उन्हें स्वावलम्बी बनाना तथा बालिका के जन्म के समय सकारात्मक सोच विकसित करना इस योजना का मुख्य उद्धेश्य है। जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि कन्या सुमंगला योजना में लाभ पाने के लिए पात्रता की शर्ते–लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो जिसके परिवार का साइज अधिकतम दो बच्चों का हो तथा उसके पास स्थायी निवास प्रमाण पत्र हो। लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपए हो। किसी परिवार की अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। यदि किसी महिला के पहले प्रसव से बालिका है व द्वितीय प्रसव से दो जुड़वा बालिकाएं होती हैं ऐसी दशा में तीनों बालिकाओं को लाभ अनुमन्य होगा। यदि किसी परिवार ने अनाथ बालिका को गोद लिया हो तो परिवार की जैविक संतानों तथा विधिक रुप में गोद ली गयी संतानों को सम्मिलित करते हुए अधिकतम दो बालिकायें इस योजना की लाभार्थी होंगी। उन्होंने बताया कि प्रथम श्रेणी में जन्म लेने वाली बालिकाओं को शामिल किया गया है जिसमें बालिका के जन्म के समय 2000 रुपए की राशि एकमुश्त दी जाएगी। द्वितीय श्रेणी में जन्म से एक वर्ष में सम्पूर्ण टीकाकरण पूर्ण करने वाली बालिकाओं को 1000६– रूपए की राशि एकमुश्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन दोनों श्रेणियों के आवेदन चिकित्सा विभाग के माध्यम से भी भराए जा सकेंगें। इसके अतिरिक्त श्रेणी तृतीय से षष्ठम तक वर्तमान वित्तीय वर्ष में कक्षा एक में दाखिले के बाद दो हजार रु0 एकमुश्त, कक्षा छह में प्रवेश के बाद 2000 रुपया एकमुश्त, कक्षा नौ में प्रवेश के बाद 3000 रुपया एकमुश्त तथा ऐसी बालिकाएं जिन्होने 10–12वीं करने के बाद स्नातक या फिर दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स, स्नातक में प्रवेश लिया हो 5000 रुपया एकमुश्त की राशि दी जायेगी। उन्होंने बताया कि योजना के संचालन के सरलीकरण हेतु निम्नवत संशोधन किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदकों की सुविधा तथा अधिकाधिक व्यक्तियों को योजना से आच्छादित करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हेतु राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ.साथ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको के खाते भी मान्य होगें। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी बालिका के पिता माता या स्वंय बालिका के बैंक खाते में देय धनराशि हस्तांतरित की जायेगी।

## विधायक व डीएम ने बांटी खेल सामग्री

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग उ0प्र0 द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलो के युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में बछरावा विधायक राम नरेश रावत व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण को देखा तथा जनपद के विकास खण्ड अमवां, हरचन्दपुर, सताव, बछरावा तथा सरेनी के युवकध्महिला मंगल दल के 10 युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया।वीडियों क्रान्फेंसिंग के माध्यम से कहा कि प्रदेश के युवक एवं महिला मंगल दल के युवाओं को अपने–अपने गावं के क्षेत्रों में युवओं को खेल की भावना से जोड़ और क्षेत्र में शराब व नशीले पदार्थ से होने वाले नुकसान के बारे में युवाओ व आमजनमानस को जागरूक करें तथा अभियान के रूप में अधिक से अधिक लोगों को नशामुक्त करें।

# डीएम ने एम्स के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



**रायबरेली** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने 50 लाख से अधिक परियोजनाओं से सम्बन्ध में भदोखर थाना क्षेत्र में बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कराये जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को एम्स व उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया कि मिट्टी न मिले, मलबे व पानी की टक्की को हटवाने के बारे में बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने जल निगम व सम्बन्धित अधिकारियों को मलबे हटवाने व मिट्टी उपलब्ध कराने तथा पानी की टंकी को तोड़ने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एम्स के अधिकारी ने जिलाधिकारी से कुड़ा–कचरा आदि साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए अनुरोध भी किया गया। इसी दौरान जिलाधिकारी ने एम्स के मेडिकल कालेज व ओपीडी, लेक्चर रूम आदि का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के बारे में एम्स के अधिकारियों से जानकारी ली तथा एम्स के डारेक्टर अरविन्द्र राजवंशी से भी मुलाकात की।

## क्विक न्यूज

### पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जमुनहा. पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मल्हीपुर थाने का निरीक्षण किया तथा थाने पर तैनात विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित मुकदमों की समीक्षा की। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण करने के साथ.साथ वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। इस दौरान थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की तथा तैनात महिला आरक्षियों को निर्देश दिया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुने और अति शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। तत्पश्चात थाना परिसर आगन्तुक कक्ष हवालात बैरक मालखाना भोजनालय थाना कार्यालय में रजिस्टरों को चेक किया गया। शस्त्रों रजिस्टरों के रखरखाव व परिसर की साफसफाई एवं लंबित मालमुकदमाती मालों का शीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

### जान से मारने की धमकी

**खीरों, रायबरेली।** राजनीति के शतरंज को जीतकर किसी आम आदमी के लिए जनप्रतिनिधि बनकर जनता की सेवा करने का सपना बेहद मुश्किलों भरा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें आगामी ग्राम पंचायत के चुनाव में प्रधान पद की दावेदारी कर रहे एक आम आदमी को किसी अज्ञात गुंडे ने चुनाव लड़ने पर जान से हाथ धो बैठने की धमकी तक दे डाला है। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर फोन पर धमकी देने वाले गुंडों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। गुरुबक्शगंज थानाक्षेत्र के गाँव भीतरगांव निवासी पवन अग्निहोत्री ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे वह सेमरी–खीरों–गुरुबक्शगंज मार्ग पर स्थित गाँव बरौला के पास हीरो मोटोकॉर्प एजेंसी पर निजी कार्य से बैठे थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन पर भद्दी–भद्दी गालियाँ देते हुए पंचायत चुनाव न लड़ने की नसीहत दी। आरोपी ने यह भी कहा कि यदि वह पंचायत चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बालिका घायल

**डलमऊ रायबरेली** नगर पंचायत स्थिति कृष्णा नगर मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित रफ्तार से आ रहे लोडर की चपेट में जाने से स्कूली छात्रा बुरी तरह जख्मी हो गयी जिसे क्षेत्रीय लोगों द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ ले जाया गया जहां चिकित्सक प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. मामला बुधवार शाम की है जब विद्यालय से घर की ओर जा रही न्यू आदर्श इंटर कॉलेज की छात्रा प्रिंसि पुत्री शिवबरन निवासी नरहरपुर को सामने से आ रहे लोडर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे छात्रा बुरी तरह से जख्मी होकर सड़क पर गिर गयी जिसे लोग मूक दर्शक बने देखते रहे घटनास्थल से गुजर रहे युवक आलोक यादव व जितेंद्र व विद्यालय के शिक्षक द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उसी लोडर पर छात्रा को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ पहुंचाया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इस घटना से क्षेत्रीय लोगों मे यातायात की दुरव्यवस्था पर काफी रोष व्याप्त हो गया. दुर्घटना पर घटनास्थल पर पहुंची पीआरवी 1763 द्वारा वाहन व चालक को कोतवाली पहुंचा दिया गया.

### चार दुकानों में लगी आग,लाखों का माल जलकर राख

**ऊंचाहार,रायबरेली।** नगर क्षेत्र के कस्बा स्थित मदारी गंज मोड़ पर मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से चार दुकानों में अचानक आग लग गई। दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मदारीगंज मोड़ स्थित पूरे रानी मजरे पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी आशीष की किराना व पान की दुकान, पूरे चौहान मजरे ऊंचाहार देहात गोमती सिंह की पान की दुकान, पूरे चंदे के निवासी की कपड़े की दुकान तथा अरखा गांव निवासी की कपड़े की दुकान में अज्ञात कारणों से मंगलवार की देर रात आग लग गई और चारों दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। दुकानदारों ने लाखों रुपए के नुकसान का आंकड़ा बताया है। तहसीलदार अभिनव पाठक ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। यदि किसी प्रकार की अराजकता पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### कांग्रेस संन्देश पद-यात्रा" का कार्यक्रम सम्पन्न

**रायबरेली** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास के 163वें स्थापना दिवस के तीसरे व अंतिम दिन "कांग्रेस संन्देश पद–यात्रा" का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सदर विधानसभा प्रभारी नौशाद खतीब के नेतृत्व में सई नदी के निकट इन्दिरा उद्यान रायबरेली में इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व ध्वजारोहण कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्य की शपथ लेने के उपरान्त पद–यात्रा करते हुए दरियापुर–गढ़ी मुतवल्ली–बाबा का पुरवा होते हुए शहीद स्मारक मुंशीगंज में समापन किया, विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी सरेनी के नेतृत्व में गांधी चबूतरा लालगंज में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व ध्वजारोहण कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्य की शपथ लेने के उपरान्त पद–यात्रा करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नमक आन्दोलन के ग्राम गोगूमऊ मे समापन हुआ, विधानसभा प्रभारी सतगुरूदेव लोधी हरचन्दपुर के नेतृत्व में ग्राम रूपखेड़ा में ध्वजारोहण कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्य की शपथ लेने के उपरान्त पद–यात्रा करते हुए ग्राम बरगदहा–बल्दूपुर–अंगुरी होते हुए अचलेश्वर पर समापन किया गया।

### ठिठुरती सर्दी में कंबल बांट रहीं लाजवंती कुरील

**बछरावां रायबरेली** समाज सेविका लाजवंती कुरील ने अपने समर्थकों संग विधनसभा क्षेत्र के ग्रामसभा कुंडौली में किसानों, जरूरतमंद और बेघर लोगों के बीच जाकर ठिठुरती सर्दी में कंबल वितरण किया. कंबल वितरण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के गावों में घूमकर जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल बाट रहीं हैं. समाज सेविका लाजवंती कुरील की कम्बल वितरण की इस मुहिम से जुड़े घर–घर जाकर लोगों से ठंडा में ठिठुर रहे असहाय लोगों की मदद करने की अपील की व जरूरतमंद लोगों को कम्बल बांटा . इस मुहिम के चलने से समस्त विधानसभा क्षेत्र के लोगों को ठंड में राहत मिली व इसके साथ साथ समस्त विधानसभा क्षेत्र में समाज सेविका लाजवंती कुरील की आम जनमानस द्वारा सराहना की जा रही है । पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पलटू दास का कहना है कि सर्दी अपने चरम पर है और समाज में अभी भी ऐसे कई लोग हैं कार्यक्रम के तहतविधानसभा अध्यक्ष रत्नेश चौधरी विधानसभा उपाध्यक्ष इंजीनियर शिवांशु राव जिला सचिव पारथ द्वेवेदी जिला सचिव श्यामसुंदर मौर्य उर्फ बाबा मौर्या नगर अध्यक्ष जीयाउन्नबी उर्फ छाम्में विधानसभा महासचिव संतोष कुमार गौतम अकरम जलालसेक्टर अध्यक्ष रामदास गौतम शिवनारायण गौतम वरिष्ठ कार्यकर्ता अमृतलाल रजनीश वर्मा प्रेम कुमार पुत्ती लाल जगमोहन राम बक्स संतराम के साथ समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिचौलियों से खरीदा जा रहा धान

**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक किसानों की आय दोगुनी करने की कटिबद्धता जताते नहीं थक रहे हैं। परंतु जिले में किसानों की हालात खस्ताहाल है। उन्हें उनकी मेहनत का फायदा नहीं मिल पा रहा है। लाख कोशिशों के बावजूद धान खरीद केंद्रों पर किसानों से नहीं, बल्कि बिचौलियों से खरीद का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। यह खुलासा सत्तासीन पार्टी के जिम्मेदार नेता अपने निरीक्षण में कर रहे हैं। धान क्रय केंद्रों पर किसानों की समस्याओं को देखते हुए बीजेपी जिला उपाध्यक्ष एवं धान क्रय केंद्र के जिला प्रमुख रामभवन मिश्र ने इ.अभिषेक शुक्ल की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया हैं। जांच कमेटी में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नारायण उपाध्याय एवं रमेश तिवारी को सदस्य बनाया है।

# ‘विधायक’ के गांव से दूर हो गए ‘विकास’ के रास्ते

संवाददाता। बस्ती

- पात्रों की दहलीज तक नहीं पहुंच पाया योजनाओं का लाभ
- बिना रोजगार और मजदूरी के बेहाल है दर्जनों श्रमिकों का परिवार
- सड़क, नाली, जलजमाव का दंश झेल रहें गांववासी

**प्रदेष और** देष के विकास का दम भरने वाले ‘माननीय’ खुद के गांव में विकास की गंगा नहीं बहा पाए। यहां तक कि निधि का धन भी गांव में खर्च नहीं किया गया। गरीबों और दलितों के लिए बनाई गई योजनाओं का ढ़िढ़ोरा पीटने वाले ‘माननीय’ के गांव में ही योजनाओं का लाभ पात्रों तक नहीं पहुंच पाया। किसी को आवास नहीं मिला, तो कोई पेंषन के लिए तरस रहा है। बिना रोजगार और मजदूरी के मनरेगा श्रमिकों के परिवार बेहाल है। सड़क को काटकर नाली निकाला गया, घरों तक जाने के लिए ग्रामीणों ने खुद का धन खर्च कर रास्ता बना लिया। ताकि बरसात के दिनों में आवास तक पहुंचा जा सके। कमीषन के चलते गांव का विकास ही नहीं हुआ। सबसे खराब स्थित दलित बस्ती की है। वैसे यह स्थित सभी ‘माननीयो’ के गांवों की है। उनके के ही में गांव में सबसे अधिक दलित ही उपेक्षित हुए हैं। यह सच उस ‘माननीय’ के गांव ‘लछघटा’ का है, जिन्होंने पूर्व दिग्गज कैबिनेट मंत्री राजकिषोर सिंह को हराया।

सांसद का गांव कटया, सदर विधायक का मोहनाखोर और कप्तानगंज विधायक का गांव हरेवा षुक्ल के बाद जब तेज तर्रार हर्रैया के विधायक अजय कुमार सिंह के गांव लछघटा का ‘पायनियर’ की टीम ने पड़ताल किया तो यहां भी स्थित मिली जो अन्य ‘माननीयो’ के गांवों में देखने को मिला। मोहनाखोर, हरेवा षुक्ल और लछघटा में एक समानता देखने को मिली। इन तीनों गांव की प्रधान महिला है, मगर तीनों गांव में महिला प्रधान के अधिकारों का हनन उनके परिवार





या फिर बाहर के लोगों ने किया। इन महिलाओं को योजनाओं तक की जानकारी नहीं है। लछघटा गांव के लोगों का कहना है कि ‘विधायकजी’ ने तो क्षेत्र में काम तो बहुत किया, सड़कों का जाल बिछवा दिया, मगर अपने गांव का विकास करना ही भूल गए। कई ‘माननीयों’ के गांव वालों का कहना है कि ‘माननीयो’ ने तो अपने लिए कोठियां खड़ी कर ली, मगर वे दलितों और अन्य झोपड़ पटिटयों में रहने वालों को आवास दिलाना भूल गए। ‘लछघटा’ में मनोज श्रीवास्तव के घर से भगौती के घर तक लगभग 100 गडढ़े को नीजि धन से पाटकर रास्ता बनाया गया, ताकि बरसात के दिनों में घुटने तक पानी में जाने से छुटकारा मिल सके। प्रभावती गुप्त का कहना है कि उसे आवास नहीं मिला। हरिष्चंद्र का कहना है कि चार माह से मनरेगा में कोई काम नहीं मिला, बड़ी मुस्किल से परिवार का भरण-पोषण हो पा रहा है। घनष्याम लाल वृद्वावस्था पेंषन तो रामरति विधवा पेंषन के लिए तरस रही है। झोपड़पटटी में रहने वाले सुरेष पत्नी सुभावती और विजय के वर्षो से एक अदद छत के लिए तरस रही है। राम सुधि और विद्या को पिछले छह माह से मनरेगा में काम नहीं मिला। इसगांव में 350 को षौचालय का धन दिया गया, मगर जांच में 80 ऐसे लाभार्थी पाए गए, जिन्हे धन नही मिला। कई ऐसे निराश्रित भी है, जिन्हे आसरा और सहारा की आवष्यकता है। नाली और निकासी का साधन न होने के कारण लोग सड़क को ही काटकर गंदा पानी गडढ़े में डाल रहे हैं, जिसके चलते जलजनित बीमारियों को खतरा हो गया है। रामसुरेष, हृदयराम, रामप्रसाद, ष्याम नरायन, विजय, दिनेष, मुकेष, विनोद, घिराउ, भरत लाल, बृजलाल और रामकुमार सहित अन्य के बारे में बनाया गया कि इन लोगों को पिछले कई माह से मनरेगा में काम नहीं मिला। गांव में कहीं भी किसी योजना का बोर्ड नहीं लगा, और न प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची ही अंकित करवाया गया।

### प्रधान पति ने कहा- कमीशन के चलते नहीं हुआ काम

प्रधान अर्चना तिवारी के पति कप्तान का कहना है कि जब तक आईएएस अधिकारी पीपी मीणा रहे, तक तक कमीषन बंद था, मगर उनके जाने के बाद ब्लॉक में कमीषन का खेल चालू हो गया। बताया कि वह कमीषन देने के सख्त खिलाफहैं, इस लिए वह अन्य ग्राम पंचायतों की तरह करोड़ों रुपये का काम नहीं करा पाए। जिन लोगों ने मजदूरी और रोजगार न मिलने की षिकायत की है, उनके जॉब कार्ड फर्जी है।

# बीडीओ से हुई ‘रार’ तो ‘माननीय’ हुए ‘लाल’

- चर्चा में है ‘माननीय’ का बीडीओ को लिखा गया पत्र

**बस्ती।** हर्रैया तहसील का दो ब्लॉक राजनीति का अखाड़ा बन गया है। हर्रैया एवं विक्रमजोत ब्लॉक में ‘माननीय’ की हनक बनी रहे, और बीडीओ मन मुताबिक काम करें इसे लेकर दबाव बनाने का खेल चल रहा है। ‘माननीय’ इस खेल के किंग बने है, और बीडीओ मोहरा। फ्लिहाल दो बीडीओ के साथ हुई घटना तो यही साबित करती है। एक को यहां से जाना पड़ा था, तो दूसरे को हटाने या उसे साधने के लिए दबाव की राजनीति शुरू हो गई है।

अभी हर्रैया और विक्रमजोत ब्लाक के बीडीओ और ‘माननीय’ एवं ब्लॉक प्रमुख के बीच हुए विवाद में बीडीओ को हटाए जाने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि फिर से ब्लॉक चर्चा में आ गया। इस बार भी ‘माननीय’ के निषाने पर मौजूदा बीडीओ है। विकास खण्ड हर्रैया/ विक्रमजोत की बीडीओ पर क्षेत्र पंचायत और ग्राम विकास निधि के कार्यो का भुगतान करने को लेकर दबाव बनाने का मामला क्षेत्र में चर्चा में है। बीडीओ और ‘माननीय’ के बीच रार बढ़ गई है। मामला ब्लॉक मुख्यालय से बाहर पहुंच गया तो ‘माननीय’ ने बीडीओ की घेराबन्दी शुरू कर दी। ‘माननीय’ के लेटरपैड पर मुहर और हस्ताक्षर सहित बीडीओ को जारी एक पत्र चर्चा में है। जिसमें बीडीओ से हर्रैया एवं विक्रमजोत विकास खण्ड में 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक ग्राम पंचायतवार कच्चे, पक्के कार्यो का रेसियो और अन्य स्वीकृतियों की पूर्ण सूची दो दिवस में उपलब्ध कराने को कहा गया है। 28 दिसम्बर को पत्रांक और दिनांक सहित ‘माननीय‘ के दो पत्र वायरल’ हुआ, जिसमें एक में दोनों ब्लाकों में एक माह के कार्यो और अन्य स्वीकृतियों की पूर्ण सूची मांगी गई है, जबकि दूसरे पत्र में बीडीओ से विक्रमजोत ब्लॉक में उनके द्वारा मौखिक या लिखित में कहे गए कार्यो के भुगतान का विवरण, किस दबाव के चलते तेवर सख्त होने के बारे में जानकारी चाही गई है। फर्जी एमबी एवं भुगतान के सम्बन्ध में वास्तविक कम्प्यूटर से सूची उपलब्ध कराने, बिना कार्य कराए कार्य के सापेक्ष हुए भुगतान के बारे में दो दिवस में लिखित में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। फ्लिहाल इस पत्र के बाद मौजूदा बीडीओ और ‘माननीय’ के बीच की तल्खी स्वयं उजागर हो रही है। बीडीओ और ‘माननीय’ के बीच छिड़ी जुबानी और लिखित जंग का परिणाम क्या होगा इस पर लोग कयास लगा रहे हैं, और चर्चा में मषगूल हैं।

# एनआईसी से खेल सामग्री का किया वितरण: राज्यमंत्री



**मिर्जापुर।** एनआईसी में युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री के वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में उद्घाटन के पश्चात जिले एनआईसी के कार्यक्रम मे मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद चंदौली के प्रभारी मंत्री बुधवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के लाभार्थियों को खेल का सामग्री वितरित किए। इस अवसर पर माननीय विधायक नगर श्रीमान रत्नाकर मिश्रा एवं माननीय विधायक श्रीमती सुचिस्मिता मौर्य एवं जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल एवं मुख्य विकास अधिकारी अविनाश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर किया गया जागरूक

**सोनभद्र।** सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व फर्स्ट सोर्स लखनऊ द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज प्रकाश जीनियस इंटरमीडिएट कॉलेज राबर्ट्सगंज व जय ज्योति इंटर कॉलेज चुर्क में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। डॉक्टर आकृति शुक्ला ने बच्चों को अपने से बाएं चलने की सलाह देते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने तथा गाड़ी चलाते समय फोन पर बात न करने की सलाह दी उन्होंने नशे की हालत में किसी भी हाल में गाड़ी न चलाने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वंदना सिंह एस के यादव अमृता पांडे मनोज दुबे केडी सिंह के के सिंह समेत अन्य लोगों ने सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए गए। उक्त अवसर पर संस्था द्वारा निबंध व आर्ट प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। फर्स्ट सोर्स लखनऊ द्वारा पंपलेट हैंड बिल पोस्टर बच्चों में वितरित किया गया। इस अवसर पर अयात अहमद इन्द्रभूषण राय मोहित रिंकू अंकित समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएम के वर्चुअल उद्घाटन के बाद एनआईसी में मंगल दलों को किट वितरित




- जनपद के 365 युवाओं को मिलेगा मंगल दल प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामाग्री

**संतकबीरनगर।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल के माध्यम से बुधवार को प्रदेश के युवक/महिला दलों को प्रोत्साहन हेतु खेल सामाग्री किट प्रदान किया। उद्घाटन के बाद एनआईसी में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के पॉच लाभार्थियो को किट प्रदान कर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, युवा कल्याण अधिकारी विनय कुमार चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि जनपद के युवा खिलाड़ियो को प्रोत्साहित के लिए शासन के मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन कार्य कर रहा है। सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिया गया है कि योजना की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें। समय-समय पर युवाओं के कार्यक्रम को बड़े स्तर पर कोविड-19 का पालन करते हुए कार्यक्रम कराया जाय तथा इसका प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर सम्बन्धित विभाग करें। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी विनय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जनपद में कुल 365 युवा/महिला एवं युवक मंगल दल में किट वितरित किया जायेगा। आज एनआईसी में मुख्यमंत्री उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के द्वारा मधु यादव, अभय सिंह, सुमन, मीरा भारती व अरविन्द को प्रोत्साहन हेतु खेल सामाग्री किट दिया गया।

## क्विक न्यूज

### प्रेरणा महिला समिति ने बांटे कंबल



**सोनभद्र।** एनसीएल के बीना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाली प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा अनीता गोडसे के मार्गदर्शन में बीना कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में कार्यरत 20 स्वच्छता कर्मियों को कंबल बांटे गए। यह वितरण बढ़ती हुई ठंड को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान वहाँ पर उपस्थित सभी लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क लगाने सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने और बार बार हाथ धोने के साथ ही ठंढ से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया गया।गौरतलब है की प्रेरणा महिला समिति समय समय पर आस पास के क्षेत्र में जनकल्याण के कार्य करती रहती है।

### पांच मोनोब्लाक के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार



**घोरावल/सोनभद्र।** शिवद्वार चौकी क्षेत्र से सिंचाई में प्रयुक्त होने वाले मोनो ब्लॉक मशीनों के चोरी होने की शिकायत पर अभियान चलाकर 5 अदद मोनोब्लॉक बरामद कर लिया गया। बताते चलें कि ठंड के समय खेती बाड़ी में सिंचाई कार्य में लगे उक्त मोनो ब्लाकों पर हाथ साफकर दिए गये थे। जिसके क्रम में बुधवार को चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने हमराही कांस्टेबल सुनील यादव,जय प्रकाश ने स्थानीय थाना क्षेत्र के बर्दिया तिराहा से आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। मौके से गिरफ्तार कर लक्ष्मण पुत्र लल्लन व विकास पुत्र बचाऊ निवासीगण डोरिहार को जेल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के बड़ौही मोड़ पर बुधवार दोपहर बाइक समेत युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया रास्ते से गुजर रहे राहगीरों तथा ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल युवक को अचेतावस्था में देखकर तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा पर फोन कर उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया भिजवाया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह घटना स्थल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया पहुंचकर घायल युवक की शिनाख्त करवाई। थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी बाइक सवार घायल युवक लवकुश पुत्र तेजबली बुधवार दोपहर में अपने घर से हलिया की तरफआ रहा था जैसे ही बड़ौही मोड़ पर पहुंचा कि तेजगति से होने के कारण अनियंत्रित होकर पटरी से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस सेवा की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### अपहरण का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**घोरावल/सोनभद्र।** जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में बुधवार को एक कि गिरफ्तारी की गयी। बताते चलें कुछ माह पूर्व अपहरण के घटनाक्रम में नाबालिक के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके क्रम में घोरावल थाना पुलिस ने अंशु यादव निवासी आजमगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### सात व्यक्तियों को गुण्डा एक्ट के तहत किया गया जिला बदर

**सोनभद्र।** अपर जिला मजिस्ट्रेट योगेन्द्र बहादुर सिंह ने जिले के अमन व चैन कायम रखने के लिए जिले के 07 व्यक्तियों को गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही कर 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के थाना ओबरा क्षेत्र के गजराज नगर बिल्ली मारकुण्डी निवासी नगीना पुत्र भोला बाल्मिकी थाना घोरावल क्षेत्र के दुलहथा निवासी पप्पू उर्फभगवान दास पुत्र मुनीब कोल, थाना घोरावल क्षेत्र के दुलहथा निवासी राहुल कोल पुत्र नागेन्द्र कोल, थाना चोपन क्षेत्र के पटवध टोला बंसकटवा निवासी संतोष पुत्र सरपंच, थाना जुगैल क्षेत्र के नेवारी टोला अकड़ी निवासी राम उग्रह गुप्ता पुत्र सुखराज, थाना शाहगंज क्षेत्र के जमगाई निवासी सुजीत सिंह पटेल पुत्र राजबली सिंह तथा थाना चोपन क्षेत्र के पईका निवासी श्रवण उर्फबब्बू शर्मा पुत्र शिवशंकर को 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अवांछनीय कार्य करने और गुण्डा होने की जानकारी मिलने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही जारी रहेगी।

### चट्टी चौराहों पर नहीं जल रहा अलाव

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्राम सभाओं में कड़ाके की ठंड के बावजूद भी अभी तक चट्टी चौराहों पर संबंधितों द्वारा अलाव जलवाने की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दिसम्बर माह के 30 दिन गुजर जाने के बाद भी ग्राम सभा सिरसोती बीजपुर डोडहर नेमना जरहां पिण्डारी महुली झीलों आदि ग्राम सभाओं में न तो ग्राम प्रधान न ही किसी जनप्रतिनिधि अथवा समाजसेवी द्वारा अलाव जलवाने की कोई भी व्यवस्था की गई है। बार बार ग्रामीणों के कहने पर भी किसी के भी कान पर जूं नहीं रेग रहा है। लोगों का कहना है कि चट्टी चौराहों पर आग जलने से ठण्ड के मौसम में उस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों एवं दिहाड़ी मजदूरी पर रोजाना सुबह शाम आने जाने वाले ग्रामीणों को ठण्ड से काफी हद तक निजात मिल जाता था। उनकी माने तो अलाव वाले स्थान पर श्रमिक अथवा राहगीर थोड़ी देर रूक कर आग ताप लेते थे जिससे उनको कुछ हद तक ठण्ड से राहत मिल जाती थी। लेकिन इस वर्ष ऐसा न होने के कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण विशाल गुप्ता मेवालाल ज्वाला प्रसाद विश्वकर्मा आर एन दुबे बच्चालाल यादव आदि ने संबंधितों से इस दिशा में सकारात्मक पहल करके अलाव जलवाने की मांग की है ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके।

### पत्नी को जीताने के लिए पति बीएलओ ने बढ़ा दिया सैकड़ों नाम

**बस्ती।** मतदाता सूची प्रकाषन होने के बाद बीएलओ की मनमानी खुलकर सामने आरही है। विक्रमजोत के ग्राम बस्थनवां और सदर ब्लॉक के कटया में प्रधानी का चुनाव लड़ने के लिए प्रधान के पूरे परिवार का नाम मतदाता सूची से गायब और फर्जी वोटर बढ़ाने का मामला सामने आ चुका है। अब एक बीएलओ पति ने पत्नी को चुनाव जीताने के लिए चार सौ से अधिक ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची में षामिल कर दिया, जो उस गांव के ही निवासी नहीं है। इसकी भी आपत्ति दाखिल की गई है।यह प्रकरण दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत ‘भकरई’ का है। इस गांव में 47 फीसद वोटर बढ़ाए गए। इस ग्राम पंचायत की प्रधान किरन सिंह रही है। बताया जा रहा है कि बीएलओ प्रवीन कुमार की पत्नी विमला देवी जिला पंचायत सदस्य है। जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में बढ़ाया गया, उनके बारे में कहा जारहा है, यह विषेषरगंज कस्बा में व्यवसाय करते है। इसी तरह रामनगर, रानीपुर और संसारपुर सहित लगभग एक दर्जन गांव के लोगों को ‘भकरई’ का मतदाता बना दिया गया।

# अभियान चलाकर बढ़ायी जाय युवक मंगल दल सदस्यों की संख्या: एस. राजलिंगम



**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवक व महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्रियों का वितरण लखनऊ स्तर पर करने के बाद प्रदेश के युवक व महिला मंगल दलों से सीधा संवाद स्थापित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि खेल के साथ ही युवाओं के भरोसे को बढ़ाया और ज्यादा से ज्यादा युवक व महिला मंगल दलों को खेल का सामान देने के साथ ही इनके माध्यम से नागरिकों में जन जागरूकता पैदा किया जाय। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में 67 हजार महिला मंगल दलों की स्थापना महिला सशक्तीकरण को जागरूकता करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने जिले स्तर पर सभी एनआईसी सेन्टरों में मौजूद युवक व महिला मंगल दलों का हौसला बढ़ाते हुए खेल कूद को बढ़ावा देने और युवाओं को आगे आने को कहा। उन्होंने कहा कि फिटयूथ व फिट इण्डिया को बढ़ावा दिया जाय। मुख्यमंत्री द्वारा युवक व महिला मंगल दलों युवक मंगल दलों के प्रोत्साहन के लिए खेल सामानों के वर्चुअल वितरण कार्यक्रम में सोनभद्र एनआईसी में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा के अलावा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने जिले के युवक व महिला मंगल दलों को खेल सामग्रियों को उपलब्ध कराया। जिलाधिकारी ने बताया कि सोनभद्र जिले में 476 युवक मंगल दल व 498 महिला मंगल दल गठित हैं और युवा कल्याण विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया है कि अभियान चलाकर जिले में युवक व महिला मंगल दलों को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ायी जाय। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा के अलावा अलावा अपना दल के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, डी0ओ0 पीआरडी शशिभूषण शर्मा, युवक व महिला मंगल दलगण, मीडिया के नेसार अहमद अन्य सम्बन्धितगण मौजूद रहें।

# प्रधानी समाप्त होने के एक दिन पहले फर्जी तरीके से निकाल लिया धन

- फंसता देख प्रधान ने सामान खरीदने को कहा
- हर्रैया ब्लॉक के हरिवंशपुर आंगनबाड़ी केंद्र के फर्जीवाड़े का मामला

**बस्ती।** हर्रैया ब्लॉक के हरिवंषपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र दीवार लेखन सहित अन्य मद में आए 16 हजार को प्रधान पप्पू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर निकला लिया। यह फर्जीवाड़ा प्रधानी समाप्त होने के एक दिन पहले यानि 24 दिसंबर 20 को निकाला गया। धन निकलने की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री माया देवी को उस समय हुई, जब उनके मोबाइल पर बैंक से धन निकलने का संदेष आया। आनन-फानन में इसकी जानकारी सीडीपीओ और मुख्यालय दी गई। जब प्रधान पर मीडिया का दबाव पड़ा तो उसने धन निकालने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि वह 31 दिसंबर को जिसके लिए धन निकाला गया, उसे खरीद कर उपलब्ध करा देगा। यह सहमति सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और प्रधान के बीच वार्ता के बाद बनी। सीडीपीओ वंदना कुमारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री माया देवी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का संचालन करने के लिए खाते में धन आता है। नियमानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से धन निकलता है। धन निकालने समय दोनों का बैंक में उपस्थित होना आवष्यक होता है। मगर इस मामले में बैंक ने लापरवाही की, और बिना आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री की मौजूदगी में प्रधान को धन निकालने की मंजूरी दे दी। इस मामले में बैंक की भूमिका सवालों के घेरें में है। आरोप है कि प्रधान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री का चेक पर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 16 हजार निकाल लिया। जब प्रधान से संपर्क किया गया तो पहले कहा कि धन निकाला ही नहीं गया, मगर जब मुकदमा दर्ज कराने की बात कही तो धन निकालने की बात को कबूल करते हुए निकाले गए धन का सामान खरीद कर देने की बात कही।

# कोविड वैक्सीन स्टोर रूम का डीएम ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल बुधवार को सीएमओ कार्यालय परिसर स्थित निर्माण हो रहे कोविड वैक्सीन स्टोर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि आगामी 5, जनवरी से पूर्व कक्ष तैयारी के सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाए।

उन्होने सीएमओ को निर्देश दिया कि शीघ्र और गुणवत्ता पूर्ण कोविड वैक्सीन अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कर लिया जाय वैक्सीन से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाए। शासन द्वारा आईएलआर (कोविड वैक्सीन रखने की मशीन) प्राप्त हो गया है। सीएमओ डा0 हरगोविन्द सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि कोविड वैक्सीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में वायरिंग व फर्श का कार्य रह गया है। शेष सभी कार्य पूर्ण हो गए है।

रंगाई पुताई कार्य किया जा रहा है। कोविड वैक्सीन अतिरिक्त कक्ष के नोडल वरिष्ठ चिकित्सक डा0 आलोक सिन्हा को जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने नामित किया है। दो लाख 68 हजार सीरींज प्राप्त हो गया है शेष तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मोहन झा, डा0 एस0 रहमान, डा0 मुबारक अली मौजूद रहे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि कोविड वैक्सीन पुलिस अभिरक्षा में रखा जायेगा।

# गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की पदयात्रा की शुरूआत




**मिर्जापुर।** कांग्रेस के 136 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके चुनार तहसील से कांग्रेश संदेश पद यात्रा का शुभारंभ झंडारोहण करके किया गया यात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल ने किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कांग्रेस के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया जब देश आजाद हुआ तब देश में कोई भी कल कारखाने नहीं थे धीरे धीरे सबको साथ लेकर देश को बनाने का काम कांग्रेस ने किया मगर कुछ लोग उस समय भी देश में गद्दारी का काम करते थे आज वही लोग सत्ता पर काबिज हो गए हैं तो धर्म और जाति की बात करके मजहब की बात करके नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं और देश को गर्त में ले जाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाब चंद्र पांडे जी दयाराम पटेल प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग मंसूर अहमद नगरपालिका अध्यक्ष राजेश मिश्रा, ज्योति, रमेश पटेल, शिवानी साहनी, सूर्यभान पटेल, कमर वसीम, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग कैलास नाथ उपाध्याय, बृजेश द्विवेदी, विनय सिंह, दिग्विजय सिंह संदीप कुमार सिंह तुलसीदास गुप्ता पीयूष पटेल अमर नाथ निषाद, मोनू पटेल, पंकज पटेल, तुलसी गुप्ता, अमर यादव, दीपक विश्वकर्मा, गौड़ गोलू चौधरी, विष्णु यादव मोहमद कैफ रसीद अंसारी, कल्लू अंसारी, आलम अंसारी, सतीश गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति, अजय गुप्ता, नानक चौधरी, राम विष्णु शर्मा, प्रभुनाथ त्रिपाठी, सुनील गौड़, करतार, सुभाष सिंह पटेल, पटेल बाबा, सुमित सिंह, शिव मन्दिर सिंह इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जनता को बरगलाने का कार्य कर रही है प्रदेश सरकार

**मीरजापुर।** कांग्रेस के इतिहास और बलिदान से नई पीढ़ी को बरगलाने का अभियान चलाया जा रहा हैएइससे कांग्रेस जनो को सतर्क रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर मझवा विधानसभा जन संदेश यात्रा के अवसर पर कछवां बाजार में पूर्व विधायक भगौती प्रसाद चौधरी कांग्रेस जनो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों ने जिस गुलामी से देश को आजाद कराया फिर वही खतरा देश पर मडरा रहा है।पार्टी का इतिहास बताते हुए कहा कि जिस समय कांग्रेस की स्थापना हुई नेहरू जी पैदा ही नहीं हुए थे।स्थापना से अब तक 136साल मे नेहरू जी के परिवार से केवल 4 लोग अध्यक्ष हुए हैं। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अखिलेश सिंह, पीसीसी सदस्य शिवशंकर चौबे ने स्वागत किया। संचालनजिला उपाध्यक्ष राजधर दूबे ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ काग्रेसजनो को सम्मानित किया गया।सभा के बाद जन संदेस यात्रा गांधीजी की मूर्ती पर माल्यार्पण के बाद बाजार के विभिन्न मार्गों से चल कर स्वतंत्रता चौराहे पर समाप्त हुई।

# टीकाकरण की तैयारियों को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

### कोल्ड चेन प्वाइंट सीसीटीवी कैमरे की नजर में

संवाददाता। गाजीपुर

**कोविड**-19 टीकाकरण की तैयारियों को शासन और स्वास्थ्य विभाग अंतिम रूप देने में जुटा है। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर चिकित्सा अधिकारियों और ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में अब तहसील मुख्यालयों और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी कोविड-19 की तैयारी को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्दाबाद पर उप जिलाधिकारी राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें तहसील स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्दाबाद के चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि टीकाकरण को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई हैं जिसके लिए माइक्रोप्लान बनाने के साथ ही वैक्सीन लगाने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।इसके साथ ही वैक्सीनेशन के लिए लगने वाले सीरिंज को रखने के लिए कक्ष के निर्धारण के साथ ही कोल्ड चेन प्वाइंट को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है। साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गयी है। डॉ राय ने बताया कि कोल्ड चेन प्वाइंट पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सुरक्षा बल की तैनाती तथा टीकाकरण दिवस पर भी पुलिस की सुरक्षा बल के लिहाज से एसडीएम मोहम्दाबाद के द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा, जिनका डाटा को. विन पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। द्वितीय चरण में समस्त सुरक्षा बलए पुलिस एवं सफाई कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा। तृतीय चरण में 50 वर्ष से ऊपर एवं गंभीर बीमारी वाले व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा। दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर भी मंगलवार को ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक विकास खंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई।

## पूर्व विधायक की अध्यक्षता में किसान घेरा डालो चौपाल

**सिद्धार्थनगर**। सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुशभौना के टोला बुजबुजवा में बुधवार को सपा के पूर्व विधायक विजय पासवान द्वारा आयोजित किसान विरोधी विल के समर्थन में किसान घेरा डालो चौपाल लगाया गया। चौपाल में पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा कि मौजूदा सरकार किसान विरोधी है। यह सरकार पूरी तरह से मदारी है और हर मुद्दे पर पूरी तरह से फेल है आने वाले सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।वरना आने वाली नस्ले हमको माफ नहीं करेंगी । अनूप यादव ने कहा यह कार्यक्रम तब जारी रहेगा जब तक कि सरकार द्वारा बनाई गई तीनों किसान विरोधी बिल वापस नहीं लेती है । उन्होंने कहा कि सपा सरकार मुल्क के बारह पास बालक- बालिकाओं को कम्प्यूटर, साइकिल आदि बांटा। यह सरकार रोजी रोजगार खत्म कर दिया। किसान मजलूम आदि की कोई सुनवाई नहीं ।

# अधिकारी उर्वरकों के बिक्री पर रखें सतर्क निगाहः डीएम

### अवैध परिसंचलन पर होगी कठोरतम कार्रवाईः जिलाधिकारी

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने बताया है कि वर्तमान में माह नवंबर में बोई गयी फसलों में टॉप ड्रेसिंग के दृष्टिगत जनपदों में पर्याप्त में उपलब्ध उर्वरकों का कृषकों में वितरण,बिक्री पर सर्तक दृष्टि बनाये रखने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैए ताकि प्रदेश के बाहर उर्वरक का अवैध परिसंचलन न हो सके। उन्होने यह भी कहा है कि उर्वरकों की शीर्ष मांग के समय असमाजिक तत्वों द्वारा उर्वरकों का अवैध परिसंचलन का भी प्रयास किया जाता हैए जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व उर्वरक परिसंचलन (नियंत्रण) आदेश 1973 का उल्लंघन है।

जिलाधिकारी ने उर्वरक वितरण पर सत्त दृष्टि अपनाये रखने के लिये जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता बनाये रखने व उर्वरकों (विशेषकर यूरिया) के अन्तर्राज्यीय परिसंचलन को रोकने हेतु जनपद से लगे बिहार प्रान्त के सीमावर्ती क्षेत्रों पर सर्तक निगरानी रखी जायेए ताकि जनपद से बाहर उर्वरक न जा सके और भविष्य में उर्वरकों के संभावित अभाव से बचा जा सके। उन्होने उर्वरकों के अवैध परिसंचलन में संलिप्त पाये जाने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध उक्त अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये है।

इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल ने सभी सहायक विकास अधिकारी;कृषिद्ध को निर्देशित किया है कि वे अपने विकास खंड अन्तर्गत प्रत्येक दिन कम से कम 10 उर्वरक दुकानो का निरीक्षण करेगें। निरीक्षण के समय यह ध्यान रखेगें कि विक्रेता के पीओएस मशीन में जितना स्टाक प्रदर्शित हो रहा है, उतना स्टाक भौतिक रुप से उपलब्ध है या नही और उनके द्वारा उर्वरकों की प्राप्ति ली गयी है या नही। अगर विक्रेता का प्राप्ति पेडिंग है तो तत्काल उनकी प्राप्ति करवाना सुनिश्चित करेगें। उन्होने यह भी कहा है कि विक्रेता द्वारा डिजिटल प्रणाली से लेनदेन किया जा रहा है या नही।

## स्वच्छ भारत मिशन पर कार्यशाला आज

संवाददाता। देवरिया

**अधिशासी** अधिकारी नगर पालिका परिषद रोहित कुमार ने बताया है कि स्वच्छ भारत मिशन.नगरीय योजनान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 विषयक कल 31 दिसम्बर 2020 को पालिका स्थित पं दीनदयाल सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी वार्डो के सफाई नायक एवं नामित सफाई कर्मचारी, समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा है।

उक्त कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के घटको का प्रशिक्षणए अब तक किये गये कार्यो की समीक्षा तथा सीटीजन फिडबैक लिये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की जायेगी तथा गत माह में सफाई कार्यो में मेहतर प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा है।

# भवानी गंज थाने की अब संवर गई सूरत




डुमरियागंज (**सिद्धार्थनगर**)। भवानीगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने थाना भवानीगंज के भवन की जर्जरता को देखते हुए उसकी रंगाई पुताई कर रंग रोगन और मेंटेनेंस कराने का काम पूर्ण करा कर ना कि सिर्फ सुंदर बनाया बल्कि स्वच्छता की भी एक मिसाल पेश की है भवानीगंज थाना भवन की जर्जर ता मेंटेनेंस का आभाव साफ सफाई की दिक्कत आदि को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने जन सहयोग से थाने का नजारा बदल दिया थाना परिसर में बने मंदिर को चमकाने के बाद थाने में बने सभी कमरों सहित बंदी गृह में उच्च क्वालिटी की रंगाई करा कर थाना को कायाकल्प कर दिया कार्यालय में रखे फर्नीचर काउंटर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बदलकर थाने की नजीर बदल दी थानाभवन मेंटेनेंस कराने के बाद प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि दुर्घटना बहुल क्षेत्र में साइन बोर्ड लगा कर लोगों को सचेत किया जाएगा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह के इस पहल से क्षेत्रीय लोगों के अलावा फरियादी भी सराहना करते नहीं थकते।

## सपा नेता का बैनर बना चर्चा का विषय

**मुग़लसराय**/चन्दौली । इन दिनों नगर व गावँ क्षेत्र में लगे एक सपा नेता का बैनर लोगो के लिए काफी चर्चा का विषय बना हुआ है । नववर्ष के लिए शहर व गावँ क्षेत्र में तमाम नेता बैनर व पोस्टर के माध्यम से लोगो को बधाई दे रहें है । वहीं सपा के पूर्व मुग़लसराय विधानसभा अध्यक्ष शमीम सिद्दकी भी नववर्ष की बधाई देने में पीछे नही है । चर्चा का विषय यह है कि शमीम सिद्दकी जिले के वरिष्ठ सपा नेता माने जाते है लेकिन उनका बैनरविल्कुल सफेद कलर में लगा हुआ है जो नगर व गावँ क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है । बैनर को देखकर लोग अलग अलग कयास लगा रहें है कि कहीं पार्टी तो नही छोड़ रहें हैं । इस सिलसिले में जब जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर से बात की गई तो वे पहले तो अवाक रह गए उसके बाद उन्होंने बताया कि शमीम सपा के पुराने नेता है वो पार्टी नही छोड़ सकते । बैनर के कलर का कोई मायने नही है वे पार्टी में है । इस सिलसिले में जब शमीम से फोन किया गया गया तो उनका मोबाइल नही मिला । बहरहाल बैनर को देखकर यही लग रहा है जिले की सपा इकाई में कुछ ठीक नही है जो भी हो लेकिन बैनर ही सब कुछ कह रहा है ।

# कम्बल पाकर खिल उठे ग्रामप्रहरियों के चेहरे



संवाददाता। सिद्धार्थ नगर

**गोल्हौरा** थाने के एसएचओ शमशेर बहादुर सिंह ने बुधवार को थाना परिसर में ग्रामप्रहरियों को कम्बल वितरित करके उन्हें मिष्ठान खिलाया। जिससे ग्रामप्रहरियों के चेहरे खिल उठे। गोल्हौरा थाने के प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कम्बल वितरण के दौरान कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए वर्तमान की सरकार ने जरूरतमंदों तक तहसील प्रशासन के माध्यम से कम्बल पहुंचा रही है। जिसके क्रम में थाने पर तैनात जरूरतमंद चौकीदारों व गरीब तथा निराश्रितों में कम्बल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ पात्र कम्बल से वंचित रह गए हैं। जिनके लिए बांसी तहसील प्रशासन से कम्बल की मांग की गई है। उक्त अवसर पर इटवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दर्जनों पात्रों में कम्बल बांटा गया।

कार्यक्रम में एसएसआई जुबेर अलीए हेड कांस्टेबल उमेश कुमार उपाध्याय आदि सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# डीएम और सीडीओ ने खेल सामग्री किट का किया वितरण

संवाददाता। सिद्धार्थनगर



**युवा** कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के युवक-महिला मंगल दलों के प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जनपद मे में उक्त वर्चुअल कार्यक्रम एनआईसी सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी दीपक मीणा मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा युवकध्महिला मंगल दलों के प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री किट दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग अपने-अपने ग्राम के सर्वागीण विकास हेतु सतत् प्रयास करेगे। विगत 20 वर्षो से बन्द हो चुकी इस योजना के प्रारम्भ होने से युवाओं में पूरी टीम भावना विकसित कर उनके द्वारा रचनात्मक कार्यो से जुड़ने का आहवान किया। उनके द्वारा युवाओं के रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने व टीम भावना विकसित करने के उद्देश्य से इतने व्यापक रूप से प्रारम्भ किये गये इस कार्यक्रम हेतु युवा कल्याण एवं प्रादशिक विकास दल विभाग की सराहना की गयी। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 306 युवक एवं 303 महिला मंगल दलों को एनआईसी में प्रोत्साहन सामग्री किट दिया गया।

# भाजपा राज में त्रस्त हैं किसान और नौजवानः श्रीनेत

### पैना के संगठन सृजन अभियान में भाजपा पर जमकर बरसीं श्रीनेत्र

संवाददाता। देवरिया



**मोदी** सरकार किसानों के की फसल ही नहीं बल्कि उनकी जमीनों को भी अपने मित्र उद्योगपतियों को रेवड़ी की तरह बाँट देने वाला कानून लायी है।किसानों के लिए लाया गया तीनों कानून किसान विरोधी है। इस पर मोदी सरकार अहंकार त्याग कर किसानों के हित में फैसला करे वरना वह दिन दूर नहीं जब आम जनता सड़कों पर उतरकर भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी।

उक्त बातें कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पैना के संगठन सृजन अभियान में बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह के बीच कही। श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत पैना स्थित शिवमंदिर के मैदान में आयोजित कांग्रेस के न्याय पंचायत स्तरीय संगठन सृजन अभियान में बतौर मुख्य अतिथि जनसमूह को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती श्रीनेत आगे कहा कि मोदी सरकार में एक तरफ किसानों और नौजवानों का हक मारा जा रहा है तो दूसरी तरफ प्रदेश के योगी सरकार में हालात ऐसे हैं कि यहां ना तो गौमाता सुरक्षित हैं न ही माताएं - बहनें। देश और प्रदेश की अस्मिता की सुरक्षा सिर्फ कांग्रेस कर सकती है, इसलिए सभी कांग्रेस से जुड़कर अभियान चलाएं।

कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ नेता रामजी गिरि ने कहा कि कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। समाज की समरसता की सुरक्षा कांग्रेस करती है। देश की मजबूती के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है। कार्यक्रम को संगठन के प्रदेश सचिव कौशल त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय पहलवान केशव सिंह, मुकुन्द भाष्कर मणि, शाकिर हुसैन, जयदीप त्रिपाठी, मनोज राव, भरतमणि त्रिपाठी, सुनील तिवारी, सत्यप्रकाश मणि, दीनदयाल प्रसाद आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में बंदेमातरम् के बाद मुख्य अतिथि द्वारा पार्टी के ध्वजारोहण से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता नागेन्द्र शुक्ल, जयप्रकाश सिंह, घनश्याम सिंह, गणेश गिरि मुन्ना सिंह, दीनानाथ भारती, विजय शेखर मल्ल, विरेन्द्र तिवारी, विजय गुप्त, संतोष सिंह, धर्मेन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र जायसवाल, प्रेमलाल भारती, ब्यास दुबे, आरिफ भोलू, संतोष तिवारी, विद्या सागर मिश्र, देवानन्द सिंह, रामप्यारे शर्मा आदि मौजूद रहे।

## लूट के मोबाइल व बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**मुगलसराय**। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात्रि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जीटीआर ब्रिज के पास से दो लोगों को लूट व चोरी के 24 मोबाइल फोन व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में कार्रवाई की गई। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मुगलसराय कोतवाली पुलिस रात्रि में गश्त कर रही थी। मंगलवार की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो चोर जा रहे है। पुलिस ने जीटी आर ब्रिज पर चेकिंग के दौरान दो लोगों को धर दबोचा जिनके पास 24 मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में दोनो ने बताया कि वह विभिन्न जगहों व लोगों से मोबाइल को छीन कर चोरी कर उन्हें बेचते है।

# 1500 मीटर रेस में सुशील व वसुंधरा अव्वल

### दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

संवाददाता। मऊ

**युवा** कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में डा. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सुशील कुमार यादव व बालिका वर्ग में वसुंधरा अव्वल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ घोसी विधायक विजय राजभर ने किया। एथलेटिक्स बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में दोहरीघाट ब्लाक के संगम साहनी प्रथम, परदहां ब्लाक के अजय भारद्वाज द्वितीय और इसी ब्लाक के आकर्षित राय तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में रतनपुरा ब्लाक के अविनाश यादव प्रथम, फतहपुर मंडाव के राजेंद्र यादव द्वितीय एवं यही के निर्भय यादव तृतीय, 800 मीटर में परदहां के राकेश यादव, फतहपुर मंडाल के राजेश यादव द्वितीय, रतनपुरा के कपिलदेव तृतीय, 1500 मीटर में परदहां के सुशील कुमार यादव प्रथम, रानीपुर के सुधाकर यादव द्वितीय, रतनपुरा के गुलशन तृतीय, 3000 मीटर में परदहां के सुशील कुमार यादव प्रथम, रतनपुरा के राजपाल राजभर द्वितीय व फतहपुर मंडा व के अनीस यादव तृतीय स्थान प्राप्त किए। एथलेटिक्स बालिका वर्ग के 100 मीटर में कोपागंज की रानी यादव प्रथम, रानीपुर की शारदा भारद्वाज द्वितीय, यहीं की शशिकला तृतीय, 400 मीटर में कोपागंज की रानी यादव प्रथम, रानीपुर की शशिकला द्वितीय एवं दोहरीघाट की निधि यादव तृतीय, 800 मीटर में दोहरीघाट की अंशिका यादव प्रथम, कोपागंज की निशा चैहान द्वितीय, परदहां की सुप्रिया चैहान तृतीय रहीं। 1500 मीटर में कोपागंज की वसुंधरा प्रथम, यहीं की निशा चैहान द्वितीय एवं दोहरीघाट की खुशबू गोंड तृतीय रहीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को विधायक एवं राघवेंद्र राय शर्मा द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। 31 दिसंबर को भारोत्तोलन एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं होगी। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल, संयुक्त सचिव हाकी ओमेंद्र सिंह, आशीष राय, अवनीश रायए अंबुज दूबे, नरेंद्र तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, शिवगोविद राय, सुरेंद, सर्वेश सिंह, शिवमोहन सिंह उपस्थित थे। अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन पाठक ने उपस्थित सभी नागरिकों व खिलाड़ियों का आभार जताया।

# आयुष्मान भारत योजनाः 5216 लाभार्थियों के बने गोल्डेन कार्ड

### इससे लाभार्थियों को मिल रहा निशुल्क इलाज

संवाददाता। गाजीपुर

**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपये तक के नि शुल्क इलाज की सुविधा दी गई है। जिसके लिए लाभार्थी परिवार को गोल्डन कार्ड बनवाना अनिवार्य है।

इसी मद्देनजर जनपद में गत 19 दिसंबर से 30 दिसंबर तक जिन लाभार्थी परिवारों के एक भी गोल्डन कार्ड नहीं बने हैंए उनके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 5216 कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना के जिला सूचना प्रणाली प्रबन्धक अमित उपाध्याय ने बताया कि छूटे लाभार्थी परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए यह अभियान 19 दिसंबर से चलना था। लेकिन लाभार्थियों से जुड़ा डाटा समय से पूर्व मिल जाने से 10 दिसंबर से ही यह कार्य शुरू कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 65000 लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 5216 गोल्डेन कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में ग्रामीण इलाकों में लोग अपने खेत-खलिहान के कामों में जुटे हुए हैं जिसकी वजह से लगातार जागरूकता कार्यक्रम करने के बाद भी लोग गोल्डन कार्ड कैंप तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा गांव गहमर जहां पर कुल 665 लाभार्थी परिवार हैं जिसके लिए लगातार 10 दिन कैंप करने के बाद भी सिर्फ 300 परिवार के ही गोल्डेन कार्ड बन पाये हैं। जनपद में आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.57 लाख परिवार लाभार्थी हैं जिसके सापेक्ष अब तक 59851 परिवारों के 147493 गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत अभी तक 7025 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है, जिसमें से 4421 लोगों ने जनपद में लाभ लिया है और बाकी लोगों ने जनपद के बाहर इस योजना का लाभ उठाया है। यूसुफपुर मोहम्मदाबाद की निवासी गुलाबी देवी (65 वर्ष) ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड मिलने पर हाल ही में मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हुआ है। एक अन्य लाभार्थी अहिरौली निवासी हीरालाल (55 वर्ष) ने बताया कि आंखों में मोतियाबिंद हो जाने की वजह से कम दिखता था । गांव में कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाया गया ।

## आवेदन पत्रों की गहनता से मिलान कर सही डाटा अग्रसारित करें

**देवरिया**। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि समस्त प्रकार की पूर्व दशममोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2020-21 में निदेशालय स्तर से अक तक संस्थाओं द्वारा अग्रसारित किये गये डाटा मिलान किया गया है। जिसमें अधिकतर अग्रसारित आवेदन पत्रों में त्रुटि पायी गयी है, जैसे डुप्लीकेट आधार नम्बर, डुप्लीकेट बैंक खाता नम्बर, डुप्लीकेट बोर्ड रोल नम्बर, डुप्लीकेट जाति प्रमाणपत्र के डुप्लीकेट आय प्रमाण आदि है। विद्यालय, संस्थान द्वारा डाटा अग्रसारित करते समय नियमावली में दिये गये दायित्व के अनुसार छात्र द्वारा जमा किये गये अभिलेखों से बिना मिलान किये ही डाटा अग्रसारित किया जा रहा है, जो अत्यन्त ही गम्भीर बात है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समस्त विद्यालय व शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि आवेदन पत्रों की गहनता से मिलान करें।

# बेसिक शिक्षा विभाग के 19 लिपिकों का तबादला

संवाददाता। गाजीपुर

**लंबे** समय से एक ही पद पर तैनात बेसिक शिक्षा विभाग के 19 लिपिकों का मंगलवार की देर रात स्थानांतरण कर दिया गया। एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी एमपी सिंह विकास भवन का औचक निरीक्षण किया था जिसमे जिला बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय पर पहुंच गये जब लिपिकों से बातचीत कर जानकारी ली तो उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण गुप्ता व बाबुओं के साथ बैठक हुई जिसमे 19 लिपिकों का कार्य क्षेत्र बदला गया।

इसी क्रम में वरिष्ठ सहायक हनुमान यादव को सैदपुर, सादात, देवकली, करंडा, मनिहारी, मरदह, बिरनो विकास खंडों का परिषदीय जूनियर हाईस्कूल, अध्यापकों तथा परिचारकों के सेवा अधिष्ठान सम्बंधी समस्त कार्यो का निष्पादन। वरिष्ठ लिपिक रफीउल्लाह विकास खंड सदर नगर जमानियां, भदौरा, रेवतीपुर, मुहम्मादाबाद, भांवरकोल, कासिमाबाद के परिषदीय जूनियर हाईस्कूल तथा परिचारकों के सेवा अधिष्ठान सम्बंधी समस्त कार्यो का निष्पादन, वरिष्ठ लिपिक हरिशंकर जायसवाल को विकास खंड, देवकली, सैदपुर, सादात, जखनिया के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के सभी अध्यापकों व प्रधानाचार्यो का कार्य दिया गया।

वरिष्ठ लिपिक जितेंद्र नाथ यादव विकास खंड बिरनो, सदर, मनिहारी एवं मरदह के प्राथमिक विद्यालय के सम्बंधी अध्यापकों, प्रधानाचार्यो के सेवा अधिष्ठान संबंधि समस्त कार्य सौपा गया। कनिष्ठ लिपिक मुहम्मद शाहिद परवेज को विकास खंड करंडा, जमानियां, भदौरा, रेवतीपुर, कनिष्ठ लिपिक प्रशांत कुमार को विकास खंड कासिमाबाद, बांराचवर, मुहम्मदाबाद, भांवरकोल, कनिष्ठ लिपिक मनोज कुमार सिंह को समस्त परिषदीय जूनियर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त अध्यापकों के पेंशन एवं अन्य सम्बंधी कार्य करेंगे। कनिष्ठ लिपिक रमेश कुमार को विकास खंड सदर, देवकली, सैदपुर, सादात जखनियां, मनिहारी, बिरनो, मरदह, वरिष्ठ लिपिक हीरा यादव को विकास खंड करंडा, जमानियां, भदौरा, रेवतीपुर, मुहम्मदाबाद, भांवरकोल, बाराचवर, कासिमाबाद, वरिष्ठ सहायक नीरज सिंह को जनसूचनाएं जनता दर्शन, तहसील दिवस, आईजीआरएस का कार्य सौंपा गया। प्रधान लिपिक रामवृक्ष को समस्त प्रकार की छात्रवृत्तिए कन्या सुमंगल योजनाएं रोजगार सृजन, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार सिंह को सर्वोच्च न्यायालयए उच्च न्यायालयए तथा संचारी रोग अभियान पोलियोए पंचायत चुनाव, लोकसभा, विधानसभा निर्वाचन से सम्बंधी कार्य दिया गया।

वरिष्ठ लिपिक विकास कुमार को अंर्तजनपदीय स्थानातंरणए नवनीत अध्यापकों एवं अन्य के अभिलेखों की सत्यापन कार्य, वृक्षारोपण कार्य करेंगेए कनिष्ठ लिपिक बृजेश यादव को कार्यालय के कर्मचारियों व अधिकारियों के वेतन, पेशनए वरिष्ठता सूची तथा मृतक आश्रित नियुक्ति सम्बंधी कार्य, समस्त अध्यापकों व प्रधानाचार्यो की वरिष्ठता सूची का कार्य करेंगेए वरिष्ठ लिपिक मुहम्मद परवेज जमाल को रिसिविंग, डिस्पैचए जिला योजना समिति, सांसद, विधायक जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों पर कार्यवाही सम्बंधी कार्य करेंगेए कनिष्ठ सहायक अमित कुमार, रामअवतार, अनिल कुमार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के कंट्रोल रुप में रहकर जिला बेसिक शिक्षा अधकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्यो का निवारण करेंगे।

सबसे मलाईदार कुर्सी प्रधान लिपिक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव को आपरेशन कायाकल्प, अवस्थापना सुविधा विद्युतिकरण, फर्नीचर, हैंडपंप, शौचालय तथा चाहरदीवारी व मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना का कार्य मिला है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 31 दिसंबर 2020



# क्लेम पाने के लिए रची गई थी ट्रक चोरी की साजिश

**संवाददाता।** बाराबंकी



**पुलिस** ने चोरी हुये ट्रक का इंश्योरेंस कम्पनीसे क्लेम लेने के चक्कर मे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक डॉण् अरविंद चतुर्वेदी ने बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार पत्रकार वार्ता करके किया है और बताया है कि जिले के सुबेहा थाना क्षेत्र में एक ट्रक चोरी की सूचना पर पुलिस ने पड़ताल की तो मामला कुछ और ही निकला।दरसल सुबेहा थाने के ग्राम शरीफाबाद निवासी तुलसी राम तिवारी पुत्र रामबक्स तिवारी ने बीते 21ध्22 दिसंबर की रात उसकी ट्रक चोरी हो गई जिसपर तहरीर मिलते ही पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की तो मामला कुछ और ही निकला ट्रक मालिक का रिश्ते में भतीजा राजीव तिवारी पुत्र शिवराम तिवारी ट्रक की देखरेख करता था और उसने चाचा के साथ मे मिलकर ट्रक चोरी की घटना में संलिप्त था और उसका मकसद सिर्फ इंश्योरेंस कंपनी से ट्रक का पूरा क्लेम लेना जाये ट्रक को कटवाकर पैसे ले लिया जाए।और आरोपी भतीजे ने पुलिस को बताया कि वो उस दिन अपनी ससुराल नारायण पुर बड़ेला रामसनेहीघाट गया हुआ था परन्तु पुलिसिया पड़ताल में यह साफ हुआ कि वो पिछले कई महीनों से ससुराल नही गया है।जिसपर पुलिस और भी सक्रिय हुई तो यह निकल कर सामने आया कि तुलसीराम के इस ट्रक को मिलाकर कुल तीन ट्रक थी उसने एक ट्रक को कटवाकर उसकी नम्बर प्लेट इस ट्रक में लगा दी थी और वो उस ट्रक को उसने कटवा दिया था और उससे ट्रक को कटवाने की एवज मे उसे मोटी रकम चार लाख रुपये मिल गए थे और इसी तरह उसने फिर योजना बनाई की इस ट्रक भी कटवा दूंगा और इससे भी कुछ रकम मिल जाएगी और इंश्योरेंस कंपनी से भी कुछ रकम मिल जाएगी इन सभी कार्यों में उसके ट्रक के चालक काली राम मौर्या पुत्र परमेश्वर मौर्या निवासी थाना हैदरगढ़ की भी संलिप्तता सामने आई उसके बाद ट्रक के चालक को भी गिरफ्तार किया गया है।

## सुतली बम के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने बीती रात दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवरात मोटरसाइकिल व सुतली बम बरामद करने का दावा किया है इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान चलाकर वाछिंत एवं अपराधियों को पकड़ने के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। बीती रात आदेश के क्रम में मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी को सूचना मिली कि बल्लोपुर चौराहे पर कुछ शातिर किस्म के लोग एकत्रित है। इस पर मौके पर पहुच कर पुलिस टीम ने दो शातिर अभियुक्तों को धर दबोचा। पकड़े गये अभियुक्त टीकाराम व मंगल निवासी गोंवा थाना मोहम्मदपुर खाला के कब्जे से तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में चोरी के जेवरात एवं एक मोटरसाइकिल समेत पांच सुतली बम बरामद हुआ। जिसे अभियुक्त घटना के समय दहशत फैलाने के लिए करते थे। उन्हे गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

# शासी निकाय की बैठक में छाया रहा अधूरे कामकाज का मुद्दा



**संवाददाता।** बाराबंकी

**बुधवार** को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के गांधी सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद एवं विधायकों ने भाग लिया सर्वप्रथम बैठक में शासी निकाय की समीक्षा की गयी तथा कृत कार्यवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए पुष्टि की गयी इस दौरान तमाम अधूरों कार्यो को पूरा करने का मुद्दा उठाया गया जिसे सदन ने पूरा करने का आश्वासन दिया। जिला परियोजना निदेशक ने सदन को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में आवासों का वार्षिक लक्ष्य 45-45 होने, भारत सरकार/राज्य सरकार से प्राप्त आबंटन क्रमशः 3272.40 लाख एवं रुपया 81.16 लाख के सापेक्ष कुल अवमुक्त धनराशि 48.1350 लाख के सापेक्ष शत/प्रतिशत राशि व्यय होने के संबध में अवगत कराया। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास से संबंधित जानकारिया भी सदन के समक्ष रखी गयी। जिसपर सभी ने संतोष व्यक्त करते हुए छूटे हुए लाभार्थी को सम्मिलित करने की बात कही। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय अजीविका मिशन, मनरेगा आदि योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी तथा विधायकगण मौजूद रहे। जिन्होंने क्षेत्रों में कराये गये कार्यो पर संतेष व्यक्त करते हुए उसमें सुधार लाये जाने की बात कही।

# नए साल के जश्न में कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का हो पालन

**संवाददाता।** अमेठी।

**कोविड.19** के प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समय.समय पर निर्गत गाइडलाइन्स के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नववर्ष के कार्यक्रमों में कोविड.19 के प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम हेतु विशेष सावधानी बरते जाने व कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा जारी किये गए हैं।

जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले सामूहिक कार्यक्रमों व अन्य आने वाले कार्यक्रमों में लोगों का अधिक संख्या में एकत्रित होना स्वाभाविक हैए जिससे कोरोना संक्रमण के प्रसार की संभावना रहेगीए कार्यक्रमों में विशेष सजगताध्सावधानी बरतते हुए पूर्व में जारी दिशा.निर्देशोंध्कोविड.19 प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन कराये जाने के साथ.साथ नववर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले कोई भी कार्यक्रम पूर्व सूचना देकर ही आयोजित किये जाएं। अनुमति के समय ही आयोजक का नामए पताए मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सूचीबद्ध कर लिया जाए तथा उनसे कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या भी प्राप्त कर ली जाए।इसके अतिरिक्त आयोजकों को उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कोविड.19 से बचाव सम्बन्धी दिशा.निर्देशों से भली.भांति अवगत करा दिया जाएए यह भी स्पष्ट कर दिया जाये कि कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकॉल तथा गाइडलाइन्स के अनुपालन का उत्तरदायित्व उन्हीं का होगा। किसी भी बन्द स्थान यथा हॉल एवं कमरे में कार्यक्रम की स्थिति में हॉल एवं कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत किन्तु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों तक तथा खुले स्थान एवं मैदान में कार्यक्रम होने की स्थिति में ऐसे स्थानों के क्षेत्रफल के 40 प्रतिशत से कम क्षमता तक ही फेस मास्कए सोशल डिस्टेन्सिंगए थर्मल स्कैनिंगए सेनिटाइजर एवं हैण्डवाश की उपलब्ध की अनिवार्यता के साथ अनुमन्य किया जाए। आयोजकों को कार्यक्रम आयोजन के दौरान जारी दिशा.निर्देशों के अनुक्रम में कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों की निर्धारित संख्या एवं मास्क धारण करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं कार्यक्रम स्थल पर थर्मल स्कैनिंगए हैण्डवाश एवं सैनिटाइजेशन कराये जाने के सम्बन्ध में अवश्य अवगत करा दिया जाए।

## गांजे की खेती करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट देवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा जनपद में सक्रिय अपराधियो के गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है जिनके कब्जे से 18 किलो 800 ग्राम गाँजा बरामद किया गया। जब थानाध्यक्ष जखौरा मय हमराही फोर्स के अपराध एवं अपराधियों की चैकिंग में ग्राम बसवां थाना जखौरा जनपद ललितपुर में दबिश के दौरान अभियुक्त । साहब सिंह पुत्र रानाजू उम्र 45 वर्ष एवं बलबन्त सिंह पुत्र सोबरन सिंह उम्र 35 वर्ष तथा दीपू राजा पुत्र हम्मीर सिंह निवासी गण ग्राम बसवां थाना जखौरा के कब्जे से 18 किलो 800 ग्राम सहित गिरफ्तार किया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठे अहम मुद्दे

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कल देर शाम कैम्प कार्यालय में जनपद स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि यातायात नियमों के अंतर्गत ओवर स्पीडिंगध्यातायात नियमों के उल्लंघन में अब तक 567 चालान किए गए हैं साथ ही दो पहिया वाहन पर ट्रिपलिंग करने पर 922 चालान किए गए हैंए नशे की हालत में वाहन चालक के विरुद्ध 28 चालान किए गए हैंए इसके साथ ही 31650 हेलमेट ना लगाने वालों पर तथा 1093 सीट बेल्ट ना लगाने वालों पर कार्यवाही की गई है ओवरलोडिंग को लेकर 167 के खिलाफ कार्यवाही की गई हैए वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 52 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई हैए उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जनपद में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बैठक में एआरटीओ ने आटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक व फिटनेस सेंटर के निर्माण के लिए 05 एकड़ भूमि की आवश्यकता बताई जिस पर जिलाधिकारी ने ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक व फिटनेस सेंटर हेतु 05 एकड़ भूमि को उपलब्ध कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर जितने भी मोड़ हैं उन पर संकेतांक बोर्डए साइड पट्टी व स्पीड ब्रेकर बनवाने व उन पर कलर करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने खासकर बच्चों को स्कूलों में ट्रैफिक नियम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिएए साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों को स्कूटर या मोटरसाइकिल चलाने के लिए न दें। जिलाधिकारी ने सभी हाई स्कूलध्इंटरमीडिएट व डिग्री कॉलेजों में ट्रैफिक नियमोंध्सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी पम्पलेट बंटवाने के निर्देश एआरटीओ को दिए। बैठक में सड़क किनारे खड़े वाहनों की समस्या उठाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ व ट्रैफिक पुलिस को सड़क किनारे खड़े वाहनों की चेकिंग कर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत डग्गामार वाहनोंए स्कूली वाहनोंए टैम्पों तथा टैक्सी को एआरटीओ व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप् से अभियान चलाकर सघन चेकिंग कर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश एआरटीओ व पुलिस विभाग को दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तवए अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज एआरटीओ एक्सईएन पीडब्ल्यूडी डीआईओएस सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की हुई बैठक

**संवाददाता।** अमेठी।

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजना अंतर्गत जनपद में 5 योजनाएं निर्माणाधीन हैए जिसमें से 4 परियोजनाएं धनापुर ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजनाए सराय हृदयशाह पाइप पेयजल योजनाए ब्राह्मणी पाइप पेयजल योजनाए बरौलिया पाइप पेयजल योजना पूर्ण एवं संचालित हैं तथा करनाईपुर पाइप्ड पेयजल योजना का लगभग 98: कार्य पूर्ण हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 6 नग ग्रामीण पेयजल योजनाएं स्वीकृत हैं जिसमें सिजनी पेयजल योजनाए निगोहा पेयजल योजनाए धारूपुर पेयजल योजनाए खैरहना पेयजल योजनाए कचनावं पेयजल योजना तथा तेंदुआ पेयजल योजना शामिल हैं उन्होंने बताया कि उक्त सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम वासियों को पाइप पेयजल से लाभान्वित करने हेतु जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर को नल से जल देने के उद्देश्य से 4 योजनाओं हेतु कुल अनुमानित लागत 1788ण्09 लाख का आगड़न तैयार कर धन आवंटन हेतु शासन को प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में पूर्व में स्थापित इंडिया मार्का.2 हैंडपंपों के जल स्त्रोतों में से 1402 जल नमूनों की जांच जनपद स्तरीय प्रयोगशाला में वर्ष 2019.20 में कराई गई थी।

## किसानों ने की एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धान क्रय केन्द्रों पर खरीद को लेकर किसान परेशान हो उठे दिख रहे है। किसानो का आरोप है कि क्रय केंद्र पर विभाग द्वारा दिये गये टोकन के विपरीत अब खरीद के लिए उन्हें टोकन से भी कम खरीद के लिए बाध्य किया जा रहा है। वहीं किसानो का यह भी कहना है कि क्रय केंद्रो पर लगातार भागदौड़ के बावजूद उन्हें लम्बी तारीखें खरीद के लिए दी जा रही है। वहीं क्रय केन्द्रो पर फसल की लम्बी कतारों के बीच किसानो को इस बात की चिंता है कि कहीं बारिश हो गई तो उनकी पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। हाइब्रिड धान की खरीद न होने से किसान ऐसे ही परेशान है। क्रय केन्द्रो पर अव्यवस्थाओं के चलते अब मजबूरन अब अपनी फसल औनेपौने दाम मे साहूकारो के हाथ बेचने को विवश हो उठे है। लालगंज तहसील क्षेत्र मे ज्यादातर किसानों ने अच्छी पैदावार की सलाह पर हाइब्रिड प्रजाति की खेती कर रखा था।

# प्रमोद तिवारी व मोना मिश्रा की जनसभा में उमड़ी भीड़

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़



**रामपुरखास** विधानसभा क्षेत्र के नौढ़िया तथा सेवकराय गांवो मे कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की जनसभाओं मे उमड़ी भीड़ की चर्चा बुधवार को भी क्षेत्र मे लोगों की जुबान पर दिखी। जनसभाओ मे महिलाओं की जिस तरह से उत्साहित भागीदारी देखी गई उसे देख सीएलपी नेता एवं क्षेत्रीय विधायक मोना सभा मंच पर पहुंचने से पूर्व खुद उनके बीच पहुंच गयी। महिलाओं ने अपने बीच विधायक को मौजूद देख खासा उत्साह भी दिखलाया। सेवकराय की जनसभा मे आयोजको के अनुमान के विपरीत पांच से छः हजार की भीड़ का जमा होना प्रमोद तिवारी तथा मोना के जनता के बीच ग्लैमर को साफ बयां करता दिखा। वहीं नौढ़िया तथा सेवकराय की जनसभाओं मे दोपहिया वाहनो से भारी तादात मे विधायक तथा प्रमोद तिवारी की आगवानी कर रहे युवाओं के जत्थे मे भी गजब का उत्साह झलक रहा था। जनसभाओं मे भीड़ का अदभुत नजारा देख प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को भी खासा प्रफुल्लित देखा गया। सेवकराय की जनसभा मे जिस तरह से भीड़ उमडी और लोगों के लिए आश्चर्य यह था कि जनसभा के लिए संसाधन के प्रबन्ध भी नहीं किये गये बावजूद इसके अगल बगल गांव के लोग भी जनसभा मे प्रमोद तिवारी को सुनने की चाहत लेकर खुद व खुद आ गये।

# पीएम आवास के लिए अवमुक्त की गई करोड़ों की धनराशि

**संवाददाता।** लालगंज, प्रतापगढ़

**क्षेत्रीय** विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रयास से नगर पंचायत मे बहुप्रतीक्षित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों के दिन बहुर आये है। विधायक मोना के शासन स्तर पर किये गये अथक प्रयासो तथा सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक पटल पर की गई पैरवी के चलते नगर पंचायत मे सात सौ बहत्तर आवासों के प्रथम फेज की मंजूरी मिली है। प्रधानमंत्री आवास शहरी के तहत इनमें से सात सौ ग्यारह लाभार्थियों के लिए भारत सरकार की ओर से सत्रह करोड़ सत्तर लाख पचास हजार की धनराशि भी मंजूर की जा चुकी है। यही नही शासन द्वारा लाभार्थियों के खाते मे प्रथम किस्त के रूप मे पचास पचास हजार रूपये अवमुक्त भी किया जा चुका है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी के द्वारा कार्यदायी संस्था के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शासन के समक्ष पत्रावली भेजवायी गयी थी। इस पर शासन ने एसडीएम स्तर पर लाभार्थियो की पात्रता खंगाले जाने के फरमान जारी किये थे। तत्कालीन एसडीएम विनीत उपाध्याय जांच के नाम पर पत्रावलियां कई माह तक अधर मे लटका रखी थी। तत्कालीन एसडीएम के द्वारा आवासीय योजना मे बनाए गए गतिरोध की भी विधायक मोना ने शासन स्तर पर शिकायत की थी। इस बीच लालगंज मे वकीलों से हुए विवाद के चलते विनीत उपाध्याय का स्थानान्तरण अन्यत्र हो गया। शासन द्वारा पीएम आवास मे जांच कार्रवाई मे देरी को लेकर अफसरो के रवैये पर नाराजगी भी जताई थी। इसके बाद तहसील प्रशासन ने पत्रावलियों की जांच की कार्रवाई पूरी की। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी द्वारा जांच कार्रवाई सम्पन्न होने पर विधायक मोना से मिलकर आवासीय धनराशि उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। इस पर विधायक मोना ने सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ शासन से लेकर केंद्र तक लगातार पैरवी कर धनराशि अवमुक्त कराने मे अंततः सफलता हासिल की। लाभार्थियो को इस आवासीय योजना के तहत प्रत्यके आवास पर ढाई लाख रूपये मिल सकेगें। बुधवार को यह जानकारी देते हुए चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने प्रथम फेज के धनराशि अवमुक्त होने को जनता की जीत ठहराते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के प्रति आभार जताया है। वहीं चेयरपर्सन ने बताया कि अभी दो या तीन चरणों मे अन्य लाभार्थियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से नगर पंचायत को संतृप्त किया जाएगा। इसके तहत लाभार्थियो के आनलाइन प्रार्थना पत्र त्वरित गति से परीक्षण कराकर स्वीकृत कराने की प्रक्रिया तेज होगी। पीएम आवास योजना के तहत करोडो की एकमुश्त धनराशि स्वीकृत होने की जानकारी पर सभासदों ने भी खुशी जताई है। सभासद अनिल पाण्डेय, चंद्रप्रकाश शुक्ल सोनू, रीना कौशल, रमेश जायसवाल, स्वाती जायसवाल, करूणाशंकर दुबे, मो. मुकीम, विमलेश नारायण तिवारी, रोहित, कन्या देवी ने भी कई माह से जांच के नाम पर शासन स्तर पर लंबित धनराशि अवमुक्त कराए जाने को लेकर विधायक मोना के प्रयासो को सराहा है।

## घर मे घुसकर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे आचार्य तेजगढ़ की अफसाना बेगम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तींस दिसंबर को शाम पांच बजे बच्चों के विवाद मे विपक्षियो ने उसे घर मे घुसकर मारापीटा। विपक्षी गांव के आरिफ, गयास तथा अफजरूल निशा ने लाठी डंडे से दरवाजे पर गाली देते हुए उसके घर घुस आये। विपक्षियो ने मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान मे तोडफोड भी की। शोर मचाने पर जानलेवा धमकी देते आरोपी चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी गयास समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# एसडीएम के निर्देश पर फिर लगने लगी साप्ताहिक बाजार

**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर बाराबंकी



**क्षेत्र** के ग्राम दुर्जनपुर व मेलारायगंज के मध्य आबादी की भूमि पर सैकडों वर्षो से लग रही साप्ताहिक बाजार को उसी गांव के कुछ दबंग अपनी भूमि बताकर बाजार लगने से रोक रहे थे । जिसकी शिकायत मेलारायगंज व दुर्जनपुर के ग्राम प्रधानों ने दर्जनो ग्रामीणो के साथ 28 दिसम्बर को शिकायत किया था । दबंग बाजार की भूमि जो कि आबादी मे है पर घरौनी दर्ज कराने का लेखपाल पर दबाव बना रहे हैं । जिसे उप जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने गम्भीरता पूर्वक लेते हुए राजस्व निरीक्षक लेखपाल व सफ्दरगंज पुलिस को मौके पर भेजकर बुधवार की बाजार लगवायी । बताते चलें कि मैलारायगंज व दुर्जनपुर पटटी सटे हुये गांव हैं आबादी की खाली पडी जमीन पर करीब 60 वर्षो से लोक प्रयोजन हेतु बाजार लगायी जा रही है ।तथा बाजार से सटे मे पुरानी धार्मिक मस्जिद जंहा पर दादा मिंया साहब का मेला तथा मोर्हरम पर्व पर जुलूस निकाला जाता है इसी बाजार युक्त आबादी की भूमि पर पर इबादुर्रहमान उर्फ नायाब आदि निवासी दुर्जनपुर पटटी सामाजिक शौहार्द विगाडने की नियत से तथा अपना अवैध कब्जा भूमि हथियाने की नियत से घरौनी कार्यक्रम मे क्षेत्रीय लेखपाल पर खुद की भूमि दर्ज करवाने का दबाव बना रहे है जब कि दुर्जन पुर के पूर्व प्रधान स्वर्गीय सतगुर प्रसाद ने बरसात मे भीगने के बचाव हेतु टीनसेड तथा छप्पर बीस वर्ष पूर्व रखवाया था ।एस डी एम ने मामले को गम्भीरता पूर्वक लेते हुये राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी लेखपाल सियाराम वर्मा व उपनिरीक्षक सफ्दरगंज विजय सिंह एदुबे जी के अलावा मेलारायगंज प्रधान प्रतिनिधि शिब्ली मिंया दुर्जनपुर आदि मौजूद रहे।

# गांधी के विचारों से लाभ उठाकर देश को बना सकते हैं आत्मनिर्भर

**संवाददाता।** बाराबंकी



**महात्मा** गांधी ने देश को स्वदेशी और स्वावलम्बन से जोड़कर आत्मनिर्भरता का मंत्र दिया। वह मनुष्य के जीवन में आत्मनिर्भरता को बहुत जरूरी मानते थे। आगे चलकर आत्मनिर्भर भारतीयों ने ही दासता की जंजीरों से देश को मुक्त कराया।

यह बात गांधी भवन में श्री गांधी आश्रम शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित षगांधी के नजीरिये का आत्मनिर्भर भारतष् विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि गांधीवादी चिन्तक एवं श्री गांधी स्मारक निधिए गांधी भवनए लखनऊ के सचिव लालबहादुर राय ने कही।राय ने कहा कि गांधी की प्रासंगिकता सर्वविदित है। जीवन का कोई ऐसा हिस्सा नहीं है जहां गांधी के विचार प्रासंगिक नहीं लगते हैं। आज देश का प्रत्येक नागरिक गांधी के विचारों और दर्शन से लाभ उठाकर देश को आत्मनिर्भर बना सकता है।

इस मौके पर लब्ध प्रतिष्ठ शायर एवं शिक्षाविद् डॉण् अंजुम बाराबंकवी को पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने सामाजिक सहभागिता सम्मान से विभूषित किया। इस दौरान अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं आचार्य जेबी कृपलानी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, संयोजक राजनाथ शर्मा, शिक्षाविद डा0 अंजुम, समाजसेवी रिजवान रजा आदि ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता समाजसेवी हाजी वासिक रफीक वारसी ने की। सभा का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शाहिद नसीम सिद्दीकीए अशोक शुक्लाए सलाउद्दीन किदवईए सैण् तौकीर कर्रारए विनय कुमार सिंहए राकेश त्रिवेदीए फरहत उल्लाए कृष्ण कुमार द्विवेदीए अशोक तिवारीए इकबाल अशरफ किदवईए मृत्युंजय शर्माए सरदार राजा सिंहए नीरज दूबेए सत्यवान वर्माए संतोष शुक्लाए अशोक जायसवालए अनुपम सिंह आदि मौजू रहे।